www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार, 29 सितंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –165 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23






भाजपा के कुशासन में कोई सुरक्षित नहीं : प्रियंका पृष्ठ 2

■ चौपड़ के पासों पर राजस्थानी मतदाताओं की निगाहें
■ विफलता की कहानी है मोदी के 'मेक इन इंडिया' के दस साल पृष्ठ 6

■ कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने नाजी दिग्गज का सम्मान करने के लिए मांगी माफी
■ रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने जेलेंस्की के साथ बैठक की पृष्ठ 7

रजत जीतकर भी संतुष्ट नहीं रोशिबिना देवी पृष्ठ 8


# भाजपा के लोग गरीबों को खत्म करने का काम कर रहे हैं : खड़गे

## प्रदेश सरकार ने हमेशा किसानों के हित में निर्णय लिया : भूपेश बघेल





■ मुख्यमंत्री ने किसानों को जारी की1895 करोड़ की तीसरी किश्त

■ गोबर विक्रेताओं को 5.16 करोड़ और गन्ना उत्पादक किसानों को 57.18 करोड़ प्रोत्साहन राशि अंतरित

■ बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को मिली 266 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

### किसानों, पशुपालकों की सुविधा के लिए समय से पूर्व ही कर रहे न्याय योजनाओं की राशि का अंतरण : मुख्यमंत्री

**भाटापारा**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। गरीबों के आर्थिक उत्थान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। न्याय योजनाओं के चलते बीते पांच सालों में 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गये हैं। सवा दो लाख करोड़ रुपए की राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में अंतरित की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार की सभी योजनाओं का भरपूर लाभ आम जनता को मिल रहा है। यह बात राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सुमाभाठा में आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन के अवसर पर कही।

बलौदाबाजार-भाटापारा में आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने भूपेश सरकार की तारीफों के पुल बांधते हुए कहा कि मै छत्तीसगढ़ आया हूं और देख रहा हूं सारे कार्यक्रम अच्छे तरीके से भूपेश बघेल की सरकार चला रही है और उसका लाभ आप सभी को मिल रहा है। कृषि किसान सम्मेलन में भाजपा पर जमकर हमला बोलते हुए खरगे ने कहा कि भाजपा के लोग गरीबों को खत्म करने का काम कर रहे हैं और जो गरीबों की मदद करता है उसे हमेशा याद रखा जाता है, लेकिन जो गरीबों को खत्म करने की बात करते हैं वो खुद खत्म हो जाते हैं। सभा में कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन के निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया।

खड़गे ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम 15 साल में रमन सिंह ने नहीं देखा होगा, किसान, मजदूर, महिला, और बच्चों के लिए योजनाओं को देखकर भाजपा वाले हैरान होंगे। उन्होंने कहा कि अमित शाह और नड्डाजी भी यहां हैं, वो सोच रहे होंगे कि बलौदाबाजार में क्या चल रहा है। सोच रहे होंगे। उन्होंने कटाक्ष किया कि उनकी नजर हम पर रहती है। खड़गे ने कहा कि सरकार ने मिलकर जितने भी स्कीम बनाई है इससे किसानों, और आम लोगों को फायदा हुआ है। मगर मोदी सरकार ने किसानों, और श्रमिकों के कानून को कमजोर करने का काम किया। गरीबों को लेकर नहीं सोचा, सिर्फ अमीरों के लिए काम किया।

खरड़गे ने कहा कि मै छत्तीसगढ़ आया हूं और देख रहा हूं सारे कार्यक्रम अच्छे तरीके से भूपेश बघेल की सरकार चला रही है और उसका लाभ आप सभी को मिल रहा है। खड़गे ने स्वामीनाथन को याद करते हुए कहा कि मैं उनके बहुत करीब रहा, उनका जाना बहुत दु:खद है। भारत में हरित क्रांति के जनक थे। उनका बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा देश के किसानों के लिए। श्री खड़गे ने ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## एशियाई खेल



### भारत ने निशानेबाजी में जीता चौथा स्वर्ण

**हांगझोउ।** भारत के सरबजोत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने पुरूष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने निशानेबाजी स्पर्धा में गुरुवार को चौथा पदक जीता। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत ने अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है। इससे पहले 2006 में दोहा में भारत के निशानेबाजों ने तीन स्वर्ण पदक सहित कुल 14 पदक अपने नाम किए थे।

## अब फर्नीचर मार्केट पहुंचे राहुल गांधी





■ कारीगरों के बीच आरी व हथौड़े के साथ आए नजर

■ दिल्ली की कीर्तिनगर स्थित फर्नीचर मार्केट का दौरा किया

**नई दिल्ली**, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित फर्नीचर मार्केट का दौरा किया। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट जाकर आज बढ़ई भाइयों से मुलाकात की। ये मेहनती होने के साथ ही कमाल के कलाकार भी हैं, मजबूती और खुबसूरती तराशने में माहिर! काफी बातें हुई, थोड़ा उनके हुनर को जाना और थोड़ा सीखने की कोशिश की।' वहीं, एक पर कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल से राहुल गांधी की कुछ और तस्वीरें साझा की गई। पोस्ट में यह भी लिखा गया कि भारत जोड़ो यात्रा जारी है।

**लगातार आम लोगों से मिल रहे राहुल**

हाल के दिनों में राहुल गांधी का अलग अंदाज नजर आया है। उनका कहना है कि भारत जोड़ो यात्रा जारी है। 21 सितंबर को राहुल गांधी दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन पर कुलियों से मुलाकात की थी। हाल ही में जब वह छत्तीसगढ़ पहुंचे तो उन्होंने जनरल ट्रेन में सफर किया और इस दौरान आम लोगों से मिले। इसी साल रमजान के महीने के दौरान 18 अप्रैल को राहुल गांधी ने पुरानी दिल्ली के मटिया महल बाजार में खाने-पीने की चीजों का लुत्फ लिया था। वह बंगाली मार्केट भी गए थे। राहुल ने अपनी ट्रिप के दौरान गोलगप्पे खाए थे और शरबत पिया था। दो दिन बाद ही यानी 20 अप्रैल को राहुल गांधी दिल्ली के मुखर्जी नगर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों से मुलाकात करने पहुंच गए थे। वहीं, जून में राहुल गांधी की कुछ तस्वीरें सामने आई थीं, जिनमें वह करोल बाद में मोटर मैकेनिक्स के साथ नजर आए थे।

**सार** संक्षेप

### सड़क निर्माण में होगा शहरी कचरे का इस्तेमाल : गडकरी

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नगरों और महानगरों के कूड़े-कचरे को सड़क निर्माण में इस्तेमाल करने की जरूत पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और इसमें शहरी कचरे का इस्तेमाल किया जाएगा। श्री गडकरी ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2070 तक देश को कार्बन तटस्थ बनाने का सपना है और उनके इस दृष्टिकोण को हासिल करने के लिए सड़क निर्माण क्षेत्र में हरित गतिविधियों की पहल की जाएगी।

### उत्तरी सेना के कमांडर ने अग्रिम चौकियों का दौरा किया

**श्रीनगर।** उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने गुरुवार को सियाचिन लद्दाख में अग्रिम इलाकों का दौरा किया और ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल लेफ्टिनेंट जनरल रशीम बाली और सियाचिन ब्रिगेड के कमांडर के साथ, सेना कमांडर ने दुर्गम इलाके के बावजूद युद्ध की तैयारी के उत्कृष्ट मानकों के लिए सेक्टर में तैनात सैनिकों की सराहना की।

### कोटा में एक और छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में रहकर नीट की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कोटा में किसी कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की इस साल की यह 27 वीं और इस महीने की तीसरी घटना है। हालांकि यह छात्र किसी कोचिंग संस्थान का छात्र नहीं था, बल्कि अपने स्तर पर पढ़ाई कर नीट में प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उत्तर प्रदेश के महाराजगंज का रहने वाला छात्र तनवीर (20) पिछले डेढ़ साल से कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था।

### बिहार में तालाब में स्नान करने गए 4 बच्चों की डूबने से मौत

**नवादा।** बिहार के नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को तालाब में स्नान करने गए चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इन सभी की उम्र 10 से 12 साल के बीच बताई जा रही है।



गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रायपुर आगमन पर एयरपोर्ट पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने स्वागत किया। साथ ही भाजपा कार्यालय में भाजपा सह प्रभारी नितिन नबीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, संगठन महामंत्री पवन साय, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी, सांसद सुनील सोनी, प्रयागराज के विधायक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेश गुप्ता, सह प्रभारी रजनीश सिंह ने स्वागत किया।

### बिधूडी व दानिश मामले की जांच करेगी विशेषाधिकार समिति

नई दिल्ली, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद में बसपा सांसद दानिश अली पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी भाजपा सांसद रमेश बिधूडी को पार्टी ने राजस्थान चुनाव में अहम जिम्मेदारी देकर एक तरह से क्लीनचिट दे दिया है। जिस पर विपक्ष उखडा हुआ है। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि बिधुडी और दानिश अली मामले की जांच विशेषाधिकार समिति करेगी। इसके बाद यह पता चल जाएगा कि दोषी कौन है। उल्लेखनीय है कि विपक्षी सांसदों की सिफारिश पर मामला विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है। समिति मामले की तह में जाकर पता लगाएगी कि दोषी कौन है। बतादें कि कल ही भाजपा नेतृत्व दूवारा बिधूडी को राजस्थान के टोंक जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया था। इस खबर के बाद भडके दानिश अली ने कहाकि भाजपा के इस फैसले ने उसका चाल,चरित्र और चेहरा स्पष्ट कर दिया है। यह कोई हैरान करने वाला फैसला नहीं है,बल्कि भाजपा से यही अपेक्षा थी।

## हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन का निधन



■ महान वैज्ञानिक ने 98 वर्ष की आयु में ली आखिरी सांस

■ चावल और गेहूं के उत्पादन में भारी वृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया

**चेन्नई,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में हरित क्रांति के जनक महान वैज्ञानिक डॉ. एम एस स्वामीनाथन का गुरुवार को तमिलनाडु के चेन्नई में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे और लंबे समय से वृद्धावस्थाजनित रोगों से पीड़ित थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और हरितक्रांति के जनक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है।

एम एस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महान कृषि वैज्ञानिक का काफी समय से उम्र संबंधी बीमारी का इलाज किया जा रहा था। उनके परिवार में तीन बेटियां हैं। डॉ. स्वामीनाथन ने देश में धान की फसल को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई थी। हरित क्रांति एक ऐसा कार्यक्रम था, जिसने रासायनिक-जैविक प्रौद्योगिकी के अनुकूलन के माध्यम से चावल और गेहूं के उत्पादन में भारी वृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने धान की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में बड़ा योगदान दिया था। इस पहल के चलते पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों को काफी मदद मिली थी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई प्रमुख पदों पर सेवा दी थी। वह भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक (1961-1972), आईसीआर के महानिदेशक और कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव (1972-79), कृषि मंत्रालय के प्रधान सचिव (1979-80) के पद पर सेवाएं दीं। डॉ. स्वामीनाथन को 1987 में प्रथम खाद्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से भी नवाजा गया था।

सुरक्षा एजेंसियां हुई सतर्क

## विश्वकप के दौरान हमला कर सकते हैं खालिस्तानी आतंकी

**नई दिल्ली**, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। कनाडा की मौजूदा सरकार द्वारा खालिस्तान समर्थकों के साथ खुलकर खड़े हो जाने के बाद भारत में आतंकी हमले का खतरा बढ़ गया है। आशंका जताई जा रही है कि भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा धूमिल करने के लिए खालिस्तानी अगले माह भारत में होने जा रहे क्रिकेट विश्वकप को निशाना बना सकते हैं। सनद रहे प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस का नेता और आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने पिछले दिनों बाकायदा एक वीडियो जारी कर वनडे विश्वकप को निशाना बनाने की धमकी दी थी। उसने एक अन्य खालिस्तानी आंतकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत का बदला लेने की भी बात कही है। ऐसे विश्वकप की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं और वह पूरी तरह एलर्ट हो गई है।

## पंजाब में किसान संगठनों का रेल रोको आंदोलन शुरू

**25 ट्रेनें प्रभावित**

जालंधर, 28 सितम्बर (एजेंसियां)। पंजाब के 19 किसान-मजदूर संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर आज से 30 सितंबर तक रेल रोको आंदोलन शुरू कर दिया है। किसान पंजाब भर में रेलवे लाइनों पर बैठ गए हैं। रेलवे ट्रैक जाम होने के बाद दिल्ली से अमृतसर, पठानकोट से अमृतसर और पंजाब से चंडीगढ़ के रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों का चक्का जाम हो गया है। ट्रेनों का चक्का जाम होने के कारण सैकड़ों यात्री पंजाब के रेलवे स्टेशनों पर फंस गए हैं। गुरुवार सुबह ही किसान बड़ी गिनती में रेलवे लाइनों के पास इकट्ठा होना शुरू हो गए थे। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने बताया कि किसान तीन दिन की पूरी तैयारी के साथ आए हैं। खाने-पीने व बैठने का पूरा इंतजाम हो चुका है और ट्रॉलियों में सोने के लिए गद्दे भी किसान साथ लेकर आए हैं। 19 जत्थेबंदियों ने 17 जगहों पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है।

## 371 दिन स्पेस में बिता कर धरती पर लौटे तीन अंतरिक्ष यात्री

**नई दिल्ली**, 28 सितम्बर (एजेंसी)। नासा के एक फ्रैंक रूबियो और दो रूसी अंतरिक्ष यात्री एक साल से अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहने के बाद बुधवार को पृथ्वी पर लौट आए। इसके परिणामस्वरूप अमेरिकी नागरिक फ्रैंक रूबियो ने सबसे लंबी अमेरिकी अंतरिक्ष उड़ान का रिकॉर्ड बनाया। तीनों अंतरिक्षयात्री कजाकिस्तान के एक दूरदराज के इलाके में एक सोयुज कैप्सूल से उतरे। उनका मूल अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष के मलबे की चपेट में आ गया था और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर उसका सारा कूलेंट खत्म हो गया था जिसके बाद सोयुज कैप्सूल का इस्तेमाल किया गया। जो मिशन 180 दिन का होना चाहिए था वह 371 दिन के प्रवास में बदल गया। रुबियो ने एक



फ्रैंक रूबियो ने बनाया इतिहास

अंतरिक्ष उड़ान के सबसे अधिक समय तक रहने के नासा के पिछले रिकॉर्ड को रखने वाले मार्क वंदे हेई की तुलना में अंतरिक्ष में दो सप्ताह अधिक समय बिताया। रूस का 1990 के दशक के मध्य का 437 दिन अंतरिक्ष प्रवास का विश्व रिकॉर्ड है। रूबियो और अंतरिक्ष यात्रियों सर्गेई प्रोकोपयेव और दमित्री पेतेलिन को वापस धरती पर लाने वाले सोयुज कैप्सूल को प्रतिस्थापन के रूप में फरवरी में भेजा गया था। रूसी इंजीनियरों को पिछले साल के आखिर में संदेह हुआ था कि अंतरिक्ष के मलबे से उनके मूल यान का रेडियेटर क्षतिग्रस्त हो गया है। इंजीनियरों को फिक्र हुई कि कूलिंग नहीं होने पर कैप्सूल के इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य संसाधन खतरनाक स्तर तक गर्म हो सकते हैं और इस वजह से यह यान खाली वापस आया।

**रिपोर्ट** संयुक्त राष्ट्र से मिली जानकारी

## भारत में तेजी से बढ़ रही बुजुर्गों की आबादी, 27 साल बाद हर पांच में से एक व्यक्ति होगा वृद्ध

**नई दिल्ली, 28 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत आने वाले दशकों में तेजी से वृद्ध होते समाज में बदल जाएगा। 2050 तक हर पांच में से एक शख्स बुजुर्ग होगा। सदी के अंत में कुल आबादी में 36 फीसदी वृद्ध होंगे, जो अभी महज 10.1 फीसदी हैं। देश में बुजुर्गों की आबादी बढ़ने का सिलसिला 2010 से शुरू हुआ है। मौजूदा चलन के मुताबिक तकरीबन 15 साल में 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के नागरिकों की संख्या दोगुनी हो रही है।**

भारतीय आबादी के बुजुर्ग होने से आने वाली समस्याओं और उनके निदान व समाधान को ध्यान में रखकर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष व भारत इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पापुलेशन साइंसेज ने बुधवार को इंडिया एजिंग रिपोर्ट, 2023 जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ही नहीं, पूरी दुनिया की आबादी बूढ़ी हो रही है। वैश्विक स्तर पर बात की जाए, तो 2022 में 7.9 अरब की आबादी में से करीब 1.1 अरब लोग 60 वर्ष से अधिक उम्र के थे। यह आबादी का करीब 13.9 फीसदी हिस्सा है। 2050 तक वैश्विक आबादी में बुजुर्गों की तादाद बढ़कर करीब 2.2 अरब (22 फीसदी) के करीब पहुंच जाएगी।

**मृत्यु दर में आई कमी** – भारत में बुजुर्गों की तादाद बढ़ने की तीन वजह हैं- घटती प्रजनन क्षमता, मृत्यु दर में कमी और उत्तरजीविता में वृद्धि। बीते एक दशक में देश में प्रजनन क्षमता में 20 फीसदी की गिरावट आई है। 2008-10 के दौरान देश की सकल प्रजनन दर 86.1 थी, जो 2018 से 2020 के दौरान घटकर 68.7 रह गई है। कुल आबादी में बुजुर्गों के राष्ट्रीय औसत से कम संख्या वाले 11 राज्य हैं। इनमें 7.7 फीसदी बुजुर्ग आबादी के साथ बिहार देश का सबसे युवा राज्य है। 8.1 फीसदी बुजुर्ग आबादी के साथ उत्तर प्रदेश दूसरा सबसे युवा राज्य है।

शीर्ष पांच राज्यों में असम (8.2 फीसदी) तीसरे, झारखंड (8.4 फीसदी) चौथे और राजस्थान व मध्य प्रदेश (8.5 फीसदी) पांचवें स्थान पर हैं। 60 पार उम्र की 16.5 फीसदी आबादी के साथ केरल सबसे बुजुर्ग राज्य है।

# देश

उवाच "जब तक विवाद रहेगा, भाजपा कावेरी जल के लिए आंदोलन का समर्थन करेगी। तमिलनाडु को 3,000 क्यूसेक पानी छोड़ने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जब कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) ने कर्नाटक को प्रतिदिन 10,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया था:- **बसवराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री, कर्नाटक**





| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.2 | 22.2 |
| मुंबई | 33.6 | 23.9 |
| कोलकाता | 35.5 | 27.6 |
| चेन्नई | 34.9 | 24.0 |

# उज्जैन में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस के हाथ खाली

**भोपाल,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के उज्जैन में बलात्कार की शिकार नाबालिग लड़की फिलहाल खतरे से बाहर है। मामले के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। इंदौर के महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (एमजीएमसी) के डॉक्टरों की एक टीम ने कहा कि उसके निजी अंगों की सर्जरी की गई, हालांकि, उसे ठीक होने में समय लगेगा। पीड़िता को मंगलवार को उज्जैन में प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया था, जहां एक पुलिसकर्मी ने उसके लिए रक्तदान किया। इस चौंकाने वाली घटना से उज्जैन जिला पुलिस सकते में आ गई है। लड़की के मिलने के तीन दिन बाद भी पुलिस को पीड़िता और आरोपी की पहचान के बारे में कोई निर्णायक सबूत नहीं मिले हैं। पुलिस अभी तक उस स्थान का पता नहीं लगा पाई है जहां अपराध हुआ था।



- **पुलिस को पीड़िता और आरोपी की पहचान के बारे में कोई निर्णायक सबूत नहीं मिले**
- **पीड़ित लड़की फिलहाल खतरे से बाहर**

उज्जैन के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सचिन शर्मा ने घटना के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा, 'शहर के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया है। हमने एक संदिग्ध (ऑटो चालक) से पूछताछ की है, लेकिन हम अभी तक किसी निर्णायक सबूत तक नहीं पहुंच पाए हैं।' जैसा कि पीड़िता की भाषा के लहजे से पता चलता है कि वह प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) की हो सकती है, इसका पता लगाने के लिए पुलिस की एक टीम वहां भेजी गई है। कुछ स्थानीय मीडिया रिपोर्टों से पता चला कि लड़की को सोमवार सुबह 3 बजे के आसपास स्कूल ड्रेस में घूमते हुए देखा गया था। सवाल यह पूछा जा रहा है कि अगर लड़की रात में सड़क पर घूम रही थी तो रात्रि गश्त कर रही पुलिस टीमों की नजर उस पर कैसे नहीं पड़ी? ऐसे कई सवाल हैं जिनका पुलिस को आने वाले दिनों में जवाब देना है, जिसमें उसके माता-पिता कहां हैं और क्या उसकी मां के साथ भी बलात्कार हुआ था, जैसा कि पीड़िता ने कथित तौर पर कहा है। पीड़िता को उज्जैन के एक पुजारी ने देखा, जिसने उसे भोजन और कपड़े दिए और पास के पुलिस स्टेशन को जानकारी दी।

## उज्जैन मामले में एक संदिग्ध हिरासत में, जांच के लिए एसआईटी गठित : गृह मंत्री

मध्यप्रदेश के उज्जैन में एक बच्ची से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। वहीं मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया गया है। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद कल रात गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने इंदौर में संवाददाताओं को बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। जांच के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उज्जैन पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बालिका को कल पुलिस ने अपने संरक्षण में ले लिया है। संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।

### प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश सरकार पर हमला, कहा

## भाजपा के कुशासन में कोई सुरक्षित नहीं

भोपाल। मध्यप्रदेश के उज्जैन में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कुशासन में आदिवासियों से लेकर महिलाओं तक कोई सुरक्षित नहीं है। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में एक छोटी बच्ची के साथ हुई बर्बरता आत्मा को झकझोर देने वाली है। अत्याचार के बाद वह ढाई घंटे तक दर-दर मदद के लिए भटकती रही और फिर बेहोश होकर सड़क पर गिर गई लेकिन मदद नहीं मिल सकी। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या ये मध्यप्रदेश की कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा है। भाजपा के 20 साल के कुशासन तंत्र में बच्चियां, महिलाएं, आदिवासी, दलित कोई सुरक्षित नहीं है। लाड़ली बहना के नाम पर चुनावी घोषणाएं करने का क्या फ़ायदा है, अगर बच्चियों को सुरक्षा और मदद तक नहीं मिल सकती? वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने इस मामले में स्थानीय निवासियों पर भी सवालिया निशान लगाए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, उज्जैन मामले में अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उन्हें सख़्त से सख़्त सजा मिलनी चाहिए। जिस क्षेत्र से यह बच्ची गुजरी है वहां के लोगों के लिए शर्म की बात है।



भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में एक छोटी बच्ची के साथ हुई बर्बरता आत्मा को झकझोर देने वाली है। अत्याचार के बाद वह ढाई घंटे तक दर-दर मदद के लिए भटकती रही लेकिन मदद नहीं मिल सकी:-**प्रियंका गांधी**

# बीआरएस प्रतिनिधिमंडल पहुंचा चुनाव आयोग

**नई दिल्ली,** 28 सितमबर (देशबन्धु)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी के सांसदों ने चुनाव आयोग में बीआरएस पार्टी के कार चुनाव चिन्ह से मिलते जुलते रोड रोलर चुनाव चिन्ह अन्य पार्टी को दिये जाने पर अपना विरोध जताया और इस विषय में तुरंत समाधान निकालने के लिए चुनाव आयोग से आग्रह किया। बीआरएस

- **सांसदों ने बीआरएस पार्टी से मिलते जुलते रोड रोलर चुनाव चिन्ह अन्य पार्टी को दिये जाने पर विरोध जताया**

पार्टी का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुंचकर उच्चाधिकारियों से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में सांसद नेता वेंकटेश, एम श्रीनिवास रेड्डी और बीआरएस पार्टी महासचिव भरत कुमार शामिल थे। उन्होने बुधवार को चुनाव आयोग पहुंचकर उच्चाधिकारियों के साथ करीब घंटे भर की मुलाकात में विस्तार से बताया कि रोड रोलर चुनाव चिन्ह किसी अन्य राजनीतिक दल को दिये जाने से इसका दुरूपयोग किया जाएगा। बीआरएस सांसदों ने कहा कि पार्टी का चुनाव चिन्ह कार है। रोड रोलर इससे मिलता जुलता चुनाव चिन्ह है। इसका दुरूपयोग होना संभव है। इसका असर बीआरएस और अन्य राजनीतिक दलों को भुगतना होगा। आयोग के अधिकारियों ने बीआरएस सांसदों के विचार को गंभीरता पूर्वक सुना और नियमानुसार इसके




समाधान का आश्वासन दिया।

**मुख्यमंत्री केसीआर ने कृषि विज्ञानी एमएस स्वामीनाथन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है**

मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने भारत की हरित क्रांति के जनक, विश्व प्रसिद्ध कृषि विज्ञानी, रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित पद्म विभूषण एमएस स्वामीनाथन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दुख जताया कि उनके निधन से देश ने कृषि क्षेत्र ने विशिष्ट व्यक्ति खो दिया है। मुख्यमंत्री ने गहरा अफसोस जताया कि उनका निधन देश के कृषि क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी क्षति है और देश के किसानों ने एक बड़ी दिशा खो दी है। मुख्यमंत्री केसीआर ने उनके परिवार के सदस्यों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## सार संक्षेप

### निराश्रित और विधवा महिलाओं की पेंशन का हो तत्काल भुगतानः कमलनाथ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि राज्य में निराश्रित और विधवा महिलाओं की दो महीने से रुकी हुई पेंशन का तत्काल भुगतान हो। श्री कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रदेश में निराश्रित और विधवा महिलाओं को पिछले दो महीने से पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है। इन महिलाओं को सिर्फ 600 रुपए महीने पेंशन मिलती है, उसे भी देने से सरकार ने इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि इन महिलाओं को तत्काल उनकी पेंशन का भुगतान किया जाए।

### झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद, कई अन्य घायल

**रांची।** झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के एक जवान के शहीद होने और कई अन्य के घायल होने की सूचना आ रही है। इनमें से गंभीर रूप से जख्मी तीन जवानों को एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए रांची लाया जा रहा है। घटना पश्चिमी सिंहभूम जिले के अति नक्सल प्रभावित टोंटो थाना क्षेत्र के सरजमबुरू और तुंबाहाका गांव के पास के पहाड़ी के पास हुई है। पिछले 50 दिनों के भीतर इस जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए बारूदी सुरंग विस्फोट में तीन जवानों सहित चार लोगों की मौत हुई है। बताया गया कि सीआरपीएफ कोबरा के 209 नंबर बटालियन के जवान नक्सलियों के खिलाफ कॉम्बिंग ऑपरेशन पर निकले थे। इसी दौरान पहाड़ी के पास आईईडी का जोरदार ब्लास्ट हो गया। करीब आधा दर्जन जवान हवा में फुटबॉल की तरह उड़ गए। एक जवान के दोनों पांव उड़ गए हैं। घायलों में इंस्पेक्टर भूपेंद्र कुमार और कांस्टेबल राजेश कुमार भी शामिल हैं।

# मध्य प्रदेश में बुजुर्ग पत्रकारों की सम्मान निधि 10 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह

**भोपाल,** 28 सितमबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश के मीडियाकर्मी और खिलाड़ियों को नई सुविधा दी गई है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में पत्रकारों की सुविधाओं को बढ़ाया गया। निर्णय लिया गया कि बुजुर्ग पत्रकारों को प्रतिमाह दी जाने वाली सम्मान निधि 10 हज़ार रूपए से बढ़ाकर 20 हज़ार रुपये की जायेगी। इसके साथ ही सरकार ने घोषणा की कि सम्मान निधि प्राप्त करने वाले पत्रकार की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी, पति को एकमुश्त 8 लाख रूपए की सहायता राशि दी जायेगी। पत्रकारों को स्वयं अथवा आश्रितों के उपचार के लिए सामान्य बीमारियों के लिए आर्थिक सहायता प्रावधान 20 हजार से बढ़ाकर 40 हज़ार रुपए और गंभीर बीमारियों के लिए 50 हज़ार से बढ़ाकर 1 लाख रूपए किया जायेगा। आयकर वाली शर्त को भी हटाया गया है। इस निर्णय का पत्रकार संगठनों ने स्वागत किया है। असल में, मुख्यमंत्री ने 7 सितंबर को हुए पत्रकार समागम में इस संबंध में कई पत्रकारों से बात की थीं। पत्रकारों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री को पत्रकारों को होने वाली कई समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। इस निर्णय के पीछे मुख्यमंत्री की यह सोच रही कि मीडियाकर्मियों को जितना संभव हो, सहूलियत दी जाए। मध्य प्रदेश शासन की ओर से यह भी निर्णय लिया गया है कि मध्यप्रदेश में अधिमान्य पत्रकारों को आवास ऋण पर ब्याज अनुदान योजना को संशोधित कर नवीन योजना 'अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों को आवास ऋण एवं शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना 2023' को स्वीकृत किया। नई योजना में अधिकतम ऋण राशि सीमा 25 लाख रूपए से बढ़ाकर 30 लाख रुपए की गयी है। साथ ही योजना में अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों के बेटे ,बेटियों की शिक्षा के लिये बैंक से लिये गये ऋण पर देय व्याज पर भी 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्ष के लिये राज्य शासन द्वारा वहन करने का निर्णय लिया गया है। मध्यप्रदेश संचार प्रतिनिधियों के लिये स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना में पत्रकारों से वर्ष 2022-23 के लिए भारित प्रीमियम दर के अनुसार ही इस वर्ष भी प्रीमियम राशि ली जायेगी।

**कैबिनेट बैठक में पत्रकारों की सुविधाओं को बढ़ाया गया**

## भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक रविवार को!

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में रविवार (1 अक्टूबर) को भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की अगली बैठक हो सकती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, रविवार शाम को होने वाली इस बैठक में भाजपा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगा सकती है। भाजपा मध्य प्रदेश के लिए अब तक उम्मीदवारों की तीन लिस्ट जारी कर चुकी है, जिसमें कुल मिलाकर पार्टी अब तक अपने 79 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। वहीं, छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा ने अब तक उम्मीदवारों की एक ही लिस्ट जारी की है ।

**एमपी, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के उम्मीदवारों पर लग सकती है मुहर**

# पन्नीरसेल्वम भाजपा के साथ गठबंधन पर फिलहाल फैसला नहीं ले पाए

**चेन्नई,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु में प्रमुख विपक्षी दल ने सोमवार को एनडीए गठबंधन से बाहर होने की घोषणा की और कहा कि उसका भाजपा के साथ अब कोई रिश्ता नहीं है, मगर अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेता ओ. पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) ने इस बारे में अभी तक कुछ नहीं कहा है। अन्नाद्रमुक के मुख्य समन्वयक और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओपीएस को सितंबर 2022 में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। ओपीएस जहां अन्नाद्रमुक में दोबारा प्रवेश की कोशिश कर रहे हैं, वहीं वरिष्ठ नेता के. पलानीस्वामी और उनके करीबी इसके खिलाफ हैं। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व भी अन्नाद्रमुक के साथ समझौते की कोशिश कर रहा है और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पहल कर रहे हैं। हालांकि अन्नाद्रमुक के उप महासचिव के.पी. मुनुस्वामी ने कहा कि पार्टी के भाजपा के साथ गठबंधन में वापस जाने का कोई सवाल ही नहीं है। ओपीएस दक्षिण तमिलनाडु में एक बड़ी ताकत हैं और उनके समुदाय थेवर का वहां बहुत प्रभाव है, इसलिए यह केंद्र की भाजपा सरकार के साथ ओपीएस के लिए सौदेबाजी का बिंदु होगा। हालांकि उन्हें अभी इस बारे में फैसला लेना है।



- **तमिलनाडु में प्रमुख विपक्षी दल ने सोमवार को एनडीए गठबंधन से बाहर होने की घोषणा की**

**एआईएडीएमके नेता ने कहा, बीजेपी से कोई गठबंधन नहीं**

अन्नाद्रमुक के उप समन्वयक और पूर्व मंत्री के.पी. मुनुसामी ने गुरुवार को कहा कि पार्टी के एनडीए में वापस जाने या बीजेपी के साथ गठबंधन करने का कोई सवाल ही नहीं है। मुनुसामी कृष्णागिरी में मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे और उन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व मध्यस्थता करने के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को काम सौंपा है। उन्होंने कहा, 'पीएम उम्मीदवार को आगे कर लोकसभा चुनाव का सामना करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारे मालिक तमिलनाडु के मतदाता हैं' पूर्व मंत्री, जो एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) के करीबी हैं, ने कहा कि पार्टी एक नया गठबंधन बनाएगी और लोकसभा चुनाव लड़ेगी।

# बंगाल कांग्रेस ने अधीर रंजन को सलाह देने पर शरद पवार की आलोचना की

**कोलकाता,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई ने गुरुवार को राज्य कांग्रेस अध्यक्ष और पांच बार के लोकसभा सदस्य अधीर रंजन चौधरी को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना से बचने की सलाह देने के लिए राकांपा प्रमुख शरद पवार की आलोचना की। पवार ने कहा था कि बनर्जी और चौधरी के बीच जारी कड़वाहट ठीक नहीं है और चौधरी को मुख्यमंत्री के बारे में लगातार कठोर शब्दों का इस्तेमाल करने की बुरी आदत है। पवार ने कहा, 'यह सही नहीं है और इसे रोका जाना चाहिए।' उनकी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, चौधरी ने दावा किया कि राकांपा नेता ने जो कुछ भी कहा था वह उनके अपने दृष्टिकोण से था जो पश्चिम बंगाल में जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाता है। चौधरी ने कहा, 'पश्चिम बंगाल में, तृणमूल कांग्रेस 'उत्पीड़क' है और कांग्रेस 'उत्पीड़ित' है। इसलिए यहां हम 'उत्पीड़क' और 'उत्पीड़ित' के बीच संबंधों के आधार पर काम कर रहे हैं। मैं राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के बारे में बात नहीं कर सकता। मैं पश्चिम बंगाल की राजनीतिक स्थिति पर बोल रहा था।' राज्य कांग्रेस नेता सौम्या आइच रॉय ने यह भी दावा किया कि राकांपा नेता पश्चिम बंगाल में जमीनी हकीकत जाने बिना बिना बोल रहे हैं। सीपीआई (एम) नेतृत्व ने भी इस घटनाक्रम पर चौधरी का समर्थन किया है।



बनर्जी और चौधरी के बीच जारी कड़वाहट ठीक नहीं है और चौधरी को मुख्यमंत्री के बारे में लगातार कठोर शब्दों का इस्तेमाल करने की बुरी आदत :-**शरद पवार**

पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य डॉ सुजन चक्रवर्ती के अनुसार, अगर एनसीपी नेता वास्तव में सोचते हैं कि तृणमूल कांग्रेस भाजपा विरोधी है, तो उन्हें टीएमसी को महाराष्ट्र में कुछ सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति देनी चाहिए।

उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा, 'क्या राकांपा नेता के पास इस बात का कोई जवाब है कि उनके भतीजे के नेतृत्व में उनकी पार्टी का एक गुट क्यों अलग हो गया और भाजपा से हाथ मिला लिया।'

## बिहार में राजद का अतिपिछड़ा सम्मेलन बना नेताओं का अखाड़ा, जमकर चले लात-घूंसे

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण राजद अतिपिछड़ा सम्मेलन नेताओं के लिए आखाड़ा बन गया। इस दौरान जमकर लात-घूंसे चले। पूर्वी चंपारण राजद अतिपिछड़ा सम्मेलन राजाबाजार स्थित बापू सभागार में आयोजित किया गया। सम्मेलन के बतौर मुख्य अतिथि राजद नेता और पूर्व मंत्री श्याम रजक उपस्थित थे और इनके सामने ही राजद नेता आपस में उलझ गए। बताया जाता है कि राजद के जिलाध्यक्ष व कल्याणपुर विधायक मनोज यादव ने भी जमकर अपना गुस्सा निकाला और कई लोगों की पिटाई की।

## सांसद मनोज झा के समर्थन में उतरे लालू प्रसाद, कहा, कोई गलत बात नहीं कही

पटना। राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल पर चल रहे चर्चा के दौरान 'ठाकुर का कुंआ' कविता सुनाए जाने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के निशाने पर आ गए हैं। इस बीच उन्हें अपनी पार्टी के अध्यक्ष लालू प्रसाद का साथ मिला है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने गुरुवार को कहा कि मनोज यादव विद्वान आदमी हैं, वे सही बात को बोलते हैं। उन्होंने कहा कि झा ने कोई भी बात गलत नहीं कही है। राजद अध्यक्ष ने आगे कहा कि झा की कविता ने किसी को ठेस नहीं पहुंचाया है। लालू ने कहा कि कुछ लोग अलग तरह का बयानबाजी कर रहे हैं। मनोज झा ने किसी को टारगेट नहीं किया है। लालू प्रसाद से जब राजद के विधायक चेतन आनंद द्वारा झा की कविता का विरोध पर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उसकी उतनी ही समझ है।



मनोज यादव विद्वान आदमी हैं, वे सही बात को बोलते हैं। झा ने कोई भी बात गलत नहीं कही है:-**लालू प्रसाद**

उल्लेखनीय है कि सदन में राज्यसभा सांसद झा ने एक कविता पढ़ी थी, जिसमे ठाकुर यानी राजपूत की चर्चा की गई थी। इस बयान को लेकर राजद विधायक चेतन आनंद ने झा के बयान पर तीखी टिप्पणी की थी।


**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड** Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड, अंधेरी (पश्चिम), मुम्बई - 400069.
**धमतरी शाखा:** दूसरी मंजिल, डॉ. पंजवानी क्लीनिक के पास, रत्नाबांधा रोड धमतरी - 493773 (छ.ग.)

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतु)

जबकी, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटरस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के 60 दिवस में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओं / प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओं)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओं) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिग्रहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे।
ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

| क्र. | ऋणकर्ता(ओं)/प्रतिभूतिकर्ता(ओं) (शाखा का नाम) | धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना का दिनांक एवं राशि | आधिपत्य का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 11110000231/ धमतरी शाखा) तरुण देवांगन (ऋणी) छबीली देवांगन (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं संपूर्ण भाग, धमतरी से दानी टोला मेन रोड वार्ड नं. 27 धमतरी, छत्तीसगढ़ - 493773 चर्तुसीमाएँ: पूर्व: सड़क, पश्चिम: श्री बुधारु राम की भूमि, उत्तर: उत्कल सिन्हा की भूमि, दक्षिण: श्री बुधारु राम की भूमि | 11-07-2023 & ₹ 2,74,560/- | 27-09-2023 |

स्थान : छत्तीसगढ़
दिनांक : 29-09-2023
प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड



**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड** Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय:** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, सर एम.वी. रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069.
**रायपुर शाखा :** 1ए एवं 1बी, दूसरी मंजिल, श्याम प्लाजा, पंढरी, रायपुर, 492004, छत्तीसगढ़
**प्राधिकृत अधिकारी: अश्विन शर्मा, मोबा.: 7697112220**

**नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

**सिक्युटराईजेशन एण्ड रिकन्सटक्शन ऑफ फायनेंशियल असेट्स एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002** के अंतर्गत आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऋण की ओर बकाया धनराशि की वसूली हेतु निम्न वर्णित प्रतिभूत आस्तियों का आधिपत्य लेने के अनुक्रम में, अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अचल सम्पत्ति, जिन्हें नीचे वर्णित किया गया है, जो कि भौतिक आधिपत्य में है, के **"जहाँ है, जैसी है और जो है"** के आधार पर क्रय हेतु सीलबंध लिफाफों में प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो)/ जमानतदार | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (RP) | बयाना जमा राशि (ईएमडी) (RP का 10%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 00800002014/ रायपुर शाखा) खुशबू अंसारि (ऋणी) मोनाजिर अंसारि (सह-ऋणी) | 11-06-2023 ₹15,53,945/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं संपूर्ण भाग, खसरा नं. 228 69 पार्ट प. ह. नं.103 34 35 गुरुद्वारे के पास वार्ड नं.01 वीर सावरकर नगर वार्ड हिरापुर रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001 चर्तुसीमाएँ:- पूर्व: नजूल भूमि, पश्चिम: विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर: सड़क, दक्षिण: सड़क | ₹ 13,50,000/- | ₹ 1,35,000/- |

(1) उपरोक्त वर्णित शाखा कार्यालय के पते पर निर्धारित निविदा प्रारुप में ईएमडी एवं केवायसी सहित सीलबंद प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि **28-10-2023** सायं 5.00 बजे रहेगी। निविदाएं जो पूर्णतः विधिवत रुप से भरी नहीं जावेंगी अथवा निविदाएं जो अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होंगी, को वैध निविदा के रुप में स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं तदनुसार निरस्त कर दी जावेंगी। ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
(2) उपरोक्त वर्णित शाखा कार्यालय के पते पर प्रस्ताव खोलने कि तिथि एवं **30-10-2023** को समय सायं 3.00 बजे है, निविदा को प्राधिकृत अधिकारी की उपस्थिति में खोला जावेगा।
(3) ऋणी एवं जमानतदार को एतदनुसार विक्रय के समय व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होने के लिए सूचित किया जाता है एवं वे, विक्रय के नियम एवं शर्तों के अनुसार, उपरोक्तानुसार वर्णित अचल सम्पत्ति को क्रय करने के लिए प्रस्तावित क्रेतागण को साथ ला सकेंगे।
(4) **यह 30 दिनों का विक्रय नोटिस सरफेसी एक्ट 2002 के तहत आम तौर पर जनता विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं), सह उधारकर्ता (ओं), जमानतदार(ओं) को दिया जाता है कि ऊपर वर्णित अचल संपत्ति को सुरक्षित लेनदारों के पास बंधक/ प्रभारित किया गया है। आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड (एएचएफएल) सुरक्षित लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा ले लिया है, जिसे जहां है जैसी है तथा जिस अवस्था में है और आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड की बकाया राशि के आधार पर बेचा जाएगा, बिक्री की तारीख से पहले पूर्ण रूप से, नीलामी विज्ञापन रोके जाने के लिए उत्तरदायी है।**
(5) अचल सम्पत्ति को सबसे ऊंची निविदा (बोली) लगाने वाले को विक्रय किया जावेगा। हालांकि अधोहस्ताक्षरकर्ता को अन्तर बोली (निविदा), यदि आवश्यक हो तो, को स्वीकार करने का एकमेव विवेकाधिकार रहेगा। दी गई संपत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम राशि पर नहीं होगा।
(6) **एएचएफएल उपरोक्त दर्शाई गई संपत्ति के उपर किसी भी प्रकार के देनदारियों के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति की नीलामी "जहां है जैसी है, जो है तथा जिस अवस्था में है" के आधार पर की जावेगी।**
(7) डिमांड ड्राफ्ट **आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड के पक्ष में** बनाए जाएंगे।
(8) नीलामी विक्रय की विस्तृत नियम एवं शर्तें निर्धारित निविदा प्रारुप में समाविष्ट की गई हैं। निविदा प्रारुप उपरोक्त शाखा कार्यालय पर उपलब्ध है। प्राधिकृत अधिकारी के पास निविदा की तिथि बढ़ाने एवं प्रस्ताव के नियम व शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। बोली की अन्य नियम एवं शर्तों व अन्य जानकारी हेतु हमारी शाखा या वेबसाईट **www.aadharhousing.com** पर जाए। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकृत अधिकारी से उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

स्थान : रायपुर
दिनांक : 29.09.2023
सही/- प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

देशबन्धु रायपुर, शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2023

# दुनिया रंग-बिरंगी

### वीडियो गेम में दुनिया को बदलने की ताकत : इदरीस एल्बा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार इदरीस एल्बा का मानना है कि वीडियो गेम में दुनिया को बदलने की ताकत है। एसशोबिज डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, एक नए जासूसी-थ्रिलर गेम 'साइबरपंक 2077- फैंटम लिबर्टी' में सोलोमन रीड की भूमिका निभाने वाले 51 वर्षीय अभिनेता का मानना है कि उद्योग में वास्तव में मानवीय मुद्दों पर प्रकाश डालने की क्षमता है। फिल्म स्टार ने बीबीसी को बताया कि गेम में बिल्कुल वही टूल सेट होते हैं, यदि अधिक नहीं तो लोगों को उन चीज़ों में संलग्न करने के लिए जिन्हें वे नहीं समझते हैं। यदि आप गेमिंग को शिक्षा के एक पोर्टल के रूप में, एक संस्कृति और दूसरी संस्कृति के बीच इंटरफेस के रूप में उपयोग करना चाहते हैं, तो यह वास्तव में एक दिलचस्प जगह है।

# लोगों में बढ़ी हृदय से संबंधित समस्याएं



**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। लोगों में हार्ट से संबंधित समस्याएं की प्रकार की उत्पन्न हो रही हैं, जिसमें हार्ट अटैक, हार्ट फेल्योर व तमाम तरह की समस्याओं के चलते मौतों का प्रतिशत बढ़ा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हृदय संबंधित बीमारियों से दुनिया भर में हर साल लगभग एक करोड़ 70 लाख लोग मरते हैं। चाहे वो महिलाएं हों या फिर युवा पुरुष या वृद्ध पुरुष सभी में हृदय से संबंधित समस्याएं बढ़ती ही जा रही हैं। इसलिए इनके बारे में समझना बहुत जरूरी है और समय रहते इलाज के माध्यम से इस पर काफी हद तक नियंत्रण किया जा सकता है।

**महिलाओं में समस्या का तनाव :** डॉक्टर अमर सिंघाल, सीनियर कंसल्टेंट व इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट ने बताया कि, आजकल महिलाओं में भी हृदय से संबंधित समस्याएं बहुत अधिक बढ़ गई है, क्योंकि बदलती जीवनशैली और तनाव के कारण ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा, हाइपरटेंशन जैसी कई गंभीर समस्याएं उत्पन्न होने लगती है और इसका सीधा संबंध हृदय से जुड़ा हुआ होता है। इसलिए उन्हें बहुत ध्यान रखने की जरूरत है। महिलाओं में हृदय से संबंधित समस्याओं के कुछ संकेत है जिन्हें उन्हें ध्यान में रखना चाहिए जैसे- सांस लेने में कठिनाई हो, पेट में खिंचाव या फिर दबाव, कमजोरी होना, चक्कर आना, एंजायटी, पसीना आना, पेट से संबंधित समस्या हो, शरीर में हमेशा अधिक थकान महसूस होता रहना। यदि महिलाओं को किसी भी प्रकार के संकेत इस प्रकार के दिखाई दे तो उन्हें तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**युवा पुरुषों में अनियमित जीवन शैली :** डॉ. हेमंत मदान, सीनियर डायरेक्टर और प्रोग्राम हेड कार्डियक साइंसेज, नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने बताया कि धूम्रपान, शराब का सेवन व अनियमित जीवन के कारण हृदय संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। आजकल शराब का फैशन तेजी से बढ़ा है और शराब के अधिक सेवन से रक्तचाप बढ़ता है जिसका सीधा असर और रक्त वाहिकाओं पर पड़ने से हार्ट में पंपिंग शुरू हो जाती है और इसके बाद हार्ट अटैक होने का भी खतरा अधिक हो जाता है। इसमें सबसे बड़ी समस्या यह है कि युवाओं को जिनकी उम्र 30 या 40 साल के आसपास है, वे लक्षणों को जल्द पहचान नहीं पाते जिसकी वजह से समय रहते उन्हें इलाज नहीं मिल पाता और इससे मोटा के आंकड़े भी तेजी से बढ़े हैं।

- **दुनिया भर में हर साल लगभग करोड़ों लोग शिकार**
- **हृदय से संबंधित समस्या को लेकर रहें सतर्क**

इसलिए 30 से 40 साल की उम्र के आसपास के लोगों को कुछ सामान्य लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए, जैसे सीने में अचानक दर्द होना, जबड़े में दर्द होना, अचानक बहुत ज्यादा पसीना आना, सांस लेने में दिक्कत होना, चक्कर आना जैसे लक्षणों पर युवा वर्ग को ध्यान देना चाहिए।

यदि आपको व्यायाम के समय कुछ भी शारीरिक गड़बड़ लग रहा है तो व्यायाम न करें, अपने खान-पान में बाहर की चीजों को ना खाएं, प्रोसेस्ड फूड से बचें, अपने भोजन में फल सब्जियां, बीन्स नट्स और फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करें। धूम्रपान और शराब के सेवन से बचें।

**बुजुर्गों में समस्या का नजर अंदाज :** डॉ समीर कुब्बा, डायरेक्ट एंड यूनिट हेड-कार्डियोलॉजी धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली ने बताया कि, हार्ट की समस्या वैश्विक स्तर पर बढ़ती ही जा रही है चाहे वो पुरुष हो या महिलाएं सब में किसी ने किसी प्रकार की हार्ट से संबंधित समस्याएं बहुत अधिक देखने को मिल रही है। सबसे ज्यादा ध्यान देने की जरूरत तो बुजुर्गों को है यदि वे कुछ लक्षणों को नजरअंदाज करें तो यह समस्या जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए आपके घर में यदि कोई बुजुर्ग है तो उनकी सेहत का खास ख्याल रखना आपका दायित्व है और कुछ लक्षणों पर नजर बनाए रखना बहुत जरूरी है जैसे सीने में भारीपन महसूस हो, सांस लेने में समस्या हो, पैरों में सूजन हो, जबड़े में दर्द हो, अधिक पसीना आए या फिर ब्लड प्रेशर लो या हाई हो रही हो तो इसे गंभीरता से ले और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बुजुर्गों में कई बार हार्ट अटैक के कुछ ऐसे लक्षण होते हैं जो उन्हें समझ में नहीं आते जैसे- उन्हें पेट में दर्द होगा, छाती में दर्द होगा, उन्हें अच्छा नहीं लगेगा, उन्हें कमजोरी महसूस होगी, थकावट लगेगी और सोने में भी दिक्कत होगी, इस लक्षणों को वे अनदेखा कर देते हैं और सोचते हैं कि यह समस्या हार्ट से संबंधित नहीं है जिसमें लापरवाही करने पर उन्हें दुष्परिणाम भी भुगतना पड़ता है।

# अभिनय मेरा जुनून और गायन मेरी आत्मा का हिस्सा : निक्की शर्मा



**मुंबई,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। शो 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' में शक्ति के किरदार से सुर्खियां बटोरने वाली अभिनेत्री निक्की शर्मा एक प्रतिभाशाली गायिका भी हैं। स्टूडियो एलएसडी प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' में शिव के रूप में अर्जुन बिजलानी और शक्ति के रूप में निक्की शर्मा ने अभिनय किया है।

निक्की अपनी अभिनय और गायन प्रतिभा से ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन दोनों जगह चमक रही हैं। 'शिवशक्ति' का सेट उनकी मधुर धुनों का गवाह बन गया है, क्योंकि वह अक्सर अपनी खूबसूरत आवाज से कलाकारों और क्रू का मनोरंजन करती रहती हैं। निक्की की गायन क्षमता का खुलासा उनके सह-कलाकारों और प्रोडक्शन टीम के लिए एक सुखद आश्चर्य के रूप में हुआ, जब उन्होंने पहली बार उनका गाना सुना और अब ब्रेक और खाली समय के दौरान, यह एक रस्म बन गई है कि निक्की सेट पर अपने लोगों के साथ गाती है और सभी लोग एक अच्छा जैमिंग सेशन करते हैं।

उसी के बारे में बात करते हुए, निक्की ने कहा कि मुझे हमेशा से संगीत से गहरा प्यार रहा है और मैं अपने 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' परिवार के साथ उस जुनून को साझा करने के लिए आभारी हूं। अभिनय मेरा जुनून रहा है, लेकिन गायन हमेशा से मेरी आत्मा का एक हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि संगीत का अभ्यास करने से मुझे आंतरिक शांति मिलती है और मैं तृप्त महसूस करती हूं।

# लता मंगेशकर की 94वीं जयंती पर सायरा बानो ने किया याद

**मुंबई,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। दिग्गज अभिनेत्री सायरा बानो ने 'भारत कोकिला' लता मंगेशकर को उनकी 94वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि वह हमेशा उनके साथ बिताए पलों को संजोकर रखती हैं। लता मंगेशकर सबसे प्रसिद्ध गायिकाओं में से एक हैं और आठ दशकों के करियर में भारतीय संगीत उद्योग में उनके योगदान ने उन्हें 'क्वीन ऑफ मेलोडी' और 'वॉयस ऑफ द मिलेनियम' जैसे खिताब दिलाए। उन्होंने 36 से अधिक भारतीय भाषाओं में गाने रिकॉर्ड किए हैं। सायरा ने इंस्टाग्राम पर दिलीप कुमार और लता मंगेशकर के साथ एक तस्वीर साझा की, जिसमें तीनों को हंसते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया



कि भारतीय संगीत उद्योग की स्वर कोकिला को उनकी जयंती पर याद कर रही हूं। दिलीप साहब और मैंने उनके साथ जो पल बिताए हैं, उन्हें मैं हमेशा याद रखती हूं। उनकी कला को हम सभी के दिलों में हमेशा संजोकर रखा जाएगा।

सायरा ने अपनी पोस्ट में लता मंगेशकर के गाने दिल विल प्यार व्यार का म्यूजिक दिया है। यह गाना समीर गांगुली द्वारा निर्देशित 1967 के कॉमेडी ड्रामा 'शागिर्द' से है। फिल्म में जॉय मुखर्जी और सायरा बानो मुख्य भूमिका में थे। इस गाने को लता और मोहम्मद रफी ने गाया था। लता मंगेशकर को 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार', 'पद्म भूषण', 'भारत रत्न' समेत कई अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। 2007 में, फ्रांस ने उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, नेशनल ऑर्डर ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर का अधिकारी बनाया। वह 'प्यार किया तो डरना क्या', 'अजीब दास्तां है ये', 'आप की नजरों ने समझा', 'लग जा गले', 'रंगीला रे', 'तूने ओ रंगीले', 'तुझसे नाराज नहीं', 'दुश्मन ना करे', 'सुन साहिबा सुन' सहित कई अन्य गानों के लिए जानी जाती हैं।

# अब वास्तविक समय में जानकारी देने के लिए वेब ब्राउज कर सकता है चैटजीपीटी

**सैन फ्रांसिस्को,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट के स्वामित्व वाले ओपनएआई ने घोषणा की है कि उसका एआई चैटबॉट चैटजीपीटी जानकारी जुटाने के लिए वेब ब्राउज़ कर सकता है। यह 'वर्तमान और आधिकारिक' सोर्स से लिए गए आंसर देता है, जिसे वह अपनी प्रतिक्रियाओं में उद्धृत करता है।




कंपनी ने 'ब्राउज विद बिंग' नामक फीचर शुरू किया है जो अभी केवल चैटजीपीटी प्लस और एंटरप्राइज सब्सक्रिप्शन वाले लोगों के लिए है, लेकिन यह जल्द ही सभी उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगा। ओपनएआई ने बुधवार को एक्स पर लिखा कि चैटजीपीटी अब आपको सोर्स के सीधे लिंक के साथ वर्तमान और आधिकारिक जानकारी प्रदान करने के लिए इंटरनेट ब्राउज़ कर सकता है। यह अब सितम्बर 2021 से पहले के डेटा तक सीमित नहीं है। इसमें कहा गया है, 'ब्राउजिंग आज प्लस और एंटरप्राइज उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है, और हम जल्द ही सभी उपयोगकर्ताओं के लिए इसका विस्तार करेंगे। जीपीटी-4 के तहत चयनकर्ता बिंग के साथ ब्राउज़ करें।'

विंडोज़ पर माइक्रोसॉफ्ट का बिंग चैट, एज ब्राउज़र और थर्ड-पार्टी ब्राउज़र प्लगइन्स पहले से ही वेब से लाइव जानकारी लौटाने में सक्षम हैं, और क्रोम में गुगल का बार्ड भी ऐसा ही कर सकता है। इसके अतिरिक्त, दोनों खोज करते समय लिंक प्रदान करते हैं, जैसे चैटजीपीटी बिंग के साथ ब्राउज़ प्रदान करता है। जून में, ओपनएआई ने अपने चैटजीपीटी आईओएस ऐप के भीतर इंटरनेट ब्राउज़ करने की क्षमता जोड़ी, लेकिन जल्द ही इसे हटा लिया जब लोगों को एहसास हुआ कि वे चैटबॉट को सीधे यूआरएल फीड कर पैसे लेकर सामग्री प्रकट करने के लिए मना सकते हैं।

# सात दिनों के ट्रायल के साथ एडोब फोटोशॉप अब वेब पर उपलब्ध

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। सॉफ्टवेयर प्रमुख एडोब ने गुरुवार को सात दिनों के नि:शुल्क परीक्षण के साथ सभी योजनाओं के हिस्से के रूप में वेब पर 'फोटोशॉप' जारी किया।

एडोब ने कहा कि इस रिलीज के साथ हम उन रचनाकारों की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित कर शुरुआत कर रहे हैं जो सुव्यवस्थित उपयोगकर्ता अनुभव के साथ फोटोशॉप में नए हैं। निश्चित रूप से मौजूदा फोटोशॉप उपयोगकर्ता, जो किसी भी वेब ब्राउजर से जेनरेटिव फिल जैसे टूल तक पहुंच चाहते हैं, उन्हें वेब पर फोटोशॉप से भी लाभ होगा।

वेब पर फोटोशॉप के साथ, उपयोगकर्ताओं के पास अब फोटोशॉप की शक्ति तक पहुंचने के अधिक तरीके होंगे और वे बिना किसी डाउनलोड या इंस्टॉलेशन के कुछ ही क्लिक में काम शुरू कर सकते हैं।

उपयोगकर्ता वेब पर कोई भी फोटोशॉप दस्तावेज बना सकते हैं, और एक बटन के क्लिक से डेस्कटॉप पर आसानी से काम करना जारी रख सकते हैं।

कंपनी ने बताया कि वे अपनी फाइल को देखने और उस पर टिप्पणी करने के लिए एक लिंक साझा कर दूसरों को भी अपने साथ सहयोग करने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। भले ही उनके पास फोटोशॉप सदस्यता न हो।



फोटोशॉप के सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले टूल के अलावा, कंपनी वेब पर फोटोशॉप में रचनात्मक जेनरेटर एआई मॉडल के एक नए फायरफ्लाई को लेकर आई। हाल ही में जारी फोटोशॉप का डेस्कटॉप संस्करण जेनरेटिव फिल और जेनरेटिव एक्सपैंड फीचर अब वेब पर भी उपलब्ध हैं।

ये सुविधाएं उपयोगकर्ताओं को अपनी छवियों से सामग्री जोड़ने, विस्तारित करने या हटाने की अनुमति देंगी, साथ ही शानदार परिणाम देने के लिए उनकी छवियों का जादुई मिलान करेंगी।

इसे 100 से अधिक भाषाओं में सरल तरीके से कर सकते हैं। कंपनी ने कहा कि वेब पर फोटोशॉप में डेस्कटॉप वर्जन की सभी सुविधाएं नहीं हैं, लेकिन उपयोगकर्ताओं को पैच टूल, पेन टूल, स्मार्ट ऑब्जेक्ट सपोर्ट, पॉलीगोनल लैस्सो और जल्द ही अपने पसंदीदा वर्जन देखने की उम्मीद करनी चाहिए।

### बिहार में प्रकाश में आया अजीबोगरीब मामला

# शादी न करने की मिली थी धमकी

**हाजीपुर,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार के वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र से एक अजीबोगरीब मामला प्रकाश में आया है। एक युवक को शादी नहीं करने की धमकी दी गई और जब युवक दूल्हा बन गया तो गुरुवार को अज्ञात अपराधियों ने उसकी जान ले ली। पुलिस अब पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। दरअसल, यह पूरा मामला बिदुपुर थाना क्षेत्र का है जहां गुरुवार को अपराधियों ने उचीडीह गांव निवासी पंकज कुमार को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, पंकज सुबह हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र से एक विस्किट की फैक्ट्री में काम कर वापस अपने घर लौट रहा था कि अपराधियों ने रहीमपुर चौक के पास गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। अपराधियों की संख्या दो बताई जा रही है जो एक बाइक पर सवार होकर आए थे। परिजनों का कहना है कि अज्ञात लोगों ने पंकज की शादी नहीं करने की हिदायत दी थी। इसको लेकर फोन और एक रजिस्ट्री द्वारा पत्र भी अज्ञात लोगों द्वारा घर पर भेजा गया था और चेतावनी दी गई थी अगर पंकज की शादी की गई तो उसकी हत्या कर दी जाएगी।

**बन गया दूल्हा तो कर दी हत्या**



- **रजिस्ट्री द्वारा पत्र अज्ञात लोगों द्वारा घर पर भेजकर दी गई थी चेतावनी**

शादी के बाद भी यह सिलसिला चलता रहा। परिजनों ने बताया कि मृतक की 27 मई को शादी हुई थी और गुरुवार को उसकी हत्या कर दी गई।

इधर, वैशाली के पुलिस अधीक्षक रवि रंजन का दावा है कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान कर ली गई है, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# आशीष शुक्ला की कॉमेडी फिल्म में एक साथ नजर आएंगी रकुल प्रीत सिंह व नीना गुप्ता

**मुंबई,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और नीना गुप्ता निर्देशक आशीष शुक्ला की आगामी फिल्म के लिए साथ काम कर रही हैं। आशीष को हिंदी भाषा की क्राइम थ्रिलर स्ट्रीमिंग सीरीज 'अनदेखी' में उनके काम के लिए जाना जाता है। एक प्रतिष्ठित सूत्र ने साझा किया है कि अक्टूबर के अंत में फिल्म पर कैमरे चलने शुरू हो जाएंगे और फिल्म की शूटिंग मुंबई और आसपास के इलाकों में की जाएगी।

सूत्र ने बताया, 'यह एक बहुत ही अलग तरह की कॉमेडी है और यह बेहद रोमांचक है क्योंकि दोनों अच्छे कलाकार हैं। फिल्म अक्टूबर के अंत में फ्लोर पर जाएगी। वे इसकी शूटिंग मुंबई और उसके आसपास करेंगे। फिल्म का निर्देशन आशीष शुक्ला द्वारा किया जाएगा, जिनके हालिया काम 'अनदेखी' को काफी प्रशंसा मिली है।

सूत्र ने आगे बताया कि रकुल अच्छे प्रोजेक्ट्स में कुछ बेहतरीन काम कर रही हैं और यह फिल्म भी उनके प्रशंसकों के लिए एक सौगात होगी। इसके अलावा, अजय देवगन के साथ 'दे दे प्यार दे' का सीक्वल भी उनके लिए पाइपलाइन में है। वहीं, नीना गुप्ता काफी दिलचस्प काम कर रही हैं, उनका एक शो रिलीज हुआ है।



# उप्र में पहली बार हुई हार्ट मिनिमली इनवेसिव सर्जरी

- **जापानी कंपनी तकनीक एनाकोंडा ग्राफ्ट का इस्तेमाल**
- **कम ब्लड लॉस पर दिया अंजाम**

**नोएडा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। मेट्रो हार्ट इंस्टीट्यूट नोएडा के चिकित्सकों ने पहली बार हार्ट से जुड़ी मिनिमली इनवेसिव सर्जरी की है। इसमें जापानी कंपनी की तकनीक एनाकोंडा ग्राफ्ट का इस्तेमाल करते हुए एब्डोमिनल एओर्टिक एन्यूरिज्म की ये सर्जरी की गई है। ये सर्जरी अपने आप में एक बड़ा उदाहरण है, क्योंकि प्रदेश में अभी तक इस तरह के सफल प्रयास नहीं किए गए हैं। इस सफल सर्जरी को पूरा करने में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, कार्डिएक सर्जन, कार्डियक एनेस्थिसियोलॉजिस्ट समेत अन्य सहायक प्रोफेशनल्स शामिल थे।

डॉक्टर ने बताया कि 58 वर्षीय पुरुष मरीज को गंभीर हार्ट की समस्या थी (एब्डोमिनल एओर्टिक एन्यूरिज्म) जिसे एडवांस तकनीक की मदद से ठीक किया गया। मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा में चीफ कार्डिएक सर्जन डॉक्टर जीवन पिल्लई के नेतृत्व में मरीज की ओपन हार्ट सर्जरी यानी बायपास सर्जरी की गई थी। ये सर्जरी कुछ महीने पहले हुई थी और मरीज ने पूरी तरह से रिकवर कर लिया। वो स्वस्थ लाइफ जी रहे थे। लेकिन उन्हें पेट में समस्या होने लगी, कोई खास लक्षण नजर नहीं आया।

लेकिन बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मरीज का सीटी-एंजियोग्राम किया गया तो बड़े एब्डोमिनल एओर्टिक एन्यूरिज्म का पता चला। ये एक जानलेवा समस्या थी, जिसमें पेट की महाधमनी या एब्डोमिनल एओर्टा काफी फैल जाती है। अगर इलाज न किया जाए तो इसके टूटने का खतरा रहता है। सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, ग्रुप डायरेक्टर कैथ लैब डॉक्टर समीर गुप्ता के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने मरीज की एंडोवैस्कुलर एन्यूरिज्म रिपेयर सर्जरी का फैसला लिया। ये एक मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया होती है जिसमें ग्रोइन एरिया यानी कूल्हे के निचले हिस्से और जांघ वाले क्षेत्र में एक छोटा कट लगाया जाता है।

**पांच चिकित्सकों की टीम ने सर्जरी के दौरान लगाया एनाकोंडा ग्राफ्ट**

डॉक्टर जीवन पिल्लई के साथ डॉक्टर समीर गुप्ता ने पूरी प्रक्रिया के दौरान पांच स्किल्ड डॉक्टरों की टीम को गाइड किया। इस सर्जरी की सबसे खास बात ये थी कि इसमें जापानी मेडिकल कंपनी टेरुमो के बनाए एनाकोंडा ग्राफ्ट को लगाया गया। इस ग्राफ्ट का उपयोग उत्तर प्रदेश में पहले कभी नहीं किया गया था। डॉक्टर समीर गुप्ता ने इस बारे में बताया कि ये सर्जरी सफल साबित हुई। इसमें मरीज का सही से ट्रीटमेंट हुआ। मुख्य रक्त वाहिका के टूटने का खतरा भी इसमें नहीं रहा।

**कम ब्लड लॉस में की गई सर्जरी**

आमतौर पर एब्डॉमिनल एओर्टा एन्यूरिज्म से जुड़ी समस्या का इलाज ओपन सर्जरी से ही किया जाता रहा है। जिसमें पेट के ऊपर बड़े चीरे लगाए जाते हैं। पूरी प्रक्रिया में 8-10 घंटे लग जाते हैं। इस तरह की सर्जरी डीप हाइपोथर्मिक कार्डियक अरेस्ट के तहत की जाती हैं। जिससे बड़े पैमाने पर ब्लड बहता है और रीढ़ की हड्डी इस्किमिया जैसी समस्याओं के चलते रिकवरी में लंबा वक्त लग जाता है। लेकिन मेट्रो हार्ट इंस्टीट्यूट नोएडा में जो ये सर्जरी हुई है, उससे इस बीमारी के इलाज में क्रांति आ गई है।

# पिंडदानियों के स्वागत के लिए 'मोक्षस्थली' गया तैयार

- **हिंदू धर्म में पितरों की आत्मा की शांति व मुक्ति के लिए गया में पिंडदान एक अहम कर्मकांड**
- **पितृपक्ष मेले में 12 से 14 लाख तीर्थयात्रियों के आने की सम्भावना**

**गया,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। हिंदू धर्म में पितरों (पूर्वजों) की आत्मा की शांति और मुक्ति के लिए गया में पिंडदान को एक अहम कर्मकांड माना जाता है। बिहार का गया इसके लिए सर्वोत्तम स्थान माना गया है।

भाद्रपद महीने के कृष्ण पक्ष के 15 दिन को 'पितृपक्ष' कहा जाता है। इस पखवारे में लोग अपने पूर्वजों की मृतात्माओं की मुक्ति के लिए यहां आकर पिंडदान करते हैं, यही कारण है कि गया को 'मोक्ष की भूमि' भी कहा जाता है। जिला प्रशासन ने इस साल पितृपक्ष के दौरान देश-विदेश से आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था का दावा किया है। स्वयं जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम पूरी व्यवस्था की देखरेख कर रहे हैं। पितृपक्ष मेला को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियों के संबंध में डॉ. त्यागराजन ने बताया कि इस वर्ष पितृपक्ष मेला में 12 से 14 लाख तीर्थयात्रियों के आने की सम्भावना है। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने एवं विदेशों से तीर्थयात्री पितृपक्ष में पूर्वजों का



पिंडदान-तर्पण करने मोक्ष भूमि आते हैं उन्होंने बताया कि पितृपक्ष मेला के दौरान गया के 54 पिंडवेदियों पर तीर्थयात्री श्राद्ध और तर्पण के कर्मकांडों को पूरा करेंगे। सफल आयोजन के लिए 19 समितियों का गठन किया गया है। प्रत्येक समिति में पदाधिकारियों की जिम्मेवारी तय की गई है। मेला क्षेत्र को 43 जोन व 329 सेक्टर में बांट कर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

पितृपक्ष मेला के दौरान प्रशासन ने गया शहर के कई मार्गों की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है। पिंडदानियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी 4278 पुलिसकर्मियों के कंधे पर है। इसमें आठ डीएसपी रैंक के अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा वरीय अधिकारी भी समय-समय पर सहयोग करते रहेंगे। विभिन्न स्थलों पर 67 पुलिस शिविर बनाए गए हैं। इसके अलावा ड्रोन, पैनाकूलर, वॉच टावर के माध्यम से संवेदनशील स्थलों की निगरानी की जाएगी।

पितृपक्ष मेला के अवसर पर 132 चिकित्सक, 213 पारा-मेडिकल स्टाफ के माध्यम से 102 स्वास्थ्य शिविर की स्थापना मेला क्षेत्र में की गई है। इसके अलावा पांच टीम के माध्यम से खाद्य पदार्थों की जांच की जाएगी। पितृपक्ष मेला के अवसर पर तीर्थयात्रियों के रहने के लिए 63 सरकारी आवासन स्थल पर 70 हजार से अधिक यात्रियों के आवासन की व्यवस्था की गई है।

इसके अतिरिक्त गांधी मैदान में टेंट सिटी बनाई गई है। जबकि, विभिन्न मोनास्ट्री में तीन हजार यात्रियों के आवासन की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त 121 होटल, गेस्ट हाउस, 542 पंडा के निजी भवन एवं 11 धर्मशाला को भी यात्रियों के रहने के लिए चिह्नित किया गया है। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, रिंग बस एवं प्रीपेड निजी टैक्सी का किराया निर्धारित किया गया है।

रायपुर, शुक्रवार 29 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# हेट स्पीच में हिन्दुत्ववादी संगठनों की संलिप्तता उजागर

पिछले कुछ समय में देश में हेट स्पीच की बाढ़ आई हुई है। दिन गुजरने के साथ इनमें वृद्धि ही दर्ज हो रही है। इसके कारण समाज में परस्पर नफ़रत और हिंसा का माहौल है। 2014 में भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र सरकार पर आरुढ़ होने के बाद से हेट स्पीच उफान पर हैं। वैसे भी यह हमेशा से साफ था कि कड़ुवे बोलों के लिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा में पगे लाखों कार्यकर्ता, उसकी राजनैतिक विंग भाजपा के समर्थक तथा अन्य अनुषांगिक संगठनों के लोग जिम्मेदार हैं। 'हिन्दुत्व वॉच' ने इस वर्ष की पहली छमाही की जो रिपोर्ट प्रकाशित की है, उससे इसकी पुष्टि होती है।

'हिन्दुत्व वॉच' ने अनेक जहर बुझे भाषणों व वक्तव्यों का अध्ययन कर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है, जिसका सारांश ही सारी कहानी को बयां कर देता है। उसके अनुसार, 2023 के प्रथम छह महीनों में ऐसे 255 दस्तावेजी वक्तव्य या घटनाएं हुई हैं जिनके निशाने पर मुस्लिम थे। इनमें से 205 (80 फीसदी) घटनाएं भाजपा प्रशासित राज्यों में हुई हैं। महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात में सर्वाधिक वाकये हुए। अकेले महाराष्ट्र में ये 29 प्रतिशत रहे। जिन 8 राज्यों में इस तरह की घटनाएं सर्वाधिक हुईं उनमें से 7 में भाजपा की सरकारें हैं। करीब 52 प्रतिशत मामले भाजपा वाले राज्यों व केन्द्र प्रशासित राज्यों (यूटी) में हुए और इनके लिये आरएसएस के साथ उसके परिवार के विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, सकल हिन्दू समाज और भाजपा की इनमें संलिप्तता है। कुल 17 राज्यों व 2 यूटी, जिन पर भाजपा की केन्द्र सरकार के जरिये हुकूमत चलती है, ऐसे वक्तव्यों व कृत्यों के लिये वही जिम्मेदार पाई गई है। लगभग 64 फीसदी हेट स्पीच मुस्लिम विरोधी बहुप्रचारित अवधारणाओं के प्रभावित पाई गईं। इनमें से 33 प्रतिशत में मुस्लिमों के खिलाफ हिंसा करने का आह्वान किया गया तो 11 फीसद में मुस्लिमों के बहिष्कार की और 4 प्रतिशत में मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की अपील की गई। 12 फीसद भाषणों में हथियारबंद होने की बात कही गई है। इन नफरती व हिंसक बयानों का सम्बन्ध सीधे-सीधे चुनावों से भी जुड़ता नज़र आता है। 33 फीसद ऐसे वक्तव्य उन राज्यों में दिये गये जहां 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं तो वहीं 36 प्रतिशत उनमें हुए जहां 2024 में राज्य के चुनाव होंगे।

इस तरह देखें तो यह रिपोर्ट आंखें खोल देने वाली है। यह शीशे की तरह एकदम से साफ है कि पिछले कुछ समय से इस तरह के हेट स्पीच से समाज को रोजाना दो-चार होना पड़ रहा है। निचले स्तर की बात छोड़ दें तो पाया यह गया है कि ऊंचे स्तर पर बैठे लोग इस प्रवृत्ति को आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा से जुड़े लोग संसद हो या चुनावी मंच, धार्मिक समारोह हों या समाचार चैनलों पर होने वाली डिबेट, वे नफरती बयान देने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने देते। पिछले साल के जून में भाजपा की प्रवक्ता नुपूर शर्मा ने मोहम्मद पैगम्बर के खिलाफ विवादास्पद बयान दिया था जिसके कारण अनेक अरब देशों में तक उनके खिलाफ रोष फैल गया था। पार्टी ने उन्हें निकाल दिया था। पश्चिम दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा द्वारा मुस्लिम दुकानदारों से सामान न खरीदने की अपील से भी लोगों में नाराज़गी फैली थी। केन्द्रीय मंत्री और हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर लोकसभा सीट के सांसद अनुराग ठाकुर ने रिठाली में एक भाषण में 'देश के गद्दारों को, गोली मारो ...को' कहकर नफरती माहौल पैदा किया था। निर्वाचन आयोग ने उन पर 72 घंटे का प्रतिबन्ध लगाया था और भाजपा ने दिखावे के लिये उन्हें स्टार प्रचारकों की सूची से निकाल दिया था। अलबत्ता, दिल्ली की एक कोर्ट ने उन्हें व प्रवेश वर्मा के खिलाफ हेट स्पीच के मामले यह कहकर खारिज कर दिये थे कि 'चूंकि यह बात मुस्कुरा कर कही गई थी इसलिये कोई अपराध नहीं बनता।' 20 करोड़ मुस्लिमों की हत्या करने की बातें साफ तौर पर और धर्म संसद के खुले मंचों से की गई थीं।

वैसे तो पिछले कुछ वर्षों के ऐसे अनेक उदाहरण हैं लेकिन इनका समग्र असर कितना भयावह है, उसके लिये बहुत हाल की कुछ घटनाओं पर ही दृष्टिपात कर लेना काफी होगा। ऐसे भाषणों का परिणाम मणिपुर में देखा जा रहा है जो पिछले छह महीनों से साम्प्रदायिक हिंसा में लगातार जल रहा है। हिन्दू आदिवासी मैतेई और ईसाई आदिवासी कुकी लोगों के हिंसक टकराव से सैकड़ों लोग मारे गये हैं, लाखों बेघर हुए हैं और कई शिविरों में रह रहे हैं। लगभग पूरा राज्य अशांत घोषित कर दिया गया है। नूंह में हुए हिन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक दंगों की आग अब भी पूरी तरह से बुझी नहीं है। कुछ अरसा पहले जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में रेलवे पुलिस के एक जवान द्वारा तीन मुस्लिम यात्रियों की सर्विस राइफल से हत्या भी हेट स्पीच का ही परिणाम है।

ताज़ा मामला संसद का है। नये भवन में हो रहे विशेष सत्र के अंतिम दिन (21 सितम्बर) की शाम को चन्द्रयान की सफलता पर हो रही चर्चा के दौरान दक्षिण दिल्ली के भाजपायी सांसद रमेश बिधूड़ी उस वक्त अपना आपा खो बैठे जब भारत में अंतरिक्ष विज्ञान की प्रगति का श्रेय प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को दिया जाने लगा। नाराज़ बिधूड़ी ने बहुजन समाज पार्टी को कई धर्मसूचक गालियों से नवाज़ दिया। उन्हें पार्टी ने कारण बताओ नोटिस तो थमाया है पर राजस्थान विधानसभा के चुनावों के लिये महत्वपूर्ण टोंक सीट का प्रभारी भी बना दिया है जो बताता है कि भाजपा का हेट स्पीच के मामलों में पूरा समर्थन है।

# चौपड़ के पासों पर राजस्थानी मतदाताओं की निगाहें

जयपुर का खूबसूरत परकोटा विश्व विरासत की महत्वपूर्ण धरोहर है और इसी परकोटे में वास्तुकार विद्याधरजी की बनाई चौपड़ भी है। यहां का बाज़ार चौपड़ की डिज़ाइन का है। वही चौपड़ जिस पर पांसे फेंककर कौरवों और पाण्डवों ने द्युत क्रीड़ा को अंजाम दिया था। उसके बाद फिर द्वापर युग की पूरी राजनीति बदल गई थी। यहां भी चुनावी राजनीति का रंग राजधानी जयपुर से जमना शुरू हो गया जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राहुल गांधी ने एक के बाद एक चुनावी सभाएं कीं। इन दोनों के आने से जनता के बीच भले ही कोई बड़ी हलचल न हुई हो लेकिन दलों के भीतर भूचाल आ गया है। मोदी के मंच पर दो बार की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को बोलने का मौका नहीं मिला, तो राहुल गांधी भी जाते-जाते बम फोड़ गए कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ तो हम जीत ही जाएंगे, राजस्थान में टक्कर कांटे की है। बेचारे अशोक गहलोत, जिन्होंने रेगिस्तान की धरती पर जितनी बारिश नहीं होती उतनी तो योजनाओं की बरसात कर दी है, केवल इतना ही कह पाए कि हम और मेहनत करेंगे। कोई बिरला ही नेता होगा जो सरेआम अपनी पार्टी के पीछे होने की बात कह जाए। रवायत तो यही है कि घर में चाहे दाने ना हों लेकिन भुनाने का ढोंग पूरा करना है। तय तो यह भी हो गया है कि यदि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान जीतती है तो भी वसुंधरा मुख्यमंत्री नहीं बनेंगी।

राजस्थान बीते छह बार से एक बार कांग्रेस और एक बार भाजपा की सरकार बनाता आ रहा है। इस बार बारी भाजपा की है, शायद इसलिए भी भाजपा ने वसुंधरा राजे को हाशिये पर रखने का जोखिम लिया है जबकि आज भी वे ही प्रदेश की सबसे बड़ी नेता हैं। उनकी माता विजया राजे सिंधिया ने जनसंघ के ज़माने से पार्टी को पाला-पोसा है। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के साथ वे बड़ी नेता थीं। राजस्थान में वसुंधरा की मौजूदगी में भीड़ भी जुटती है इसलिये अगर वे परिवर्तन यात्राओं के केंद्र में होतीं तो कथा कुछ और होती। उनकी खासियत है कि वे कभी विरोधी के सामने गरिमा नहीं खोतीं। केंद्रीय नेतृत्व की अपेक्षा रहती है कि जोशीले और उकसाने वाले बयान प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से भी आएं। वसुंधरा ने ऐसा तब भी नहीं किया जब उदयपुर में एक व्यक्ति की हत्या को पूरी तरह से सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश हुई थी। केंद्र को प्रभावित करने के लिए अन्य नेताओं ने लगातार तीखे बयान दिए थे और सनातन के मुद्दे पर भी हिंसक बयान दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ऐसी ही भाषा का प्रयोग किया। 'सनातन का विरोध करने वालों की ज़ुबान खींच ली जाएगी' और 'आंखें निकाल लेंगे' जैसे शब्द मंत्री ने अपनी सभा में कहे। आज की सियासत को यह गलतफ़हमी हो गई है कि केवल आक्रामक भाषा और इवेंटबाजी से ही चुनाव जीते जा सकते हैं। मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र की सरकारें असमय गिरा दी गईं लेकिन राजस्थान में यह मुमकिन नहीं हो सका। उसकी एक वजह वसुंधरा राजे की गंभीर राजनीति भी रही। जनता के मत का मान यहां दोनों ही पक्षों के नेता रखते हुए दीखते हैं। ज़ाहिर है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस सबसे खुश नहीं होता।

भाजपा को उम्मीद है कि किसी को चेहरा नहीं बनाने से उम्मीद से भरा हर चेहरा पार्टी के लिए काम करेगा- राज्यवर्धन सिंह राठौड़, गजेंद्र सिंह शेखावत, सीपी जोशी, राजेंद्र राठौड़ सब। पार्टी को भले ही इसमें लाभ दिखाई दे सकता है लेकिन जनता चेहरा चाहती है। जनता यह भी देखती है कि पार्टी का अपना विश्वास उनके अपने नेताओं में कितना है। हाल ही में वसुंधरा राजे ने जयपुर स्थित अपने निवास पर केवल महिलाओं की बैठक की थी और यह संख्या हज़ारों में थी। अभी से केंद्रीय नेता राजस्थान में लगातार डेरा डाले हुए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला आदि के दौरे भी लगातार जारी हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तो चुटकी भी ले चुके कि उपराष्ट्रपति अगर राष्ट्रपति बनेंगे तो भी हम स्वागत करेंगे लेकिन अभी मेहरबानी रखें। बार-बार, सुबह-शाम आ रहे हैं। इसका कोई तुक नहीं है। राजस्थान में चुनाव चल रहे हैं। बार-बार आओगे तो लोग क्या समझेंगे। ये संवैधानिक संस्थाएं हैं। इनका मान रहना चाहिए। जवाब में शेखावत ने कह दिया कि अब क्या राजस्थान आने के लिए गहलोत से वीजा लेना होगा? यूं देश के कुल चालीस दौरों में उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ 17 बार राजस्थान आए हैं। बहरहाल गृहमंत्री अमित शाह ने जयपुर में मेराथन मीटिंग कर टिकटों का हिसाब-किताब कर दिया है। पार्टी ने सी श्रेणी में 76 और डी में 19 सीटों को रखा है जहां वे कमज़ोर हैं। सी श्रेणी में वे सीटें शामिल हैं जहां पिछले तीन चुनावों में से एक बार भाजपा को जीत मिली है और डी में एक भी नहीं। ऐसे में पार्टी की क्या रणनीति होगी? बुधवार को ही एक नाम तुरंत सामने आ गया है। दक्षिण दिल्ली से सांसद रमेश बिधूड़ी अब टोंक ज़िले का मोर्चा संभालेंगे। टोंक गुर्जर और मुस्लिम बहुल क्षेत्र है जहां सचिन पायलट का करिश्मा काम करता है। भाजपा उस बिधूड़ी को यहां लाई है जिन्होंने लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी के सदस्य दानिश अली को उनके धर्म के नाम पर अपमानजनक शब्दों से संबोधित किया था। पार्टी ने उन्हें इनाम दे दिया है। पार्टी उग्र बयानवीरों को नवाज़ती है- यह इस संगठन के सदस्यों को खूब पता है। नया केवल इतना है कि अब 'लोकतंत्र का मंदिर' भी अखाड़ा है।

राजस्थान में किसी एक के हक़ में कोई लहर नहीं है। वर्तमान विधानसभा में कुल दो सौ में कांग्रेस के पास 108 और भाजपा के पास 70 सीटें हैं। जनता गहलोत सरकार को सुस्त सरकार भी नहीं कह रही है। सचिन पायलट और गहलीत के गहरे मतभेदों ने पार्टी को कमज़ोर किया लेकिन फिलहाल सचिन पायलट शांत हैं। एक झटका कांग्रेस को उस वक्त लगा जब राजस्थान के बड़े जाट नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पौत्र वधु ज्योति मिर्धा ने बीते सप्ताह भाजपा का दामन थाम लिया। वे एक समय नागौर से सांसद रहीं लेकिन पिछले चुनाव में उन्हें राजस्थान की राजनीति में तेज गति से उभर रहे राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल ने हरा दिया। उससे पहले वे भाजपा से हारी थीं। बेनीवाल छोटी पार्टियों में सशक्त माने जाते हैं और स्पष्ट बहुमत न मिलने पर किसी की भी सरकार बनाने और बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। फिलहाल उनके तीन विधायक हैं। मध्यप्रदेश में 'लाड़ली बहना योजना' की चर्चा है तो यहां महिलाओं को स्मार्ट फ़ोन दिए जा रहे हैं। जिन्हें फ़ोन मिला है उन्होंने बताया कि इसमें अगले कुछ महीनों तक इंटरनेट मुफ्त है। यूं धरातल पर 'चिरंजीवी बीमा योजना' भी कारगर देखी जा रही है। एक मित्र ने हैरान होकर फ़ोन पर बताया कि जयपुर के एसएमएस अस्पताल में उसकी न्यूरो सर्जरी बिलकुल मुफ्त हो गई। इसका अर्थ यह कतई नहीं लगाया जाना चाहिए कि हर गरीब को इलाज मिल रहा है। वह अब भी बिना इलाज के मरने के लिए अभिशप्त है। सरकारों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जनता की सीधी पहुंच अस्पतालों तक हो। महिलाओं के लिहाज से राजस्थान अब भी सामंती राज्य है। बलात्कार, ऑनर किलिंग जैसे अपराध ज़्यादा हैं। सरकारों को इस पर बहुत काम करने की ज़रूरत है। गहलोत सरकार ने एक महकमा बनाया है जिसकी कमान वरिष्ठ आईपीएस के पास है। यह विभाग शादी के इच्छुक अलग-अलग बिरादरियों के युवा जोड़ों की मदद करता है। संभव है कि ऐसे महकमे जब वास्तव में सक्रिय होंगे तो ऑनर किलिंग के मामलों में कमी आएगी। अभी परिवार बच्चों के अन्यत्र शादी करने पर उन्हें बहिष्कृत कर देते हैं और बेटियों को जान से मारने में भी देर नहीं लगाते।

एड़ी-चोटी का ज़ोर लगा रही भारतीय जनता पार्टी के खेमे में उत्साह है क्योंकि यहां की जनता हर पांच साल में रोटी पलट देती है। इस हिसाब से अबकी भाजपा को उम्मीद है लेकिन वसुंधरा को कम तवज्जो मिलना तकलीफ़ पहुंचा सकता है। वे सीएम रह चुकी हैं और वर्तमान सरकार को सीधे चुनौती देकर बता सकती हैं कि उनके कार्यकाल में किन योजनाओं ने बेहतर किया और गहलोत सरकार ने कहां मात खाई है। अखबार दोनों दलों के बड़े-बड़े इश्तेहारों से अटे पड़े हैं। पीएम के साथ केंद्र की योजनाओं का बखान होता है तो दूसरी ओर सीएम राज्य की योजनाओं के गुणगान करते हैं। प्रधानमंत्री को इनमें भाग्य विधाता लिखा जाता है। मुकाबला पीएम बनाम सीएम का हो गया है। महिला आरक्षण बिल की गारंटी भी चर्चा में है। पीएम ने कहा है कि 'मोदी की गारंटी में लोगों को भरोसा है।' वैसे राजस्थान के भाजपा नेताओं को एक डर और सता रहा है कि कहीं यहां भी छाताधारी सांसद और बड़े नेताओं को न उतार दिया जाए। मध्यप्रदेश में यही हुआ है। नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, कैलाश विजयवर्गीय आदि समेत 7 सात सांसद अब विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। विजयवर्गीय तो राष्ट्रीय महासचिव भी हैं। ऐसा भाजपा ने पश्चिम बंगाल में भी किया था लेकिन नतीजे नहीं मिले थे। कर्नाटक में भी भाजपा का कोई सीएम चेहरा नहीं था। नतीजे वहां भी नहीं मिले। राजस्थान की जनता नेताओं को कसकर रखती है। वह चौपड़ पर फेंके जा रहे पांसों पर पैनी निगाह रखे हुए है।


वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**भाजपा को उम्मीद है कि किसी को चेहरा नहीं बनाने से उम्मीद से भरा हर चेहरा पार्टी के लिए काम करेगा- राज्यवर्धन सिंह राठौड़, गजेंद्र सिंह शेखावत, सीपी जोशी, राजेंद्र राठौड़ सब। पार्टी को भले ही इसमें लाभ दिखाई दे सकता है लेकिन जनता चेहरा चाहती है। जनता यह भी देखती है कि पार्टी का अपना विश्वास उनके अपने नेताओं में कितना है।**

**(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# विफलता की कहानी है मोदी के 'मेक इन इंडिया' के दस साल

■ गिरीश लिंगन्ना

मेक इन इंडिया' की दसवीं वर्षगांठ से पहले धूमधाम की स्पष्ट कमी यह संकेत देती है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने आखिर स्वीकार कर लिया है कि बड़े धूमधाम वाले प्रचार भी अब विनिर्माण क्षेत्र की खतरनाक गिरावट को छिपाने में प्रभावी नहीं हैं।

भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम मेक इन इंडिया ने 25 सितंबर को अपना दसवां वर्ष पूरा कर लिया, लेकिन भव्य आयोजनों और समारोहों के प्रति अपनी रुचि के लिए जानी जाने वाली सरकार में एक असामान्य चुप्पी छा गई।

भारी उत्साह के बीच, मेक इन इंडिया का उद्घाटन किया गया था, और सरकार ने अपने लिए तीन महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किये थे: 1. 12-14 फीसदी की वार्षिक विनिर्माण विकास दर प्राप्त करना, 2. 2022 तक सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र के योगदान को 25फीसदी तक बढ़ाना, और 3. 2022 तक विनिर्माण उद्योग में 10 करोड़ नौकरियां सृजित करना।

उत्सवों की अनुपस्थिति के लिए इस तथ्य को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है कि कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल नहीं हुई है। 2013-14 से विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर लगातार औसतन 5.9फीसदी रही है, 2022-23 में विनिर्माण की हिस्सेदारी 16.4फीसदी पर स्थिर रही। इसके अलावा, 2016 और 2021 के बीच विनिर्माण नौकरियों की संख्या आधी हो गई। मेक इन इंडिया दशक के दौरान, कार्यबल में विनिर्माण की हिस्सेदारी 2011-12 में 12.6 फीसदी से घटकर 2021-22 में 11.6फीसदी हो गई।

समग्र रूप से निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद, सरकार असाधारण घटनाओं को विशिष्ट परिणामों के रूप में प्रस्तुत करना जारी रखती है। उदाहरण के लिए, एपल के आईफोन निर्माण का मामला लें। यह बताया गया है कि एपल ने भारत में अपने आईफोन का उत्पादन तीन गुना कर दिया है, लगभग 7फीसदी डिवाइस अब देश में निर्मित किये जा रहे हैं। सरकार और उसके समर्थकों ने इन आंकड़ों को महत्वपूर्ण विनिर्माण कौशल के प्रमाण के रूप में प्रचारित करने का विकल्प चुना है। हालांकि, संख्याओं की एक सरसरी जांच ऐसे दावों को खारिज करने के लिए पर्याप्त है।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) विभिन्न उद्योग क्षेत्रों के विस्तार पर नज़र रखता है। भारत में, आईआईपी में मामूली वृद्धि देखी गई है, जो 2013-14 में 106.7 से बढ़कर 2022-23 में 138.5 हो गई है, जो औसत वार्षिक वृद्धि दर 2.9फीसदी है। हालांकि, एक मजबूत विनिर्माण क्षेत्र आमतौर पर 7-8फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर दर्शाता है। 2014 के बाद से, कई क्षेत्र चुनौतियों से जूझ रहे हैं और इन विकास अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर पाये हैं।

कठोर वास्तविकता यह है कि 2013-14 के बाद से विद्युत उपकरणों के विनिर्माण में -1.8फीसदी की औसत वृद्धि दर देखी गई है। इसी प्रकार, कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पाद क्षेत्र केवल 2 फीसदी की औसत दर से बढ़ा है, जबकि परिवहन उपकरण उद्योग ने 2.3फीसदी की वृद्धि दर का अनुभव किया है, और मोटर वाहन उत्पादन केवल 1.6फीसदी की दर से बढ़ा है। कपड़ा, परिधान और चमड़ा उद्योगों के लिए, जो परंपरागत रूप से रोजगार सृजन के स्रोत रहे हैं, ने क्रमशः -0.5फीसदी, 1.2फीसदी और -1.8फीसदी की वृद्धि दर दिखाई है।

व्यापक बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा है, विशेषकर युवा स्नातक बेरोजगारी दर 42.3फीसदी तक है। इसका श्रेय इस तथ्य को दिया जा सकता है कि विनिर्माण क्षेत्र को वह गति नहीं मिल पाई है जो मिलनी चाहिए। हालांकि एपल का भारत में अपने उत्पादन कार्यों का विस्तार उत्साहजनक है, लेकिन यह पूरी तस्वीर प्रदान नहीं करता है।

छिटपुट रूप से केवल कुछ फैक्टरियां बनाना समाधान नहीं है। भारत को विभिन्न राज्यों में फैली सैकड़ों नई फैक्टरियों की स्थापना की आवश्यकता है, जो आबादी के विभिन्न वर्गों की जरूरतों को पूरा करने वाली वस्तुओं का उत्पादन करती हैं। उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण से यह स्पष्ट होता है कि इस क्षेत्र ने अपनी सारी शक्ति खो दी है।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के नेतृत्व में, कारखानों की संख्या में लगभग 100,000 की वृद्धि हुई थी। वर्ष 2013-14 और 2019-20 के बीच, यह वृद्धि काफी धीमी हो गई, मोदी सरकार के तहत केवल 22,000 कारखानों की वृद्धि हुई है। यूपीए काल के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से रोजगार के अवसर बढ़े, कारखाने में रोजगार 6.2फीसदी की वार्षिक दर से बढ़ता रहा। मोदी सरकार के कार्यकाल में यह विकास दर गिरकर 2.8फीसदी पर आ गई। इसी तरह, यूपीए के तहत श्रमिकों की मजदूरी 17.1फीसदी की वार्षिक दर से बढ़ी, लेकिन 2014 के बाद से घटकर 8.4फीसदी हो गई।

यूपीए के नेतृत्व में फैक्ट्री का मुनाफा 18.9फीसदी की वार्षिक दर से लगातार बढ़ रहा था, जबकि अब यह घटकर मात्र 0.6फीसदी रह गया है। मजबूत नीति निर्माण पर मार्केटिंग और नारों को तरजीह मिलने से पहले के युग में, सरकार ने लगन से अपनी जिम्मेदारियां निभाईं और परिणाम स्वयं स्पष्ट हैं। अधिक कारखानों की स्थापना, अधिक श्रमिकों के रोजगार, कर्मचारियों के लिए उचित वेतन और मालिकों के लिए पर्याप्त मुनाफे में वृद्धि हुई। इस अनुकूल माहौल ने उद्योगों को बनाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा ई क्षेत्र में महत्वपूर्ण निवेश हुआ। यूपीए के दौरान सकल पूंजी निर्माण का औसत प्रभावशाली 21.3फीसदी था, लेकिन तब से यह नकारात्मक हो गया है, -0.7 फीसदी पर।

निवेश की अनुपस्थिति सरकार की नीतियों में घटते विश्वास का स्पष्ट संकेतक है। एक साल पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विनिर्माण क्षेत्र में निवेश करने की अनिच्छा के लिए उद्योग जगत के नेताओं को फटकार लगाई थी और उनसे झिझक के अपने कारण साझा करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा, 'मैं इंडिया इंक से सुनना चाहती हूं, आपको क्या रोक रहा है? हम उद्योग को यहां निवेश करने के लिए सब कुछ करेंगे...।' यह अनिश्चित है कि उन्हें उस दिन कोई प्रतिक्रिया मिली या नहीं, लेकिन हम जो जानते हैं वह यह है कि अर्थव्यवस्था अभी भी मांग की कमी से जूझ रही है। विनिर्माण में निवेश की कमी का कारण वस्तुओं और सेवाओं की अपर्याप्त मांग है।

यदि विमुद्रीकरण और अपर्याप्त रूप से डिजाइन किये गए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसी नीतिगत त्रुटियां न होतीं तो विनिर्माण क्षेत्र ने शायद एक अलग रास्ता अपनाया होता। उत्तरार्द्ध का सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के उद्यमों (एमएसएमई) के संकीर्ण लाभ मार्जिन पर विशेष रूप से कठोर प्रभाव पड़ा। मार्च 2020 में अचानक, अनियोजित कोविड-19 लॉकडाउन की घोषणा से सुधार के कोई भी मामूली संकेत नष्ट हो गये। दुर्भाग्य से, सरकार की प्रतिक्रिया कमज़ोर रही है। उच्च आयात शुल्क लगाना और लाइसेंसिंग आवश्यकताओं को लागू करना उन व्यवसायों या विदेशी निर्माताओं के बीच विश्वास को प्रेरित करने में विफल रहता है जो अपनी 'चाइना प्लस वन' रणनीति के हिस्से के रूप में अपने संचालन में विविधता लाने की कोशिश कर रहे हैं।

भारत पर कमजोर विनिर्माण क्षेत्र का प्रतिकूल प्रभाव आंकड़ों से कहीं अधिक है। दिलचस्प बात यह है कि सरकार की आर्थिक नीतियों की सबसे तीखी आलोचना अनजाने में विदेश मंत्री एस जयशंकर की ओर से आई। इस साल की शुरुआत में एक साक्षात्कार में, जयशंकर ने खुले तौर पर स्वीकार किया कि चीन की आर्थिक ताकत इस बात को प्रभावित करती है कि सरकार सीमा उल्लंघन को कैसे संबोधित करती है। मंत्री के इस पराजयवादी रुख का हमारी राष्ट्रीय स्थिति और हमारे सुरक्षा बलों के मनोबल पर असर पड़ा है और इसने सरकार के भीतर ही सवाल खड़े कर दिये हैं।

एक दशक के दौरान किसी नीति का मूल्यांकन करने से मूल्यांकन के लिए पर्याप्त समय मिलता है। जब कोई कार्यक्रम लगातार अपने उद्देश्यों से पीछे रह जाता है, तो यह एक संकेत के रूप में काम कर सकता है कि इसे अधिक प्रभावी दृष्टिकोण के पक्ष में अलग करने का समय आ गया है।

**व्यापक बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा है, विशेषकर युवा स्नातक बेरोजगारी दर 42.3फीसदी तक है। इसका श्रेय इस तथ्य को दिया जा सकता है कि विनिर्माण क्षेत्र को वह गति नहीं मिल पाई है जो मिलनी चाहिए। हालांकि एपल का भारत में अपने उत्पादन कार्यों का विस्तार उत्साहजनक है, लेकिन यह पूरी तस्वीर प्रदान नहीं करता है। छिटपुट रूप से केवल कुछ फैक्टरियां बनाना समाधान नहीं है।**

## 1 अक्टूबर अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस

# वृद्धों के प्रति धारणा बदलने की जरूरत

हम प्रतिवर्ष बुजुर्ग दिवस अथवा वृद्ध दिवस की एक थीम लेकर चलते हैं। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ में जो थीम दी है वह-'बुजुर्ग लोगों के लिए मानवाधिकार की सार्वभौम घोषणा के वादों को पूरा करना' के रूप में सामने लाई गई है। बुजुर्ग हमारे घर-परिवार और जीवन की मजबूत नींव होते हैं, जिन्हें हम उस जड़ के रूप में समझ सकते हैं- जिसके बिना समाज रूपी पेड़ खड़ा नहीं हो सकता, सूख जाएगा। वास्तव में अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस की शुरुआत 1991 में इसी सोच के साथ की गई थी कि- दुनिया भर में बुजुर्गों को उनका सही स्थान मिले। वे एक सम्मानजनक जीवन जी सकें। उनके हिस्से की सारी खुशियां उन्हें मिल सकें। हम देख रहे हैं इस डिजिटल युग में पुरानी व नई पीढ़ी के मध्य नैतिक मूल्यों का संतुलन पूरी तरह डगमगा गया है! हमारे बुजुर्गों को जिस उम्र में संवेदना की सबसे ज्यादा जरूरत है, उस उम्र में उन्हें कोई सुनने वाला तक नहीं है। यह बुजुर्गों के जीवन का सबसे बड़ा संकट है। जीवन की सुनहरी संध्या में एक वृद्ध को जिस लगाव, स्नेह और अपनेपन की जरूरत है- उसे उसका परिवार चाहे तो यह सब दे सकता है, किंतु बिगड़ी जीवन शैली के चलते बेटा-बहू सहित पोते-पोतियों का व्यवहार बुजुर्गों को और अधिक दुखी करता दिख रहा है। हम अपने इतिहास को खंगाले तो यह बात सामने आती है कि भारतीय समाज में वृद्धों को सदैव आदर के साथ सर्वोच्च सम्मान मिलता रहा है। वे दया के पात्र नहीं वरन पारिवारिक संरचना के अधिकार संपन्न मुखिया रहे हैं। वृद्ध हमारे लिए कभी भी समस्या नहीं रहे। उनके ज्ञान, अनुभव, कार्य-व्यवहार और कौशल से हमने प्रेरणा लेकर अपने जीवन की बगिया को सींचा है। मैं फिर किसी कवि की लाइनों में खो गया हूं-

खुद को भूल गए जो, तुम्हें कुछ बनाने में,
कुछ पल उनके साथ, बिता कर तो देखिए।
थकी आंखों, कांपते हाथों से नजरें न चुराओ,
खुद को भी इस रूप में, बिठाकर तो देखिए।

वर्तमान में जो दृश्य रोज सामने आ रहे हैं, वे भयाक्रांत करने वाले हैं। वृद्धजनों तथा वर्तमान पीढ़ी के बीच वैचारिक अंतराल ही एक बड़ी समस्या है। दोनों का ही सोचने का अपना अलग नजरिया है। ऐसे में कई बार वृद्ध-जन खुद को पारिवारिक रूप से उपेक्षित महसूस करते हैं। ऐसे संवेदनशील मामले में समाज को गंभीरतापूर्वक विचार कर समाधान निकालने की मुकम्मल कोशिश जरूर करनी चाहिए। वृद्धों का समाज हमारे लिए पारंपरिक ज्ञान का कल्पवृक्ष है, जिसे हमें संरक्षित करने की नितांत जरूरत है।

मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि पुरानी और नई पीढ़ी के मध्य नैतिक मूल्यों का संतुलन साध कर बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन दिया जा सकता है।

**सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

# कितना सफल हुआ खुले में शौच से मुक्ति का अभियान?

2011 की जनगणना के अनुसार देश के 53.1 प्रतिशत घरों में शौचालय नहीं था। जिसकी वजह से महिलाओं और लड़कियों को सबसे ज्यादा मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। खुले में शौच जाने से महिलाओं और लड़कियों को न केवल मानसिक प्रताड़ना से गुज़रना पड़ता है बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। घर में शौचालय न होने की वजह से लड़कियां और महिलाएं सुबह सूरज निकलने से पहले घर से दूर शौच के लिए जाती हैं और फिर पूरे दिन वह जाने से परहेज़ करती हैं। इसकी वजह से उन्हें कई प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। दिन में शौच से बचने के लिए वह काफी कम मात्रा में भोजन ग्रहण करती हैं जिससे कई महिलाएं और किशोरियां कुपोषण का शिकार हो जाती हैं। घर में शौचालय न होने का सबसे अधिक खामियाजा गर्भवती महिलाओं को उठाना पड़ता है। जिसका असर उनके प्रसव में नज़र आता है।

घर में शौचालय की कमी का एक उदाहरण राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक के बिंझरवाड़ी गांव में देखने को मिलता है जहां कई घरों में शौचालय व्यवस्था न होने के कारण लोग परेशान हैं। हालांकि 3 अप्रैल 2018 को ही राजस्थान की तत्कालीन सरकार ने सभी 43 हज़ार 344 गांवों, के साथ-साथ 295 पंचायत समितियों और 9894 ग्राम पंचायतों को खुले में शौच से मुक्त घोषित कर दिया था। इसका अर्थ है कि गांवों के सभी घरों में शौचालय का निर्माण किया जा चुका है लेकिन ज़मीनी हकीकत में यह शत-प्रतिशत सच नहीं है।

गांव के एक सामाजिक कार्यकर्ता मनी राम बताते हैं कि जब गांव के अधिकतर घरों में शौचालय नहीं था उस समय महिलाओं और किशोरियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था जिसकी वजह से वह बीमार और कुपोषित रहती थीं। मनी राम के अनुसार 2014-15 के आंकड़ों के मुताबिक गांव के 90 प्रतिशत घरों में शौचालय नहीं थे। इस समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने गांव वालों को घर में शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित किया। उन्हें न केवल घर में शौचालय होने के लाभों से अवगत कराया बल्कि शौचालय बनाने के लिए उन्होंने लोन की व्यवस्था भी करवाई। उन्होंने गांव के एसएचजी की सहायता से उन्हे 10000 का लोन दिलवाया। जिसके बाद गांव के कुछ घरों में शौचालय का निर्माण शुरू हुआ।

वह बताते हैं कि शुरू में अज्ञानतावश लोगों ने घरों में शौचालय निर्माण का विरोध भी किया गया और इसे परंपरा के विरुद्ध भी बताया लेकिन वह लगातार लोगों को इस दिशा में जागरूक करते रहे। धीरे-धीरे गांव वालों को घर में शौचालय की महत्ता समझ में आने लगी। आज बिंझरवाड़ी गांव के लगभग सभी घरों में शौचालय का निर्माण किया जा चुका है। जबकि जिन घरों में अभी तक शौचालय नहीं बने हैं मनी राम उन्हें भी इसके लिए जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि गांव की सभी महिलाओं और किशोरियों को खुले में शौच से मुत्त्वि मिल सके।

ऐसे में इस बात का ख्याल रखना ज़रूरी है कि सरकार की इतनी बड़ी योजना के तहत चलाये जा रहे अभियान से कोई घर वंचित न रह जाए। इसके लिए पंचायत स्तर पर बारीकी से नज़र रखने की ज़रूरत है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने पिछले माह के अंत में जारी बुलेटिन में कहा था कि देश में कुल चार लाख 31 हज़ार 350 से अधिक गांवों ने स्वयं को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है। यह एक सुखद संदेश है।

**खुशी यादव, बीकानेर, राजस्थान**

# देश विदेश

## अफगानिस्तान में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**हेरात।** अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में कार के पलट जाने से पांच यात्रियों की जान चली गयी और एक अन्य घायल हो गया। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल्ला इंसाफ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना बुधवार शाम को गजारा जिले में घटित हुई। इसमें पांच यात्रियों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उल्लेखनीय है कि इसी तरह की एक सड़क दुर्घटना में मंगलवार को उत्तरी बल्ख प्रांत में एक यात्री की मौत हो गई थी और पांच अन्य घायल हो गए थे।

# कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने नाजी दिग्गज का सम्मान करने के लिए मांगी माफी

**ओटावा,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। कनाडा की ओर से प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने संसद में एक यूक्रेनी व्यक्ति को सम्मानित करने के लिए माफी मांगी है, जिसने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी इकाई के लिए लड़ाई लड़ी थी।

> 'यह एक गलती है, जिसने संसद और कनाडा को बहुत शर्मिंदा किया है।'

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रूडो ने एक बयान में कहा, यह एक गलती है जिसने संसद और कनाडा को बहुत शर्मिंदा किया है। हम सभी जो शुक्रवार को इस सदन में थे, हमें इस बात पर गहरा अफसोस है कि हमने खड़े होकर तालियां बजाईं, भले ही हम संदर्भ से अनभिज्ञ थे, यह नरसंहार में मारे गए लाखों लोगों की स्मृति का एक भयानक



उल्लंघन था। उन्होंने कहा कि जो कुछ हुआ वह यहूदी लोगों और नाज़ी नरसंहार का निशाना बने लाखों लोगों के लिए बहुत दर्दनाक था। ट्रूडो ने यूक्रेन के राष्ट्रपति ब्लादिमिर ज़ेलेंस्की से माफी मांगी, जो 22 सितंबर को घटना के समय कनाडा के दौरे पर थे और संसद में मौजूद थे, उन्होंने कहा, कनाडा को गहरा खेद है। जेलेंस्की उन लोगों में से थे, जिन्हें 98 वर्षीय यारोस्लाव हंका की सराहना करते हुए चित्रित किया गया था, जिन्होंने 14 वें वेफेन-एसएस ग्रेनेडियर डिवीजन में सेवा की थी, जो नाजी कमांड के तहत ज्यादातर जातीय यूक्रेनियन से बनी एक स्वैच्छिक इकाई थी। डिवीजन के सदस्यों पर पोलिश और यहूदी नागरिकों की हत्या का आरोप लगाया गया है, हालांकि यूनिट को न्यायाधिकरण द्वारा किसी भी युद्ध अपराध का दोषी नहीं पाया गया है। कनाडाई संसद में यूक्रेनी और कनाडाई हीरो के रूप में , हुंका की प्रशंसा की गई। ट्रूडो की माफी संसद अध्यक्ष एंथनी रोटा के एक दिन बाद आई है, जिन्होंने हुंका को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी संभाली है, उन्होंने यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि उन्हें हुंका के नाजी संबंधों के बारे में जानकारी नहीं थी।

**ब्रिटेन का जेलेंस्की से और अधिक सैन्य सहायता देने का वादा**

# रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने जेलेंस्की के साथ बैठक की





**लंदन,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने गुरुवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक के दौरान उन्हें और सैन्य समर्थन देने का वादा किया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। प्रेस बयान में कहा गया, रक्षा मंत्री शाप्स ने राष्ट्रपति जेलेंस्की और उनके समकक्ष रुस्तम उमेरोव से मुलाकात की और ब्रिटेन से और सैन्य मदद का वादा किया। श्री शाप्स की यूक्रेन की राजधानी की यह दूसरी यात्रा है। ब्रिटेन के ऊर्जा सुरक्षा सचिव के रूप में अपनी पूर्व भूमिका में उन्होंने अगस्त में यूक्रेन की यात्रा की। ब्रिटेन ने अब तक यूक्रेन को मुख्य युद्धक टैंक, लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें, सैकड़ों हजारों तोपखाने के गोले और बहुत कुछ प्रदान किया है। वर्ष 2022 में यूक्रेन को कुल 2.3 अरब पाउंड (2.8 अरब डॉलर) सैन्य सहायता थी, इतनी ही राशि इस वर्ष के लिए देने का वादा किया गया है। यह लाखों पाउंड की आर्थिक सहायता और एक सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के अतिरिक्त है, जिसका लक्ष्य वर्ष के अंत तक 30,000 यूक्रेनी रंगरूटों को प्रशिक्षित करना है।

## जातिगत भेदभाव के खिलाफ दो इंजीनियर कोर्ट पहुंचे

**न्यूयॉर्क।** कैलिफोर्निया में जातिगत भेदभाव के खिलाफ मुकदमा करने वाले दो भारतीय-अमेरिकी सिस्को इंजीनियर एक हिंदू वकालत समूह द्वारा दायर मुकदमे में शामिल हो गए और आरोप लगाया कि राज्य के नागरिक अधिकार विभाग ने हिंदुओं व भारतीय-अमेरिकियों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया है। वर्षों की मुकदमेबाजी के बाद, सुंदर अय्यर और रमाना कोम्पेला के खिलाफ जातिगत भेदभाव का मामला इस साल अप्रैल में सीआरडी द्वारा खारिज कर दिया गया था। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन द्वारा दायर एक संशोधित शिकायत के अनुसार, सीआरडी ने जिस तरह से सिस्को सिस्टम्स पर जातिगत भेदभाव का आरोप लगाते हुए अपने मामले को आगे बढ़ाया, उससे कई हिंदुओं और भारतीय अमेरिकियों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 29 सितम्बर , 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 15

### राशिफल

मेष - आप तन-मन से अस्वस्थ रहेंगे। बुखार, सर्दी या कफ जैसी समस्याएं उत्पन्न होंगी। किसी का भला करने के चक्कर में आप अपना नुकसान कर बैठेंगे। अधिक खर्च होने की संभावना है।

वृषभ - आपके व्यापार और आय में वृद्धि होगी। आप नए संपर्क बना सकेंगे। मित्रों के साथ मौज-मस्ती करने का समय है। प्रवास की भी संभावना है। महिलाओं से लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ संबंध अधिक मधुर बनेंगे।

मिथुन - आज का दिन अच्छा होने के कारण आपके सभी काम अच्छी तरह संपन्न होंगे। घर और ऑफिस का वातावरण प्रफुल्लित और आनंदमयी बना रहेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कर्क - तन-मन में आनंद की अनुभूति होगी। आपके भाग्य में निखार आ सकता है। विदेश से अच्छे समाचार मिलेंगे। धर्म संबंधी कामकाज या दर्शन के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

सिंह - आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। तबीयत खराब होने के कारण खर्च होने की संभावना है। स्वभाव उग्र बनेगा, ऐसे में वाणी पर संयम रखना आवश्यक है। आपको नकारात्मक विचार बहुत परेशान करेंगे।

कन्या - आप समाज में यश, प्रतिष्ठा और ख्याति प्राप्त कर सकेंगे। महिलाओं से लाभ हो सकता है। सामाजिक जीवन में आनंद की अनुभूति होगी। नए परिधान तथा अलंकार खरीद सकेंगे। नए मित्रों से मिलने की संभावना है।

तुला - आज नौकरी में लाभ तथा प्रगति का योग है। पारिवारिक वातावरण सुख-शांति से भरपूर रहेगा। विरोधियों को पराजित कर सकेंगे। सहकर्मी आपकी मदद करेंगे। ननिहाल से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृश्चिक - साहित्य तथा कला से संबंधित प्रवृत्तियों में विशेष रुचि बढ़ेगी। आप बौद्धिक चर्चा में भाग ले सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए भी समय अनुकूल है। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी करेंगे।

धनु - आपको तन-मन में थकान महसूस होगी। परिवार में तनावपूर्ण वातावरण रहेगा। इससे आपको मानसिक भय का अनुभव होगा। अनिद्रा की समस्या भी सताएगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता सताएगी।

मकर - आपका आज का दिन आनंद में व्यतीत होगा। परिस्थितियां अनुकूल होने के कारण सभी काम सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। मानसिक खुशी का भी अनुभव होगा। व्यापार में आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कुंभ - आपके मन में उलझन के कारण आप उचित निर्णय नहीं ले सकेंगे। स्वास्थ्य बिगड़ेगा। वाणी पर नियंत्रण न रहने के कारण व्यर्थ की चर्चा से मतभेद या संघर्ष के अवसर उत्पन्न होंगे। इच्छित सफलता नहीं मिल सकेगी।

मीन - आज आपको आनंद और उत्साह अनुभव होगा। नए काम की शुरुआत करने से लाभ हो सकता है। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मिलकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेने की संभावना है। आय का स्रोत जारी रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1650 - इंग्लैंड में पहले मैरिज ब्यूरो की शुरुआत हुई।
1789 - अमेरिका के युद्ध विभाग ने स्थायी सेना स्थापित की।
1836 - मद्रास चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की स्थापना हुई।
1901- दुनिया के जाने-माने फिजिसिस्?ट एनरिको फर्मी का जन्?म 1901 में आज ही के दिन हुआ था। इन्?होंने परमाणु रिएक्?टर बनाया था।
1911 - इटली ने ऑटोमन साम्राज्य के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
1915 - टेलीफोन से पहला अंतरमहाद्वीपीय संदेश भेजा गया।
1927 - अमेरिका और मैक्सिको के बीच टेलीफोन सेवा की शुरुआत हुई।
1959 - भारत की आरती साहा ने इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया।
1962 - कलकत्ता (अब कोलकाता) में बिड़ला तारामंडल खुला।
1971 - बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय तूफान से करीब 10 हज़ार लोगों की मौत हुई।
1977- सोवियत संघ ने स्पेस स्टेशन साल्युत-6 को पृथ्वी की कक्ष में स्थापित किया।
1988 - चैलेंजर के दुर्घटनाग्रस्त होने के ढाई साल के बाद अमेरिका ने अपना पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।
2000-चीन की मुन्चोनाक कोयला खान में 100 लोगों की मृत्यु।
2001-संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवाद विरोधी अमेरिकी प्रस्ताव पारित किया।
2002-दक्षिण कोरिया के बुसान में 14वें एशियाई खेलों का उद्घाटन।
2003-ईरान ने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम जारी रखने का निर्णय लिया।
2006-विश्व की पहली महिला अंतरिक्ष पर्यटक ईरानी मूल की अमेरिका नागरिक अनुशेह अंसारी पृथ्वी पर सकुशल लौटी।
2009-अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज़ी फेडरेशन की ताजा रैंकिंग में भारत के विजेन्दर को 75 किग्रा वर्ग में 2700 अंकों के साथ पहला स्थान दिया गया।
2011- चीन ने जिक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से पहली अंतरिक्ष प्रयोगशाला तियांगोंग-1 को अंतरिक्ष की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया।

## शी चिनफिंग ने डब्ल्यूटीओ में सुधार पर बल दिया

**बीजिंग,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय कमेटी के पोलित ब्यूरो ने विश्व व्यापार संगठन के नियम और उसके सुधार पर 8वीं सामूहिक अध्ययन बैठक की। सीपीसी केंद्रीय कमेटी के महासचिव शी चिनफिंग ने इसकी अध्यक्षता करते समय कहा कि डब्ल्यूटीओ बहुपक्षवाद का अहम स्तंभ है और वैश्विक आर्थिक शासन का महत्वपूर्ण मंच है। डब्ल्यूटीओ का सुधार व्यापक समानता और आम रूझान है। हमें चौतरफा तौर पर डब्ल्यूटीओ के सुधार और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व व्यापारिक नियमों के समायोजन में भाग लेना चाहिए ताकि उच्च स्तरीय खुलेपन से मूल सुधार और गुणवत्ता विकास बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूटीओ में प्रवेश करना चीन के खुलेपन के लिए मील का पत्थर है। बीस से अधिक साल में चीन के वस्तु व्यापार की कुल रकम 11 गुने से अधिक बढ़ी और विश्व में सब से बड़ा वस्तु व्यापार देश बना। विश्व आर्थिक वृद्धि में चीन का वार्षिक योगदान लगभग 30 प्रतिशत रहा। उन्होंने बल दिया कि डब्ल्यूटीओ के सुधार में भाग लेने में हमें डब्ल्यूटीओ से केंद्रित बहुपक्षीय व्यापार तंत्र की प्रतिष्ठा और प्रभावकारिता की डटकर सुरक्षा करनी और डब्ल्यूटीओ के विवाद समाधान तंत्र का सामान्य संचालन बहाल करना चाहिए।

# उत्तरी इजरायल के अरब शहर में गोलीबारी, पांच लोगों की मौत

**यरूशलम,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तरी इज़रायल के अरब शहर में गोलीबारी में एक ही परिवार के पांच लोग मारे गए।

इज़रायली पुलिस के मुताबिक बेडौइन शहर बासमत ताबुन में एक घर में पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इज़रायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने पीड़ितों की पहचान दो किशोर भाइयों, 40 साल की एक महिला और उसके 25 वर्षीय पुत्र और एक अन्य पुरुष रिश्तेदार के रूप में की है।

घटना में महिला का 49 वर्षीय पति मामूली रूप से घायल हुआ है और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराय गया है। इजरायली सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी शुरू करने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस प्रमुख



याकोव शबताई ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा कि इस तरह की गोलीबारी की पिछली घटनाएं अक्सर संगठित अपराध गिरोह के बीच संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती रही हैं। पुलिस हत्यारों को ढूंढने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

## इजरायल ने गाजा क्रॉसिंग को फिर से खोला

**जेरूसलम।** इजरायल ने विरोध प्रदर्शनों के बीच गाजा पट्टी के साथ अपने मुख्य क्रॉसिंग पॉइंट को दो सप्ताह बंद करने के बाद गुरुवार को फिर से खोल दिया। एक इजरायली रक्षा मंत्रालय इकाई ने एक संयुक्त बयान में घोषणा की कि क्षेत्रों में सरकारी गतिविधियों के समन्वय के कार्यालय (सीओजीएटी) ने गाजा और इज़राइल के बीच एकमात्र पैदल यात्री इरेज़ क्रॉसिंग को फिलिस्तीनी श्रमिकों के लिए इज़राइल में प्रवेश करने के लिए फिर से खोल दिया है।

## उ. कोरिया अस्तित्व व विकास के अधिकारों की गारंटी के लिए हथियार विकसित करता है



**प्योंगयांग,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने देश के अस्तित्व एवं विकास के अधिकारों की गारंटी देने, युद्ध को रोकने और क्षेत्र में शांति और स्थिरता की रक्षा के लिए परमाणु हथियार विकसित करता हैं।

यह बातें उ. कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएनए ने गुरुवार को उ. कोरिया की सुप्रीम पीपुल्स असेंबली की स्थायी समिति के अध्यक्ष चोए योंग हे के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कही हैं।

उ. कोरिया की 14वीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली के 9वें सत्र में श्री श्री चोए ने कहा, उ. कोरिया एक जिम्मेदार परमाणु हथियार सम्पन्न देश है और यह देश के अस्तित्व और विकास के अधिकारों को सुनिश्चित करने, युद्ध को रोकने और क्षेत्र और दुनिया के बाकी हिस्सों में शांति तथा स्थिरता की रक्षा के लिए अत्यधिक परमाणु हथियार विकसित करता है। उन्होंने कहा कि उ. कोरिया के सशस्त्र बलों का मिशन शक्तिशाली सैन्य क्षमताओं के साथ'राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, लोगों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा करना, समाजवादी व्यवस्था, क्रांति के लाभों को सभी खतरों से बचाना, देश की शांति और समृद्धि की गारंटी' है।

## 18 साल बाद गाजा में चुनाव की तैयारी

**गाजा,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) 18 वर्षों में पहली बार गाजा में नगरपालिका चुनाव कराने के लिए फिलिस्तीनी प्राधिकरण को एक आधिकारिक अनुरोध भेजने की योजना बना रहा है। हमास के प्रवक्ता हाजेम कासिम ने बुधवार को एक प्रेस बयान में कहा कि समूह ने गाजा में नगरपालिका चुनाव कराने की मांग करते हुए रामल्ला में सरकार को एक संदेश भेजने के लिए अन्य सभी फिलिस्तीनी गुटों के साथ सहमति व्यक्त की है।कासिम की टिप्पणी गाजा में चुनाव कराने की संभावना पर चर्चा करने के लिए हमास सहित फिलिस्तीनी गुटों और रामल्लाह स्थित फिलिस्तीनी केंद्रीय चुनाव आयोग (सीईसी) के एक प्रतिनिधिमंडल के बीच एक बैठक के बाद आई। प्रवक्ता ने कहा, हम अन्य सभी गुटों से सहमत हैं कि हम अपने लोगों को अपने विधायी प्रतिनिधियों को चुनने की अनुमति देने के लिए स्थानीय चुनाव कराने के लिए उचित स्तर पर पहुंच गए हैं।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

### भाजपा के लोग गरीबों को...

सम्मेलन में दो मिनट का मौन धारण कर डॉ. स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि दी। आप सभी ने मिलकर छत्तीसगढ़ में जो काम किया है, वो बहुत बड़ा है। हमारे मजदूरों के लिए आपने काम किया। हमने केंद्र में मजदूरों, किसानों के अधिकार सशक्त बनाए ताकि उन्हें लाभ मिले। हमारी सरकार ने गरीबों के बारे में सोचा, उनके लिए काम किया। जो भी गरीबों की मदद करता है, उन्हें हमेशा याद किया जाता है। इतिहास में सम्मान वही पाते हैं जो गरीबों के लिए लड़ते हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल कोई नया नहीं है। भाजपा के लोग पहले महिला आरक्षण का विरोध करते रहे, आज भाजपा इसका श्रेय लेने में लगी है।

लेकिन लागू कब होगा, इसका कोई अता-पता नहीं. अगर भाजपा में इच्छाशक्ति है तो आज ही लागू कर दें।2024 में लागू कर दे, हम तैयार हैं।श्री खरगे ने कहा महिला आरक्षण भी जुमला ही निकलेगा।उन्होंने कहा भाजपा सिर्फ भ्रमित करने में लगी है। कांग्रेस का काम हमेशा दिल से रहा है।लोगों की मदद के लिए रहा है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कृषक सह मजदूर सम्मेलन के दौरान महिला आरक्षण को लेकर कहा कि महिला आरक्षण में सभी वर्गों को आरक्षण मिलना चाहिए. ओबीसी की जनगणना होनी चाहिए।आरक्षित वर्ग को उनका पूरा हक मिलना चाहिए।

सम्मेलन में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे और मुख्यमंत्री बघेल ने श्रमिकों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना का शुभारंभ भी किया। इस योजना में दस साल तक पंजीकृत रहे एवं 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके निर्माणी श्रमिकों को जीवन पर्यंत प्रति माह 15 सौ रुपए की पेंशन सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश के 24 लाख 52 हजार 592 किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के 1895 करोड़ रुपए अंतरित किए। साथ ही गोधन न्याय योजना के 65 हजार गोबर विक्रेताओं को 5 करोड़ 16 लाख रुपए की राशि और 33 हजार 642 गन्ना उत्पादक किसानों को 57 करोड़ 18 लाख रुपए प्रोत्साहक राशि भी उनके खाते में डाली गई है। सम्मेलन में 1 लाख 2 हजार 889 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 55 करोड़ 76 लाख 26 हजार रुपए राशि का वितरण किया गया। इनमें छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा मंडल के 2881 हितग्राहियों को 3 करोड़ 86 लाख रुपए, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के 3236 हितग्राहियों को 1 करोड़ 65 लाख रुपए तथा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के 96 हजार 772 हितग्राहियों को 50 करोड़ 24 लाख रुपए की राशि का वितरण किया गया। इस मौके पर बलौदाबाजार-भाटापारा के जिलेवासियों को 266 करोड़ रूपए की लागत के 264 विकास कार्यों की सौगात दी गई।

मुख्यमंत्री बघेल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि आपकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज 28 सितंबर को जारी की गई है। चूंकि आचार संहिता लगने के पश्चात निर्वाचन आयोग से इसके लिए अनुमति लेनी होती इसमें विलम्ब की आशंका के चलते आज ही इसका भुगतान कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 73 लाख लोगों को राशन से सुनिश्चित कराया है। युवाओं को 147 करोड़ बेरोजगारी भत्ते के रूप में दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर में 7 लाख आवासों के लिए हितग्राहियों की पहली किश्त 25-25 हजार डालने का काम किया। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में हम प्रदेशभर में घूमे और सभी की मांग रही कि आवास चाहिए, इसके बाद हमने आर्थिक सर्वेक्षण का निर्णय लिया और इस आधार पर सभी आवास दे रहे हैं। हमने किसानों के हित में निर्णय लिया कि धान 15 से बढ़ाकर 20 चिंटल प्रति एकड़ के मान से खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए हमने विभिन्न विभागों में 42 हजार से ज्यादा पदों की भर्ती निकाली।

सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुश्री कुमारी शैलजा, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम, लोकसभा सांसद दीपक बैज, संसदीय सचिव द्वय चंद्रदेव राय एवं सुश्री शकुंतला साहू सहित बड़ी संख्या में कृषक और श्रमिक उपस्थित थे।

## सुडोकू 6331

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | | 4 | | | | 3 |
| | | | | 6 | | 9 | | |
| | | | 7 | | 8 | | 1 | |
| 9 | | | | | 1 | | 3 | 7 |
| | | 8 | | | | 6 | | |
| 2 | 7 | | 5 | | | | | 1 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | |
| 8 | | | | 1 | | 3 | 5 | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6331

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. वह सरकारी कर्मचारी जो किसी पत्र-पत्रिका, पुस्तक, फिल्म या सेवा संबंधी सूचनाओं का परीक्षण कर आपत्तिजनक अंशों को काट देना है (सेंसर)
४. देर करना, देरी होना
६. किरण
७. वध करना, हानि पहुंचाना
८. निर्लज्ज
१०. बराबरी
११. किसी विशेष संकल्प के लिए किया या उपवास
१३. प्रमुख, प्रधान
१४. तुलसी
१५. आवरणहीन, प्रकट,उजागर (उर्दू)
१६. अंधकार
१८. होंठ
२०. शोभा, सजावट (उर्दू)
२१. कुशल, भलाई (उर्दू)
२४. चांदी का पर्वत

**ऊपर से नीचे:-**

१. मध्याह्न
२. पद-कार्यावधि की दृष्टि से होने वाली वेतनवृद्धि की तालिका
३. ब्रह्मा
४. अजीबपन
५. पथिक, राहगीर
९. मानचित्रकार (उर्दू)
११. इकट्ठा करना, जमा करना
१२. युवावस्था, जवानी (उर्दू)
१३. सवेरा, भोर
१४. खूशबू
१५. बेमिसाल, अनुपम (उर्दू)
१६. दूसरा समय
१८. दक्षिण भारत का एक पर्वत
१९. अस्तित्व
२०. उपपत्नी (उर्दू)
२३. एवं, और

### वर्ग पहेली-6330

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | प | २ हा | र | 3 क | ■ | ४ प | थ | ५ क | र |
| भि | ■ | ज | ■ | ६ स | म | क्ष | ■ | र्क | ■ |
| ७ ला | ग | त | ■ | म | ■ | ८ पा | ठ | शा | ९ ला |
| षा | ■ | मं | ■ | १० सा | बि | त | ■ | ■ | क्षा |
| ■ | ११ ब | द | १२ ल | ना | ■ | ■ | १३ प्र | लो | भ |
| ■ | ल | ■ | क्ष | ■ | १४ आ | दि | त्य | ■ | व |
| १५ नि | वा | १६ र | ण | ■ | दे | ■ | १७ य | १८ व | न |
| के | ■ | स | ■ | १९ रो | श | २० नी | ■ | त्स | ■ |
| २१ त | बा | ली | ■ | च | ■ | २२ ति | जा | र | २३ त |
| न | ■ | २४ न | स | क | टा | ■ | ■ | ■ | र्क |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

# ताइवान ने पहली स्वदेशी रक्षा पनडुब्बी का अनावरण किया

**ताइपे,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। ताइवान ने गुरुवार को अपनी पहली स्वदेशी रक्षा पनडुब्बी (आईडीएस) नरवाल का अनावरण किया। द्वीप की केंद्रीय समाचार एजेंसी (सीएनए) ने यह जानकारी दी है। यह समारोह ताइवान के शहर काऊशुंग में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने की। लॉन्चिंग समारोह ताइवान के शहर काऊशुंग में हुआ और इसकी अध्यक्षता ताइवानी राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने की। सीएनए ने सुश्री त्साई के हवाले से कहा, आज का दिन इतिहास में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ताइवान में रक्षा पनडुब्बी बनाना एक समय असंभव काम माना जाता था, लेकिन अब यह हकीकत बन गया है। यह पनडुब्बी 229.6 फुट लंबी, 26.2 फुट चौड़ी और 59 फुट ऊंची है। इसका विस्थापन 2,500-3,000 टन है। यह पोत छह टारपीडो ट्यूब, एमके-48 लंबी दूरी के निर्देशित टॉरपीडो और यूजीएम-84 हार्पून एंटी-शिप मिसाइलों से सुसज्जित है।

# खेल जगत

## टेबल टेनिस में मनिका बत्रा ने जीता एकल मुकाबला

**हांगझोउ** 28 सितंबर (एजेंसियां) भारत की शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने गुरुवार को महिला एकल राउंड ऑफ 32 मैच में नेपाल की नबीता श्रेष्ठ के खिलाफ 11-5, 11-4, 11-3, 11-2 से जीत दर्ज की। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज यहां पहले मिश्रित युगल में हार के बावजूद मनिका बत्रा ने नेपाल की नबीता श्रेष्ठ के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए और कल से शुरू होने वाले एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरी ओर, श्रीजा अकुला राउंड ऑफ 32 में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के सोंगयोंग प्योन के खिलाफ चार गेम में हार गईं।



# भारत ने निशानेबाजी में चौथा स्वर्ण पदक जीता

**हांगझोउ** 28 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के सरबजोत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने पुरूष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने निशानेबाजी स्पर्धा में गुरुवार को चौथा पदक जीता। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत ने अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है। इससे पहले 2006 में दोहा में भारत के निशानेबाजों ने तीन स्वर्ण पदक सहित कुल 14 पदक अपने नाम किए थे।

सरबजोत सिंह ने क्वालीफाइंग राउंड में 580 के साथ भारत के लिए सर्वोच्च स्कोर बनाया। अर्जुन सिंह चीमा 578 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे जबकि शिवा नरवाल 576 के स्कोर के साथ 56 निशानेबाजों के बीच 14वें स्थान पर रहे। व्यक्तिगत स्पर्धा में सिर्फ शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल में जगह बनाते हैं।

हालांकि, तीनों भारतीय निशानेबाजों के 1734 के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक दिलाया। वही चीन को (1733) स्कोर के साथ रजत जबकि वियतनाम (1730) ने कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत फाइनल में, सरबजोत सिंह ने चौथे स्थान के लिए 199 का स्कोर बनाया और पदक की दौड़ से बाहर हो गए। अर्जुन सिंह चीमा 113.3 अंकों के साथ आठवें स्थान पर पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे।

10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत फाइनल में वियतनाम के क्वांग हुई फाम ने (240.5) के साथ स्वर्ण, दक्षिण कोरिया के वोन्हो ली ने रजत (239.4) और उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव ने (219.9) कांस्य हासिल किया। इस बार एशियाई खेलों में निशानेबाजी स्पर्धाएं एक अक्टूबर तक आयोजित की जाएंगी। राइफल, पिस्टल और शॉटगन श्रेणियों में कुल 33 स्वर्ण पदक दांव पर हैं।



## रजत जीतकर भी संतुष्ट नहीं रोशिबिना देवी



रोशिबिना देवी ने वुशू में पदक जीतकर भारत के लिए इतिहास रच दिया, लेकिन पदक का रंग वह नहीं था जो वह चाहती थीं। इसलिए, वो इस जीत के बाद भी निराश हैं। रोशिबिना देवी ने 60 किलोग्राम वीमेंस कैटेगरी में रजत पदक जीता। हालांकि, उनके पास गोल्ड मेडल जीतने का मौका था, लेकिन वह फाइनल मुकाबले में चाईनीज खिलाड़ी से हार गईं। रोशिबिना ने 2018 एशियाई खेलों में इसी कैटेगरी में कांस्य पदक जीता था। बुधवार को रोशिबिना देवी ने वियतनाम की थी थू थूय गुयेन को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने शुरुआत में अच्छी लड़ाई लड़ी लेकिन अंत में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। रोशिबिना देवी ने कहा, मैंने कुछ गलतियां की जो मुझे नहीं करनी चाहिए थी, मैं आगे सुधार करने की कोशिश करूंगी। मैंने इसके लिए कड़ी मेहनत की है और बहुत उम्मीद के साथ यहां आई हूं। मैं अपने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना चाहती थी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। मैं और सुधार करूंगी और अगली बार स्वर्ण जीतूंगी। रोशिबिना देवी को फाइनल में की गई गलतियों के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, क्योंकि वह अपने गृह राज्य मणिपुर में हो रही चीजों से काफी परेशान हैं। मणिपुर में कुकी और मैतेई समाज के बीच हुई हिंसा में अब तक सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। रोशिबिना देवी के माता-पिता अभी भी मणिपुर में हैं और वह उनकी सुरक्षा को लेकर हर दिन डर में रहती हैं। उन्होंने मीडिया से कहा, मुझे उनकी सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता रहती है।

## अदिति अशोक दूसरे स्थान पर, गोल्फ में पदक की आस बरकरार

भारत की अदिति अशोक को शुरुआत में अपने पटर के साथ संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह गुरुवार को एशियाई खेलों में महिला व्यक्तिगत गोल्फ प्रतियोगिता में वापसी करने और पहले दौर में संयुक्त दूसरे (टी2) स्थान पर रहने में सफल रहीं। अदिति अशोक ने गुरुवार को एशियन गेम्स 2023 में महिलाओं की व्यक्तिगत गोल्फ प्रतियोगिता की शुरुआती दौर में जापान की एस बाबा से दो स्ट्रोक पीछे रहते हुए पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया।

वहीं, भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी (विश्व नंबर 148) जो एक समय पर अच्छा खेल रहे थे और संयुक्त तीसरे स्थान पर थे, लेकिन 18वें होल पर डबल बोगी के कारण संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर फिसल गए। चार बार की लेडीज़ यूरोपियन टूर (एलईटी) चैंपियन अदिति 2020 टोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहीं थी। अदिति ने अपने दमदार खेल से भारतीय प्रशंसकों और पूरे गोल्फ जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा था जब उन्होंने विश्व नंबर 1 के साथ बढ़त साझा की लेकिन अंत समय में वह पिछड़ गई और चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। 25 वर्षीय अदिति ने वेस्ट लेक इंटरनेशनल कोर्स में पहले तीन होल में दो बर्डी लगाईं और फिर आठवें होल में एक और बर्डी लगाकर फ्रंट नौ को 33 पर समाप्त किया। इसके बाद अदिति ने बैक-टू-बैक बर्डीज़ के साथ उच्च स्तर पर समाप्त करने के साथ ही चार अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। अदिति के अलावा यिन आर, लिन एक्स और लियू वाई की चीनी तिकड़ी और थाईलैंड की यूबोल ए भी दूसरे स्थान पर हैं। अन्य भारतीय प्रणवी शरथ उर्स (एक अंडर 71) और अवनि प्रशांत (पार 72) क्रमशः संयुक्त 17वें और संयुक्त 21वें स्थान पर हैं।

## भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं की शुरुआत से कुछ दिन पहले सुपर-हैवी में चीन की ओलंपिक चैंपियन बाहर



**हांगझोउ,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। 19वें एशियाई खेलों में भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं की शुरुआत से कुछ दिन पहले, मेजबान चीन को एक झटका लगा, क्योंकि वह दुनिया की सबसे मजबूत महिला भारोत्तोलक के बिना प्रतिस्पर्धा करेगा, जिसने कोहनी की चोट के कारण एशियाई खेलों से अपना नाम वापस ले लिया है।

चीन की सुपर-हैवीवेट ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक ली वेनवेन 30 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलने वाली प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियों के अंतिम सत्यापन में गुरुवार को एशियाई खेलों से हट गयी। ली को सऊदी अरब के रियाद में हाल ही में विश्व चैंपियनशिप के दौरान चोट लगी थी, जहां वह कुल स्कोर बनाने में असफल रहीं। उनकी अनुपस्थिति में चीन को हांगझोउ में 13 लोगों की टीम छोड़नी पड़ी- छह महिलाएं और सात पुरुष। चीन की प्रमुख भारोत्तोलन टीम को नहीं पता होगा कि उत्तर कोरिया से किस तरह की चुनौती की उम्मीद की जाए, जिसके भारोत्तोलकों ने दिसंबर 2019 से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है।

2018 एशियाई खेलों में उत्तर कोरिया (डीपीआर कोरिया) ने 15 पदक स्पर्धाओं में से आठ जीतकर अपनी ताकत दिखाई थी। अप्रैल और सितंबर 2019 के बीच, डीपीआर के भारोत्तोलकों ने पांच विश्व रिकॉर्ड बनाए जो अभी भी कायम हैं।

उत्तर कोरिया ने कोविड-19 महामारी के दौरान विलंबित टोक्यो ओलंपिक खेलों से नाम वापस ले लिया और बाद में जून में क्यूबा में पेरिस क्वालीफाइंग कार्यक्रम में शामिल होने के अवसर को अस्वीकार कर दिया। एशियाई खेल ओलंपिक क्वालीफायर नहीं है, और डीपीआर कोरिया पेरिस में नहीं होगा, भले ही उसने किसी भी अन्य खेल की तुलना में भारोत्तोलन में अधिक ओलंपिक पदक जीते हों।

उन विश्व रिकॉर्ड धारकों में से एक, पाक जोंगजू, हांग्जो एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। डीपीआर कोरिया टीम के दो खिलाड़ी, आरआई वोनजू और ओएच कुमथेक ने पहले कभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। चीनी भारोत्तोलकों ने टोक्यो 2020 में रिकॉर्ड सात स्वर्ण पदक जीते और 10 पेरिस 2024 रैंकिंग सूची में चीन के आठ खिलाड़ी हैं। इस सितंबर में रियाद में विश्व चैंपियनशिप में भी उनके सात विजेता रहे।

सभी सात विश्व चैंपियन यहां प्रतिस्पर्धा करते हैं, कुछ भारी वजन में क्योंकि जिस श्रेणी में उन्होंने जीत हासिल की वह एशियाई खेलों के कार्यक्रम में नहीं है। पिछले 10 महीनों में लियू हुआनहुआ का वज़न 20 किलो बढ़ गया है। वह हांगझोउ में 109 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां उनके विरोधियों में उज्बेकिस्तान के दो ओलंपिक चैंपियन, रुस्लान नुरुदीनोव और अकबर दजुरेव शामिल हैं।

## हमें सुधार करते रहना होगा लेकिन इस गति को विश्व कप में भी जारी रखेंगे : द्रविड़



**राजकोट,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद आगामी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया, भले ही भारतीय टीम को फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा। सीरीज में जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और रविचंद्रन अश्विन के प्रदर्शन से द्रविड़ काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा कि उन सभी खिलाड़ियों के लिए विश्व कप से पहले कुछ खेल का समय मिलना महत्वपूर्ण था। द्रविड़ ने बुधवार को तीसरे वनडे के बाद संवाददाताओं से कहा, जसप्रीत, अश्विन, श्रेयस, केएल जैसे लोगों के लिए, खेल का समय प्राप्त करना महत्वपूर्ण था। तथ्य यह है कि वे इसे प्राप्त करने में सक्षम हैं और प्रतिस्पर्धी पक्ष के खिलाफ इसे प्राप्त करना एक अच्छी बात है। अभ्यास मैच में आम तौर पर वे लोग होते हैं 15 बनाम 15 खेलें इसलिए उन खेलों में उस स्तर की गंभीरता हासिल करना कठिन है।

यह बहुत अच्छा रहा कि जस्सी (जसप्रीत बुमराह) को कुछ गेम मिले और उन्होंने अपने कोटे के 10 ओवर फेंके। सिराज को एक बग का सामना करना पड़ा, लेकिन वह वापस आ गए और आज गेंदबाजी करने में सक्षम हो गए। यह देखना अच्छा था कि अश्विन ने पहले दो मैचों में कैसी गेंदबाजी की । केएल और 6-7 महीने बाद वापसी करते हुए पूरे पचास ओवर तक उनकी कीपिंग शानदार रही है। श्रेयस ने पिछले कुछ मैचों में कुछ अच्छी पारियां खेली हैं। मुझे लगता है कि बहुत सारे टिक मार्क हैं... चीजें जिस तरह से चल रही हैं उससे वास्तव में खुश हूं। हम जानते हैं कि हम बेहतर होने जा रहे हैं और उम्मीद है कि हम विश्व कप में भी इसी लय को बरकरार रख पाएंगे।

श्रेयस अय्यर ने पीठ की चोट के बाद वापसी करते हुए सीरीज के दूसरे मैच में 90 गेंदों में 105 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली, जबकि राहुल ने भी दाहिनी जांघ की चोट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए एशिया कप के विजयी अभियान के सुपर फोर मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 111 रन बनाए। । उन्होंने मोहाली में एकदिवसीय श्रृंखला के शुरूआती मैच में मैच विजयी अर्धशतक बनाकर इसे कायम रखा।

द्रविड़ ने चोट या अन्य ब्रेक के बाद वापसी करने वाले अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। हमेशा ऐसे क्षेत्र होते हैं जिनमें आप सुधार करना चाहते हैं, और हमने कई बॉक्सों पर सही का निशान लगाया है। यह देखना अच्छा है कि जो लोग चोट के कारण बाहर हैं, कुछ समय से दूर हैं, हमारे दृष्टिकोण से, वे ऐसा करने में सक्षम हैं कुछ अच्छा क्रिकेट खेलें, बीच में समय बिता सकें, कुछ रन बना सकें, कुछ विकेट ले सकें, लेकिन हमेशा छोटी-छोटी चीजें होती हैं जिनमें आप सुधार कर सकते हैं। यह एक कठिन, लंबा टूर्नामेंट होने जा रहा है। हम एक टीम के रूप में लगातार सुधार करना चाह रहे हैं, भले ही परिणाम हमारे अनुकूल हों।

50 वर्षीय खिलाड़ी ने यह भी पुष्टि की कि टीम 30 सितंबर को होने वाले पहले अभ्यास कार्यक्रम के लिए 28 या 29 सितंबर को गुवाहाटी में इकट्ठा होगी। द्रविड़ ने कहा, हमारे पास समूह में वायरल (बुखार) के कारण कुछ समस्याएं थीं। यह इस खेल में एक संतुलनकारी कार्य था, क्योंकि लोग व्यक्तिगत कारणों से घर जा रहे थे। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि हर कोई 28 तारीख की रात या 29 तारीख की सुबह तक गुवाहाटी में होगा। भारत अपने विश्व अभियान की शुरुआत 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।

## हैदराबाद स्टेडियम में अभ्यास करती हुई नजर आई पाकिस्तानी टीम



**हैदराबाद,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप अभ्यास मैच से पहले गुरुवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में अभ्यास सत्र में भाग लिया।

बुधवार रात हैदराबाद पहुंची पाकिस्तानी टीम पार्क हयात होटल से सुबह करीब 8 बजे स्टेडियम के लिए निकली और दोपहर से पहले वापस लौट आई। टीम की यात्रा और स्टेडियम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। विशाल गणेश विसर्जन जुलूस को ध्यान में रखकर नेट अभ्यास सत्र सुबह में निर्धारित किया गया था।

हैदराबाद और उसके आसपास विसर्जन के लिए व्यापक सुरक्षा के तहत 20,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। रविवार को शहर में गणेश विसर्जन और मिलाद-उन-नबी जुलूस के मद्देनजर, राज्य पुलिस ने आयोजकों से अभ्यास मैच के लिए स्टेडियम में दर्शकों को अनुमति नहीं देने का अनुरोध किया है। 14 अक्टूबर को भारत के खिलाफ बड़े मैच के लिए अहमदाबाद जाने से पहले उसे नीदरलैंड और श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप के दो मैच खेलने हैं। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम सात साल में पहली बार भारत दौरे के लिए दुबई के रास्ते यहां पहुंची है। टीम ने आखिरी बार भारत का दौरा टी20 विश्व कप 2016 में किया था।

## बैडमिंटन में महिला टीम मंगोलिया को हराकर पहुंची क्वार्टर फाइनल में

**हांगझोउ** 28 सितंबर (एजेंसियां)। भारत की बैडमिंटन महिला टीम ने गुरुवार को मंगोलिया को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, अश्मिता चालिहा और अनुपमा उपाध्याय की भारतीय महिला टीम ने राउंड ऑफ 16 मुकाबलों में 3-0 से जीत दर्ज की। बीजे जिम्नेजियम के कोर्ट पर खेलते हुए पीवी सिंधु ने मंगोलिया की म्याग्मार्टसेरेन गणबातर के खिलाफ मुकाबले की शुरुआत करते हुए मंगोलियाई प्रतिद्वंद्वी को आसानी से 21-2, 21-3 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। टीम के दूसरे मुक़ाबले में, बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 49वें नंबर की युवा भारतीय शटलर अश्मिता चालिहा ने खेरलेन डारखानबटार के खिलाफ 21-2, 21-3 के स्कोर के साथ 21 मिनट में जीत दर्ज की।

## दक्षिण अफ्रीकी टीम के पास विश्वास की कमी नहीं है : रबाडा



**तिरुवनंतपुरम,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा का मानना है कि वह अपनी पहली विश्व कप ट्रॉफी के लिए एक तरोताजा दक्षिण अफ्रीकी आक्रमण का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। पुरुषों के वनडे विश्व कप 2019 के पिछले संस्करण में प्रोटियाज़ ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रहे, लेकिन इस साल अभी तक उन्होंने वनडे में सीरीज हार का स्वाद नहीं चखा है। रबाडा ने गुरुवार को कहा, दक्षिण अफ्रीका के लोगों में एक चीज की कमी नहीं है, वह है विश्वास। इसलिए, वर्ल्ड कप में जाने से पहले हमें विश्वास है कि हम इसे जीत सकते हैं। हमारे पास ऐसा करने के लिए खिलाड़ी हैं। इसलिए, उम्मीद है कि हम अपना पहला फाइनल हासिल कर सकते हैं और इस प्रतियोगिता को जीत सकते हैं। यह कठिन होने वाला है लेकिन यह वास्तव में शानदार होने वाला है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का एक-दूसरे के खिलाफ खेलना और एक पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करना रोमांचक है, और हम चुनौती के लिए तैयार हैं। साथी तेज गेंदबाज एनरिक नोर्त्जे और सिसंडा मगाला की चोटों ने टीम की उम्मीदों को झटका दिया है, लेकिन इससे रबाडा की उम्मीदों पर कोई असर नहीं पड़ा है, जिनकी टीम 7 अक्टूबर को दिल्ली में श्रीलंका के खिलाफ अपना विश्व कप अभियान शुरू करेगी। चार बार के सेमीफाइनलिस्टों ने 2019 में संघर्ष किया, लेकिन तब से आईसीसी पुरुष वनडे टीम रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं और ऑस्ट्रेलिया पर 3-2 से श्रृंखला जीत के बाद आत्मविश्वास से भरे हुए हैं।

## सार संक्षेप

### बैंक ऑफ बड़ौदा कर रहा है ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 की मेजबानी

**नई दिल्ली।** मौजूदा चैंपियन बैंक ऑफ बड़ौदा अखिल भारतीय पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के साथ मिलकर ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 की मेजबानी कर रहा है। बृहस्पतिवार को शुरू हुए इस टूर्नामेंट 4 अक्टूबर तक चलने वाले टूर्नामेंट में 13 टीमें शिरकत करेंगी।इस साल इस टूर्नामेंट में इस शिरकत करने वाली 13 टीमें हैं- बैंक ऑफ बड़ौदा, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड(बीएचईएल), भारत संचार निगम लिमिटेड(बीएसएनएल) , सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन (सीडब्ल्यूसी), कोल इंडिया लिमिटेड(सीआईएल), इंपलायस प्रोविडेंट फंड कॉरपोरेशन (ईपीएफओ), फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई), महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल), मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड(एमडीएसएल), नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएलसी इंडिया लिमिटेड), ओरिएंटल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड(ओआईसी), रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया(आरबीआई) और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया(यूबीआई)। सभी मैच गुरुग्राम में इवेंचुएर्स स्पोर्ट्स ग्राउंड पर खेले जाएंगे। इस मौके पर भारत और दुनिया के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा भी मौजूद थे।इस मौके पर बोलते हुए श्री राकेश शर्मा( जनरल मैनेजर, नई दिल्ली जोन, बैंक ऑफ बड़ौदा ) ने कहा, %बैंक ऑफ ऑफ बड़ौदा प्रतिष्ठित ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के साथ मिलकर ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 टूर्नामेंट की मेजबानी करते हुए खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।'

### पाक से छीने पुरुष ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर की मेजबानी अब ओमान करेगा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) ने पाकिस्तान में हाल ही के सियासी हालात के मद्देनजर वहां एक पुरुष एफआईएच ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर की मेजबानी छीन ली थी। पहले पाकिस्तान में होने वाला यह एक एफआईएच पुरुष हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर अब ओमान में होगा। अब यह एक पुरुष ओलंपिक क्वॉलिफायर

### सुडोकू 6331 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 |
| 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 2 | 7 | 3 | 5 | 9 | 6 | 4 | 8 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 1 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 |

## भारतीय महिला हॉकी टीम की निगाहें मलयेशिया के खिलाफ अपना दबदबा बनाए रखने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। अनुभवी गोलरक्षक सविता की अगुआई में भारत ने हांगजू(चीन)में एशियाई खेलों में पूल ए में अपना अभियान कमजोर सिंगापुर पर 13-0 से किया और अब उसकी निगाहें कहीं बेहतर मलयेशिया को भी शुक्रवार को हराकर उसके खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए उसके खिलाफ अपना दबदबा बनाए रखने पर है। मलयेशिया ने हांगकांग को पहले मैच में 8-0 से हराया। दुनिया की सातवें नंबर की टीम भारत ने मलयेशिया की महिला टीम से अपने पिछले 17 में से 16 मैच जीते हैं और मात्र एक मैच ड्रॉ खेला है। भारतीय महिला हॉकी टीम जब अंतिम बार एशिया कप में मलयेशिया से 2022 में भिड़ी तो 9-0 से विजयी रही थी। भारत

### ■ मलयेशिया की कोशिश इस बार इतिहास बदलने की

का मलयेशिया के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड उसे जीत का प्रबल दावेदार बताता है। वहीं मलयेशिया की कोशिश इस बार भारत के खिलाफ इतिहास को बदलने की होगी। भारत को मलयेशिया के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखना है तो उन्हें अपनी चीफ कोच यांकी शॉपमैन की रणनीति को मलयेशिया के खिलाफ भी मैदान पर उसी तरह अमला जामा पहनाना होगा जिस तरह कि सिंगापुर के खिलाफ मैच में पहनाया था। भारत की चीफ कोच शॉपमैन ने सिंगापुर के खिलाफ रक्षात्मक मिडफील्डर मोनिका को सेंटर फॉरवर्ड के रूप में आजमाया करने साथ नियमित ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर की गैरमौजूदगी में नेहा गोयल,



मोनिका और दीपग्रेस एक्का को पेनल्टी कॉर्नर पर तेज हिट से गोल करने को प्रेरित किया और इसमें ये सभी कामयाब भी रहीं। सदाबहार अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया, ललरेमसियामी, संगीता कुमारी और दीपिका के लिए भारत की मध्यपंक्ति में अनुभवी नवनीत कौर, सलीमा टेटे, नेहा गोयल और निशा वारसी को मलयेशिया के खिलाफ बराबर आगे गेंद बढ़ानी होगी जिसके कि वे मैदानी गोल करने के साथ पेनल्टी कॉर्नर भी बना सकें। भारत के लिए मलयेशिया के खिलाफ मैच में किसी बेवजह प्रयोग और ढील की कतई गुंजाइश नहीं है। भारत के अपनी जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाना है तो उसकी नौजवान स्ट्राइकर संगीता को अनुभवी वंदना और ललरेमसियामी के साथ मिलकर शुरू से मलयेशिया के खिलाफ मैदानी गोल करने के हर मुमकिन मौके को भुनाने की कोशिश करनी होगी। भारत की रक्षापंक्ति में दीप ग्रेस एक्का और मोनिका के साथ खुद कप्तान गोलरक्षक सविता को खासतौर पर मलयेशिया के लिए हांगकांग के खिलाफ मैच मे पेनल्टी कार्नर पर दो गोल करने वाली ड्रैग फ्लिकर फातिन शुक्री के खिलाफ पूरी मुस्तैदी दिखानी होगी।

### हम अपनी जीत की लय जारी रखने को कृतसंकल्प : सविता

मलयेशिया के खिलाफ अहम मैच की पूर्व संध्या पर भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान गोलरक्षक ने सविता ने कहा, हम सिंगापुर के खिलाफ अपना पहला मैच जीतने और अपने बढ़िया प्रदर्शन से रोमांचित हैं। पहले मैच में हमारी टीम की बड़ी जीत हमारी टीम की मेहनत और उसके एके का प्रमाण है। हर मैच एक नई चुनौती होता है। मलयेशिया की टीम एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी है और हमारा ध्यान इसी पर है और हम अपनी जीत की लय को जारी रखने को कृतसंकल्प हैं।

### हम मलयेशिया को कम नहीं आंक सकते : दीप ग्रेस एक्का

भारत की उपकप्तान फुलबैक दीप ग्रेस एक्का ने कहा, सिंगापुर के खिलाफ हमारा प्रदर्शन दमदार रहा लेकिन हम अब अपना ध्यान मलयेशिया के खिलाफ अगले मैच पर लगाने पर है। इस तरह के टूर्नामेंट में हर मैच एक अलग चुनौती होता है और हमें इसके लिए तैयार रहने की जरूरत है।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.45 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.18 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.67 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.52 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.39 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.30 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.29 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.00 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.89 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.83 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली,** 29 सितंबर (वार्ता) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में गुरुवार को कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## वृद्धि, समानता, मूल्य स्थिरता में संतुलन ही आर्थिक नेतृत्व की कुशलता निहित है : डॉ रंगराजन

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। जाने माने अर्थशास्त्री और भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डॉ सी रंगराजन ने कहा है कि वृद्धि, समानता और मूल्य स्थिरता के बीच संतुलन साधने में ही आर्थिक नेतृत्व की कुशलता निहित होती है।

डॉ. रंगराजन ने बुधवार को यहां 'भारत के विकास, राजकोषीय नीति और मौद्रिक नीति: आर्थिक झटकों से कैसे उबरें' विषय पर चुनिंदा लेखों के एक ई-संग्रह के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि विकास की रणनीति को बहुआयामी रखना आवश्यक है क्यों कि केवल नीतियों में सुधार मात्र ही आर्थिक विकास की गारंटी नहीं है। कट्स इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित इस संग्रह को डॉ रंगराजन और ईएंडवाई के मुख्य नीतिगत सलाहकार और मद्रास स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स के पूर्व निदेशक, डॉ डी के श्रीवास्तव ने संयुक्तरूप से संपादित किया है। कट्स व्यापार, विनियम और सुशासन पर पर अग्रणी वैश्विक सार्वजनिक नीति विचारक और कार्य करने वाली संस्था है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह ई-संकलन लेखों का संग्रहण है जो कोविड-19 और उसके बाद के वर्तमान कठिन समय के



दौरान सामने आने वाली आर्थिक चुनौतियों पर गहरी अन्तर्दृष्टि प्रदान करता हैं।

कट्स इंटरनेशनल के महासचिव प्रदीप महता ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सूक्ष्म आर्थिक और व्यापक आर्थिक दोनों मुद्दों पर डॉ रंगराजन की गहन अन्तर्दृष्टि की सराहना की। डॉ रंगराजन डॉ रंगराजन पूर्व में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने कोविड-19 महत्वपूर्ण आर्थिक नतीजों को जन्म देने वाला पिछली एक सदी का पहला गैर-आर्थिक संकट बताया। उन्होंने कहा,'आर्थिक वृद्धि हमारी कई सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का जवाब है। इसे लम्बे समय तक कायम नहीं रखा जा सकता, जब तक कि इसमें निष्पक्षता को भी शामिल नहीं किया जाए। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने आर्थिक और गैर-आर्थिक दोनों कारकों पर ध्यान देकर निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, मजबूत निर्यात और मजबूत विनिर्माण वृद्धि उत्पादन बढ़ाने और रोजगार उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण है। डॉ श्रीवास्तव ने न केवल कोविड-19 संकट के दौरान, बल्कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण भी आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण नीति निर्माताओं के सामने आने वाली विकट चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि जब अर्थव्यवस्था पर दबाव पडा और नीति निर्माताओं को दुविधा का सामना करना पड़ा, तो उन्होंने जिम्मेदार आर्थिक प्रबन्धन के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए राजकोषीय और मौद्रिक उपाय अपनाए, जिम्मेदार आर्थिक प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

## एक अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ पर 28 फीसदी जीएसटी

नई दिल्ली, 28 सितंबर (आईएएनएस)। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) 1 अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ पर 28 प्रतिशत जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू करने के लिए तैयार है। सीबीआईसी के चेयरमैन संजय अग्रवाल ने गुरुवार को ये बात कही। सीबीआईसी के चेयरमैन ने मीडियाकर्मियों से कहा, हम इसे 1 अक्टूबर से लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जीएसटी परिषद की पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, संबंधित अधिसूचनाएं प्रक्रियाधीन हैं। यह कदम सभी राज्यों की सर्वसम्मति से उठाया गया है और हाल ही में लोकसभा में जीएसटी कानूनों में संशोधन पारित किया गया। अग्रवाल ने कहा, 1 अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लागू करने के लिए सभी राज्यों को इसे अपनी विधानसभाओं में पारित करना होगा या 30 सितंबर तक अध्यादेश जारी करना होगा।

ऑनलाइन गेमिंग के मामले में लगाए गए दांव, कैसीनो के मामले में खरीदे गए चिप्स के अंकित मूल्य और घुड़दौड़ के मामले में सट्टेबाज/टोटलाइज़र के साथ लगाए गए दांव पर 28 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा। कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को वर्तमान में लगने वाले 18 प्रतिशत के बजाय 28 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करने के लिए पहले ही नोटिस जारी



किया जा चुका है। 11 अगस्त को, लोकसभा ने मानसून सत्र के अपने अंतिम सत्र के दौरान ध्वनि मत से दो जीएसटी कानूनों में संशोधन पारित किया। ये संशोधन एकीकृत वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 और केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 से संबंधित हैं, जिसका मकसद ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ के लिए 28 प्रतिशत जीएसटी लागू करना है।

यह कानूनी कार्रवाई वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद द्वारा 2 अगस्त को अपनी 51वीं बैठक के दौरान लिए गए निर्णय के अनुरूप है। अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, जीएसटी परिषद ने आईजीएसटी अधिनियम, 2017 में विशिष्ट प्रावधान शामिल करने की सिफारिश की है।

## सैट ने सेबी की रोक के खिलाफ ज़ी प्रमोटर की याचिका पर आदेश सुरक्षित रखा

**मुंबई,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (एसएटी) ने बुधवार को सेबी के अंतरिम आदेश के खिलाफ ज़ी एंटरटेनमेंट के प्रमोटर पुनित गोयनका की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्हें कथित फंड डायवर्जन के कारण सूचीबद्ध संस्थाओं में किसी भी प्रमुख प्रबंधकीय पद पर रहने से रोक दिया गया था। सैट ने आदेश सुरक्षित रखते हुए बाजार नियामक और गोयनका को एक सप्ताह के भीतर कोई लिखित दलील दाखिल करने का निर्देश दिया। सेबी के वकील डेरियस खंबाटा ने ट्रिब्यूनल को बताया कि बाजार नियामक 30 नवंबर तक पांच लेनदेन पर अपनी जांच पूरी कर लेगा और अगर सभी पक्ष सहयोग करेंगे तो बाकी में समय लगेगा। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने 10 अगस्त को ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज और कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट (जिसे पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के नाम से जाना जाता था) के विलय को अपनी मंजूरी दे दी थी। लेकिन 14 अगस्त को पारित सेबी के पुष्टिकरण आदेश ने बड़ी गड़बड़ी करते हुए जेडईईएल प्रमोटरों - गोयनका और सुभाष चंद्रा को कंपनी और अन्य संगठनों में कोई भी निदेशक या अन्य प्रमुख प्रबंधकीय पद संभालने से रोक दिया। खंबाटा ने अपनी दलील में कहा था कि पिछले चार महीनों में सेबी द्वारा एकत्र की गई सामग्री से धन की हेराफेरी और राउंड ट्रिपिंग का संकेत मिलता है और जांच जारी है। जेडईईएल प्रमोटरों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील अभिषेक मनु सिंघवी और नवरोज़ सीरवई ने कहा कि सेबी ने जांच पूरी किए बिना पुष्टिकरण आदेश पारित किया और यह शुद्ध अटकलों पर आधारित है।

## स्नैपचैट की पेरेंट कंपनी स्नैप के एआर डिवीजन पर लगा ताला, 170 कर्मचारी बर्खास्त

**नई दिल्ली,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। स्नैपचैट की पेरेंट कंपनी स्नैप ने अपने ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) डिवीजन से लगभग 170 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है और इकाई बंद कर दी है। स्नैप के सीईओ इवान स्पीगल ने कर्मचारियों को लिखे एक नोट में कहा कि जब से उन्होंने पहली बार एआर एंटरप्राइज रणनीति अपनानी शुरू की है तब से कई चीजें बदल गई हैं। स्पीगल ने कहा, हमने अपने एआर एंटरप्राइज व्यवसाय को बंद करने का कठिन निर्णय लिया है। पिछले कुछ महीनों में हमारे विकल्पों की खोज करने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि खुदरा विक्रेताओं के लिए हमारे उद्यम की पेशकश को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होगी और हम इस समय



वह निवेश नहीं कर सकते हैं। उन्होंने बुधवार देर रात कर्मचारियों को सूचित करते हुए कहा, एआर एंटरप्राइज टीम के कुछ सदस्य कैमराकिट, प्रायोजित एआर विज्ञापन और स्नैपचैट पर हर दिन एआर के साथ जुड़ने वाले 250 मिलियन से अधिक लोगों का समर्थन करने के लिए स्नैप पर बने रहेंगे, लेकिन लगभग टीम के 170 सदस्य अब स्नैप पर काम नहीं करेंगे।

स्नैप सीईओ ने स्वीकार किया कि जेनरेटिव एआई के आगमन ने सभी आकार की कंपनियों के लिए अपने ग्राहकों के लिए ट्राई-ऑन अनुभव बनाना आसान बना दिया है और हमारे लिए अपनी पेशकश को अलग करना कठिन बना दिया है। स्पीगल ने कहा, इसके अलावा हमारे व्यावसायिक प्रदर्शन ने इस वृद्धिशील अवसर में निवेश करने की हमारी क्षमता को कम कर दिया है। हमें अपने संसाधनों को अपने मुख्य विज्ञापन व्यवसाय पर केंद्रित करना पड़ा है। कंपनी ने कहा कि जो हमारा व्यवसाय छोड़ रहे हैं उन टीम के सदस्यों को एक पैकेज और आउटप्लेसमेंट देकर उन्हें समर्थन देने की पूरी कोशिश की जाएगी। स्नैप ने पिछले साल अपने 6,400 कर्मचारियों में से 20 प्रतिशत कार्यबल, यानि लगभग 1,280 कर्मचारियों को निकाल दिया था।


## वायदा सौदा निपटान पर बाजार ढेर

**मुंबई** 28 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के कमजोर रुझान और कच्चे तेल की कीमतों में आए उबाल के बीच स्थानीय स्तर पर सितंबर के मासिक वायदा सौदा निपटान को लेकर हुई चौतरफा लिवाली के दबाव में आज शेयर बाजार ढेर हो गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 610.37 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत का गोता लगाकर 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 65508.32 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 192.90 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19523.55 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.19 प्रतिशत लुढ़ककर 31,923.84 अंक और स्मॉलकैप 0.34 प्रतिशत उतरकर 37,347.57 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3790 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2050 में गिरावट जबकि 1613 में तेजी रही वहीं 127 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 42 कंपनियां लाल जबकि शेष आठ हरे निशान पर रही।

बीएसई में दूरसंचार और कैपिटल गुड्स समूह की 0.29 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर शेष 18 में गिरावट रही। कमोडिटीज 1.21, सीडी 1.15, ऊर्जा 0.78, एफएमसीजी 1.74, वित्तीय सेवाएं 0.63, हेल्थकेयर 0.69, इंडस्ट्रियल्स 0.02, आईटी 1.84, यूटिलिटीज 0.21, ऑटो 1.24, बैंकिंग 0.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.29, धातु 1.05, तेल एवं गैस 0.82, पावर 0.49, रियल्टी 0.98, टेक 1.49 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.89 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बिकवाली का दबाव रहा। इस




दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53, जर्मनी का डैक्स 0.05, जापान का निक्केई 1.54 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.36 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.10 प्रतिशत की तेजी रही।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 287 अंक की छलांग लगाकर 66,406.01 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर पर भी रहा। इसके बाद हुई बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 65,423.39 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 66,118.69 अंक के मुकाबले 0.92 प्रतिशत की गिरावट लेकर 65,508.32 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 45 अंक की बढ़त के साथ 19,761.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,766.65 अंक के उच्चतम जबकि 19,492.10 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,716.45 अंक की तुलना में 0.98 प्रतिशत लुढ़ककर 19,523.55 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 25 कंपनियों में टेक महिंद्रा ने सबसे अधिक 4.59 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही बिकवाली की शिकार हुई प्रमुख कंपनियों में एशियन पेंट 3.97, विप्रो 2.36, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.10, इंफोसिस 1.91, आईटीसी 1.87, कोटक बैंक 1.86, रिलायंस 1.48, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.46, टीसीएस 1.40, टाटा स्टील 1.09, टाटा मोटर्स 1.04, एचसीएल टेक 1.02, मारुति 1.01, नेस्ले इंडिया 1.00, एनटीपीसी 0.65, एचडीएफसी बैंक 0.28, सन फार्मा 0.22 और आईसीआईसीआई बैंक 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एलटी 1.69, पावरग्रिड 0.73, भारती एयरटेल 0.59, एक्सिस बैंक 0.39 और एसबीआई ने 0.08 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## वनवेब और यूटेलसैट का हुआ विलय

**नई दिल्ली,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। सैटेलाइट ऑपरेटर यूटेलसैट कम्युनिकेशंस एस ने आज वैश्विक लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) सैटेलाइट संचार नेटवर्क, वनवेब के साथ अपने सभी-शेयर संयोजन को पूरा करने की घोषणा की। यह विलय यूटेलसैट शेयरधारकों की बैठक में स्वीकृति के बाद किया गया। पेरिस स्थित मुख्यालय में विलय की गई इस कंपनी में 21.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारती एंटरप्राइजेज सबसे बड़ी शेयरधारक होगी। भारती समूह, यूटेलसैट समूह में रणनीतिक निवेशक बनने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सुनील भारती मित्तल उपाध्यक्ष (सह-अध्यक्ष) होंगे और श्री श्रविन भारती मित्तल, जिन्होंने वनवेब निवेश का नेतृत्व किया, यूटेलसैट के बोर्ड में निदेशक के रूप में भारती के नेतृत्वकर्ता होंगे। श्री अखिल गुप्ता वनवेब के बोर्ड में निदेशक के रूप में काम करना जारी रखेंगे, जो अब यूटेलसैट की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी है। वनवेब एक सहायक कंपनी होगी जो व्यावसायिक रूप से यूटेलसैट वनवेब के रूप में काम करेगी और इसका परिचालन केंद्र लंदन में रहेगा। कंपनी यूरोनेक्स्ट पेरिस स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है और उसने लंदन स्टॉक एक्सचेंज में मानक सूचीकरण के लिए आवेदन किया है। यूटेलसैट समूह के नाम से नामित, नई कंपनी पहली जीईओ एलईओ एकीकृत सैटेलाइट समूह होगा, जो अंतरिक्ष संचार को बदल देगा और तेजी से बढ़ते कनेक्टिविटी बाजार को संबोधित करेगा। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष, यूटेलसैट समूह के निदेशक मंडल के उपाध्यक्ष (सह-अध्यक्ष) सुनील भारती मित्तल ने विलय पर कहा, संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए डिजिटल विभाजन को ख़तम करना एक महत्वपूर्ण मिशन है और यह संयोजन दोनों व्यवसायों के प्रयासों में तालमेल बिठाएगा और हमारी प्रगति को गति देगा। मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इसे संभव बनाया है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 28 सितंबर (वार्ता) विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 60 रिंगिट उबलकर 3678 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 सेंट की तेजी के साथ 57.91 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :-

दाल-दलहन :- चना 6350-6450, दाल चना 7350-7450, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10400-10500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## प्रधानमंत्री गतिशक्ति में 52,000 करोड़ रुपये की छह राजमार्ग, रेल परियोजनाओं की समीक्षा

**नई दिल्ली,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री (पीएम) गतिशक्ति के अंतर्गत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) की 56वीं बैठक में आधारभूत आर्थिक अवसंरचना क्षेत्र की कुल लगभग 52,000 करोड़ रुपये की लागत वाली छह परियोजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इनमें सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के तहत आने वाली लगभग 45000 करोड़ रुपये की लागत वाली चार सड़क परियोजनाएं और लगभग 6700 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत वाली रेल मंत्रालय (एमओआर) के तहत आने वाली दो रेल परियोजनाएं हैं।

विज्ञप्ति के अनुसार नई दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में बुधवार को उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) की विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स) सुमिता डावरा की अध्यक्षता में 56वीं एनपीजी बैठक आयोजित की गई। पीएम गतिशक्ति दृष्टिकोण के शुभारंभ के बाद से, एनपीजी



द्वारा लगभग 11.53 लाख करोड़ रुपये की कुल लागत वाली 112 परियोजनाओं का आकलन किया जा चुका है। कल की बैठक में समीक्षा के लिए ली गयी परियोजनाओं में गतिशक्ति के सिद्धांतों के अनुपालन की स्थित को प्रदर्शित किया गया। इनमें सड़क क्षेत्र की चार परियोजनाओं में गुजरात और महाराष्ट्र राज्य में फैले एक नए राजमार्ग के निर्माण की परियोजना है, जिससे न केवल नवसारी, नासिक, अहमदनगर जिलों में औद्योगिक बेल्ट बल्कि क्षेत्र के कृषि क्षेत्र को भी लाभ होगा। ऐसी ही दूसरी परियोजना गुजरात में बनासकांठा, पाटन, मेहसाणा, गांधीनगर और अहमदाबाद जिले से जुड़े नए राजमार्ग के विकास की है । यह अमृतसर-जामनगर आर्थिक गलियारे को अहमदाबाद और वडोदरा से जोड़ेगी और परिवहन के अन्य साधनों के साथ एकीकृत होगी, जिससे क्षेत्र में मल्टी-मोडैलिटी के संवर्धन और उपयोग में योगदान मिलेगा।

प्रस्तावित तीसरी सड़क परियोजना बिहार राज्य में स्थित है और इसमें भारतमाला परियोजना के तहत पटना-आरा-सासाराम गलियारे को चार लेन का बनाने का कार्य शामिल है। इस परियोजना से जनजातीय क्षेत्रों सहित वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) ग्रस्त जिलों में सामाजिक-आर्थिक विकास होने की संभावना है। यह परियोजना मौजूदा मार्ग और यात्रा समय को कम करके लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार करने में मदद करेगी और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से उत्तर प्रदेश से आने वाले तथा झारखंड और पटना की ओर जाने वाले यातायात के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह क्षेत्र के जलमार्गों को भी जोड़ेगी ।

### सार संक्षेप

## अप्रैल-जून तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा सात गुना बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) 7 गुना बढ़कर 9.2 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछली तिमाही में1.3 अरब डॉलर था। ) डेटा गुरुवार को जारी किया गया। आरबीआई ने कहा, तिमाही-दर-तिमाही आधार पर सीएडी का बढ़ना मुख्य रूप से उच्च व्यापार घाटे के साथ-साथ शुद्ध सेवाओं में कम अधिशेष और निजी हस्तांतरण प्राप्तियों में गिरावट के कारण है। मुख्य रूप से कंप्यूटर, यात्रा और व्यावसायिक सेवाओं के निर्यात में गिरावट के कारण शुद्ध सेवा प्राप्तियों में क्रमिक रूप से कमी आई। तिमाही में व्यापारिक व्यापार घाटा बढ़कर 56.6 बिलियन डॉलर हो गया, जो पिछली तिमाही में 52.6 बिलियन डॉलर था, लेकिन एक साल पहले के 63.1 बिलियन डॉलर के घाटे से कम था। निजी हस्तांतरण प्राप्तियां, जो मुख्य रूप से विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा प्रेषित धन हैं, 28.6 बिलियन डॉलर से घटकर 27.1 बिलियन डॉलर हो गईं। 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए सीएडी सकल घरेलू उत्पाद का 1.1 प्रतिशत है जबकि जनवरी-मार्च में यह सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 0.2 प्रतिशत था। अप्रैल-जून 2022 में यह आंकड़ा 17.9 अरब डॉलर या जीडीपी का 2.1 फीसदी था। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा के अनुसार, जुलाई-सितंबर तिमाही में उच्च तेल, उच्च कोर आयात और सेवाओं के निर्यात में और मंदी के कारण सीएडी में पर्याप्त वृद्धि देखी जाएगी। अरोड़ा ने कहा, इन सबका मतलब यह होगा कि जुलाई-सितंबर 2023 में सीएडी/जीडीपी अनुपात अप्रैल-जून 2023 के दोगुने से भी अधिक 2.4-2.6 प्रतिशत के बीच हो सकता है ।

## ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत 40वें स्थान पर बरकरार

**नई दिल्ली।** विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) 2023 रैंकिंग में भारत ने 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वीं रैंक बरकरार रखी है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) में भारत कई वर्षों से तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह 2015 में 81वें स्थान से बढ़कर 2023 में 40वें स्थान पर पहुंच गया है। इस वर्ष नीति आयोग, उद्योग निकाय सीआईआई और विश्व बौद्धिक संपदा के साथ साझेदारी में संगठन (डब्ल्यूआईपीओ), 29 सितंबर, 2023 को जीआईआई 2023 के भारत लॉन्च की वर्चुअल मेजबानी कर रहा है। लॉन्च सत्र में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सदस्य वी के सारस्वत, सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम डब्ल्यूआईपीओ के जनरल डेरेन टैंग सहित अन्य कई वरिष्ठ गणमान्य शामिल होंगे।। जी आईआई दुनिया भर की सरकारों के लिए अपने संबंधित देशों में नवाचार के नेतृत्व वाले सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों का आकलन करने के लिए एक विश्वसनीय उपकरण है। पिछले कुछ वर्षों में, जीआईआई ने खुद को विभिन्न सरकारों के लिए एक नीति उपकरण के रूप में स्थापित किया है और उन्हें मौजूदा यथास्थिति पर विचार करने में मदद की है। नीति आयोग के एक बयान में कहा गया है कि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) भी नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था की दिशा में भारत की यात्रा में सहयोग कर रहा है।

# 3 सूत्रीय मांगों को लेकर महाविद्यालयों के अतिथि व्याख्याताओं का प्रदर्शन, मुंडन करवाकर जताए विरोध



**रायपुर**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। महाविद्यालयों के अतिथि व्याख्याता अपनी 3 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं. तूता धरना स्थल में राज्य स्तरीय प्रदर्शन जारी है. जहां अतिथि व्याख्याताओं ने मुंडन करवाकर अनोखे तरीके विरोध जताया.

बता दें कि, अतिथि व्याख्याताओं का कहना है कि, हमारी जॉब सुरक्षित नहीं है. हमें कब बाहर निकाल दिया जाए इसका कोई पता नहीं होता है. मासिक वेतन-पूरे 12 माह का भुगतान किया जाए. काल खंड के हिसाब से भुगतान बर्दाश्त नहीं करेंगे. मध्य प्रदेश की तरह 50 हजार एक मुश्त वेतनमान करने की मांग की है. वहीं मांग पूरी न होने चुनाव में सत्ता परिवर्तन की चेतावनी दी गई.

**ये हैं इनकी मांगें-**

**जॉब**- सुरक्षा जॉब सुरक्षा के लिए कोई नीति-निर्धारण नहीं होने से सिर्फ 5 से बेरोजगार कर दिया जाता है, जबकि महाविद्यालयों में पूरे वर्ष कार्य की कोई कमी नहीं होती हमारी मांग है कि, हमें 65 वर्ष या रिटायरमेंट की आयु तक जॉब सुरक्षा प्रदान करने कृपा करें.

**मासिक वेतन**- वर्तमान में कालखण्ड आधारित मानदेय व्यवस्था की वजह से सत्र प्रतीक्षा करनी पड़ती है कभी अगस्त कभी सितंबर, कभी अक्टूबर कभी नवम्बर, कभी दिसंबर में नियुक्ति दी जाती है एवं कालखण्ड व्यवस्था के कारण महाविद्यालयों के प्राचार्य अतिथि व्याख्याताओं के जून-जुलाई में प्रारंभ होने के बाद भी नियुक्ति के लिए महीनों साथ मनमानी, भेदभावपूर्ण व्यवहार और पद का दुरुपयोग करते हुए किसी को 2 कालखण्ड, किसी को 3 कालखण्ड और किसी को 4 कालखण्ड का मानदेय भुगतान करते है कालखण्ड मानदेय व्यवस्था से हमारे भविष्य के साथ-साथ महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से भी खिलवाड़ किया जा रहा है क्योंकि विद्यार्थियों को 12 माह शिक्षक की आवश्यकता होती है इसलिए हमारी मांग है कि कालखण्ड आधारित मानदेय व्यवस्था को समाप्त कर मासिक वेतन के साथ 12 माह पूर्णकालिक सेवा प्रदान करने कृपा करें.

**प्रभावित ( छटनी ) किए गए अतिथि व्याख्याताओं की व्यवस्था**- सहायक प्राध्यापक के स्थानांतरण / पदोन्नति / नवीन नियुक्ति से सुरक्षा प्रदान करने कृपा करें. अत: आपसे निवेदन है कि दिनांक 28.09.2023 को रायपुर स्थित धरना स्थल ग्राम तूता में पहुंचकर हमारी समस्याओं को को मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने की कृपा करें, ताकि हमारी समस्या और आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंच सके.

# रायपुर में लगेगी प्रदेशभर के आईजी-एसपी की क्लास



■ चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था संभालने दिया जाएगा प्रशिक्षण

**रायपुर**, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुक्रवार को प्रदेश भर के आईजी,एसपी और एएसपी की रायपुर में बैठक होगी।स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर ट्रेनिंग कार्यक्रम के लिए कल सभी अधिकारी राजधानी में जटेंगे। जिसमें पश्चिम बंगाल और तमिलनाडू के चीफ इलेक्शन अधिकारी पुलिस अफसरों को ट्रेनिंग देंगे.।

शहर के न्यू सर्किट हाउस में सुबह 9 बजे से प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत होगी और चार अलग-अलग सेशन में ट्रेनिंग दी जाएगी। जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल के सीईओ आरिज आफताब और तमिलनाडू के सीईओ थिरू सत्यब्रत साहू छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे। जिसमें चुनावी तैयारी, पुलिस अफसरों की जिम्मेदारी के साथ-साथ सुरक्षा इंतजामों को लेकर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल के सीईओ आरिज आफताब और तमिलनाडू के सीईओ थिरू सत्यब्रत साहू छत्तीसगढ़ के पुलिस अफसरों को प्रशिक्षण देंगे। जिसमें चुनावी तैयारी, पुलिस अफसरों की जिम्मेदारी के साथ-साथ सुरक्षा इंतजामों को लेकर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक 30 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी बिलासपुर आ रहे हैं। लिहाजा बिलासपुर आईजी, एसपी के अलावा पीएम सुरक्षा में तैनात कुछ एसपी और एडिश्नल एसपी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे।हालांकि इस बात की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। विधानसभा चुनाव को लकेर प्रदेश में आचार संहिता की सुगबुगाहट तेज हो गई है. 6 से 8 अक्टूबर के बीच आचार संहिता लगने के कयास लगाए जा रहे हैं।

# लघु वनोपज के प्रबंधको को तीन स्तरीय वेतनमान देने के आदेश

**महासमुंद**,28 सितंबर (देशबंधु)। प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी संघ के प्रबंधको को तीन स्तरीय वेतनमान देने के आदेश जारी होने पर कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी संघ के पदाधिकारियों ने संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात कर भूपेश सरकार का आभार जताया। प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी संघ के पदाधिकारियों ने संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रबंधको को तीन स्तरीय वेतनमान देने के आदेश जारी होने पर खुशी जताते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल का आभार जताया। साथ ही उनकी मांगों की ओर शासन का ध्यानाकर्षित कराने पर संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक लघुवनोपज सहकारी संघ के प्रबंधक 35 वर्षों 1988 से अंशकालीन प्रबंधक के रूप में कार्य कर रहे थे और हमारा वेतन पारिश्रमिक के रूप में दिया जाता था। लेकिन भूपेश सरकार ने प्रबंधको को तीन स्तरीय वेतनमान देकर हमारे अंशकालीन रूपी कलंक को धो दिया है। अब हमें राज्य संघ के कर्मचारी का दर्जा मिल गया है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी संघ के प्रबंधको को तीन स्तरीय वेतनमान देने के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। जिस पर संघ के वेदनाथ मेहरा, यशवंत चंद्राकर, रमेश डड़सेना, छबिराम निषाद, धरणीधर भोई, राधेश्याम साव, राधेश्याम निषाद आदि ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने ग्राम पंचायत जोबाकला के आश्रित ग्र्राम गोडपाली में साहू समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। सामुदायिक भवन निर्माण के लिए संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने अपनी विधायक निधि से तीन लाख रूपए की राशि प्रदान की है।



■ संघ के पदाधिकारियों ने संसदीय सचिव से मुलाकात कर भूपेश सरकार का जताया आभार

# मुख्यमंत्री बघेल ने प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ.एम.एस. स्वामीनाथन के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया

**रायपुर**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और हरितक्रांति के जनक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने डॉ. स्वामीनाथन के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि डॉ. स्वामीनाथन ने देश में हरितक्रांति लाकर कृषि की तस्वीर बदल दी। कृषि के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और अनेक उल्लेखनीय कार्यों के लिए उन्हें पदमश्री और पदमविभूषण सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से भी सम्मानित गया था। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्होंने गेंहू और चावल की ऐसी किस्में विकसित की थी, जिससे फसल की पैदावार बढ़ी। डॉ. स्वामीनाथन हमेशा किसानों को उपज का सही दाम दिलाने के लिए उचित समर्थन मूल्य के पैरोकार रहें। डॉ. स्वामीनाथन के विजन के अनुरूप छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए फसल की उचित कीमत दिलाने की व्यवस्था की गई।

# पीएससी भर्ती विवाद पर बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

## 'करियर किलर सरकार' करार देते हुए सीबीआई जांच की दी चुनौती



**रायपुर**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने पीएससी, वन सेवा भर्ती परीक्षा और शिक्षक भर्ती में भ्रष्टाचार की बात कहते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार को राज्य के युवाओं के लिहाज से 'करियर किलर सरकार' करार दिया. उन्होंने बीते पांच सालों के दौरान हर वर्ग के साथ धोखा करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस सरकार को इन तमाम प्रकरणों की जांच सीबीआई से कराने की चुनौती दी.

वरिष्ठ विधायक अग्रवाल ने बयान जारी कर कहा कि युवा छत्तीसगढ़ और देश का भविष्य हैं. इन युवाओं के कैरियर में 5 साल बहुत होता है, उसे बर्बाद करना देश के साथ गद्दारी है, और अक्षम्य अपराध भी. लेकिन कुटिल और कुशासन की प्रतीक कांग्रेस की छत्तीसगढ सरकार ने ऐसा किया है. इसने संविधान की मर्यादाओं को तार-तार कर पांच साल में पीएससी, व्यापम, पुलिस, शिक्षक भर्ती, फॉरेस्ट में भर्ती और यहां तक की चपरासी की भर्ती में भी घोटाला किया है.

भाजपा नेता ने राज्य सेवा परीक्षा 2021 और राज्य सेवा परीक्षा 2022 में हुए घोटाले को स्वतंत्र भारत का सबसे शर्मनाक और सबसे बड़ा घोटाला निरुपित किया. उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से लेकर 2023 तक हर परीक्षा में राज्य सरकार ने मंडी लगाकर भर्तियां की है, पदों को बेचा है. यह छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ भद्दा, क्रूर और गंदा मजाक है.

# पहचान बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है: डॉ. संध्या भोई




**सरायपाली**, 28 सितंबर( देशबंधु)। राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य इकाई एवं महिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रासेयो स्थापना दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संयुक्त संयोजन कार्यक्रम अधिकारी यू के बरिहा एवं प्राची गुप्ता के द्वारा किया गया ?। रासेयो स्थापना दिवस कार्यक्रम कीमुख्य अतिथि मेघनाथ सिदार विभागाध्यक्ष भूगोल, अध्यक्षता डॉ संध्या भोई हिंदी विभागाध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में देवेंद्र कुमार मांझी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य मंचासीन थे।सर्वप्रथम विद्या की देवी सरस्वती एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।सरस्वती वंदना रेणुका पोर्ते एवं लक्ष्यगीत की प्रस्तुति सविता भोई के द्वारा किया गया। उद्बोधन की कड़ी में डॉ संध्या भोई ने कहा- लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर साधना की आवश्यकता होती है,कोई भी लक्ष्य आसानी से प्राप्त नहीं होता। पहाड़ को हथेली पर लेकर चलने वाला युवा लक्ष्य को प्राप्त करता है। पहचान आसानी से प्राप्त नहीं होता, अस्तित्व की लड़ाई के लिए पहचान बनानी पड़ती है। कोई भी व्यक्ति स्वयं का पहचान स्थापित करने के लिए कठोर परिश्रम एवं संघर्ष करता है, तब जाकर उसको पहचान मिलती है। रामकृष्ण परमहंस के शिष्य स्वामी विवेकानंद जी ने गुरु के आदेश को जनकल्याण हेतु प्रचार प्रसार किया। गुरु के संदेश को जन-जन तक पहुंचा कर स्वामी विवेकानंद विश्वविख्यात हो गये। गुरु वहीं रहता है लेकिन शिष्य अपनी इच्छा शक्ति से असंभव सा दिखने वाला कार्य को दृढ़ निश्चय से पूर्ण कर लेता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेघनाथ सिदार ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर युवा समाज सेवा के लिए प्रेरित करने के लिए अपील किया। युवा शक्ति के माध्यम से ही समाज एवं देश का समग्र विकास हो सकता है ,एक शिक्षित एवं संस्कारित युवा ही देश के लिए उपयोगी साबित होता है। जिसमें देश प्रेम की भावना जागृत होता है वह संकीर्ण स्वार्थ को त्याग कर राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए तत्पर रहता है। कोई भी व्यक्ति असाधारण कार्य के द्वारा ही महान व्यक्ति बन जाता है। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन गायत्री मिश्रा एवं पूजा बाघ तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी प्राची गुप्ता ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मोहंदी बेलोरा में सट्टा तो मगरलोड मे गांजा का फल फूल रहा अवैध कारोबार

- एसपी के निर्देश का खुलेआम उड़ाई जा रही है धज्जियां
- सट्टा और अवैध गांजा की बिक्री से पुलिस का जेब हो रहा लाल और जनता हो रही कंगाल

**मगरलोड**, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। धमतरी जिला के विकासखंड मुख्यालय मगरलोड में कई दिनों से थाना के आसपास अस्पताल क्षेत्र एवं मथुरा नगर मोहल्ले में गांजे का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है जिससे नाबालिक बच्चे भी गांजा पीने की चपेट में आकर मंदबुद्धि होने लगा है और चौक चौराहे पर आए दिन गांजे के नशे में कुछ भी हरकत करते देखे जा सकते हैं मगरलोड में कई बार बुद्धिजीवियों ने पुलिस अधिकारी से रोकथाम की मांग किया लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है पुलिस थाना से महज कुछ दूर आसपास जगह में गांजे की अवैध बिक्री धड़ल्ले से हो रही है लेकिन पुलिस का खुफिया तंत्र द्वारा ठीक से जानकारी नहीं देने के कारण या पुलिस वालों की मिली भगत के कारण गांजे की अवैध बिक्री को रोकथाम करने में पुलिस के उच्च अधिकारी भी असफल है गांजे के गिरफ्त में आने के कारण मगरलोड भैंसमुंडी का माहौल लगातार बिगड़ रहा है

इसी तरह विकासखंड मगरलोड मोहंदी बेलोरा गांव में सट्टा का अवैध कारोबार फल फूल रहा है जिससे क्षेत्र के व्यापारी किसान मजदूर वर्ग के लोग सट्टा के जाल में फंसकर अपनी गाड़ी पूंजी गवा रहे हैं जिससे गांव की बुद्धिजीवियों में लगातार पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है रातों-रात अमीर बनने की चाहत ने श्रमिक वर्ग , छोटे किसान वर्ग छोटे-छोटे व्यापारियों की गाड़ी पूंजी रोजमर्रा की जिंदगी जीने वालों की रोजी-रोटी सट्टे की लालच में बर्बाद हो रही है

इस कार्य की जानकारी भी कई पुलिस कर्मियों को भी है लेकिन अपने उच्च अधिकारी को बताने के बजाय अपना अपना जेब लाल कर रहे हैं जिसके कारण क्षेत्र में चोरी घरेलू झगड़ा असामाजिक तत्व के लोगों का पनाह बनता जा रहा है इस कार्रवाई पर कुछ दिन पहले मगरलोड थाना का आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक धमतरी प्रशांत ठाकुर ने सख्त से सख्त कार्रवाई करने की हिदायत दी थी लेकिन अभी तक कोई भी पहल मगरलोड पुलिस ने नहीं की है




मगरलोड थाना प्रभारी रहे राजेश जगत के जाने के बाद मोहदी बेलोरा में दिन रात सट्टा का कारोबार फल फूल हो रहा है तो वही मगरलोड में अवैध गांजा की बिक्री धड़ल्ले से हो रहा है

मगरलोड मोहदी बेलोरा की जनताओ ने पुलिस की उच्च अधिकारियों से अवैध कारोबार को रोकने की मांग की है नहीं तो छत्तीसगढ़ शासन के महामहिम राज्यपाल पुलिस महानिदेशक पुलिस महानिरीक्षक रायपुर को जाकर इस कार्य को प्रतिबंध लगाने की मांग करेंगे अन्यथा मगरलोड मे अवैध गांजा की बिक्री व सट्टा की रोकथाम नहीं होने पर चक्का जाम की चेतावनी भी क्षेत्र के बुद्धिजीवियों द्वारा दी जाएगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी

इस संबंध में मगरलोड थाना प्रभारी एस आई चंद्रकांत साहू ने कहा गांजा एवं सट्टा की जानकारी मिली है कार्यवाही की जाएगी।

# सट्टा खिलाते एक सटोरिया पकड़ाया



**धमतरी**, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा अवैध शराब,जुआ,सट्टा व अवैध कारोबारियों व अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गये हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मयंक रणसिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी सिहावा श्री लेख राम ठाकुर एवं थाना कि टीम द्वारा सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम सांकरा में आम जगह में एक व्यक्ति द्वारा सट्टा पट्टी लिख रहे है,की सूचना पर थाना प्रभारी सिहावा एवं टीम द्वारा तत्काल मौक पर रवाना होकर ग्राम सांकरा में जाकर चारों ओर से घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किये जिसमें आरोपी हेमंत कुमार साहू पिता तिजू राम साहू उम्र 43 वर्ष साल साकिन खम्हरिया, जिला धमतरी को सट्टा खेलाते हुये रंगे हाथ पकड़ा गया है।आरोपी के पास से 03नग सट्टा पट्टी ,01 नग डॉट पेन जुमला 1560/-रु0 जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना सिहावा में धारा 6 छ0ग0जु,आ अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिहावा निरी. लेख राम ठाकुर, सउनि. नरेंद्र साहू, लक्ष्मी निर्मलकर एवं सिहावा आर. हरीश सिन्हा स्टॉफ का विशेष योगदान रहा है।

# दवाई छिड़कने का काफ्ट मशीन एंव रोले स्प्रे मशीन चोरी करने वाले आरोपियों को मगरलोड पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धमतरी**, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रार्थी बसंत राम साहू पिता भुवन राम साहू उम्र 48 वर्ष साकिन ग्राम - करेलीछोटी के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 सितम्बर को करण साहू को मजदूरी में अपने एक नग पीला कलर के किसान काफ्ट मशीन से खेत में कीटनाशक दवाई छिड़कने के लिये ले गया था, पास में ही मनहरण साहू एक नग रोले स्प्रे इंजिन बंदन कलर से अपने खेत में तनेश्वर साहू से कृषि दवाई छिड़काव करवा रहा था, जिनके साथ में खिलावन साहू भी था, अपने-अपने खेत में दवाई छिड़कने के बाद मैं और मनहरण साहू दोनो दवाई छिड़कने की मशीन को मेरे खेत मेड़ में घने घास में छुपा कर रख दिये थे, जिसे तनेश्वर साहू, खिलावन साहू और करण साहू देखे थे, 19 सितम्बर के सुबह करीबन 8.30 बजे हम दोनो करण और तनेश्वर को लेकर पुन: दुसरे खेत में दवाई डालने के लिये गये तो देखे कि जहां पर मशीन रखे थे,वहां पर मशीन नही था, कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था कि रिपोर्ट पर अप0क0 214 / 23 धारा 379, 34 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

जिस पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के त्वरित कार्यवाही के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी. कुरूद कृष्ण कुमार पटेल के नेतृत्व में थाना प्रभारी मगरलोड उनि. चंद्रकांत साहू द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए विवेचना दौरान प्रार्थी एंव गवाहो का कथन लेखबद्ध, कर आरोपी के पतासाजी एवं पूछताछ के दौरान पता चला कि दिनांक 25.09.23 को गांव के लक्ष्मण साहू व बलराम साहू द्वारा बताया कि करण साहू, खिलावन साहू और तनेश्वर साहू को दिनांक 18.09.2023 के शाम करीबन 05ः00 बजे खेत तरफ जाते देखें हैं, संदेह के आधार पर कड़ाई से पूछताछ किया गया जिसपर दोनों ने मशीन को करण साहू, खिलावन साहू, तनेश्वर साहू ही चोरी कर ले जाना स्वीकार किया।

आरोपियों से समक्ष गवाहों के 02 नग दवाई छिड़कने का मशीन किसान काफ्ट मशीन को एंव रोले स्प्रे इंजिन बंदन कलर को आरोपीयों से बरामद कर जप्त करआरोपियो करण साहू पिता नंदकुमार साहू उम्र 28 वर्ष, तनेश्वर साहू पिता स्व0 कन्हैया साहू उम्र 33 वर्ष, एंव खिलावन साहू पिता परसादी राम साहू उम्र 36 वर्ष साकिन ग्राम करेलीछोटी थाना मगरलोड के कृत्य अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मगरलोड उनि0चंद्रकांत साहू, सउनि0अजय बनारसी, प्रआर0जैतराम जोगी,आर0गोपाल चंद्राकर का विशेष योगदान रहा।

# शुक्लाभाठा से भरसेला जाने वाली सड़क एक महीने में ही उखड़ गई

**बलौदाबाजार**, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार जिला में पीडब्लूडी, डीएबी, प्रधानमंत्री सड़क सुगम योजना के तहत ग्रामींण क्षेत्र में बने सडक एक ही महीने में उखड गया है। अधिकारियों एवं ठेकेदार के द्वारा घोर लापरवाही के कारण ग्रामींण परेशान है। शुक्लाभाठा से भरसेला जाने वाला सड़क निर्माण में लापरवाही देखने को मिला। अधिकारियों से चर्चा करने पर ठुलमुल रैवया के चलते अधिकारी अपन पल्ला झाड़कर ठेकेदार को दोषी बता रहा है।

भरसेला के ग्रामींण द्वारा बताया कि रोड सिंगल है फिर भी बडे पैमाने पर खनिज विभाग के अधिकारी के डर से बिना रायल्टी के रेत, गिट्टी, हाईवा, डम्फर, दस चक्का, ओवर लोड लेकर सार्टकट सड़क मार्ग शुक्लाभाठा, भरसेला, भरसेली होते हुए कुकुरदी बाईपास जाते डम्फर, ओवर लोड बिना रायल्टी के अधिकारी के डर से भाग जाते है। वहीं इन वाहनों से ग्रामींण क्षेत्र से आने जाने वाले राहगीर परेशान रहते है जबकि सिंगल सड़क में कलेक्टर आदेश का हर ग्राम पंचायत में बार्ड लगा है। दस टन से अधिक लोड गाडी प्रतिबन्ध है। फिर भी जिला कलेक्टर अदेश को ठेंगा दिखाते हुए खुले आम हाईवा तीस टन रेत गिट्टी लोड लेकर चल रहा है। जिससे सड़क में बडे बडे गड्ढे बन गए है। इसी रोड में ट्रक हाईवा बारह चक्का टेलर चलते है। कई बार ग्रामींण द्वारा जिला कलेक्टर से शिकायत किया फिर भी कोई अधिकारी ध्यान नही दिया। इस संबंध में पिछडा वर्ग कांग्रेस जिला मिडिया प्रभारी खिलावन जायसवाल ने जिला प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

NECC

| 29.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 4.95 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.00 | 100 | 195 |
| डिलीवरी | 510 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

एक दिन एक कंजूस ने भिखारी को घर बुलाया और पेटभर खाना खिलाया।
**भिखारी**– क्या बात है आज तो आपने दिल खोलकर पेट भर खाना खिलाया।
**कंजूस**– दरअसल कल हमारे यहां एक महात्मा आए थे। उन्होंने कहा कि खाना कभी बर्बाद नहीं करना चाहिए।

**संपादकीय**

## महिला यात्रियों की सुरक्षा का बड़ा निर्णय

छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत सभी तरह के यात्री वाहनों में पैनिक बटन और जीपीएस लगाना अनिवार्य कर दिया जा रहा है। यात्रा के दौरान किसी भी तरह के संकट में कोई भी यात्री पैनिक बटन दबाकर अन्य लोगों का ध्यान आकृष्ट कर सकता है ताकि उसे तत्काल मदद मिल सके। महिलाओं के लिये यह विशेष लाभकारी होगा और उन्हीं की सुरक्षा की दृष्टि से यह लगाने का निर्णय भी लिया गया है। जीपीएस द्वारा यात्री वाहनों की लोकेशन को ट्रेस करना आसान हो जायेगा। उम्मीद है कि इससे राज्य के भीतर किसी भी तरह के यात्री वाहनों में यात्रा करने वाली महिलाएं पहले के बनिस्बत अधिक सुरक्षित हो जायेंगी।

बुधवार को छग सरकार ने जो अनेक फैसले लिये उनमें से एक यह भी है। इस निर्णय का उद्देश्य महिलाओं की हर तरह की सड़क यात्राओं को निरापद बनाना है। अक्सर देखा जाता है कि औरतों को किसी भी तरह के वाहनों से यात्राओं के दौरान अनेक तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इनमें सबसे ज्यादा यौन उत्पीड़न के मामले होते हैं। अकेली महिलाएं मनचलों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का शिकार बनती हैं। उनके साथ छेड़छाड़ से लेकर बलात्कार तक की घटनाएं होती हैं। अकेली महिलाएं असहाय होती हैं। यह भी देखा जाता है कि उनकी मदद के लिये कोई भी सामने नहीं आता। कई बार इसका एक कारण यह भी होता है कि उनकी मदद की गुहार सुनने वाला कोई होता भी नहीं। पैनिक बटन से लोगों का ध्यान खींचा जा सकेगा और पुलिस तक भी इसका एलर्ट पहुंचेगा। इससे महिलाओं की हिम्मत बंधेगी और सम्भव है कि उन्हें संकटों से निकालने के लिये तत्काल आमजन में से कोई सामने आ जाये। पुलिस को सूचना मिलने पर वह भी तुरन्त पहुंच सकेगी।

जीपीएस लगाना भी बहुत कारगर साबित होगा। अपराध की सूचना मिलने के बावजूद अपराध स्थल तक पहुंचना या अपराधी को ट्रेस कर पाना मुश्किल हो जाता है। हो भी जाये तो उस तक पहुंचने में समय लगता है। अब हर यात्री वाहनों में जीपीएस लगने से उसका लोकेशन उपलब्ध रहेगा। इससे पुलिस को न्यूनतम समय में पहुंचने में मदद मिलेगी। वैसे भी जब वाहन चालकों, सहचालकों और यहां तक कि अन्य यात्रियों को इस बात का पता रहता है कि वाहन में पैनिक बटन और जीपीएस लगे हैं तो अपराधियों का हौसला टूट जाता है और वे किसी भी तरह का अपराध करने से बचते हैं। इन दो उपकरणों से महिलाएं तो सुरक्षित होंगी ही, अन्य यात्री भी लाभान्वित होंगे। बच्चे, बुजुर्ग भी इससे सुरक्षित महसूस करेंगे। किसी भी सभ्य समाज की प्रमुख पहचान यही होती है कि उसमें कमजोर वर्ग पूर्णतः सुरक्षित हों।

# ईद मिलाद उन-नबी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## शहर के चौराहों को आकर्षक स्वागत द्वार और सड़कों को आकर्षक विद्युत झालरों,बल्बों से सजाया गया



**जगदलपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। मुस्लिम समाज के लोगों ने गुरुवार को ईद मिलाद उन-नबी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। स्थानीय जमा मस्जिद से सुबह 10=30 बजे विशाल रैली निकली जिसमें काफी संख्या में समाज के लोग पारंपरिक वेशङ्क भूषा में शामिल हुए। शहर के चौराहों को आकर्षक स्वागत द्वार ,फव्वारों और सड़कों को आकर्षक विद्युत झालरों, बल्बों से सजाया गया था ।जुलूस गुरु नानक चौक से होते हुए संजय बाजार हनुमान मंदिर चौक पहुंची जहां पर कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के द्वारा जुलूस का भव्य स्वागत किया गया। यहां से जुलूस चांदनी चौक होते हुए शहीद पार्क तिराहा पहुंचे जहां पर समाज के लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। यहां से जुलूस स्टेट बैंक चौक होते हुए में रोड से होकर मस्जिद प्रांगण पहुंची और रास्ते पर जगह-जगह आकर्षक स्वागत द्वार बनाकर जुलूस का स्वागत गर्मजोशी के साथ किया गया । जुलूस में पारंपरिक वेशभूषा में शामिल लोग हाथों में इस्लाम धर्म के उपदेश लिखे झंडा लहराते चल रहे थे। चौक चौराहों पर इस्लाम धर्म के समर्थन में जोरदार नारेबाजी भी की गई। जुलूस मस्जिद पहुंचने के बाद परचम कुसाई के रस्म अदा की गई। इसके बाद सामाजिक भोज का आयोजन हुआ।

विदित हो कि इस्लाम धर्म के अनुयाई पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी या ईद-ए-मिलाद के रूप में मनाते हैं। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक, ये त्योहार तीसरे महीने रबी-उल-अव्वल के 12 वें दिन मनाया जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार इस्लाम के तीसरे महीने यानि मिलाद उन-नबी की शुरुआत हो चुकी है। मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर लोग उनकी याद में जुलूस निकालते हैं। इस दिन जगह-जगह बड़े आयोजन भी किए जाते हैं।

मान्यता के अनुसार पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म अरब के रेगिस्तान के शहर मक्का में 571 ईस्वी में 12 तारीख को हुआ था। पैगंबर साहब के जन्म से पहले ही उनके पिता का निधन हो चुका था। जब वह 6 वर्ष के थे तो उनकी मां की भी मृत्यु हो गई। मां के निधन के बाद पैगंबर मोहम्मद अपने चाचा अबू तालिब और दादा अबू मुतालिब के साथ रहने लगे। इनके पिता का नाम अब्दुल्लाह और माता का नाम बीबी आमिना था। अल्लाह ने सबसे पहले पैगंबर हजरत मोहम्मद को ही पवित्र कुरान अता की थी। इसके बाद ही पैगंबर साहब ने पवित्र कुरान का संदेश दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाया।

# गाजे-बाजे के साथ हुआ चौक-चौराहों पर विराजित गणपति का विसर्जन





**जगदलपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)।शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर विराजित गणपति जी की मूर्तियों का विसर्जन आकर्षक झांकियों के साथ गुरुवार को किया गया। काफी संख्या में शामिल श्रद्धालु गणपति जी के भजनों पर झूमते नाचते चल रहे थे। चौक चौराहों पर जमकर आतिशबाजी की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया गया ।गणपति बप्पा मोरया अगले बरस जल्दी आ के जयकारे के साथ भक्तों ने दी बप्पा को विदाई ,सारा वातावरण भक्तिमय नजर आया। नगर के सभी सड़क और चौराहों पर गणपति की झांकी के साथ काफी संख्या में श्रद्धालु नजर आए। इसी क्रम में नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में विराजित गणपति मूर्तियों के साथ ही बीती रात दुर्गा चौक के गणपति का धूम धाम से विसर्जन हुआ। भक्तों ने गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे के साथ बप्पा को विदाई दी। विसर्जन के अवसर पर दुर्गा चौक से शोभायात्रा निकाली गईं। दुर्गा चौक में महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें समस्त वार्ड वासी शामिल हुए। शोभायात्रा का प्रारंभ दुर्गा चौक से हुआ। यात्रा सिरहसार चौक, दलपत सागर चौक होते हुए पुराना पुल में गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा के दौरान समिति के युवा धुमाल की धुन में झूमते नजर आए, सामने युवा भगवा ध्वज लेकर चल रहे थे जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। शहर के सिरहासार में भारी आतिशबाजी की गई, वहाँ उपस्थित लोग इस नजारे को अपने फोन में कैद करते नजर आए। शोभायात्रा में भारी संख्या में महिलाएं एवम बच्चे में शामिल रहे।

**गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस जल्दी आ के जयकारे के साथ भक्तों ने दी बप्पा को विदाई**

# कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों के साथ किसानों ने पुजारीपाल में चलाया स्वच्छता अभियान



**सुकमा,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। छिंदगढ़ विकास खंड के ग्राम पूजारीपाल में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख एच एस तोमर, विषय वस्तु विशेषज्ञ राजेन्द्र प्रसाद कश्यप ने ग्रामवासियों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही ग्रामवासियों को बीमारियों से बचने के लिए ग्राम में नियमित रूप से सफाई करने कहा गया।

इस दौरान किसानों को फसलों में लगने वाले कीड़े और बीमारियों से रोकथाम की जानकारी दी गई। वहीं कुछ किसानों ने धान के फसलों में पत्ती मोड़क कीट (सोरटी) प्रकोप की समस्या बताई। मौके पर अधिकारियों ने किसानों के खेतों का मुआयना किया। किसानों को कीड़े से प्रभावित फसलों में फिपरोनिल 5 प्रतिशत एससी 400 ग्राम प्रति एकड़ अथवा प्रोफेनोफॉस 50 एसी 400 मिली लीटर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करने की सलाह दी। इस दौरान समूह की महिलाओं ने देशी असील प्रजाति के मुर्गा पालन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बारिश के बीच अभाविप बस्तर ने निकाली आत्मरक्षा प्रहार रैली




**जगदलपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् बस्तर द्वारा मातृशक्ति की आत्मरक्षा प्रहार रैली का आयोजन किया गया। बस्तर जिला के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आयी नारी शक्ति अपने हाथों में दंड लिए सम्मिलित हुए।

अभाविप बस्तर जिला संयोजक वरुण साहनी ने कहा कि प्रदेश में जिस प्रकार से भय का वातावरण व्याप्त हो गया है, छात्राओं, महिलाओं के साथ दुराचार किया जा रहा है यह बहुत ही निंदनीय है। प्रदेश प्रशासन सिर्फ अपनी विलासिता में डूबे हैं। महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्थाओं में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। पूरे प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं।

अभाविप जगदलपुर नगरमंत्री शैलेष ध्रुव ने कहा कि आज वर्तमान स्थिति में छत्तीसगढ़ को देख तो महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था नगण्य हो चुकी है नाम मात्र की महिला सुरक्षा की बात होती है, कई बार शब्द कम पड़ जाते हैं। हाल ही में 21 सितंबर को एक दुखद घटना सामने आई रायपुर के एएसपी ऑफिस की मल्टीलेवल पार्किंग में एक नाबालिक का सामूहिक बलात्कार, यह 20 दिन में रायपुर की दूसरी घटना है। इससे पूर्व भाई बहनों का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन के दिन 30 अगस्त को रायपुर में दो बहनों का बलात्कार की घटना सामने आती है। शिक्षक दिवस पर जशपुर में शिक्षिका का बलात्कार , उसी के अगले दिन फिर सरगुजा क्षेत्र से एक शिक्षिका के बलात्कार किस खबर सामने आती है, इसी के पांचवें दिन गरियाबंद की एक छात्रावास जैसी जगह में जहां मां-बाप अपने बच्चों को बड़े विश्वास के साथ भेजते हैं, छात्राओं के साथ देह शोषण, अगले दिन गरियाबंद के ही एक धार्मिक स्थल जतमई घटारानी मंदिर का दर्शन करने आई एक श्रद्धालु के साथ बलात्कार की घटना होती है, उसी दिन दुर्ग में एक 3 साल की मासूम बच्ची का बलात्कार होता है। कुछ समय पूर्व ही सुकमा के एक छात्रावास में 5 वर्ष के बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। वहां तो सीसीटीवी कैमरे भी नाम मात्र के थे। यह सब चिंताजनक एवं सोचने में मजबूर कर देने वाली घटना है। प्रदेश में सुबह शाम दिन रात लगातार ऐसी घटनाएं अत्यंत ही चिंताजनक है यह अपराधियों के बुलंद हौसले को दर्शाती है, साथ ही एक अलग तरीके के जंगल राज जैसे माहौल को भी दर्शाती है। अब तक प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था में पूर्णता कमजोर साबित हुई है। इस दौरान बस्तर विभाग छात्रा प्रमुख सरिता ठाकुर, ईश्वर अचार्य, नीलू मौर्य, सचिन पांडे, वैभव दास, विवेक मंडल, आश्विन पिल्ले, दीपक गुहा, अचिंत शर्मा, रितिक जोगी ,राहुल टंडन, प्रवीण ठाकुर, कमला, दिशा, ज्योति, अलिसा आदि अभाविप के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# हिंदूओं से अभद्र पूर्ण व्यवहार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल ने जताया कड़ा विरोध



**जगदलपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर जिले के जगदलपुर में बुधवार की शाम गणेश समिति के द्वारा गणेश विसर्जन हेतु शोभायात्रा निकाली गयी थी, जिसमें पुलिस प्रशासन के कर्मी द्वारा गणेश समिति के सदस्यों व भक्त गणों से धक्का मुक्की किया गया, जो की सनातन धर्म और भक्तों का अपमान है, यह बेहद शर्मनाक व निंदनीय घटना है, जिसके विरोध में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल द्वारा स्थानीय स्टेट बैंक चौक में शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा पुलिस विभाग को नैतिकता का परिचय देते हुए भक्तों से धक्का मुक्की करने वाले पुलिस कर्मी पर कठोर कार्यवाही की मांग की ।

विदित हो की की जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा शांति बैठक बुलाई गई थी। जानकारों का कहना है कि यह प्रयास विलंब से किया गया, जिसके चलते जिला एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा ईद और अनंत चतुर्दशी दोनों त्यौहार के चलते उचित व्यवस्था नहीं की गई,यही कारण है कि त्योहार के दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हुई। इस दौरान विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी , विभाग सेवा प्रमुख अनिल अग्रवाल, प्रांत सुरक्षा प्रमुख कमलेश विश्वकर्मा ,जिला अध्यक्ष लखीधर बघेल, जिला उपाध्यक्ष प्रेम चालकी,जिला मंत्री हरि साहू,जिला सह मंत्री सिकंदर कश्यप, जिला कोषाध्यक्ष >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**एसबीआई चौक में शासन-प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी**

# विभिन्न समाज की महिलाओं से मिली लता उसेण्डी, मोदी की आमसभा में आने किया निमंत्रित



**आरण्यक ब्राह्मण समाज व उत्कल साहू समाज की महिलाओं से की भेंट**

**जगदलपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बस्तर आगमन व 3 अक्टूबर को लालबाग मैदान में होने वाली आमसभा की तैयारियों में भारतीय जनता पार्टी ताकत झोंक रही है। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी ने आज गुरूवार को महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ शहर में विभिन्न समाज की महिलाओं से संपर्क किया व महिला आरक्षण बिल संसद में बिना किसी गतिरोध के पारित कराने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा में आने के लिये उन्हें निमंत्रित किया।

पथरागुड़ा स्थित उत्कल साहू समाज के नवाखाई मिलन समारोह में लता उसेण्डी शामिल हुई एवं श्री जगन्नाथ मन्दिर में आरण्यक ब्राह्मण समाज की महिलाओं से भेंट की। साथ ही श्री मोदी की प्रस्तावित सभा के पोस्टर का विमोचन किया और सभी महिलाओं को बड़ी संख्या में आमसभा में सम्मिलित होने आमंत्रण दिया। सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि श्री मोदी जन-जन के नेता है, राष्ट्र प्रहरी है। बीते 9 वर्ष में भारत को समृद्ध व शक्तिशाली निरंतर कार्यरत हैं। देश की नई संसद में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिलाने नारी शक्ति वंदन बिल प्रधानमंत्री श्री मोदी ने निर्विघ्न पारित कराया है। श्री मोदी की होने वाली आमसभा में बस्तर की समस्त समाजों की मातृशक्तियां सम्मिलित होने अवश्य आयें। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी ने पेट्रोल पंप के कार्यरत युवतियों व संजय मार्केट में फूल व सब्जी विक्रय करने वाली परिश्रमी महिलाओं से मिल कर उन्हें नरेंद्र मोदी की सभा में आने आग्रह किया। इस दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश मंत्री ओजस्वी मण्डावी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा मिश्रा, रामकुमारी यादव, ममता सिंह राणा, लक्ष्मी कश्यप, त्रिवेणी रंधारी, नीलम यादव, ममता पोटाई,रीना घोष, आलोक अवस्थी, नरेंद्र पाणिग्रही, प्रतोष त्रिपाठी,ललिता बघेल, पदमा कश्यप, मालती मंडावी, रामबत्ती भंडारी, सीता नाग, ममता गुप्ता, अन्नपूर्णा नायडू,रंजीता जोशी, किरण दीवान, माधवी मंडल, कौशल्या साहू,गीता मिश्रा , धनमती बिसई, कमल कुमारी ,चमेली जीराम, प्रमिला कपूर, सुधा गुप्ता, उमा गुप्ता, प्रीति वानखेड़े, सरिता यादव, ममता मंडावी,गंगोत्री चंद्रवंशी,अनिता भरत, श्वेता गुप्ता,शीला पटेल, बृज बती ,गायत्री कश्यप, सत्यभामा कश्यप,ललिता कश्यप ,सरिता साहू,नीलम मिश्रा,संतोष शर्मा, मुला चक्रवर्ती, सरिता पांडे, ऋतु शर्मा, दीप्ति तिवारी, आशा आचार्य,आशा शर्मा, स्मिता दुबे,संजना शर्मा,नीलिमा पाठक, उर्मिला पांडे, दुर्गा अवस्थी,निर्मला पानीग्राही, अंजना पानीग्राही, डाकेश्वरी पांडे आदि मौजूद थे।

# शिष्यावृत्ति प्रदान करने छात्र-छात्राओं ने विधायक लखेश्वर को सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर जिला एनएसयूआई (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष नीलम कश्यप के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा संचालित ज्ञानगुड़ी कोचिंग संस्थान में अध्यनरत छात्र एवं छात्राओं ने बस्तर आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण अध्यक्ष , बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को शिष्यावृत्ति प्रदान करने हेतु ज्ञापन सौंपा।

छात्र छात्राओं ने अपनी समस्या को अवगत कराते हुए कहा की हम जिला प्रशासन द्वारा संचालित ज्ञानगुड़ी कोचिंग संस्थान में अध्यनरत छात्र/छात्राएं हैं। हमें वर्तमान में ज्ञानगुड़ी कोचिंग संस्थान के माध्यम से 60 छात्र/छात्राओं को हॉस्टल की सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही प्रशासन के द्वारा हॉस्टल की सुविधा के साथ संलग्न रूप से मेष राशि के रूप में ?1500 प्रतिमाह प्रदान करने की बात प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कही गई थी, जो की छात्रावास प्रारंभ होने से अब तक हमें प्रदान नही की गई है। हम सभी छात्र/छात्राएं किसान मजदूर के पुत्र/पुत्री हैं। हमें शिष्यावृत्ति नही मिलने की स्थिति में नियमित रूप से रहकर (छात्रावास में) अध्यन करने में परेशानी का सामना करना पढ़ रहा है। बस्तर आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण अध्यक्ष व बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने जल्द ही शिष्यावृत्ति प्रदान करने हेतु आश्वासन दिया। इस दौरान एनएसयूआई प्रदेश सचिव सोनू कश्यप , वरिष्ट छात्र नेता चईतराम कश्यप, एनएसयूआई जिला महासचिव मनीष कश्यप, एनएसयूआई करपारवंड अध्यक्ष हेम कुमार, हरदास बघेल, एनएसयूआई सचिव हरीनाथ नायक,किरण लता, हेमलता, तुलेश, तुलाबती, फुलकित, एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थी।

# सरस्वती शिशु मंदिर दरमा के प्रांगण में 'मेरी मिट्टी, मेरा देश' अभियान का आयोजन



**जगदलपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय दरमा के प्रांगण में च्मेरी मिट्टी, मेरा देशज्ज अभियान का आयोजन पदमा कुमार ए. कमाण्डेन्ट 241 बस्तरिया बटालियन के निर्देश पर जी / 241 बस्तरिया बटा के रि पु बल के कार्मिकों के द्वारा श्रीकुमार बारा, द्वि.क. अधिकारी व विशाल वैभव, उप कमांडेन्ट के पारस्परिक मार्गदर्शन में और विनोद सिंह, सहायक कमांडेन्ट के नेतृत्व में स्कूल के बच्चों अध्यापकों, स्थानीय ग्रामीणों भिन्न-2 विभाग के सरकारी कर्मियों के साथ मिलकर किया गया। जैसा कि हम सबको यह विदित है कि च्आजादी का अमृत महोत्सवज्के तहत भिन्न -2 देश व्यापी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि हम भारतवासी इस देश की समता, राष्ट्रप्रेम की भावना तथा सौहार्द को बनाये रखते हुए देश को प्रगतिशील रखने तथा सबका साथ व सबका विकास को सही मायनों में जमीनी स्तर पर लागू करवाने में अग्रणी भूमिका का निर्वाहन कर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत नगर निगम द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन

**जगदलपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)।स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत नगर पालिका निगम जगदलपुर के द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दो श्रेणी क्रमशः गणमान्य नागरिक एवं स्कूल छात्र/छात्रा में होगी।

शहरवासी इस प्रतियोगिता में निम्न श्रेणियों में भाग ले सकते है।2 अक्टूबर का कार्यक्रम शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में कराया जाएगा ।महापौर सफीरा साहू एवं हरेश मंडावी आयुक्त ने सभी शहरवासियों एवं छात्र-छात्राओं से स्वच्छता ही सेवा के तहत कराई जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने हेतु अपील किया है ।जिस शहर की साफ सफाई में जन जागरूकता लाया जा सके । डांस,2 अक्टुबर को प्रस्तुति के आधार पर विजेता चुना जाएगा ।ड्राइंग ,30 सितंबर से पहले निगम कार्यालय में जमा करें या संपर्क सूत्र में कॉल कर जमा करवाएं। और कबाड़ से जुगाड़,2 अक्टुबर को प्रदर्शनी के आधार पर विजेता घोषित किया जाएगा। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# हवन-पूजन व भण्डारा के बाद विदा हुए गणपति



- अगले बरस तु जल्दी आ की कामना के साथ विदाई
- सुरभि कालोनी में गणेशोत्सव के दौरान मेला जैसा माहौल

**दंतेवाड़ा,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। गणेशोत्सव का 11 दिवसीय आयोजन आज हवन-पूजन, पूर्णाहूति और भण्डारा के साथ पूर्ण हो गया। देर शाम तक भगवान गणपति को लोग विदा करते रहे। गणेश विसर्जन के लिए डीजे की धुन और आकर्षक लाईटिंग के साथ भव्य शोभा यात्रा भी निकाली गई।

दंतेवाड़ा की सुरभि कालोनी में पूरे 11 दिन मेले जैसा माहौल रहा। आस्था और भक्ति के इस महापर्व में लोग जुटे रहे। सुबह-शाम की आरती न केवल कालोनीवासी बल्कि शहर के लोग भी शामिल हुए और प्रति दिन के भण्डारा में प्रसाद ग्रहण किया। आज सुबह की पूजा के बाद हवन हुआ। इसके बाद पूर्णाहूति हुई और भण्डारा के बाद गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन हुआ। इस आयोजन के दौरान कालोनी के नन्हें-मुन्हें बच्चों की प्रतिभा को निखारने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। सभी बच्चों को पारितोषिक देकर प्रोत्साहित किया गया। गणेशोत्सव के लिए एक कलाकार ने मूर्ति बनाकर भेंट की थी, उनका भी सम्मान किया गया। पूजारी श्री स्वामी ने शॉल और श्रीफल के साथ मूर्तिकार श्री बघेल का सम्मान किया। पूरे 11 दिन के आयोजन में कालोनी और शहर की मातृ शक्तियों ने भजन-कीर्तन के जरिये भक्तिपूर्ण माहौल बनाया, उनके प्रति भी समिति की ओर से आभार और धन्यवाद प्रदर्शन किया गया। सुरभि कालोनी के साथ ही दंतेवाड़ा शहर के बस स्टैण्ड, टेकनार चौक, पीडब्ल्यूडी कालोनी, पुराना वन विभाग दफ्तर, आंवराभाटा, पुलिस लाईन कारली में विराजित भगवान गणेश की प्रतिमा भी आज विदा गई है। शुक्रवार 29 सितंबर को पितृ पक्ष प्रारंभ हो रहा है, इस वजह से हवन-पूजन के बाद आज गणेश विसर्जन हुआ। नगर प्रशासन की ओर से डंकनी नदी के किनारे विसर्जन के लिए पर्याप्त इंतजाम किये गए थे।

# फिलिपींस में पाई डिग्री, विशेष बच्चों के प्रति समर्पण

**दंतेवाड़ा,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा में पदस्थ आदिम जाति कल्याण विभाग के उपायुक्त डॉ. आनंद सिंह और डॉ. गीता सिंह के पुत्र अभिनव हर्ष सिंह और अभिलाष यश सिंह ने विषम परिस्थितियों में अध्ययन करते हुए बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ़ सर्जरी की डिग्री प्राप्त की है।



- बस्तर अंचल को मिलेंगे दो और एमबीबीएस डॉक्टर
- उपायुक्त डॉ. आनंद सिंह व डॉ. गीता सिंह के पुत्रों की सफलता

फिलिपींस में दवाओ शहर में आयोजित 21वें दीक्षांत समारोह में उन्हें डॉक्टर ऑफ मेडिसिन, अमेरिकन एजुकेशन सिस्टम (एमबीबीएस) की डिग्री प्रदान की गई। उन्होंने फिलिपींस के दवाओ मेडिकल स्कूल ऑफ फाउंडेशन में अध्ययन करते हुए लगन और निष्ठा से कड़ी मेहनत की और एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करने में सफलता हासिल की। विशेष चाइल्ड अपनी बहन अपराजिता (सिम्मी) को देखते हुए, उन्होंने इस तरह के विशेष बच्चो के इलाज के लिए डॉक्टर बनने का सपना देखा और बचपन में ही डॉक्टर बनने का संकल्प लिया जिससे इस तरह के विशेष बच्चो का वो इलाज कर सके, और अपनी बहन के प्रति आदर सम्मान वक्त कर सके। उन्होंने भविष्य में विशेष बच्चो का निशुल्क इलाज करने का संकल्प लिया है। डॉ. अभिनव हर्ष सिंह और डॉ. अभिलाष यश सिंह ने विपरीत परिस्थितियो में भी हिम्मत नही हारी और अपनी काबिलियत से यह मुकाम हासिल किया, और अपने माता पिता का सर गर्व से ऊंचा कर दिया। बस्तर अंचल के लिए यह गौरव और हर्ष की बात है कि अंचल के दो होनहार छात्रों ने अन्य देश फिलिपींस में अध्ययन करते हुए एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की है। उनकी सफलता पर माता-पिता, शुभचिंतकों, मित्रों, परिवारजनों व स्टाफ के समस्त लोगो ने बधाई व शुभकामनाएं दी है। गौरतलब है कि डॉ. आनंद सिंह और डॉ. गीता सिंह अपने मूल कार्यों के साथ साथ शिक्षा व समाज सेवा के कार्यों में हमेशा सक्रिय रहते हैं। साथ ही सिंह दंपत्ति छत्तीसगढ़ राज्य के सर्वाधिक पढ़े लिखे व डिग्री प्राप्त दंपत्तियो में शामिल हैं। अपने माता-पिता से प्रेरित होकर उनके पदचिन्हों पर चलते हुए डॉ. अभिनव हर्ष सिंह और डॉ. अभिलाष यश सिंह ने यह उपलब्धि हासिल की है।

# ईद मिलाद उन नबी का पर्व मनाया गया



**पलारी,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। नगर में मुस्लिम समाज के द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मदिन ईद मिलाद उन नबी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मुबारक मौके पर सुबह फजर के नमाज के बाद युवकों द्वारा नगर में बाइक रैली निकाली गई। दोपहर में तकरीर का कार्यक्रम रखा गया था। जहां मौलाना गुलजार के द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब की शान में उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। जहां काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल थे। शाम असर नमाज के बाद नगर स्थित बरकाती मस्जिद मे परचम कुशाई कर सालातो सलाम पेश कर नगर सहित देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। उसके बाद डी जे के साथ मस्जिद से जुलुस निकाला गया जो नगर का गस्त करते हुए मजार शरीफ में समाप्त हुई। तत्पश्चात रात्रि में आम लंगर का प्रोग्राम रखा गया था। जहां लोगो ने हिस्सा लिया। ईद के मुबारक मौके पर सभी समाज के लोगो ने बधाई संदेश प्रेषित कर शुभकामनाए दी। कार्यक्रम को सफल बनाने मुस्लिम समाज के लोग शामिल रहे।

# मंत्री डॉ. डहरिया की अनुशंसा से स्कूल भवन व आंगनबाड़ी तक पहुंच मार्ग हेतु 100.15 लाख की मिली स्वीकृति

**आरंग,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र आरंग के स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के द्वारा क्षेत्रीय विधायक व केबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया से जनसंपर्क एंव जनदर्शन के माध्यम से पहुंच मार्ग (सी.सी. रोड़) निर्माण की मांग की गई थी। जिस पर नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की अनुशंसा एवं प्रयासों से लोक निर्माण विभाग के द्वारा आरंग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजनांतर्गत पहुंच मार्ग निर्माण हेतु एक करोड़ 15 हजार रूपयें की प्राशासकीय स्वीकृति मिली है। जिसमें ग्राम बनरसी में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कुल तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 231मीटर हेतु 15.52 लाख, चिखली में शासकीय हाई स्कूल तक पहुंच मार्ग निर्माण लम्बाई 173 मीटर हेतु 11.72 लाख, तुलसी में शासकीय हाई स्कूल तक पहुंच मार्ग निर्माण, लम्बाई 230 मीटर हेतु 15.51 लाख, भैंसा में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 252मीटर हेतु 15.51 लाख, देवरतिल्दा में शासकीय हाई स्कूल तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 140 मीटर हेतु 9.40 लाख, परसवानी (घोरभट्टी) में आंगनबाड़ी भवन केन्द्र क्र.01 तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 41 मीटर हेतु 4.90 लाख, एवं आंगनबाड़ी भवन केन्द्र क्र.02 तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 41मीटर हेतु 4.20 लाख, कोसरंगी में आंगनबाड़ी भवन केन्द्र क्र. 04 तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 41 मीटर हेतु 3.33 लाख, कुसमुंद में आंगनबाड़ी भवन तक पहुंच मार्ग लम्बाई 167 मीटर हेतु 11.24 लाख, तथा परसवानी (पंडा) में शासकीय प्राथमिक शाला भवन में पहुंच मार्ग, लम्बाई 130 मीटर हेतु 8.82 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है। उक्त निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने हर्ष के साथ मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के प्रति आभार व्यक्त किये हैं। जिसमें प्रमुख रूप से खिलेश्वर देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, हेमलता डुमेन्द्र साहू उपाध्यक्ष जनपद ज.पं. आरंग, खेदूराम (धोनी) डहरिया जनपद सदस्य, योगेन्द्र साहू जनपद सदस्य, संजय चेलक जनपद सदस्य, कोमल सिंह साहू अध्यक्ष ब्लाल कांग्रेस कमेटी आरंग, मोहन साहू उपाध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग, खेलूराम साहू सरपंच बनरसी, जयकांत वर्मा सरपंच चिखली, कुमारीबाई परदेश साहू सरपंच तुलसी, डुगेश्वर साहू सरपंच भैंसा, ईश्वर साहू सरपंच देवरतिल्दा, सतंराम बर्मन सरपंच परवानी (घोरभट्ठी), रामेश्वरी हरेन्द्र साहू सरपंच कोसरंगी, नंदू साहू पूर्व सरपंच कुसमुंद हैं।



# बिलासपुर के कोनी में सनातनधर्म धर्माचार्य सम्मेलन संपन्न



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। 24 सितंबर को बिलासपुर के कोनी में आयोजित सनातन हिंदू धर्माचार्य सम्मेलन में कसडोल सनातन धर्म सेवा संस्थान के अध्यक्ष भागवताचार्य सुनील तिवारी के नेतृत्व में शामिल होकर संतो से भेंट कर आशीर्वाद लिए। ज्ञात हो कि 24 सितंबर को बिलासपुर के कोनी में सनातन धर्म धर्माचार्य सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमे प्रदेश भर के अलावा अन्य प्रांतों से साधु संत सहित हिंदू धर्म के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए थे। वहीं कसडोल से भी हिंदू धर्म के लोग जाकर शामिल हुए एवं वहा विशेष रूप से पहुंचे आचार्य श्री अविचल दास जी महराज अध्यक्ष अखिल भारतीय संत समिति एवम स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती जी महराज राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय संत समिति का आशीर्वाद प्राप्त किए।

## आओ एक दीप जलाएं मतदान की अलख जगाएं



**धमतरी,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। धमतरी जिला निर्वाचन विभाग द्वारा लगातार नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने में अभियान चला कर जागरूक किया जा रहा जिसके तहत 3 अक्टूबर को स्वीप दीपदान कार्यक्रम रुद्री घाट में शाम 6 बजे आयोजित किया जा रहा जिसमे जिला निर्वाचन आइकन आरु साहू द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने दीप दान कर मतदाताओं को मतदान के लिए आह्वान किया,साथ ही अधिक से अधिक नागरिकों से कार्यक्रम स्थल पहुंचकर दीप दान के साथ मतदान करने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने जिला में चल रहे मतदान और निर्वाचन संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। साथ ही जिला धमतरी में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य प्राप्ति की अपील भी सबसे की गई।

## सातवां प्रांतीय सम्मेलन में हिस्सा लिए जिले के साहित्यकार

**भाटापारा,** 28 सितंबर। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल रायपुर में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के समन्वयक अजय साहू की अगुवाई में जिले से16 साहित्यकारों ने हिस्सा लिया। 8 सत्रों में आयोजित इस प्रांतीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों से लगभग 500 साहित्यकार सम्मिलित हुए। इस गरिमामयी कार्यक्रम में नगर के साहित्यकार अजय च्अमृतांशुज्ञ वक्ता के रूप में शामिल हुए। च्छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य में नवाचारज्ञ विषय पर उन्होने अपने सारगर्भित विचार रखे। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डॉ अनिल भतपहरी एवं कुलपति डॉ. केशरीलाल वर्मा के द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

# जनसंख्या नियंत्रण के लिए जागरूकता अभियान

**दंतेवाड़ा,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। देश की बढ़ती जनसंख्या एक बड़ी समस्या के रूप में आ रही है। सरकार लगातार परिवार नियोजन को लेकर जागरूकता अभियान चलाती रहती है। इसलिए हर साल 26 सितंबर को विश्व गर्भनिरोधक दिवस मनाया जाता है। यह दिन गर्भनिरोधक के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के बारे में है। वैवाहिक जोड़ों को यह आजादी होती है कि वे कब पेरेंट्स बनना चाहते हैं। इसके लिए महिलाओं का जागरूक होना जरूरी है, कि वे अनप्लांड प्रेगनेंसी से कैसे बच सकती हैं। परिवार नियोजन के अलावा गर्भनिरोधक एचआईवी एड्स और अन्य यौन संक्रमणों से भी रोकता है। प्रेगनेंसी को रोकने के लिए गर्भनिरोधक का प्रयोग किया जाता है। कंडोम, बर्थ कंट्रोल पिल, आईयूसीडी जैसे कॉपर टी और इंजेक्टेबल गर्भनिरोधक कुछ गर्भनिरोधक हैं।



- स्वास्थ्य केंद्रों में मनाया गया विश्व गर्भनिरोधक दिवस
- ग्राम पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य कर्मियों ने दी अहम जानकारी

दंतेवाड़ा के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया एवं परिवार नियोजन के अलावा, गर्भनिरोधक एचआईवी एड्स और अन्य संक्रमणों के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं एवं पर निवासियों को गर्भनिरोधक साधनों को अपनाकर महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है, दंपत्तियों जोड़ों को दो बच्चो के बीच कितना अंतराल होना चाहिए, वे कब अपना परिवार शुरू कर सकते हैं, ताकि मां और बच्चों की डेथ रेट कम हो सके और शादी के बाद अनप्लांड प्रेग्नेंसी को भी रोक पाएं। गर्भ निरोधक के प्रकार एवं गर्भनिरोधक के यूज से मैटरनल डेथ, बच्चों के डेथ रेट और अनएक्सपेक्टेड प्रेग्नेंसी और गर्भपात कम हो सके इस बारे में भी जानकारी दी गई। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत चितालंका, नेटापुर, मेटापल 1, कोरलापाल, गुमड़ा, गढ़मीरी, रेंगनार, कोडेनार, हितावर, के स्वास्थ्य एवं आंगनवाड़ी केंद्र में भी विश्व गर्भनिरोधक दिवस का विशेष आयोजन किया गया, जिसमे ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच, वार्ड पंच, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# किंचित मात्र भी नहीं रखना ही आकिंचन्य धर्म है : पं. धन प्रसाद

**बलौदाबाजार,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। दसलक्षण पर्व का नौवां दिन उत्तम आकिंचन का दिन कहलाता है। आत्मा में अतरंग और बहिरंग परिग्रह का अभाव ही आकिंचन्य है। आत्मा के स्वयं के गुणो के अलावा संसार की कोई भी वस्तु अपनी नहीं होती है। वह संसार में मोहवश अपनाता है। पदार्थो के मोह से मुक्त आत्म स्वरूप ही आकिंचन्य धर्म है। जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन का कहना है कि आकिंचन्य धर्म हमें मोह को त्याग करना सीखना है। सांसारिक जीवन में यह कठिन है पर यह जैन धर्म ही है जो मोह को त्यागना, तप, त्याग का रास्ता दिखलाता है।



समाज के सचिव अमित जैन ने कहा कि मेरे सुख-दुख का कारण मैं स्वयं ही हूं यही आकिंचन्य भाव है। आज मंदिर जी में श्री जी की शांति धारा करने का सौभाग्य बाबूलाल जी अजेश, बृजेश जैन को प्राप्त हुआ। पूर्व की तरह मंत्र उच्चारण का कार्य सांगानेर वाले भैया जी एवं पंडित धन प्रसाद जी ने पूर्ण किया। आज पंडित धन प्रसाद जी ने बधाई गीत और आरती भजन करवा कर मंदिर जी में भक्तिमय वातावरण बनाए रखा। आज मंदिर जी में उपस्थित जनों में संरक्षक इंद्र कुमार जी, महावीर जी, पदमचंद जी, बाबूलाल जी, विनोद जैन, ऋषभ जैन, लेखचंद जैन, मनोज जैन, प्रवीण जैन, अखिलेश जैन, जितेंद्र जैन, संजय जैन (श्री सीमेंट वाले) आदि जैन, आयुष जैन, रचित जैन बड़ी संख्या में नवयुवक और महिलाओं में अध्यक्ष सुमन जैन, बिना जैन साधना जैन, ममता जैन, तारा जैन, अंजू जैन, रंजना जैन, मनाली जैन, शोभा जैन, मनोरमा देवी जैन, विमला देवी जैन, निर्मला देवी जैन, बड़ी संख्या में बच्चे महिलाएं उपस्थित थी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों...

करने में रूचि दिखाने पर कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने जिला प्रशासन, पशुपालन विभाग के माध्यम से सहायता प्रदान करने की बात कही। वहीं किसानों को भी समूह बनाकर मछली पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम के पटेल, किसान मित्र, जनप्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केंद्र के वाहन चालक ज्योतिष कुमार पोटला, परमेश सिंह सोरी सहित तकरीबन पचास कृषकगण उपस्थित थे।

### हिंदूओं से अभद्र पूर्ण व्यवहार...

होमेश राठौर,जिला सह संयोजक खीरेंद्र दास, जिला गौ रक्षा प्रमुख मुन्ना कोरी,नगर अध्यक्ष विवेक शुक्ला, नगर सह मंत्री गौरव ठाकुर,नगर प्रचार प्रसार प्रमुख सुमित गुप्ता,नगर सह संयोजक भवानी चौहान, नगर गौ रक्षा प्रमुख योगेश ठाकुर,नगर साप्ताहिक मिलन प्रमुख सन्नी रेली,नगर प्रचार प्रसार प्रमुख कार्तिक नाग,शिवांग,अंशु,पवन व विहीप बजरंगदल के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### सरस्वती शिशु मंदिर दरमा...

सके। इस अभियान को लेकर स्कूल के विद्यार्थियों, स्थानीय ग्रामीणों एवं बल के सदस्यों में अत्यधिक उत्साह एवं ऊर्जा का महसूस किया गया।

भविष्य में भी जी/ 241 बटा बस्तरिया के रि पु बल दरमा द्वारा में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर आम जनमानस को अधिक से अधिक लाभ पहुँचाने में सदैव उचित योगदान दिया जाता रहेगा।

### स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत नगर...

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नीचे दिए गए लिंक में 25 से 30 सितंबर बीच अपना रेजिस्ट्रेशन अवश्य कर लेवे। जो भी गणमान्य,छात्र/छात्रा,आदि भाग लेना चाहते हो वे 30 सितंबर की शाम 6ः00 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करे। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम,द्वितीय व तृतिय पुरुस्कार विजेता को 2 अक्टूबर को सम्मानित किया जायेगा ,विशेष उपहार भी दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने वालों को वरिष्ठ पार्षद योगेश पांडेय से मोबाइल न. 9171352548 और कार्यक्रम सहयोगी रूपेश बिजोरा से मोबाइल न. 9770577800 पर संपर्क कर सकते है।

# तीस लाख की लागत के हाई मास्ट लाइट का भूमिपूजन किया आनंद पवार ने

**धमतरी,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। युवा नेता आनंद पवार ने आज विभिन्न स्थानों पर ग्राम मुजगहन के सायफन पारा, नाचन पारा, खरतुली के पानी टँकी बजरंग मंदिर पास, पुराने गौठान के पास, अमरेश्वर मंदिर परिसर पोटियाडीह में हाई लाइट मस्ट का भूमिपूजन किया। आनंद पवार ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार में भूपेश बघेल एवं राज्य अक्षय ऊर्जा विकास समिति अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार जी के सहयोग से धमतरी में क्रेडा से संबंधित सभी योजनाएं लाने का सफल कार्य किया गया है और वे सफल भी हुए हैं। उन्होंने कहा कि सोलर हाई मास्क लाइट स्थापित होने से शहर और गांव रोशन होगा जिससे रात्रि के समय आवागमन करने वाले यात्रियों को भी इसका लाभ प्राप्त होगा । सोलर लाइट से प्रकाश होने से बिजली की बचत होगी। वहीं, अक्षय ऊर्जा के विस्तार के क्षेत्र में अच्छी पहल है। इसके माध्यम से सूर्य के प्रकाश से ऊर्जा एकत्रित होकर इसका उपयोग प्रकाश के लिए होगा।



ग्राम पोटियाडीह, मुजगहन और खरतुली के चौक जगमगाएंगे

इस अवसर पर आनंद पवार के साथ, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विक्रान्त पवार, पूर्व जिलाध्यक्ष गुरुगोपाल गोस्वामी, ज्ञानेश्वर चौहान, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष एवं ग्राम मुजगहन के सरपँच चंद्रशेखर साहू, उपसरपंच लखनलाल सिन्हा, पूर्व सरपँच रिखीराम साहू, पूर्व उपसरपंच होमेश्वर साहू, पंचगण बलराम साहू, डोमेश्वर साहू, डोमार सिंग, ईश्वर सेन, मुरारी सिन्हा, श्रीमती छुन्नी गोस्वामी, विशाखा अग्रवाल, कुंती साहू, कलीन्द्रि, लक्ष्मीनारायण साहू, उत्तम साहू, खरतुली से सरपँच दिनेश सिन्हा,उपसरपंच सुरेश सिन्हा, पंच भूपत साहू, सोहन साहू, रोहित सिन्हा, चैत साहू, कुणाल साहू, मनहरण साहू, भुवन विश्कर्मा, धनन्जय साहू, जानकी साहू, सोहागिन साहू, लता सिन्हा, पार्वती सिन्हा, धनेश्वरी साहू, पूर्णिमा साहू, सरोजनी सेन, प्रमिला साहू, तामेश्वरी साहू, ललिता उइके, दीपिका सिन्हा, ग्राम पोटियाडीह में सरपँच सीताराम ध्रुव, उपसरपंच जितेंद्र यादव, पंचगण बिसाहू राम साहू, खि़लेस्वर साहू, बिसाहू साहू, मोहन सिन्हा, चंद्रकांत देवांगन, महेंद्र देवांगन, शिवशंकर साहू, युवा कांग्रेस महासचिव विक्रम साहू, राजीव युवा मितान अध्यक्ष अंकुर पूरी गोस्वामी, अभिषेक गोस्वामी, परितोष देवांगन, श्रीलोचन साहू, सुखदेव यादव आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शा प्रा शाला धमनी प्रांगण में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम मनाया गया



**पलारी** 28 सितंबर (देशबन्धु) शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्य. शाला, हाई स्कूल के सभी स्कूल परिवार के सौजन्य से मेरा माटी मेरा देश पर विशेष दीप प्रज्वलित और हाथो में माटी लेकर शपथ दिलाया गया एवं गांव के किसान एवं खेतिहार भूईया का जो माटी में दिन रात करके देश विदेश को धान और कई प्रकार के फसल ऊगा कर हमारे देश को चावल दाल व कई प्रकार के खाद्य पदार्थ हमें प्रदान करता है देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले किसान भाइयो को संम्मानित किया गया और बच्चो को भी इस माटी के महत्व उपयोग और फायदा बताया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि हृदयाल पैकरा उप सरपंच मिनेन्द्र यादव, जनपद प्रतिनिधि बिहस कलिहार मुकेश चौहान खेलावान नेताम कमलनारायण पटेल मुकेश वर्मा दयाराम ध्रुव चोवाराम नेताम खिलेश्वर पैकरा सूर्य प्रकाश श्रेय दिनेश कुमार धैर्य लेखराम पैकरा ऐश्वरिया यदु भान यदु व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सेजेस जामकोटपारा में प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु स्वामी आत्मानंद कोचिंग का शुभारंभ



## शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 12वीं के विद्यार्थी होंगे लाभान्वित

**कोण्डागांव,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। 26 सितम्बर शासकीय शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग तथा मेडिकल पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा हेतु स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जामकोटपारा कोंडागांव में आत्मानंद कोचिंग सेंटर की शुरूआत की गई।

विदित हो कि छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग की योजना के अनुसार प्रदेश के कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को 146 विकास खंड मुख्यालयों तथा 4 शहरी स्त्रोत केंद्रों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर व कोरबा में ख्याति प्राप्त कोचिंग इंस्टीट्यूट द्वारा प्री मेडिकल तथा प्री इंजीनियरिंग की बेहतर तैयारी हेतु ऑनलाईन कोचिंग दिये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कोचिंग, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से छ.ग. पाठ्य पुस्तक निगम से चयनित संस्था द्वारा प्रदान किए जाने का लक्ष्य है। शासन की इस योजना के तहत् 26 सितम्बर को आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामकोटपारा में स्वामी आत्मानंद कोचिंग शुरू की गई।

स्वामी आत्मानंद कोचिंग में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को न्यूनतम 60 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ 10 वीं उत्तीर्ण एवं संबंधित विकास खंड के शासकीय शालाओं में कक्षा 12 वीं का नियमित विद्यार्थी होना चाहिए। प्रत्येक कोचिंग सेंटर में 75 से 100 विद्यार्थियों का प्रवेश निर्धारित है। इनमें से प्री-मेडिकल हेतु अधिकतम कुल 50 तथा प्री इंजीनियरिंग हेतु अधिकतम कुल 50 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। निर्धारित संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर 10 वीं के प्राप्तांकों के मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। प्रत्येक कोचिंग केन्द्र में एक मुख्य नोडल अधिकारी तथा भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान एवं गणित विषय के लिए नोडल शिक्षकों को कर्तव्यस्थ किया जायेगा। राज्य सरकार की स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के तहत् कोंडागांव जिले के विकास खंड कोण्डागांव, केशकाल, माकड़ी, फरसगांव एवं बड़े राजपुर में संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में कोचिंग सेंटर बनाया जाकर मुख्य नोडल अधिकारी एवं नोडल शिक्षकों को चिन्हांकित कर एस.सी.ई.आर.टी.से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप कार्य किए जाने हेतु आदेश जारी कर दिए गए हैं। जब तक ऑनलाईन कोचिंग की विधिवत शुरूआत नहीं हो जाती, तब तक नोडल शिक्षकों के माध्यम से ऑफलाईन कोचिंग संचालित होते रहेंगे।

श्रीमती मधुलिका तिवारी जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव ने कहा कि नीट तथा जी परीक्षाओं की तैयारी में स्वामी आत्मानंद कोचिंग राज्य शासन की एक अभिनव पहल है, निश्चय ही इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा। आत्मानंद कोचिंग के खुल जाने से एक ओर जहां शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं दूसरी ओर उन्हें देश के ख्यातिनाम संस्थाओं में अध्यापन का कार्य करने वाले अनुभवनी शिक्षकों का लाभ घर पर ही मिल सकेगा।

# सीएम ने किया दंतेश्वरी कारीडोर का वर्चुअल लोकार्पण

**दंतेवाड़ा**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दंतेवाड़ा जिलेवासियों को 495.90 करोड़ लागत के 250 कार्यों की सौगातें दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में उक्त कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण शिलान्यास किया। इनमें लोकार्पण-106, भूमिपूजन- 144 शामिल थे।



- दंतेवाड़ा वासियों को 495.90 करोड़ के 250 कार्यों की सौगात
- आचार संहिता को देखते हुए राजधानी से ही शिलान्यास लोकार्पण

लोकार्पण एवं भूमि पूजन के कुल कार्य- 250 थे। इस वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से जिले वासियों को कई सौगातें दी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि ये वर्चुअल कार्यक्रम करने का निर्णय आने वाले दिनों में लगने वाले आचार संहिता देखते हुए लिया गया है, ताकि आने वाले दिनों में कोई बाधा ना आये और इतने कम समय में सभी जिलों तक पहुँचना संभव नहीं है, इसलिए इस वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित कार्यों में विकासखण्ड दंतेवाड़ा अंतर्गत माँ दंतेश्वरी कॉरीडोर एवं रिवर फ्रंट लागत राशि रू 4330.916 लाख, माँ दंतेश्वरी मंदिर परिसर में ज्योति कलश भवन लागत राशि रू 801.96 लाख, एकता परिसर लागत राशि रू 430.38 लाख, हर्बल गार्डन दंतेवाड़ा लागत राशि रु 403.39 लाख, मुक्तिधाम दंतेवाड़ा लागत राशि रु 302.47 लाख, महतारी सरोवर चितालंका लागत राशि रू 195.83 लाख, आदिवासी संग्रहालय लागत राशि रू 164.37 लाख, ग्रंथालय लागत राशि रू 108.99 लाख, प्रवेश द्वार लागत राशि 96.00, माँ दंतेश्वरी हाईस्कूल मैदान निर्माण लागत राशि रु 82.01 लाख, पर्यटन सूचना केंद्र लागत राशि 261.15 लाख की सौगातें दी वही विकासखंड गीदम के अंतर्गत नागफनी मंदिर विकास लागत राशि रू 127.07 लाख, बारसूर प्रवेश द्वार लागत राशि रु 68.07 लाख, 54 स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम स्कूल का विकास लागत राशि रु 3175.17 लाख की सौगातें दी है।

विकासखंड कटेकल्याण के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बड़े लखापाल, गुमियापाल और परचेली में विद्युतीकरण लागत राशि रु 668.839 लाख, ग्रामीण अंचल मे सोलर स्ट्रीट लाईट स्थापना लागत राशि रू105.33 लाख समेत तीन कार्यों की सौगातें दी है। इस अवसर पर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर विनीत नंदनवार, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री तूलिका कर्मा, उपाध्यक्ष नगर पालिका धीरेंद्र प्रताप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन और अन्य विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जोंदरापदर में देशभक्ति गीत गायन स्पर्धा आयोजित

## रंग बिरंगी वेशभूषा में बच्चों ने निकाली रैली, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**कोण्डागांव,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान अंतर्गत प्राथमिक षाला जोंदरापदर में देश भक्ति गीत गायन स्पर्धा का आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाने के साथ ही रंग बिरंगी वेशभूषा में आकर्षण का केन्द्र बने बच्चों द्वारा रैली निकाली गई।



शहीद ए आजम भगत सिंह की 116 वीं जयंती पर मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत 28 सितंबर 2023 गुरुवार को बच्चों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवन गाथा एवं उनके योगदान से परिचित कर बच्चों में देशभक्ति राष्ट्रीय एकता और अखंडता की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में वीरों का वन्दन, माटी का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गांव से एकत्र किए मिट्टी को कलश में एकत्रित कर मिट्टी का वन्दन किया गया। देश की आजादी में योगदान देने वाले अमर शहीदों महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, छत्तीसगढ़ के पंडित सुंदरलाल शर्मा, वीर नारायण सिंह शहीद गुण्डाधुर, क्रांतिकारी भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रानी लक्ष्मीबाई आदि अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पूर्व प्रधान पाठक मधु तिवारी के नेतृत्व में रैली निकाली गई, जिसमें शहीदों की रंग बिरंगी वेशभूषा में बच्चों ने बढ़-कर कर भाग लिया। शिक्षिका ने बच्चों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के देश की आजादी में योगदान से परिचित कराया। इस अवसर पर बच्चों के लिए देशभक्ति गायन स्पर्धा का भी आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के अलावा, बच्चों के पालकगण व ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे।

# आयुष्मान भव: कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 76 यूनिट हुआ रक्तदान

**कोण्डागांव,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। आयुष्मान भव: कार्यक्रम के अंतर्गत 25 से 27 सितम्बर तक जिला कोण्डागांव मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 76 यूनिट रक्तदान किया गया। विकास खण्ड फरसगांव में 13, कोण्डागांव में 48, विश्रामपुरी मे 15 यूनिट रक्तदान किया गया। आयुष्मान भव: कार्यर्क्रम के अंतर्गत ही माकड़ी विकास खण्ड में 29 सितम्बर को तथा केशकाल विकास खण्ड में 30 सितम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी भावना महलवार ने बताया कि कलेक्टर दीपक सोनी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न विकास खण्डों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अब तक कुल 76 यूनिट रक्तदान किया गया है। इन दान किए गए रक्त के द्वारा कई जटिल बीमारियों जैसे एनिमिया, सर्जरी के समय रक्त की आवश्यकता में रक्त प्रदान कर मरीजों की जान बचाई जा सकेगी। रक्तदान समय समय पर करते रहने से रक्तदाता स्वस्थ बना रहता है एवं समय पर किसी जरुरतमंद व्यक्ति की जान भी बच सकती है। आयुषमान भव: कार्यर्क्रम के अंतर्गत ही स्वच्छता पखवाडे का आयोजन किया जा रहा है, जो 01 अक्टूबर को सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में मनाया जायेगा, जिसके अंतर्गत कोण्ड़ागांव जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में साफ सफाई का कार्य सम्पादित किया जाना है एवं ग्राम सभा आयोजित करने पर फोटो के माध्यम से संस्था में स्वच्छता पखवाड़ा हेतु किये गये साफ सफाई कार्य का प्रदर्शन भी किया जायेगा। ज्ञात हो कि आयुष्मान भव: अभियान के अंर्तगत कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.सिंह एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक भावना महलवार के निर्देशानुसार कोण्डागांव में हर गांव, हर घर तक पहुंच कर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। जिसके तहत जिले में आयुष्मान भव: कार्यक्रम अंतर्गत एक सप्ताह पूर्ण होने पर जिला के 195 केन्द्रों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा चुका है। इन मेलों के द्वारा अब तक सभी विकास खण्डों में मेले का आयोजन कर 4000 से अधिक मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया है। विगत सप्ताह में विकास खण्डों में मेले के आयोजन के द्वारा कुल 29 आयुष्मान कार्ड का निर्माण भी कराया गया है। इन कार्डों के द्वारा कार्ड धारी व्यक्ति निजी अस्पतालों में अपना ईलाज एपीएल कार्डधारी 50,000 एवं बीपीएल कार्ड धारी 5 लाख रूपये तक अपना इलाज करा सकते हैं।



# दंतेश्वरी मंदिर में ज्योति कलश के लिए ऑन लाईन बुकिंग

**दंतेवाड़ा**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। माँ दंतेश्वरी शक्तिपीठ दंतेवाड़ा की वेबसाइट पर अब भक्तजन इस वेबसाइट के जरिए न सिर्फ ज्योति कलश प्रज्वलित कराने घर बैठे ऑनलाइन बुकिंग करवा सकेंगे, बल्कि भंडारा शुल्क व दान राशि का भुगतान भी कर पाएंगे। इसके अलावा मन्दिर के ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही मंदिर में होने वाली दैनिक आरती व अन्य अनुष्ठानों का शेड्यूल भी उपलब्ध करवा दिया गया है। मां दंतेश्वरी मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट मांदंतेश्वरी डॉट इन में ऑन लाईन सर्विस के अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं में रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।



# सर्व पिछड़ा वर्ग समाज भवन निर्माण हेतु 2 करोड़ राशि देने की मुख्यमंत्री ने की घोषणा

**कोण्डागांव**, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। सर्व पिछड़ावर्ग समाज के भवन निर्माण हेतु 2 करोड़ राशि देने की मुख्य मंत्री द्वारा घोषणा किए जाने पर सर्व पिछड़ावर्ग समाज द्वारा भूपेश बघेल का आभार जताए जाने तथा कोंडागांव में सब्जी मंडी खुलने को मरार समाज के लिए गौरव की बात बताते हुए सर्व पिछड़ा वर्ग समाज कोंडागांव जिला अध्यक्ष एवं मरार पटेल समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष रितेश पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्य मंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया है। ज्ञात हो कि सर्व पिछड़ावर्ग समाज जिला कोंडागांव द्वारा मुख्य मंत्री कार्यक्रम में मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के समक्ष कोंडागांव जिला मुख्यालय मे सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के भवन निर्माण हेतु 2 करोड़ रुपए राशि की मांग की थी, जिसे मुख्य मंत्री भूपेश बघेल ने त्वरित रूप से स्वीकृति प्रदान करते हुए 2 करोड़ रुपए राशि प्रदान करने की घोषणा की है। पिछड़ा वर्ग समाज को भवन मिलना समाज की बड़ी उपलब्धि है, सामाजिक संगठन को बनाये रखने में सामाजिक भवन का होना बहुत जरूरी है। मुख्य मंत्री भूपेश बघेल ने सभी समाज का अपना खुद का एक भवन हो, की सोच रखते एवं सभी समाज का सम्मान करते हुए भवन देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। रितेश पटेल ने आगे बताया कि कोंडागांव में सब्जी मंडी खोलने मरार समाज की लम्बे समय से मांग रही है, मुख्य मंत्री भूपेश बघेल ने मरार समाज की मांग पर मुहर लगाते हुए सब्जी मंडी खोले जाने की घोषणा किया। सब्जी मंडी खुलने से मरार समाज के साथ साथ सभी सब्जी उत्पादक किसानों को इसका लाभ मिलेगा। कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम के प्रयासों से यह दोनों कार्य की स्वीकृति मिली है, भविष्य में भी समाज हित मे कार्य की उम्मीद के साथ मोहन मरकाम एवं भूपेश बघेल का समाज तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित करती है।



**भूपेश का जताया आभार सर्व पिछड़ावर्ग समाज ने**

# बारसूर में युगल गणेश की महाआरती

## शक्ति कलश के साथ निकली भव्य शोभा यात्रा



**दंतेवाड़ा,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। पर्यटन और धार्मिक नगरी बारसूर में गणेशोत्सव के अवसर पर जिले भर से श्रद्धालु दिव्य जीवन संघ गुमरगुंडा एवं गायत्री परिवार के सदस्य एकत्र हुए। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े गणेश जी की महाआरती हुई एवं प्रसाद वितरण किया गया। इसके पश्चात् गायत्री परिवार के शांतिकुंज हरिद्वार से आई शक्तिकलश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ज्ञात हो कि आगामी वर्ष में 2 से 5 फरवरी तक गायत्री परिवार द्वारा दंतेवाड़ा में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। इस निमित्त शांतिकुंज हरिद्वार से शक्तिकलश यहाँ पहुँच चुके हैं, एवं जिले के मुख्य ग्रामों, नगरों में अगले चार महीने तक शक्तिकलश शोभायात्रा धर्म जागरण हेतु निकाली जाएगी। इस अवसर पर दिव्य जीवन संघ गुमरगुंडा से स्वामी विशुद्धानन्द सरस्वती, राजाराम वट्टी, गायत्री परिवार से प्रमोद अटामी, देवचंद नाग, बीजेपी से चैतराम अटामी, बैसु मण्डावी, नपा अध्यक्ष उमेश्वर पुजारी सहित जगत पुजारी, बद्रीनाथ पुजारी, भुवनेश्वर, अनिल प्रधान, राजेश नाग, हेमकुमार पांडे, रामकृष्ण रेड्डी, प्रवीण नाग एवं हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# माधव सेवा समिति ने गणपति पूजन समितियों को दिया पुरस्कार



**बचेली,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। नगर में पांच स्थानों पर भव्य गणपति पूजन पंडाल स्थापित हैं जहां धूमधाम से गणपति पूजन किया जा रहा हैं। इन विशालकाय पंडालो में हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन पहूंच रहे हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 40 छोटे-छोटे पंडाल भी हैं जहां भक्ति भाव से गणपति पूजन सम्पन्न हो रहा हैं। आर्थिक रूप से संपन्न न होने के पश्चात भी इन पंडालों में गणपति पूजन निरंतर गतिमान हैं। यथाशक्ति गणपति पूजन सम्पन्न हो रहा हैं। ऐसे ही गणपति पूजन समीतीयों को प्रोत्साहित करने हेतू। माधव सेवा समिति नें स्मृति चिन्ह भेंट कर भविष्य में पूजन में सहयोग का आस्वाशन दिया। मानव सेवा ही माधव सेवा हैं। इसी विचार को लेकर चलने वाले यूवाओं के समूह नें विभिन्न गणेश पंडालों में जाकर समितियों को पुरस्कृत किया। समिति के सज्जन दिवान नें कहा की मुर्तियां एवं पंडाल भले ही छोटे दिखें परंतु यहां भक्ति भाव से परिपूर्ण विधि-विधान से पूजन सम्पन्न हो रहे हैं। ऐसे पंडालों का सहयोग आवश्यक हैं। रितेश गुप्ता, आर वेंकट रमन्ना, अश्वनी कुमार सिंह, नवीन कुमार गर्ग, अनीश कुमार श्रीनिवास , सज्जन दीवान,संतोष राव, हरीश शर्मा, प्रकाश शर्मा, संजय कुमार मंडल आदि उपस्थित रहे।

# न्याय सदन में पैनल अधिवक्ताओं की मासिक बैठक आयोजित



**कोण्डागांव,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला न्यायालय परिसर के न्याय सदन में पैनल अधिवक्ताओं का मासिक बैठक आयोजित किया गया। 27 सितम्बर 2023 को जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में एवं श्रीमती अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के कुशल नेतृत्व में जिला न्यायालय परिसर के न्याय सदन में पैनल अधिवक्तागण के साथ मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सचिव के द्वारा पैनल अधिवक्ताओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता के माध्यम से दिए गए, प्रकरणों के संबंध में अवलोकन किया गया और उक्त प्रकरणों से संबंधित किसी प्रकार की समस्या होने से प्राधिकरण को अवगत कराने के संबंध में चर्चा किया गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डागांव, सारंगधर कौशिक, संजय शार्दुल, दीपक ठाकुर, प्रशांत दत्ता, नरेश नाईक, मदन हलधर पैनल अधिवक्तागण उपस्थित थे।

# रासेयो स्थापना दिवस पर अनुभाग स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**भानुप्रतापपुर**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर अनुभाग स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया! भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल विकासखंड के समस्त कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा एक साथ ध्वजारोहण कर कार्यक्रम के प्रथम सत्र (सांस्कृतिक प्रस्तुति) का शुभारंभ किया गया! विद्यालय स्तर पर आयोजित सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा में हाटकोंदल, भानुप्रतापपुर और साल्हे इकाई को क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया!



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. डीएल पटेल (कार्यक्रम समन्वयक शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर द्वितीय सत्र का शुभारंभ किया गया! महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी एवं कांकेर जिला संगठक रितेश कुमार नाग द्वारा स्वागत उद्बोधन में संयुक्त आयोजन के उद्देश्यों से समस्त अतिथियों को अवगत कराया गया! विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो ने बेहतर जीवन के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों को जीवनशैली में शामिल करने का सुझाव दिया! कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी प्राचार्य श्यामानंद डेहरिया ने बताया कि यदि हम नियमित गतिविधियों का सही तरीके से क्रियान्वयन करें, तो साप्ताहिक विशेष शिविर का आयोजन आसान हो जाता है! उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों को बताते हुए अपने 30 वर्षों के अनुभव भी साझा किए! मुख्य अतिथि डॉ डीएल पटेल द्वारा कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयंसेवकों को मोटिवेट करते हुए प्रत्येक कार्यों के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने की सलाह दी! प्रत्येक गतिविधियों के प्रतिवेदन समयावधि में प्रेषित करने और सुव्यवस्थित दस्तावेजीकरण हेतु निर्देशित किया! स्वयंसेवकों से आपसी संवाद करते हुए उनके कार्यों की सराहना की! स्थापना दिवस पर संयुक्त आयोजन के प्रयास के लिए भानुप्रतापपुर महाविद्यालय को बधाई एवं शुभकामनाएं भी प्रेषित किया! मुख्य अतिथि द्वारा सभी सहभागी कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विकासखंड से भागीरथी नायक (कार्यक्रम अधिकारी सेजेस भानुप्रतापपुर), प्रवीण सिन्हा (कार्यक्रम अधिकारी सेजेस संबलपुर) सहदेव साहू (कार्यक्रम अधिकारी साल्हे), जनकराम कोमरा (कार्यक्रम अधिकारी कोरर), बलीराम उइके (कार्यक्रम अधिकारी भानबेड़ा), हुमनलाल कोमरे (कार्यक्रम अधिकारी आसुलखार), लकेश साहू (कार्यक्रम अधिकारी भीरागांव), रोमन लाल रावटे (कार्यक्रम अधिकारी घोठा) तथा दुर्गूकोंदल विकासखंड से गोविन्द मंडावी (कार्यक्रम अधिकारी महाविद्यालय दुर्गूकोंदल), शोभित राम पाल (कार्यक्रम अधिकारी हाटकोंदल), अजय कुमार रावटे (कार्यक्रम अधिकारी आमाकड़ा) तथा स्वयंसेवक उपस्थित हुए! मंच संचालन योगेश यादव (अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष) द्वारा किया गया! कार्यक्रम के सफल आयोजन में टुपेश कोसमा (सहायक कार्यक्रम अधिकारी), राजकुमार कुलदीप (महादलनायक), अमृत कुमेटी, अंजू पुरामे, चंदना रॉय, अवनी श्रीवास्तव, तनवीर सेमले, अजय उसेण्डी, राहुल नेताम आदि स्वयंसेवकों तथा महाविद्यालय स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही!

# पंचायतों को सशक्त बनाने युवोदय कोंडानार चैम्प्स स्वयंसेवकों को मिला प्रशिक्षण



**कोण्डागांव,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिला कोण्डागांव में 'सतरंगी सूत्र' के आधार पर युवोदय कोडानार चैम्प्स स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशों के अनुसार ग्राम पंचायतों के विभिन्न विकास विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है, जिसके तहत आकांक्षी जनपद पंचायत माकड़ी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग सिन्हा के नेतृत्व में युवोदय कोंडानार चैम्प्स स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत हुक्काबेड़ा पाथरी और मारागांव में गंदगी मुक्त पंचायत, मलेरिया मुक्त पंचायत, एनीमिया मुक्त पंचायत, कुपोषण मुक्त पंचायत, शत प्रतिशत शिक्षित पंचायत, शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण के क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया। जिसमें उपस्थित लोगों के साथ इन विषयों पर चर्चा की गई और ग्राम पंचायत के लगभग 453 सदस्यों ने इन विषयों को लेकर संकल्प भी लिया। इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच, उप सरपंच, पंचगण, ग्राम पंचायत सचिव, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, बिहान स्वसहायता समूह की महिलाएं, युवा, यूनिसेफ के जिला एवं ब्लॉक समन्वयक भी उपस्थित रहे हैं। यह कार्यक्रम आकांक्षी जिला को ग्राम पंचायतों के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने का सशक्त प्रयास है और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने का भी माध्यम है।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

घोंचू ने अपने दोस्त पोंचू से कहा- मैं अपनी बीवी की वजह से एक दिन नरक में जाऊंगा, हर दिन झूठ जो बोलना पड़ता है।
पोंचू ने हैरान होकर पूछा- ऐसा क्यों है मेरे भाई?
**घोंचू-** रोज सुबह-शाम सजने-संवरने के मेरी बीवी पूछती है कि मैं कैसी लग रही हूं।

संपादकीय

## महिला यात्रियों की सुरक्षा का बड़ा निर्णय

*छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत सभी तरह के यात्री वाहनों में पैनिक बटन और जीपीएस लगाना अनिवार्य कर दिया जा रहा है। यात्रा के दौरान किसी भी तरह के संकट में कोई भी यात्री पैनिक बटन दबाकर अन्य लोगों का ध्यान आकृष्ट कर सकता है ताकि उसे तत्काल मदद मिल सके। महिलाओं के लिये यह विशेष लाभकारी होगा और उन्हीं की सुरक्षा की दृष्टि से यह लगाने का निर्णय भी लिया गया है। जीपीएस द्वारा यात्री वाहनों की लोकेशन को ट्रेस करना आसान हो जायेगा। उम्मीद है कि इससे राज्य के भीतर किसी भी तरह के यात्री वाहनों में यात्रा करने वाली महिलाएं पहले के बनिस्बत अधिक सुरक्षित हो जायेंगी।*

*बुधवार को छग सरकार ने जो अनेक फैसले लिये उनमें से एक यह भी है। इस निर्णय का उद्देश्य महिलाओं की हर तरह की सड़क यात्राओं को निरापद बनाना है। अक्सर देखा जाता है कि औरतों को किसी भी तरह के वाहनों से यात्राओं के दौरान अनेक तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इनमें सबसे ज्यादा यौन उत्पीड़न के मामले होते हैं। अकेली महिलाएं मनचलों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का शिकार बनती हैं। उनके साथ छेड़छाड़ से लेकर बलात्कार तक की घटनाएं होती हैं। अकेली महिलाएं असहाय होती हैं। यह भी देखा जाता है कि उनकी मदद के लिये कोई भी सामने नहीं आता। कई बार इसका एक कारण यह भी होता है कि उनकी मदद की गुहार सुनने वाला कोई होता भी नहीं। पैनिक बटन से लोगों का ध्यान खींचा जा सकेगा और पुलिस तक भी इसका एलर्ट पहुंचेगा। इससे महिलाओं की हिम्मत बंधेगी और सम्भव है कि उन्हें संकटों से निकालने के लिये तत्काल आमजन में से कोई सामने आ जाये। पुलिस को सूचना मिलने पर वह भी तुरन्त पहुंच सकेगी।*

*जीपीएस लगाना भी बहुत कारगर साबित होगा। अपराध की सूचना मिलने के बावजूद अपराध स्थल तक पहुंचना या अपराधी को ट्रेस कर पाना मुश्किल हो जाता है। हो भी जाये तो उस तक पहुंचने में समय लगता है। अब हर यात्री वाहनों में जीपीएस लगने से उसका लोकेशन उपलब्ध रहेगा। इससे पुलिस को न्यूनतम समय में पहुंचने में मदद मिलेगी। वैसे भी जब वाहन चालकों, सहचालकों और यहां तक कि अन्य यात्रियों को इस बात का पता रहता है कि वाहन में पैनिक बटन और जीपीएस लगे हैं तो अपराधियों का हौसला टूट जाता है और वे किसी भी तरह का अपराध करने से बचते हैं। इन दो उपकरणों से महिलाएं तो सुरक्षित होंगी ही, अन्य यात्री भी लाभान्वित होंगे। बच्चे, बुजुर्ग भी इससे सुरक्षित महसूस करेंगे। किसी भी सभ्य समाज की प्रमुख पहचान यही होती है कि उसमें कमजोर वर्ग पूर्णतः सुरक्षित हों।*







# राजधानी में पहले दिन 2000 प्रतिमाओं का विसर्जन

## बप्पा की विदाई : 30 सितम्बर को निकलेगी झांकियां

**रायपुर**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर में बप्पा की विदाई का सिलसिला शुरू हो गया है। राजधानी के खारुन तट में बने विसर्जन कुंड में गुरुवार को छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। यहां निगम और पुलिस प्रशासन ने खास तैयारी की है। बड़ी मूर्तियों के विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई है। पहले दिन गुरुवार को 2000 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। ग्यारह दिनों तक भगवान की सेवा कर रहे भक्त बैंड.बाजे के साथ गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाते हुए पहुंचे। कुंड के पास विसर्जन आरती की भी व्यवस्था की गई है जहां भक्तों ने आखरी आरती के बाद अगले साल फिर आने की उम्मीद के साथ बप्पा को नम आंखों से विदाई दी।

**नाविकों को दी गई विसर्जन की जिम्मेदारी**

विसर्जन कुंड में महादेव घाट के नाविकों को मूर्तियों के विसर्जन की जिम्मेदारी दी गई है। घाट में नाव चलाने वाले सुरेन्द्र ने बताया कि नगर निगम के कर्मचारियों के साथ नाविकों ने भी यहां विसर्जन से पहले यहां साफसफाई की है और लगातार मूर्तियों के विसर्जन के लिए लगातार लोग यहां पहुंच रहे हैं। बप्पा की अंतिम आरती के बाद कुंड में प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नाविकों को ही अधिकृत किया गया है।

**शनिवार को निकलेगी झांकियां**

30 सितम्बर को राजधानी में झांकियों के निकालने की तारीख तय हो गई है। कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे ने सभी अधिकारियों को झांकी के दौरान जरूरी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। पिछले 50 सालों से शहर में झांकी निकाली जा रही है। जिसमें भगवान गणेश के साथ देवी.देवताओं मूर्तियां को सजाकर शहरभर में झांकी घुमाई जाती है।

**झांकी में 600 जवानों की तैनाती**

एडिशनल एसपी लखन पटले ने बताया किए झांकी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 600 पुलिसकर्मियों की टीम तैनात रहेगी। जिन रास्तों से झांकियां गुजरेंगी उनके आस.पास की सड़कों में बैरिकेडिंग की जाएगी। बदमाशों पर नकेल कसने के लिए पुलिस सिविल ड्रेस में तैनात रहेगी। चौक.चौराहों पर पुलिस की टीम मौजूद रहेगीए जो गाड़ियों की चेकिंग की करेगी।

**इस रूट से निकलेगी झांकियां**

इस बार शहर में ?50 से अधिक झांकियां निकाली जाएंगी। ये झांकियां शारदा चौक से रवाना होकर जय स्तंभ चौक, मालवीय रोड, सिटी कोतवाली चौक, सदर बाजार, सत्ती बजार मार्ग, कंकाली पारा चौक से होते हुए पुरानी बस्ती थाने के सामने लाखेनगर चौक, सुंदर नगर, रायपुरा अंडरब्रिज से महादेव घाट तक जाएंगी।

## कल सीएम हाउस का घेराव करेगी आप

**रायपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु) ।सीजीपीएससी गड़बड़ी और घोटाले को लेकर आम आदमी पार्टी सीएम आवास का घेराव कर अपना आक्रोश दर्ज कराएगी ।30 सितंबर को च्आपज् कार्यकर्ता मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। इसमें शामिल होने के लिए प्रदेशभर के च कार्यकर्ताओं का रायपुर आगमन जारी है। शनिवार को होने वाले सीएम हाउस घेराव को लेकर पार्टी नेताओं ने कहा प्रदेश सरकार युवाओं के भविष्य को पैसे के लिए बर्बाद कर रही है। प्रदेश में चाहे भर्ती प्रक्रिया हो रोजगार देने की बात हो या बेरोजगारी भत्ता हो इनके नाम से सिर्फ और सिर्फ विज्ञापन की राजनीति हो रही है। कांग्रेस की इस कार्यशैली से प्रदेश के युवाओं में घोर निराशा व्याप्त है।

# रायपुर में शाह-नडडा ने ली 7 घंटे बैठक

## पूछा-छत्तीसगढ़ में 9 सीटों पर कैसे जीतेंगे

**रायपुर**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। सुबह से चल रही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की बैठक रात करीब 9 बजे खत्म हो गई। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और महासचिव बीएल संतोष के साथ शाह ने पार्टी नेताओं की करीब 7 घंटे तक बैठक ली। इसके बाद शाह और नड्डा एक गाड़ी में बैठकर निकल गए। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि जल्द ही प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी होगी। पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर से हुई इस बैठक में शाह ने प्रदेश के नेताओं से चुनाव की तैयारियों को लेकर सवाल किए। पूछा किए 90 सीटों पर जीत कैसे हासिल करेंगे



**चुनावी रणनीति को लेकर बैठक में हुई चर्चा**

साव ने बताया कि बैठक में सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी किस तरह से चुनावी काम करेगी इसे लेकर भी बातचीत हुई है। टिकट को लेकर किए गए सवाल पर साव ने कहा कि बहुत जल्दी प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी। इस बैठक में पार्टी के चुनिंदा नेता ही शामिल हुए थे।

**पीएम मोदी की सभाओं को लेकर हुई समीक्षा**

30 सितंबर को बिलासपुर और 3 अक्टूबर को बस्तर में होने वाली नरेंद्र मोदी की सभाओं को लेकर भी बैठक में समीक्षा की गई। पार्टी सूत्रों के अनुसारए इन बैठकों में बड़ी भीड़ जुटाना।

बिलासपुर और बस्तर संभाग की सीटों पर व्यापक असर पड़ सके इसे लेकर भी रणनीति तैयार की गई है। बैठक में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर सह प्रभारी नितिन नवीन पूर्व सीएम रमन सिंह भी शामिल थे। भ्रष्टाचार मामले में प्रदेश कांग्रेस सरकार को घेरा था। उनके मुताबिक भ्रष्टाचार इससे कहीं ज्यादा का है। आरोप पत्र में भाजपा ने भ्रष्टाचार और वादा खिलाफी के साथ ही सरकार की विफलताओं के मुद्दों पर फोकस किया है।

**नाराजगी जता चुके हैं शाह**

अमित शाह जुलाई में प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठक ले चुके हैं। तब खबर यह भी सामने आई थी कि शाह स्थानीय नेताओं की परफॉर्मेंस से खुश नहीं हैं। तब मिली फटकार के बाद अचानक स्थानीय नेताओं ने अभियानों की तेजी लाई और यह कोशिश की जा रही है कि आने वाले समय में प्रदेश में भाजपा की सरकार बने। मगर यह भी बड़ा सच है कि बहुत सी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी कमजोर है अमित शाह इसी पर रिव्यू करने पहुंचने वाले हैं।

# भ्रष्टाचार के मामलों की समीक्षा करने रायपुर पहुंचे सीबीआई निदेशक

**रायपुर**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) के निदेशक आइपीएस प्रवीण सूद रायपुर पहुंचे। उनके दौरे से प्रशासनिक व राजनीतिक गलियारे में दिनभर काफी हलचल मची रही। उन्होंने राजधानी स्थित सीबीआइ दफ्तर व पुलिस मुख्यालय के आला अधिकारियों से मुलाकात की। निदेशक का पदभार संभालने के बाद प्रवीण सूद पहली बार छत्तीसगढ़ दौरे पर आए। रायपुर में डीजीपी अशोक जुनेजा व आइजी रतनलाल डांगी ने उनकी अगुवानी की। उन्होंने सीबीआइ दफ्तर में कुछ पुरानी फाइलों को देखा साथ ही हाइकोर्ट में लगी कुछ याचिकाओं के संबंध में सीबीआइ के अधिकारियों से सवाल-जवाब किया।



**अधिकारियों से किया सवाल-जवाब**

प्रदेश में भ्रष्टाचार के लंबित मामलों पर भी अधिकारियों से संक्षिप्त चर्चा की। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2019 से सीबीआइ जांच पर रोक लगा दी है। अब किसी याचिका की सुनवाई या राज्य सरकार की मांग के बाद हाइकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ही प्रदेश में सीबीआइ जांच हो सकती है।

**देशभर में दौरा कर रहे हैं सूद**

सीबीआइ निदेशक सूद देशभर में दौरा कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने लखनऊ व रांची के सीबीआइ कार्यालय में अधिकारियों से मुलाकात की थी। साथ ही लंबित मामलों की समीक्षा की। छत्तीसगढ़ में ईडी की कार्रवाई के बाद सीबीआइ निदेशक के दौरे को भी भ्रष्टाचार के मामलों से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट से वर्तमान में किसी मामले की जांच पर अभी दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है।

**पीएससी में भ्रष्टाचार पर सीबीआइ जांच की मांग**

इस वर्ष जारी पीएससी के नतीजों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

## हाइवा से टकराकर 30 फीट घिसटता चला गया बाइक सवार, मौत

**रायपुर**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में एक युवक की हाईवा से एक्सीडेंट में दर्दनाक मौत हो गयी। इस हादसे में तेज रफ्तार हाईवा पर पीछे से तेजी से आ रहा बाइक सवार युवक जाकर घुस गया। फिर सड़क पर करीब 30 फीट तक घसीटता रहा। जिससे युवक गाड़ी के पिछले पहिये में बुरी तरह फंस गया। इस दौरान वहां से वीआईपी काफिला गुजरा और युवक मौके में तड़पता रहा। फिर कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। ये पूरा मामला धरसींवा थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक सांकरा ओवरब्रिज के पास ये घटना शाम 5 बजे के आसपास हुई है। इसमें हाईवा बिलासपुर से रायपुर की तरफ तेज रफ्तार में आ रहा था। तभी उसने गाड़ी मोड़ दी। पीछे से बाइक ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

## बैंको में स्टाफ की भारी कमी, एम्प्लॉइज एसोसिएशन ने किया आंदोलन का आह्वान

**रायपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। हाल के वर्षों में बैंकों के ग्राहकों की संख्या कई गुना बढ़ गई है, वहीं कारोबार की कुल मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। लेकिन इसके परिणामस्वरूप कर्मचारियों पर काम का बोझ असहनीय रूप से बढ़ गया है। बैंकों में पर्याप्त भर्ती नहीं हुई है। इस तरह की समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन ने आंदोलन का आवाहन किया है

सेवानिवृत्ति, पदोन्नति, मृत्यु आदि से उत्पन्न रिक्तियों को नहीं भरा जा रहा है. व्यवसाय में वृद्धि से निपटने के लिए शाखाओं में अतिरिक्त स्टाफ उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। सरकार की ज्यादा से ज्यादा योजनाएं बैंक खातों के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही हैं। वित्तीय समावेशन के नाम पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा 50 करोड़ से ज्यादा जनधन योजना खाते खोले गए हैं। इन सबके कारण शाखाओं में कर्मचारियों पर काम का बोझ भी बढ़ जाता है।

**शाखाओं में कर्मचारियों की है भारी कमी**- संतोषजनक ग्राहक सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है और कम कर्मचारियों या पर्याप्त कर्मचारियों की कमी के कारण कर्मचारी ग्राहकों को उचित सेवा देने में असमर्थ हैं। इससे अनावश्यक रूप से ग्राहकों के मनमुटाव और शिकायतें उत्पन्न होती हैं। सरकार और बैंकों की ओर से बैंकों में लिपिकीय और अधीनस्थ संवर्ग में काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या कम करने और पर्यवेक्षी कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने का एक जानबूझकर प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन के महासचिव शिरीष नलगुंडवार ने बताया कि इसी तरह हमने यह भी पाया है कि हमारे द्विपक्षीय समझौते के अनुसार वेतन के भुगतान से बचने के लिए बैंकों में नियमित और स्थायी नौकरियों को अनुबंध के आधार पर आउटसोर्स करने का एक नग्न प्रयास किया जा रहा है ।इसके कारण, बैंकों में लिपिक कर्मचारियों की भर्ती में साल-दर-साल भारी कमी आई है और अधीनस्थ कर्मचारियों और सफ़ाई कर्मचारी कर्मचारियों की नियुक्ति पर लगभग प्रतिबंध लग गया है। इसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोगों को उचित पारिश्रमिक के बिना अस्थायी और आकस्मिक आधार पर नियोजित किया जा रहा है।

बैंकों में पर्याप्त भर्ती से इनकार करने और इस तरह लोगों को प्रभावी ढंग से सेवा देने की सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की क्षमता को कमजोर करने का जानबूझकर किया गया प्रयास निजी क्षेत्र की बैंकिंग और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण को प्रोत्साहित करने के अपने एजेंडे को पूरा करना है। इसलिए अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ ने निर्णय लिया है और तदनुसार आंदोलनात्मक कार्यक्रम का आह्वान किया है।

# मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजना अव्यवहारिक : पांडेय

**रायपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु) ।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की जा रही मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजना को कांग्रेस का एक और नया झूठ व छल बताया है। उन्होंने योजना को नितांत अव्यावहारिक करार दिया।

भाजपा नेता और पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय ने गुरुवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि चुनाव के करीब आते ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के माध्यम से कराए जा रहे भरोसे का सम्मेलन प्रदेश सरकार के प्रति कांग्रेस नेतृत्व और प्रदेश की जनता के खत्म हो चुके भरोसे का प्रतीक बन चुका है ।उन्होंने कहा कि उक्त योजना में 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले और 10 वर्ष पूर्व पंजीबद्ध अभ्यर्थियों को 1500 रुपए प्रतिमाह पेंशन का प्रावधान किया गया है, लेकिन इस योजना में अर्हताएँ प्राप्त पंजीकृत मजदूर कुल वृध्द मजदूरों का एक प्रतिशत भी नहीं है, इस लिहाज से यह योजना मात्र दिखावा है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रतिवर्ष मजदूरों के नवीनीकरण की प्रक्रिया में ऐसे पात्र मजदूरों की संख्या नगण्य है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जो अटल पेंशन योजना लागू की है, उसमें 45 वर्ष से अधिक उम्र का व्यक्ति यदि 15 साल तक अपना अंश जमा करता है, तो उसे 60 वर्ष की आयु के बाद आजीवन प्रतिमाह 15 सौ रुपए से लेकर 5 हजार रुपए बतौर पेंशन मिलेंग ।इस लिहाज से प्रदेश सरकार की यह योजना पूर्णत: फर्जी है।

उन्होंने बताया कि श्रम विभाग में कौशल विकास योजना के तहत करीब 10 करोड़ रुपए से ज्यादा कंपनियों को भुगतान किया गया है। केन्द्र की आरपीएल कौशल विकास योजना में जिस राष्ट्रीय कंपनी को मजदूरों के कौशल विकास योजना का कार्य दिया था, उसे मंत्री के नजदीकी एक ही व्यक्ति को पेटी कॉन्ट्रैक्ट दे दिया गया और बड़ी संख्या में मजदूरों का फर्जी कौशल उन्नयन किया गया ।फर्जी तरीके से राशि की बंदरबांट की गई है. इस योजना



**कांग्रेस का एक नया झूठ और छल**

में मजदूरों के कार्यस्थल पर प्रशिक्षण दिया जाना है, जबकि श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्यालयों में फर्जी मजदूरों का प्रशिक्षण कराकर भारी राशि का घोटाला किया गया है।

पांडेय ने कहा कि मंडल की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में वर्तमान सरकार ने अधिकांश योजनाओं का लाभ उसकी प्रक्रिया को जटिल करते हुए बंद कर दिया है। श्रमिकों के बीच लोकप्रिय कन्या विवाह योजना, जिसके तहत श्रमिकों की कन्याओं के विवाह हेतु 20 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती थी, और नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, जिसके तहत श्रमिकों के बच्चों को 15 सौ रुपए से लेकर 55 हजार रुपए तक की छात्रवृत्ति कक्षा 1 से लेकर स्नातकोत्तर के छात्रों को प्रदान की जाती थी। इन योजनाओं को प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पूर्णत: बंद कर दिया है।

भाजपा नेता ने कांग्रेस अध्यक्ष और गांधी परिवार के 'मुखौटा' मल्लिकार्जुन खड़गे के छत्तीसगढ़ प्रवास के मद्देनजर एक बार फिर सवालों के जरिए हमला बोला और उन सवालों का जवाब मांगा है ।उन्होंने सवाल किया कि क्या कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे पीएससी की गड़बड़ियों और गोटाले के पीड़ित अभ्यर्थियों से मिलेंगे? राहुल गांधी के सामने पीएससी के अभ्यर्थियों ने गड़बड़ी की शिकायत की थी ।क्या राहुल गांधी ने इस बारे में प्रदेश सरकार को कोई निर्देश दिए हैं? यदि हाँ तो क्या उस पर कार्रवाई होगी? यदि मुख्यमंत्री बघेल पर कांग्रेस को भरोसा है तो आज कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे क्या भरे मंच से यह ऐलान करेंगे कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सीएम के चेहरे पर ही चुनाव लड़ेगी और सीएम बघेल पाटन से ही चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के ननिहाल आकर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को यह जवाब देना चाहिए कि देश में सनातन धर्म को समाप्त करने संबंधी उनके बेटे प्रियंक खड़गे और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बघेल के पिता नन्द कुमार बघेल के बयानों के लिए वह माफ़ी मांगेगे? कांग्रेस अध्यक्ष के नाते वे प्रियंक खड़गे पर के खिलाफ कोई संगठनात्मक कार्रवाई करेंगे? राहुल गांधी ने पिछले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में 200 फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने का वादा किया था. खड़गे बताएँ कि कितनी फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगी और किसान के कितने बच्चों को रोजगार मिला?


## आज दशगात्र



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पिता जी संतोष कुमार साहू वल्द अर्जुन साहू का निधन 25.09.2023 सोमवार को हो गया। जिनका दशगात्र कार्यक्रम दिनांक 29.09.2023 शुक्रवार को स्थान विश्वास किराना स्टोर्स के पास विकास नगर, मधुबन स्कूल गली गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) में रखा गया है।

तालाब का कार्यक्रम सुबह 10 बजे

शोकाकुल परिवार
मन्नू, धन्नू, कार्तिक, शीतल, श्यामसुंदर, पवन, खेमलाल, अमर, हुमेश, हरिश, नितीन, ओंकार, दुर्गेश, राहुल, कृष, उमंग एवं समस्त साहू परिवार

विनीत
दशमत बाई साहू (माता)
रुपेश साहू, शुभम साहू (पुत्र)

जिस किसी सज्जन को शोक पत्र ना मिला हो वे इसे ही शोक पत्र समझे

# छग की प्रतिभाशाली कवित्रियों के साझा संकलन का लोकार्पण




**रायपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। विश्व हिन्दी रचनाकार मंच एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला मंच रायपुर इकाई द्वारा आज 24 सितंबर दिन रविवार को रायपुर छत्तीसगढ़ सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में भव्य सम्मान समारोह एवं छत्तीसगढ़ की प्रतिभाशाली कवयित्रियां साझा संकलन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राघवेंद्र ठाकुर (दिल्ली ) रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ. गिरधारी लाल अग्रवाल जी, डॉ. माया सिंह माया जी, शोभा त्रिपाठी शैव्या जी, डॉ. सपन सिन्हा रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिन्दी रचनाकार मंच रायपुर इकाई की अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला मंच की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सरोज दुबे विधा ने की स्वागत सम्बोधन अंतर्राष्ट्रीय महिला मंच रायपुर इकाई की अध्यक्ष सीमा निगम ने की। सरस्वती वंदना ज्योति परमाले एवं संचालन कामिनी कौशिक एवं विमला माहेश्वरी ने की। मंच सहयोगी दिव्या देशमुख एवं डॉ. एमंत माधुरी ठाकुर रहीं। आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभन्न जिलों से रचनाकार सम्मिलित हुए जिन्हें छत्तीसगढ़ डायमंड पोयट्री अवार्ड से सम्मानित होने वाले रचनाकार डॉ. गिरधारी लाल अग्रवाल, डॉ. माया सिंह माया, डॉ. सपन सिन्हा, शोभा त्रिपाठी शैव्या, डॉ. सरोज दुबे %विधा%, सीमा निगम, संगीता सिंह बनाफर, डॉ. प्रीति प्रसाद, डॉ. अलका यादव, कामिनी कौशिक, प्रीति मिश्रा, डॉ. सीमा अवस्थी, डॉ. एमंत माधुरी ठाकुर, ज्योति परमाले, डॉ. मोनिका शर्मा, विमला माहेश्वरी, अनिता चंद्राकर डॉ. मधु तिवारी, डॉ. मनीषा अवस्थी, मार्गग्रेट कुजूर, लता नायर, श्वेता श्रेवास्तव, रश्मि अग्निहोत्री, मंजुला कौरव, मनीष कुमार सिंह, एवं रामरतन श्रीवास रहे। छत्तीसगढ़ गोल्डन पोयट्री अवार्ड से सम्मानित होने वाले रचनाकार अनिता सुल्तानिया अग्रवाल, अपराजिता शर्मा, अनिता गुप्ता, अनिता दुआ, कविता त्रिवेदी, खिलेश गौर, गंगा शरण पासी, चंद्रप्रभा दुबे, डॉ ज्योति नरवाल, ज्योति सक्सेना, तारा पाण्डेय मुक्तांशा, दिव्या देशमुख उन्मुखी, निर्मला महाजन, निवेदिता वर्मा, पल्लवी झा रूमा, पूनम देवांगन, पूर्वा श्रीवास्तव, ममता सिन्हा, मंजू सरावगी, रश्मि वर्मा , रानी शर्मा, रेणुका तिर्की, सुश्री लक्ष्मी करियारे, विधात्री सिंह, विनीता पवार, शीलू लुनिया शुभाशुक्ला, श्रद्धा कश्यप, डॉ. सरिता दोषी, सुधा शर्मा कोयल सोनाली अवस्थी, संध्या राव, हेमलता पटेल, एवं सूरज श्रीवास रहे। सभी ने काव्य पाठ किया आयोजन में लगभग 80 सदस्यों की उपस्थित रही।

# खड़गे के कान में कब सुनाई देगी छग महतारी की बेटियों की चीख : नारायण चंदेल

**रायपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सवाल किया है कि छत्तीसगढ़ की दुष्कर्म पीड़ित बेटियों की चीख उन्हें क्यों सुनाई नही देतीं? खड़गे जी को तो एक परिवार के आदेश निर्देश के सिवाय कुछ सुनाई नहीं देता। हमारे सम्माननीय बुजुर्ग हैं। उन्हें छत्तीसगढ़ की बेटियों, बहनों, बुजुर्ग महतारियों की चीखें सुनाई नहीं देतीं तो शायद उम्र का असर होगा। कम सुनाई पड़ता होगा। राहुल गांधी ने दुष्कर्म के एक मामले में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार को गुनाहगार बता दिया तो वह खड़गे जी को सुनाई दे गया। गांधी परिवार जो कहे, उसे दोहराना खड़गे जी का मुख्य कर्म है। नित्य कर्म है। रोज ही उन्हें गांधी परिवार के वचनों का भजन गाना ही पड़ता है। न जाने कब केसरी जी की गति को प्राप्त हो जाएं, इसलिए उतना ही सुनते हैं, जितना राहुल, सोनिया, प्रियंका बोलें। उतना ही कहते हैं, जितना गांधी परिवार कहता है।

## राहुल, प्रियंका की आंखों पर पट्टी, कानों में रुई व मुंह पर ताला क्यों : भाजपा

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और बहिन प्रियंका तो युवा हैं। उन्हें तो छत्तीसगढ़ की मासूम बच्चियों से लेकर उम्रदराज माताओं तक की चीख सुनाई पड़नी चाहिए। कमाल है कि इनके करुणामयी नेत्रों में न तो छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार की हकीकत दिखाई देती है और न ही बेटियों की चीखें इनके कान में प्रवेश करती हैं। कारण यह है कि आंखों पर एटीएम की पट्टी बंधी हुई है और कानों में रुई घुसी हुई है। ये छत्तीसगढ़ में मां बहिन बेटियों के साथ हर रोज हो रहे दुष्कर्म के खिलाफ कुछ बोलने की हिम्मत नहीं करते। कारण यह है कि मुंह पर सोने का ताला जड़ दिया गया है।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि मध्यप्रदेश की घटना राहुल गांधी को भारत माता के हृदय पर आघात लगती है और छत्तीसगढ़ महतारी की बेटियों की अस्मिता पर कांग्रेस राज में जो वज्राघात हो रहा है, वह उन्ही क्या लगता है, यह छत्तीसगढ़ महतारी की संतानें पूछ रही हैं। राहुल, प्रियंका, खड़गे बताएं कि इन दुष्कर्म के लिए छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को गुनाहगार कब कहेंगे? जिस दिन प्रियंका गांधी आईं, उस दिन राजधानी में एडिशनल एसपी के दफ्तर की पार्किंग में मासूम बच्ची से रेप हुआ। रक्षाबंधन पर बेटियों के साथ रेप हुआ, शिक्षक दिवस पर शिक्षिका के साथ गैंगरेप हुआ। पोटाकेबिन में छह साल की बच्ची से रेप हुआ। खड़गे, राहुल प्रियंका को छत्तीसगढ़ में महिलाओं पर बढ़े अपराध के आंकड़े दिखाई नहीं दे सकते क्योंकि यह इनकी मजबूरी है। कांग्रेस का खर्चा लेना है तो भूपेश बघेल को सारी छूट देना है। लेकिन छत्तीसगढ़ की बेटियों, बहनों और महतारियों के धैर्य का बांध अब टूट गया है। वे कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने हुंकार भर रही हैं।

# हर पात्र व्यक्ति को पट्टा दिलाना पहली प्राथमिकता : सत्यनारायण शर्मा

## युवा कांग्रेसियों ने घर-घर जाकर भरवाया फॉर्म



**रायपुर**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा की पहल से भनपुरी वार्ड क्रमांक 5 में राजीव गांधी आश्रय योजना के अंतर्गत सर्वे सूची में पात्र लोगों को पट्टा वितरण के लिए आज फार्म भराया गया पटवारी सहित युवा कांग्रेसी घर-घर पहुंच कर लोगों के फॉर्म भरने में पूरी मदद की एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके इसका भी ध्यान रखा गया।

ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा ने कहा प्रदेश की कांग्रेस सरकार एवं मुखिया भूपेश बघेल ने हमेशा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के साथ न्याय किया है मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लगातार हर वर्ग के साथ न्याय किया जा रहा है इसी क्रम में अब जहां नगरीय निकाय क्षेत्रों में नियमितीकरण तेजी से हो पा रही है वहीं दूसरी तरफ लोगों को पट्टा भी दिया जा रहा है प्रदेश सरकार हर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को सशक्त करने का काम कर रही है इसी क्रम में आज ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत भनपुरी के वार्ड क्रमांक 5 में लोगों को पट्टा वितरण के लिए फार्म भराया गया है जिसमें युवा कांग्रेस के साथियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इसमें प्रमुख रूप से अरविन्द सिंह, अमित सिंह राजपूत, रंजित वर्मा, योगेश पाण्डेय, राजा ठाकुर, आदि शामिल थे।

# सभा करने का साहस नहीं जुटा पा रहे भाजपा नेता : कांग्रेस

## कांग्रेस ने नड्डा-शाह से पूछा प्रदेश और देश के संबंध में सवाल



**रायपुर,** 28 सितंबर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ आये और भाजपा कार्यालय में बैठक करके वापस चले गए। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सभाओं में भीड़ नहीं आ रही, शाह और नड्डा सहित केंद्रीय मंत्रियों की सभाओं में लोग नहीं आ रहे इसलिये अब भाजपा के बड़े नेता बंद कमरों में मीटिंग कर रहे। सभा करने का साहस नहीं जुटा पा रहे। कांग्रेस की सभाओं में लाखों लोग इकट्ठा हो रहे है, इससे भी भाजपा डरी हुई है। भाजपा नेताओं की सभा में जनता नहीं आ रही उनकी परिवर्तन यात्रा को जनता ने नकार दिया तो भाजपा के वरिष्ठ नेता चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ में आकर बैठकों की औपचारिकता निभा रहे है। श्री शुक्ला ने कहा कि भाजपा जनता के सवालों का जवाब देने का साहस नहीं जुटा पा रही। केंद्र में सरकार चलाते 9 साल हो गये जनता से जो वादे किये थे उसके बारे में छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है उसके सवालों का जवाब भाजपा कब देगी? नड्डा-शाह जवाब दे छत्तीसगढ़ की यात्री ट्रेनों को मोदी सरकार लगातार बंद और रद्द क्यों कर रही है?

दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष के वादानुसार 18 करोड़ रोजगार युवाओं को कब मिलेगा? किसानों की आमदनी दुगुनी कब होगी? उपज की कीमत लागत मूल्य से डेढ़ गुना कब मिलेगा? 15-15 लाख रुपया जनता के खाते में कब आयेंगे? 100 दिन में महंगाई कम करने का वादा था लेकिन साढ़े 9 साल में भी महंगाई कम क्यों नहीं हुई? क्रूड ऑयल के दाम घट गये है फिर भी देश में पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस के दाम कम क्यों नहीं हो रहे है?

छत्तीसगढ़ के उद्योगपतियों को कोल का आबंटन कब होगा?

### भाजपा की दूसरी सूची अब 2 अक्टूबर के पहले नहीं आएगी

**रायपुर,** 28 सितंबर। भाजपा के रणनीतिकार अमित शाह,अध्यक्ष जेपी नड्डा,बी.संतोष आज रायपुर पहुंचे तो फिर सुगबुगाहट शुरू हो गई। लेकिन मैराथन बैठक के बाद भी अंतिम रूप से नाम तय नहीं हो पाया है। इसलिए कि हर एक सीट पर काफी गहन पड़ताल हो रही। जानकारी के मुताबिक सूची को लेकर नेता दिल्ली रवाना हो गए। अंतिम मुहर भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लगेगी,जो 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को नई दिल्ली में होने जा रही है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों को लेकर इसमें फैसला लिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ समिति के अन्य सदस्य इसमें शामिल होंगे। इसलिए अब 2 अक्टूबर तक इंतजार करना होगा।

## बजाज ऑटो ने लॉन्च किया पल्सर का नए रूप

**रायपुर,** 28 सितंबर। दुनिया की सबसे मूल्यवर्धित टूव्हीलर और थ्रीव्हीलर कंपनी बजाज ऑटो ने भारत में ऑलन्यू पल्सर 150 का लॉन्च किया है। पल्सर 150 विस्तारित पल्सर पोर्ट फोलियो के लिए एकदम सही जोड़ है, जिसने पिछले 18 महीनों में कई सनसनी खेज लॉन्च देखे हैं, जिनमें अब तक का सबसे बड़ा पल्सर 250 और अत्यधिक सफल पल्सर 160 भी शामिल हैं। पल्सर 150 के साथ, भारत की सबसे अधिक बिकने वाली स्पोर्ट्स बाइक पोर्ट फोलियो के लिए ऐसा एक योग्य नया सदस्य मिला है जो न केवल पल्सर मे नियाक्सकी विरासत को बनाए रखने का वादा करता है बल्कि कई नए लोगों को भी इसमें शामिल करेगा। बजाज ऑटो के अध्यक्ष - मोटरसाइकिल, सारंग कनाडे ने बताया,बीस साल पहले, हमने पहली पल्सर 150 सीसी मोटरसाइकिल लॉन्च की थी, जिसने एंट्री-लेवल स्पोर्ट बाइकिंग सेगमेंट को हिला कर रख दिया था और तब से यह भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली 150 सीसी मोटरसाइकिल रही है।

## आधे घंटे में लाखों के गहने चोरी

**रायपुर,** 28 सितंबर। रायपुर के कबीर नगर में एक महिला के घर पर लाखों के गहनों की चोरी हो गई है। महिला घटना के वक्त सब्जी लेने गई हुई थी। इसी बीच चोर छत के सहारे किचन में घुसा और लॉकर तोड़कर गहने चुरा लिए। पीड़ित महिला बिंदु सिंह ने पुलिस को बताया कि वो हाउस वाइफ है। 26 सितम्बर की शाम साढ़े 5 बजे घर के गेट पर ताला लगाकर सब्जी मार्केट गई थी। करीब आधे घंटे बाद वो घर लौटी तो दरवाजा अंदर से लॉक था।

महिला अपने पड़ोसी की छत से घर के अंदर गई तो देखा कि किचन के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई है। बेडरूम में रखी अलमारी का लॉकर भी टूटा था।

# श्री रावतपुरा सरकार विवि में मनाया गया दो दिवसीय विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**रायपुर,** 28 सितंबर। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में फार्मेसी विभाग द्वारा 26 से 27 सितंबर को विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पहले दिन पोस्टर मेकिंग, मॉडल प्रेजेंटेशन, रंगोली प्रतियोगिता, इवैल्यूएशन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया गया एवं दूसरे दिन विश्व फार्मासिस्ट दिवस सेलिब्रेशन कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा विनियमन समिति के अध्यक्ष, एवं फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली से डॉ. दीपेंद्र सिंह उपस्थित रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य फार्मेसी काउंसिल रायपुर (सीजी) के रजिस्ट्रार डॉ. शेखर वर्मा उपस्थित रहें। विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर बहुत से छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और मॉडल प्रस्तुति में प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कार प्राप्त किया, आदित्य कौशिक और समूह ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान यशिका इशरानी एवं ग्रुप। तृतीय स्थान बी.राजकुमार एवं पिंकी वर्मा ग्रुप। पोस्टर प्रेजेंटेशन में प्रथम स्थान सच्चिदानंद पांडा एवं ग्रुप ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान रविशेखर एवं ग्रुप। तृतीय स्थान हर्षित शर्मा एवं ग्रुप। रंगोली प्रतियोगिता में रुचि जैन एवं समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान हर्षिता साहू एवं समूह। तृतीय स्थान रौनक सिंह एवं ग्रुप। सांस्कृतिक गतिविधि में प्रथम स्थान अंजलि (मोनो डांस) द्वितीय स्थान शेर्या और प्रांजल (डुओ डांस) तृतीय स्थान अलका एंड ग्रुप (ग्रुप डांस) रहें। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राज्यगीत से गई तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन में विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने श्री रविशंकर जी महाराज को नमन करते हुए उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात उन्होंने फार्मेसी के विद्यार्थियों से कहा की हम आपको केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि उस क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार भी करेंगे।



कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और गुरु प्रशाद एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया तत्पश्चात विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस के सिंह और कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने धन्यवाद में सभी का आभार व्यक्त किया और सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# हैहय वंशीय क्षत्रिय कसार समाज का चुनाव 8 को



**रायपुर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। हैहय वंशीय क्षत्रिय कसार समाज रायपुर छत्तीसगढ़ के प्रथम बार हो रहे चुनाव में दिनांक 8 अक्टूबर 2023 को सभी सामाजिक जन अपना मतदान कर नए अध्यक्ष एवं सचिव को चयनित करेंगे जो आने वाले समय में समाज को प्रगति के पथ पर लेकर जाएंगे।

हैहय वंशीय क्षत्रिय कसार समाज समिति के पैनल जन जागरण एकता मंच के प्रत्याशी बृजेश सुरेश कसार अध्यक्ष पद के लिए एवं आशीष संतोष कसार ने सचिव पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया एवं समाज की सभी सदस्यों के सम्मान अधिकार की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध होते हुए अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत किये। समाज के चुनाव संचालन अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन जमा किए जिसे चुनाव संचालन अधिकारी द्वारा स्वीकृत करते हुए चुनाव चिन्ह के रूप में सुदर्शन चक्र प्रत्याशी को दिया गया।

बृजेश कसार ने बताया कल 28 सितंबर को समाज के चुनाव अधिकारी संरक्षक गण एवं जन जागरण एकता मंच के प्रत्याशी एवं अन्य पैनल के प्रत्याशी की आवश्यक बैठक बुलाई गई समाज के कार्यालय सत्ती बाजार में बुलाई गई जिसमें चुनाव संचालन अधिकारी के द्वारा चुनाव संबंधी नियमावली प्रस्तुत की गई एवं सभी प्रत्याशियों को बुथ के संबंध में जानकारी दी गई और उन्हें नियमों का पालन करने के लिए आदेशित किया गया। जिसे सभी प्रत्याशियों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया।

## कैपिटल जोन का शेष...

### भ्रष्टाचार के मामलों की समीक्षा ...

भाजपा के पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर ने सीबीआइ जांच की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने एक याचिका हाईकोर्ट में प्रस्तुत की है। साथ ही पीएससी में चयनित हुए अधिकारियों के सगे-संबंधियों की सूची दी है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि सूची में पीएससी अध्यक्ष के रिश्तेदारों और सगे-संबंधियों के सबसे ज्यादा नाम हैं। साथ ही कई सत्ताधारी पार्टी के करीबियों का भी चयन हुआ है।

### हाइवा से टकराकर ...

में भूपेंद्र साहू भी स्पीड में था। तो वो सीधे जाकर टायर में घुस गया। मौके से गुजर रहे लोगों ने हाईवा चालक को आवाज लगाई तो उसने गाड़ी रोकी। जब तक गाड़ी रुकती तब तक युवक बुरी तरह कुचला गया था। इस घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

**व्हीआई पी काफिला गुजरा नहीं मिली मदद**

हादसे के ठीक बाद घटनास्थल के पास से व्हीआईपी, काफिला गुजरा। काफिले में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने भूपेंद्र की मदद के लिए अपनी गाड़ी नहीं रोकी। जिस समय काफिला घटनास्थल के पास से गुजर रहा थाए उस दौरान हाईवा के पहिए में फंसा भूपेंद्र जिंदा था। उसका सिर हिल रहा था। इस काफिला गुजरने के बाद जब एंबुलेंस आई तो भूपेंद्र का रेस्क्यू शुरु किया गया। लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया था।

**सर्विस रोड में गाड़ी खड़ा होने से हो रहे हादसे**

रायपुर में सड़क हादसों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इसका बडा कारण पुलिस अधिकारियों की माने तो लोगों का लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाना है। इसके अलावा सर्विस रोड में ट्रक मालिको का गाड़ी खड़ा करना बताया जा रहा है इस सर्विस रोड में गाड़ी खड़ी करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई भी की है। लेकिन उसके बावजूद स्थिति जस की तस है। बताया जा रहा है की गुरुवार को जहां हादसा हुआए उस इलाके के आसपास भी अक्सर ट्रक चालक अपने वाहन खड़े कर गायब हो जाते है। शहर के आउटर इलाकों में नेशनल हाईवे के किनारे ट्रक चालक अवैध पार्किंग कर देते हैं।

रायपुर एसएसपी ने इन सर्विस रोड पर बेतरतीब से खड़े वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दे रखे है। जिसे लेकर ट्रैफिक पुलिस समय.समय पर टाटीबंध और शहर से गुजरने वाले रिंग रोड में कार्रवाई करती है। लेकिन इसके बाद भी ऑउटर इलाकों में गाड़ी खड़ा करने वाले वाहन चालकों पर संबंधित थाने की पुलिस सख्ती से कार्रवाई नहीं कर रही है।

# 6 साल की मासूम से दुष्कर्म

**रायपुर,** 28 सितंबर। धरसींवा क्षेत्र से 6 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है वहीं पड़ोस के नाबालिग लड़के पर दुष्कर्म का आरोप है पीड़ित बच्ची के परिजनों ने बताया कि मेकाहारा हॉस्पिटल में बच्ची का इलाज जारी है मामला गुरुवार दोपहर 12 बजे का है पीड़ित मासूम को दो बजे मोटरसाइकिल से परिजन थाना लेकर गए पीड़ित परिजनों ने करीब 4 से 6 घंटे तक थाने में बैठा रखने का आरोप लगाया है परिजनों के मुताबिक दोपहर 12 बजे से रात लगभग 9 बजे तक बच्ची को न सहयोग न इलाज बताया जा रहा है कि धरसींवा अस्पताल में मुलाहिजा नहीं किया गया गांव के लोगों का कहना है कि पुलिस मामले को रफा दफा करने में तुली थी जब गांव वालों का प्रेशर बढ़ा गांव वाले थाना पहुंचे तब जाकर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया।

## आरोपी हिरासत में

पुलिस और स्वास्थ्य विभाग से किसी भी प्रकार के सहयोग नहीं मिलने से परिजन और गांव के कुछ लोग बच्ची को बाइक से धरसींवा हॉस्पिटल ले गए धरसींवा हॉस्पिटल में रेफर करने की बात कही गई लेकिन स्पष्ट तौर पर कह दिया गया हॉस्पिटल में एंबुलेंस नहीं हैण् फिर पेट्रोलिंग गाड़ी से बच्ची को रायपुर लाया गया इस बीच पीड़ित बच्ची बेहोश थी।

**पुलिस ने पेट्रोलिंग गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल**

इस मामले में पुलिस का कहना है कि घटना के बाद जब परिजन नाबालिग को लेकर थाना पहुंचेण् उसके बाद शिकायत के आधार पर इस मामले में 5 बजे ही एफआईआर दर्ज कर ली गई थीण् इस मामले में आरोपी नाबालिग को भी तत्काल हिरासत में लिया गया है। 12.12. 30 बजे की घटना हैण् लगभग 3 बजे पिता को फ़ोन से घटना की जानकारी मिली पिता काम से वापस घर आया। लगभग 5 बजे लड़की को परिजन सीधे हॉस्पिटल ले के गए कुछ परिजन लगभग 6 बजे थाना आए थाने में कार्रवाई शुरू हुई। नाबालिग आरोपी को हिरासत में लिया गया पीड़ित लड़की को पुलिस ने ही अपनी गाड़ी से मेकाहारा लाया पॉक्सो की कार्रवाई होने से महिला सब-इंस्पेक्टर मां को महिला थाना से तुरंत ले कर आए पुलिस के द्वारा विधिवत और त्वरित कार्रवाई की गई मौदहापारा थाना प्रभारी ने मेकाहारा में परिजनों और डॉक्टर से चर्चा की परिजन को हर संभव मदद और कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है परिजन पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट ह लेकिन पड़ोसी नाबालिग आरोपी की करतूत से स्तब्ध भी हैं।

# डॉ. एमएस स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि



**रायपुर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। किसानों के लाडले, हरित क्रांति के पुरोधा डॉ. एम एस स्वामीनाथन के निधन के साथ ही भारतीय कृषि के एक युग का पटाक्षेप हो गया है। यह अपूरणीय क्षति है। डॉ स्वामीनाथन ने अपनी पूरी जिंदगी देश की कृषि तथा किसानों को दे दी, तथा अपने अंतिम पलों तक किसान हित में तथा किसानों को उनके उत्पादन का वाजिब मूल्य की गारंटी दिलाने हेतु सदैव सक्रिय रहे। स्वामीनाथन जी की अंतिम इच्छा थी कि उनके द्वारा बनाई गई रिपोर्ट के अनुरूप किसानों को वास्तविक लागत (सीटू+ एफएल) आदि सभी खर्चो को जोड़कर उसके ऊपर पचास प्रतिशत लाभ जोड़कर , समुचित सही न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करके यह न्यूनतम समर्थन मूल्य देश की सभी कृषि उपजों पर देश के प्रत्येक किसान को दिया जाए। यह एक सक्षम न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून से ही संभव हो सकता है। इसलिए मोदी जी से तथा उनकी सरकार से, हम देश के सभी किसान निवेदन करते हैं कि, डॉ एम एस स्वामीनाथनज के निधन पर घड़ियाली आंसू बहाने के बजाय सरकार भारत मां के इस सच्चे सपूत की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए तत्काल सक्षम एमएसपी गारंटी कानून लेकर आए, तभी उनकी आत्मा को सच्ची शांति मिलेगी, और यही उनके लिए सरकार की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। डॉ. राजाराम त्रिपाठी देश के किसान उन्हें भारी मन से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं । हमारा दृढ़ विश्वास है कि जहां भी होंगे वहां अमन चैन और खुशियाली और हरियाली अवश्य होगी।

## राजधानी में गणेशोत्सव की धूम


सिद्धिविनायक परिवार, शंकरनगर


श्री बजरंग गणेशोत्सव समिति, सामुदायिक भवन, मठपारा


श्री बजरंग गणेशोत्सव समिति, वृंदावन नगर


श्रीकृष्ण बाल समाजगणेशोत्सव समिति, ठेठवारपारा

# प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। प्रतिबंधित नशीली टेबलेट सिरप की अवैध रूप से खरीदी.बिक्री एवं अवैध रूप से इस व्यवसाय में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट टीम द्वारा कार्य योजना तैयार कर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु मुखबीर लगाकर लगातार पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर अवैध रूप से नशीली टेबलेट सिरप के कारोबार की सूचना एकत्रित की जा रही है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत लाखेनगर ईदगाहभाठा स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के पीछे एक व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली सिरप रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी आजाद



चौक को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति का नाम आवेश बेग उर्फ़पांडेय निवासी आजाद चौक रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें थैले की तलाशी लेने पर थैले में प्रतिबंधित नशीली सिरप कोड़िन रखा होना पाया गया। उक्त प्रतिबंधित नशीली सिरप रखने के संबंध में आरोपी से वैध दस्तावेज या अन्य कागजात प्रस्तुत करने कहने पर उसके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई वैध दस्तावेज या कागजात प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी आवेश बेग उर्फ़पांडेय को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 22 शीशी प्रतिबंधित नशीली सिरप कोड़िन कीमती लगभग 5,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना आजाद चौक में धारा 21,सी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

आरोपी आवेश बेग उर्फ पांडेय अपराधिक प्रवृत्ति का है, जो पूर्व में भी हत्या का प्रयासए आर्म्स एक्टए मारपीट सहित प्रतिबंधात्मक धाराओं के मामलों में जेल निरूद्ध रह चुका है।

# बार में नशे में धुत युवकों के बीच चले लात-घूंसे



**रायपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी में शराबियों के उत्पात मचाने का मामला सामने आया है शराब के नशे में धुत्त युवकों के बीच जमकर मारपीट की है मारपीट का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है पूरी घटना टाटीबंध के मरीना बार की है सभी आरोपी फरार चल रहे हैं केतन श्रीवास नामक युवक को नशे की हालत में बार में बैठे बदमाशों ने मामूली विवाद को लेकर जमकर पीटा जिसके बाद हर्ष राठी, अनुज सिंह और उसके साथ 3.4 लोगों ने जमकर मारपीट की ह घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए हैं पुलिस ने सभी के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है जानकारी के अनुसार मरीना बार में अवैध तरीके देर रात तक रोजाना शराब पिलाई जा रही हैऐसे में इस तरह के और भी मामले आ सकते हैं जिस पर पुलिस प्रशासन को कड़ाई से कार्रवाई करने की जरूरत है

# दांव लगाते 11 जुआरी आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर की पुरानी बस्ती इलाके में पुलिस ने 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी मकान के अंदर बैठकर बेखौफहोकर जुआ खेल रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने रेड मारकर इन्हें पकड़ लिया। पुरानी बस्ती थाना पुलिस को सूचना मिली कि बंधवापारा के मकान में कुछ लोग इक्कठे होकर पैसों का दांव लगा रहे हैं। जिसके बाद पुलिस टीम ने इस घर को चारों तरफसे घेर लिया। फिर रेड मारकर मौकें से 11 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से पुलिस ने 2 लाख 70 हजार का माल जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों में नारायण देवांगन, राकेश शाह, शाहिद अली, शिवम गोस्वामी, राजेश सोनी, मकरद टकिवाले, राजू यादव, सज्जाद खान, कुलदीप वाघमार, हितेश जगत, विक्की शाह गिरफ्तार हुए है। इसके खिलाफपुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### 4 दिनों पहले भी 18 जुआरी हुए थे गिरफ्तार

24 सितंबर को भी गंज पुलिस और सरस्वती नगर पुलिस ने भी अलग.अलग जगहों पर रेड मारी थी। जिसमें एक ट्रांसपोर्ट गैरेज से 11 जुआरी और सरस्वती नगर के पास तालाब किनारे से 5 जुआरी को गिरफ्तार किया था। इनके पास से 2 लाख के करीब जब्त किए गए थे।

# दिव्यांग बोले- हालत देखकर नहीं देते नौकरी

- रायपुर में निकाला पैदल मार्च, कहा- 350 रुपए पेंशन में गुजारा नहीं
- फर्जी लोगों को बर्खास्त करें

**रायपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश भर के दिव्यांगों ने अपनी मांगों को लेकर पैदल मार्च निकाला। दिव्यांग कोटे के तहत हुई फर्जी नियुक्तियों को बर्खास्त करने और 5000 रुपए मासिक पेंशन देने की मांग की। इस दौरान उन्होंने अपनी.अपनी समस्याएं बताई और कहा कि हालत देखकर कोई नौकरी नहीं देता है। दरअसल छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने पैदल मार्च 25 सितंबर को मुंगेली से निकला था। बिलासपुर होते हुए यह यात्रा 27 सितंबर को रायपुर पहुंची। जिन जिलों से पैदल मार्च निकला वहां कलेक्टर को ज्ञापन दिया। बुधवार को रायपुर में मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम भी ज्ञापन सौंपा गया।

**350 रुपए मासिक पेंशन में परिवार चलाना मुश्किल :** संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राधा कृष्ण गोपाल ने कहा कि दिव्यांग बनकर लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं। जिससे वास्तविक दिव्यांग पीछे छूट रहे हैं। सरकार की ओर से सिर्फ350 रुपए मासिक पेंशन दी जाती है। लेकिन उन पैसों से परिवार चलाना मुश्किल है।

**कॉलेज की फीस भरने के लिए भी पैसे नहीं :** आरंग के प्रकाश कुमार खेलवार ने बताया मैं दृष्टि बाधित दिव्यांग हूं। मेरे पिता जी का देहांत हो गया है। मां भी बीमार रहती है। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब है। मैं अभी स्पेशल डीएड का कोर्स कर रहा हूं। कॉलेज फीस भरने के लिए मेरे पास पैसे तक नहीं होते हैं। लोगों से हाथ जोड़कर फीस के लिए पैसे जमा करता हूं। मुझे शासन प्रशासन से कोई सहयोग नहीं मिलता है। मेरा छोटा भाई फल बेचकर परिवार का पालन करता है।

**हाथ देखकर लोग रिजेक्ट कर देते हैं :** राजनांदगांव निवासी दुर्गा साहू ने बताया कि परिवार वाले मेरा कोई सपोर्ट नहीं करते हैं। नौकरी के लिए मैं कलेक्टर के पास जाती हूं तो सिर्फआश्वासन दिया जाता है। मैं अकेली हो गई हूं। नौकरी मांगने जाती हूं तो मेरा हाथ देखकर लोग रिजेक्ट कर देते हैं। कवर्धा की छोटी मेहरा ने कहा कि मैं पैरा एथलीट खिलाड़ी हूं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग ले चुकी हूं। मैं गरीब परिवार से हूं। मेरी माता का निधन हो गया है और पिता जी घर में रहते हैं। वह भी ठीक से चल नहीं पाते हैं। भाई चाय की दुकान चलाता है उसी से हमारा गुजारा होता है। मैं ओलिंपिक तक जाना चाहती हूं लेकिन मुझे अभी तक किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं मिल पा रही है। मैं शासन से निवेदन करती हूं कि मुझे सुविधा दी जाए ताकि मैं आगे खेल सकूं।

**मां मजदूरी करके मुझे पाल रही :** मुंगेली से आए भुवनेश्वर ने बताया कि मैं अभी पढ़ाई कर रहा हूं। मेरे पिताजी का देहांत हो गया है। घर में मैं और मेरी मां रहते हैं। मेरा एक भाई भी है। वो शादी के बाद अलग रहता है। मां मजदूरी कर मेरा पालन पोषण करती है।

**परिवार की आर्थिक स्थिति खराब :** कवर्धा के रामचंद्र यादव ने बताया कि घर में कमाने वाला कोई नहीं है। मेरे माता.पिता बुजुर्ग हो चुके हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब है। सरकार 350 रुपए दिव्यांग पेंशन देती है लेकिन उन पैसों से घर का गुजारा नहीं हो पाता है। सरकार दिव्यांगों की मदद करें।

**भीख मांगकर परिवार चला रहा:** बेमेतरा के पवन साहू ने बताया कि मैं भीख मांगकर अपना परिवार चलाता हूं। घर में खाने के लिए चावल भी नहीं रहता। सरकार जितना पेंशन देती है आज के समय में उन पैसों से कुछ नहीं हो पाता है। लोगों से भीख मांगकर हम जिंदगी चला रहे हैं।

# राजधानी में ईद मिलादुन्नबी पर निकाला गया जुलूस




**रायपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में ईद मिलादुन्नबी पर गुरुवार को मुस्लिम समाज ने जुलूस.ए.मोहम्मदी निकाला। भाईचार व सदभाव का संदेश देते हुए सर्व आस्था मंच ने जयस्तंभ चौक पर मंच बनाकर जुलूस की अगवानी की। हिंदूए मुस्लिमए सिख व ईसाइयों ने मिलकर जूलूस पर पुष्प वर्षा की। मुस्लिम भाईयों को गले लगाकर ईद की बधाई दी। मंच के अध्यक्ष आर्च बिशप विक्टर हैनरी ठाकुर की अगुवाई में मनमोहन सैलानी एडवोकेट आदित्य झा जॉन राजेश पॉलए एडवोकेट फैसल रिजवी मोहम्मद सिराज फादर शांति प्रकाश पन्ना भूपेंदर सिंह सुखदेव सिंह मठारू गुरुमुख सिंह दीपांशु सिंहए मास्टर करतार सिंह व हरकिशन सिंह राजपूत आदि भी शामलि हुए। उन्होंने ने मुस्लिम धमर्गुरु मेहमान., खुसूसी सैय्यद मोइनुद्दीन अशरफअसरफी उल जललानी सज्जादा नशीन आर्च बिशप व मंच के सदस्यों ने फूल मालाओं से लाद दिया। जुलूस.ए.मोहम्मदी पर सर्व आस्था मंच ने की पुष्प वर्षा की।

**सर्व आस्था मंच ने की पुष्प वर्षा**

**हज कमेटी के चेयरमेन ने दी मुबारकबाद:** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी की समस्त प्रदेशवासियों को दिली मुबारकबाद दी। जुलूस ए मोहम्मदी का इस्तकबाल नवीन मार्केट नयापारा पर किया गया।

# महादेव एप- पुलिस ने जांच बंद की, ईडी ने की शुरू




**क्रिकेट वर्ल्ड कप की तैयारी में जुटे सटोरिए, शुरू किया वाट्सएप चैनल**

**रायपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। सुर्खियों में बने महादेव आनलाइन सट्टा एप के मुख्य संचालक और इससे जुड़े बड़े खाईवाल इन दिनों पूरी राहत के साथ पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे क्रिकेट के विश्वकप 2023 में बड़ी कमाई करने के लिए तैयारी में जुटे हुए हैं। दरअसल जब से प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने महादेव एप की जांच शुरू की है पुलिस ने प्रदेशभर में अपनी जांच बंद कर दी है। इसके पहले पुलिस रायपुरए भिलाई और दुर्ग से ही लगभग 500 ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी ह जो महादेव एप का पैनल और आइडी संचालित करते थे। सबसे बड़ी चुनौती एप को बंद करवाने की है। साइबर एक्सपर्ट मोहित साहू का कहना है कि एप को बंद करना आसान नहीं है। यह प्ले स्टोर में नहीं है। यह एक वेबसाइड है लिंक है आइडी तैयार की जाती है। जितनी आइडी की जानकारी मिलती है कि पुलिस उसे ब्लाक करवा सकती है। यह इंस्टाग्राम वाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से संचालित होता है। जब तक मुख्य संचालक रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर नहीं पकड़े जाते तक तब इसे बंद करवा पाना संभव नहीं है। इस मामले में ईडी ने अब तक चार आरोपियों एएसआइ चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, हवाला कारोबारी अनिल दम्मानी और सुनील दम्मानी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि ईडी और पुलिस दोनों महादेव बुक पोर्टल को अब तक बंद नहीं करा पाए हैं। महादेव आनलाइन सट्टा एप के मुख्य संचालक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के दुबई में होने की चर्चा है। दोनों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। महादेव बुक एप को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी केंद्र सरकार पर तंज कस चुके हैं। उन्होंने सवाल उठाया था कि आखिर केंद्र सरकार महादेव बुक एप को बंद क्यों नहीं कर रही ह उन्होंने कहा था कि महादेव सट्टा एप वालों पर कार्रवाई हमने की। पैसे भी जब्त किए आप ;केंद क्या कर रहे है सौरभ चंद्राकर की 200 करोड़ की शादी का वीडियो प्रसारित होने के बाद उसकी चर्चा पूरी दुनिया में और बढ़ गई है। ईडी ने महादेव एप से जुड़े लोगों से चार सौ 17 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। इसके लिए कोलकाता, मुंबई, भोपाल सहित 39 अन्य जगहों पर छापा मार कर कार्रवाई की थी। वहीं छत्तीसगढ़ पुलिस ने दिल्लीए हरियाणा, झारखंड, भुवनेश्वर, ओडिशा, मप्र सहित अन्य जगहों से पैनल चलाने वालों को दबोचा है।

**इंटरनेट मीडिया के माध्यम से बांटी जा रही आइडी :** महादेव बुक के पोर्टल में केवल क्रिकेट में ही आनलाइन सट्टा नहीं लगाया जा रहा हैए बल्कि फुटबालए हाकीए कसिनो के अलावा कई आनलाइन जुआ खिलाने वाले गेम भी हैं। इसके जरिए बड़े पैमाने पर आनलाइन सट्टा और जुआ खिलाया जा रहा है। इंस्टाग्राम, वाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए आनलाइन आइडी बेची जा रही है। इन पर जांच एजेंसियां रोक नहीं लगा पा रही हैं। प्रदेश में 600 से ज्यादा आइडी संचालित हैं।

**राजधानी में बड़ा नेटवर्क :** महादेव बुक और आनलाइन क्रिकेट सट्टे का रायपुर में भी बड़ा नेटवर्क सक्रिय था। शीमर्स क्लब के संचालक नितिन मोटवानीए युसूफ पुट्टीए कोचिंग सेंटर संचालक नवीन बत्राए सागर जैनए मन्नू नत्थानीए सन्नी पृथ्वानी आदि सटोरियों के नाम सामने आए हैं। इनमें से कुछ सटोरियों से ईडी भी पूछताछ कर चुकी है।

# फिल्म पालिसी बनने के दो साल बाद भी कलाकारों को लाभ मिलने का इंतजार

**नियम-कानूनों में उलझा संस्कृति विभाग**

**रायपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार की तरफसे दो वर्ष पहले प्रदेश की पहली फिल्म नीति बनाई गई थी। लेकिन अभी तक उसका क्रियान्वयन नहीं हो सका। इन दो वर्षों में प्रदेश में 20 से ज्यादा छालीवुड सहित अन्य फिल्मों की शूटिंग हुई। नियम.कानूनों में ऐसी उलझन है कि अभी तक किसी को अनुदान नहीं मिला है। निर्माता.निर्देशक अनुदान के लिए आवेदन ही नहीं कर पा रहे हैं। फिल्म नीति का क्रियान्वयन करने के लिए संस्कृति विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है। संस्कृति विभाग अभी तक फिल्म नीति के बारे में स्पष्ट नियम नहीं बता पा रहे हैं। विभाग की तरफसे अनुदान की अनुशंसा करने वाली कमेटी भी गठित नहीं की गई है। अनुदान के लिए बहुत सारे नियम.उपनियम है जिसके बारे में विभाग के अधिकारी.कर्मचारियों को ही स्पष्ट जानकारी नहीं है। शूटिंग के अलावा सिनेमा हाल बनाने फिल्म शूटिंग से संबंधित सामान खरीदने पर भी अनुदान देने का प्रावधान है लेकिन अभी तक किसी को मिला नहीं। फिल्म नीति में प्रदेश में बनी छत्तीसगढ़ी फिल्मों पर 33 प्रतिशत अनुदान देने का प्रावधान है। दूसरी भाषाओं की फिल्म भी यहां के लोकेशन पर बनती है तो उन्हें भी 25 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। धारावाहिक निर्माण पर 50 लाख रुपए तक की सब्सिडी मिलेगी। वहींए वेब प्लेटफार्म के लिए बन रही किसी फिल्म की 75 प्रतिशत से अधिक शूटिंग छत्तीसगढ़ में हुई तो सरकार एक करोड़ रुपए की सहायता करेगी। फिल्म निर्माण में प्रदेश के कलाकारों और तकनीशियनों को मौका देने पर 25 लाख रुपए की सहायता भी मिलेगी। सिनेमा हाल के लिए 15 से 50 लाख मिलेंगे नई नीति के तहत प्रदेश में सिंगल स्क्रीन सिनेमा हाल खोलने वालों को 15 लाख रुपए तक की मदद मिलेगी। मल्टीप्लेक्स के लिए सहायता राशि 50 लाख रुपए तक होगी। किसी बंद पड़े सिनेमा हाल को मरम्मत और रिनोवेशन के लिए भी सरकार 10 लाख रुपए तक देगी। फिल्म नीति में सिनेमा निर्माण के तकनीकी पक्ष पर भी जोर है। स्थानीय फिल्म उद्योग को मदद पहुंचाने के लिए सरकार ने फिल्म निर्माण के उपकरणों की खरीदी में भी मदद का हाथ बढ़ाया है। कहा गया हैए फिल्म निर्माण संबंधी उपकरणों की खरीदी पर सरकार 15 प्रतिशत सब्सिडी देगी।

**पांच राज्यों की फिल्म नीति देखकर बनी है छत्तीसगढ़ की पालिसी:** छत्तीसगढ़ की यह फिल्म नीति पांच राज्यों की फिल्म नीति का अध्ययन करने के बाद बनी है। इसके लिए तेलंगानाए मध्य प्रदेशए उत्तर प्रदेशए ओडिशा और झारखंड की फिल्म नीति का अध्ययन किया गया है। दावा है कि छत्तीसगढ़ की फिल्म नीति इन पांचों से बेहतर मदद का प्रावधान करती है।

संपादकीय

## महिला यात्रियों की सुरक्षा का बड़ा निर्णय

*छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत सभी तरह के यात्री वाहनों में पैनिक बटन और जीपीएस लगाना अनिवार्य कर दिया जा रहा है। यात्रा के दौरान किसी भी तरह के संकट में कोई भी यात्री पैनिक बटन दबाकर अन्य लोगों का ध्यान आकृष्ट कर सकता है ताकि उसे तत्काल मदद मिल सके। महिलाओं के लिये यह विशेष लाभकारी होगा और उन्हीं की सुरक्षा की दृष्टि से यह लगाने का निर्णय भी लिया गया है। जीपीएस द्वारा यात्री वाहनों की लोकेशन को ट्रेस करना आसान हो जायेगा। उम्मीद है कि इससे राज्य के भीतर किसी भी तरह के यात्री वाहनों में यात्रा करने वाली महिलाएं पहले के बनिस्बत अधिक सुरक्षित हो जायेंगी।*

*बुधवार को छग सरकार ने जो अनेक फैसले लिये उनमें से एक यह भी है। इस निर्णय का उद्देश्य महिलाओं की हर तरह की सड़क यात्राओं को निरापद बनाना है। अक्सर देखा जाता है कि औरतों को किसी भी तरह के वाहनों से यात्राओं के दौरान अनेक तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इनमें सबसे ज्यादा यौन उत्पीड़न के मामले होते हैं। अकेली महिलाएं मनचलों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का शिकार बनती हैं। उनके साथ छेड़छाड़ से लेकर बलात्कार तक की घटनाएं होती हैं। अकेली महिलाएं असहाय होती हैं। यह भी देखा जाता है कि उनकी मदद के लिये कोई भी सामने नहीं आता। कई बार इसका एक कारण यह भी होता है कि उनकी मदद की गुहार सुनने वाला कोई होता भी नहीं। पैनिक बटन से लोगों का ध्यान खींचा जा सकेगा और पुलिस तक भी इसका एलर्ट पहुंचेगा। इससे महिलाओं की हिम्मत बंधेगी और सम्भव है कि उन्हें संकटों से निकालने के लिये तत्काल आमजन में से कोई सामने आ जाये। पुलिस को सूचना मिलने पर वह भी तुरन्त पहुंच सकेगी।*

*जीपीएस लगाना भी बहुत कारगर साबित होगा। अपराध की सूचना मिलने के बावजूद अपराध स्थल तक पहुंचना या अपराधी को ट्रेस कर पाना मुश्किल हो जाता है। हो भी जाये तो उस तक पहुंचने में समय लगता है। अब हर यात्री वाहनों में जीपीएस लगने से उसका लोकेशन उपलब्ध रहेगा। इससे पुलिस को न्यूनतम समय में पहुंचने में मदद मिलेगी। वैसे भी जब वाहन चालकों, सहचालकों और यहां तक कि अन्य यात्रियों को इस बात का पता रहता है कि वाहन में पैनिक बटन और जीपीएस लगे हैं तो अपराधियों का हौसला टूट जाता है और वे किसी भी तरह का अपराध करने से बचते हैं। इन दो उपकरणों से महिलाएं तो सुरक्षित होंगी ही, अन्य यात्री भी लाभान्वित होंगे। बच्चे, बुजुर्ग भी इससे सुरक्षित महसूस करेंगे। किसी भी सभ्य समाज की प्रमुख पहचान यही होती है कि उसमें कमजोर वर्ग पूर्णतः सुरक्षित हों।*

उल्टा पुल्टा

घोंचू ने अपने दोस्त पोंचू से कहा- मैं अपनी बीवी की वजह से एक दिन नरक में जाऊंगा, हर दिन झूठ जो बोलना पड़ता है।

पोंचू ने हैरान होकर पूछा- ऐसा क्यों है मेरे भाई?

**घोंचू**- रोज सुबह-शाम सजने-संवरने के मेरी बीवी पूछती है कि मैं कैसी लग रही हूं।

# विधायक वोरा ने बोरसी पोटिया क्षेत्र में 3.6 करोड़ के विकास कार्यो का किया भूमिपूजन



**दुर्ग,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस विधायक अरूण वोरा ने आज बोरसी पोटिया क्षेत्र में 3.6 करोड़ रूपयों के प्रस्तावित विकास कार्यो के लिये भूमिपूजन किया। इन कार्यो में हनोदा रोड में कन्या विद्यालय भवन, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का उन्नयन, पंचशील नगर, कंडरापारा, जोगी नगर एवं पोटिया में हमर क्लीनिक निर्माण के लिये भूमिपूजन किया। विधायक श्री वोरा ने इस अवसर पर बताया कि शहर के बाहरी वार्डो के लिये विशेष कार्ययोजना तैयार कर राशि स्वीकृत कराई जा रही है।

श्री वोरा ने कहा कि वार्ड 52 में उत्कृष्ट विद्यालय का निर्माण हो जाने से आसपास के 6 वार्डो के बच्चों को लाभ मिलेगा। हमर क्लिनिक में प्रतिदिन एमबीबीएस डाक्टर व स्टाफ की नियुक्ति की जायेगी। बोरसी भवन के पुराने विद्यालय के संधारण हेतु 10 लाख की राशि स्वीकृत की। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अजय मिश्रा, वार्ड पार्षद प्रेमलता साहू, गायत्री साहू, अनूप चंदनिया, पोषण साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# ईद मिलादुन्नवी पर निकला जुलूस ए मोहम्मदी, जगह-जगह स्वागत



**दुर्ग,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। इस्लाम के संस्थापक हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर स्थानीय मुस्लिम समाज द्वारा जश्न ए ईद मिलादुन्नवी का जुलूस ए मोहम्मदी काफी जोश खरोश से निकाला गया। जुलूस का जगह जगह शीतल मीठे पेयजल सहित अन्य तरह से स्वागत किया गया। जगह जगह स्वागत द्वार बनाये गये थे। जुलूस में कुछ देर तक विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रदेशाध्यक्ष आर.एन.वर्मा सहित अनेक प्रमुख लोग शामिल थे।

जुलूस जामा मस्जिद के सामने से प्रारंभ होकर होटल मान, गुजराती धर्मशाला तकियापारा, सुभाष चौक, फरिश्ता काम्पलेक्स, इंदिरा मार्केट, पांच कंडिल चौक होते हुए वापस जामा मस्जिद पहुंचा। यहां पर परचम कुशाई ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# मौलाना को नाबालिग छात्रा के साथ अश्लील हरकत के आरोप में 6 साल की सजा

■ विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट ने सात माह में सुनाया फैसला

**दुर्ग,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। गुरु की गरिमा को दागदार करने के आरोपी मौलाना के खिलाफअदालत द्वारा फैसला सुनाया गया है। मौलाना पर अपनी 9 साल की स्टूडेंट के साथ अश्लील हरकत करने का आरोप है। स्पेशल कोर्ट ने अभियुक्युत को पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी करार दिया है। लगभग सात माह पुरा पु ने इस मामले में अदालत ने अय्याश मौलाना को कुल 6 वर्ष के कारावास व 600 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। यह फैसला विशेषशे न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) संगीता नवीन तिवारी की अदालत में बुधवार को सुनाया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक संतोष कसार ने पैरवी की थी।

मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है। आरोपी मौलाना मो. मेहराज (23 वर्ष) एक 9 वर्ष की बच्ची को उसके घर अरबी भाषा पढ़ाने आता था। आरोप है कि पढाई कराने के दौरान मौलान की नियत अपनी स्टूडेंट के प्रति बदल गई। वह अपने प्यार का इजहार करते हुए प्रायः स्टूडेंट के साथ बुरी नियत से अश्लील छेडछाड़ करने लगा था, जिससे बच्ची स्वंय को असहज महसूस करने लगी थी। विरोध करने पर भी मौलाना अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। परेशान ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# गणपति बप्पा मोरिया के उद्घोष के साथ गणेशजी को विदाई



**दुर्ग,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। अनंत चतुदर्शी पर आज दसवें दिन जगह जगह गणेश मंडपों पर हवन पूजन कर गणेश विसर्जन किया गया। सुबह से ही सार्वजनिक तथा निजी निवास स्थानों पर अनंत चर्तुदशी पर हवन, पूजन के कार्यक्रम हुए। पश्चात शोभायात्रा के साथ लोगों ने विसर्जन की शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा निकालने का क्रम ईद मिलादुन्नवी का जुलूस हो जाने के बाद ही शुरू किया गया।

आज सुबह से ही लगभग सभी गणेश मंडपों पर हवन पूजन की तैयारियां की जा रही थी। सभी स्थानों पर पुजारियों ने गणेशजी की पूजा कराकर हवन कराया। इसके बाद अनेक लोगों ने जलाशयों की बजाय अपने अपने घरों में ही विसर्जन कर लिया। इसके बाद पोलसाय तालाब, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# जीवनदीप समिति के कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर हुए सम्मानित



**दुर्ग,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। स्व. पांडुरंग रामाराव डोंगावकर जिला चिकित्सालय में नियमित बाह्य एवं आंतरिक मरीजों की सेवा एवं सक्रिय सकारात्मक तथा उल्लेखनीय भूमिका निर्वाहन करने के लिए जीवनदीप समिति के सदस्यों का सम्मान किया गया। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने प्रगति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर जीवनदीप समिति ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# विस क्षेत्र के लिये कांग्रेस ने नियुक्त किए चुनावी प्रभारी



■ पाटन में राजेन्द्र साहू, दुर्ग शहर में इरफान खान, अहिवारा में अय्यूब खान नियुक्त

**दुर्ग,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिये कांग्रेस के प्रभारियों की नियुक्तियां कर दी है। प्रभारी संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के चुनाव अभियान प्रचार व संचालन इत्यादि की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभायेगें। इन प्रभारियों की सूचा आज छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने संगठन व प्रशासन प्रभारी मलकीत सिंह गैंदू ने जारी की। इस सूची के अनुसार प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण चर्चित व प्रतिष्ठापूर्ण पाटन विधानसभा क्षेत्र की चुनावी जवाबदारी क्षेत्र प्रभारी प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजेन्द्र साहू को दी गई है। यह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का निर्वाचन क्षेत्र है। यहां से भाजपा ने सांसद विजय बघेल को प्रत्याशी बनाया है। दुर्ग शहर के लिये प्रदेश सचिव इरफान खान प्रभारी बनाये गये है। यहां से विधायक अरूण वोरा अब तक कांग्रेस प्रत्याशी बनाये जाते है। इस बार भी पूरी संभावना जताई जा रही है कि श्री वोरा को ही कांग्रेस प्रत्याशी बनायेगी। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के निर्वाचन क्षेत्र से प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव झुमुक साहू प्रभारी बनाये गये है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अय्यूब खान को अहिवारा विधानसभा क्षेत्र से प्रभारी बनाया गया है। यहां से प्रदेश शासन के मंत्री रूद्रगुरू विधायक है।

# पीएम आवास योजना : आज खुलेगी डाटा सेंटर में लाटरी

**दुर्ग,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत मोर मकान मोर आवास के लिये लाटरी कल 29 सितंबर को दोपहर 12 बजे डाटा सेंटर में निकाली जायेगी। यह जानकारी महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने दी।



आज तक कुल चार चरणों में ड्रा की गई लाटरी से 174 आबंटित किये जा चुके है। नोडल अधिकारी दिनेश नेताम ने हितग्राहियों से कहा है कि यदि वे अपना आबंटन पत्र प्राप्त न कर सकें हो तो डाटा सेंटर स्थित आवास कार्यालय में से प्राप्त कर लें। नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने बताया कि जिस तेजी से कार्य चल रहा है उसके अनुसार गणपति विहार एवं पोटियाकला ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# ब्रम्हाकुमारी के नवनिर्मित भवन आनंद सरोवर बघेरा का लोकार्पण



**दुर्ग,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय वि.वि. के नवनिर्मित भवन आनंद सरोवर बघेरा का आज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी जयंती दीदी, अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारीज के सानिध्य में लोकार्पण एवं राजयोगिनी कमला बहन सभागार का विधिवत् उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र साहू अध्यक्ष जिला नागरिक सहकारी बैंक, चतुर्भुज राठी, अंशुल जैन, प्रभात पड़ियार, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, क्षेत्रीय निर्देशिका इंदौर जोन, ब्रह्माकुमारी उषा दीदी संचालिका, ब्रह्माकुमारीज उज्जैन ब्रह्माकुमारी आशा दीदी संचालिका ब्रह्माकुमारीज भिलाई, संस्था के मुख्यालय माऊण्ट आबू से ब्रह्माकुमार टोमन, प्रकाश, देवेन्द्र, आनंद व शंकर मंचस्थ थे।

इस अवसर पर दुर्ग शहर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थापना से लेकर अभी तक की 41 वर्षों के संपूर्ण सेवाओं के कार्यक्रम की बहुत ही सुन्दर डॉक्युमेंट्री प्रस्तुत की गई जो ब्रह्माकुमारीज के संघर्ष एवं सफलता की दास्तां है।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लंदन से पधारीं ब्रह्माकुमारीज की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी जयंती दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि परमपिता परमात्मा की कमाल है कि किस तरह से परमात्मा ने सारे विश्व के अंदर शांति के ऐसे स्थान बनवाए हैं और विशेष उसमें भी भारत में कोने-कोने में मनुष्य आत्माओं की ज्योत जगाने के लिए शांति का दान देने के लिए इतने सुंदर भवन बनवाए हैं।

दुर्ग का भाव है फोर्ट अर्थात किला तो यह इतना शानदार किला बन गया है जो कि दुर्ग के अंदर जहां पर हर आत्मा की रक्षा भी हो सकती है द्य हर आत्मा को ऐसे महसूस हो सकता कि यहां पर हमें सुख-शांति-आनंद का अनुभव हो रहा है।

आनंद सरोवर अर्थात सच्चा आनंद स्वरूप, तो परमात्मा है सत्यम-शिवम-सुंदरम। इस कार्यक्रम में कुमारी आंचल, धरनी, चारू, लिपिका, कशिश, सुरभि, धारिणी, युक्ति, मौसमी, गिरीशा, चंद्राणी, जागृति ने भिन्न-भिन्न नृत्यों की प्रस्तुति दी। ब्रह्माकुमार युगरत्न ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी तथा सुंदर मंच संचालन ब्रह्माकुमारी रूपाली बहन ने किया।

# जिले के युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने जिला प्रशासन की नई पहल

**दुर्ग,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल प्रारंभ की जा रही है। कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा के मंशा के अनुरूप जिले के प्रत्येक जनपद एवं नगरीय निकाय में नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। ये अधिकारी स्थानीय युवाओं को उनकी आवश्यकता के अनुरूप गूगल फार्म में एंट्री करायेंगे। साथ ही स्थानीय नियोक्ताओं से भी उनके संस्थान में उपलब्ध रिक्त पदों की जानकारी भी गूगल फार्म में एंट्री करायेंगे।

गुगल फॉर्म के माध्यम से उपलब्ध रिक्तियों के लिए इच्छुक बेरोजगारों को सीधे लिंकेज कर रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। विभिन्न क्षेत्रों में



**गूगल के माध्यम से बेरोजगारों व नियोक्ताओं को जोड़ेगें**

उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी नगरीय निकायों, उद्योग विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा गूगल फॉर्म के माध्यम से संकलित किया जाएगा। रोजगार प्राप्त करने हेतु आवेदन अपने जनपद पंचायत/नगरीय निकाय से गूगल लिंक प्राप्त कर सकेगा।

स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में कंप्यूटर ऑपरेटर, सेल्स, कुक, ड्राइवर, हॉस्पिटल में वार्ड बॉय, नर्सिंग स्टॉफ जैसे पदों पर जनशक्ति की आवश्यकता होती है इन्हीं जरूरत को पूरा करने हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन के माध्यम से इस अभिनव पहल की शुरुआत की जा रही है। कलेक्टर अधिकारियों की बैठक में सभी एसडीएम एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को इस हेतु आवश्यक पहल करने कहा है।

# ग्रीन चौक में शहीदों की मूर्तियां पुनः लगाने को लेकर धरना

**दुर्ग,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। एआईडीवायओ ने आज महान क्रांतिकारियों शहीद भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, शहीद चंद्रशेखर आजाद, शहीद उधम सिंह की मूर्तियां पुर्नस्थापित करने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। ये मूर्तियां विगत 25 वर्षो से ग्रीन चौक (शहीद चौक) में ही स्थापित थी। संधारण के नाम पर इन प्रतिमाओं के हटाने के बाद दुबारा आज तक स्थापित नहीं किया गया। एआईडीवायओ ने धरना प्रदर्शन से पूर्व शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई।



आज के कार्यक्रम में आत्माराम साहू, देवेन्द्र पाटिल, पूजा सागर, अंजू भारती, अभिषेक श्रीवास, तीरीत साहू, तमन्ना मोहनीश राजपूत, सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र पाटिल ने किया।

युवा संघर्ष समिति : युवा संघर्ष समिति ने शहीद भगत सिंह जयंती पर राजेन्द्र पार्क में कार्यक्रम कर शहीदे आजम का स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि सभा की। कार्यक्रम में दिनेश चौरे, तुकेश मानिकपुरी, वेदप्रकाश साहू, देवव्रत यादव, करन गुप्ता, हर्ष गुप्ता, शिवा साहू, एवं चेतन सिन्हा शामिल थे।

# फर्जी जमानत का मामला दुर्ग कोर्ट में उजागर

## आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू

**दुर्ग,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में फर्जी तरीके से जमानत दिए जाने का मामला सामने आया है। जमानतदार द्वारा स्वयं की ऋण पुस्तिका से जमानत लिया जाता था। एक से अधिक मामलों में जमानत लेने के बाद भी पूर्व में लिए जमानत का उल्लेख ऋण पुस्तिका में नहीं मिला। मामला सामने आने के बाद अंकिता गुप्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के निर्देश पर दुर्ग कोतवाली पुलिस ने फर्जी जमानतदार के खिलाफ धारा 420, 467, 468,471 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल यह मामला तब खुला जब जमानतदार ने एक केस में आरोपी की जमानत लेने किसान किताब (ऋण पुस्तिका) प्रस्तुत की। अंकिता गुप्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के कोर्ट में हेमराज देशमुख नाम के अभियुक्त का केस चल रहा है। इनकी जमानत के लिए जमानतदार जयंती नगर, ग्राम सिकोला दुर्ग निवासी राजेश वैरागडे (55) ने किसान किताब क्रंमाक 1135434 को प्रस्तुत किया। पूरा फर्जीवाड़ा इसी किसान किताब से जुड़ा है।

जांच में पाया गया कि इसी न्यायालय में एक अन्य प्रकरण में धारा 138 के तहत आरोपी मोहन लाल की जमानत भी इसी किसान किताब के जरिए 5 अगस्त 2023 को जमानत ली गयी थी। उक्त किसान ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# पीएचडी की फर्जी डिग्री दिलाने के नाम पर एक लाख की ठगी

■ पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर शुरू की जांच

**दुर्ग,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। पीएचडी की डिग्री दिलाने के नाम पर दुर्ग के शख्स से एक लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। दुर्ग में हुए एक सम्मेलन के दौरान शख्स की मुलाकात शातिर से हुई। शातिर ने खुद को केन्द्रीय मंत्री का सलाहकार बताया और बड़े मंच पर उन्हें पीएचडी की उपाधि से सम्मानित करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद रजिस्ट्रेशन के नाम पर एक लाख ले लिए और इसके बाद टालने का सिलसिला शुरू हुआ। लगभग एक साल तक घनचक्कर बनने के बाद शख्स ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई। पद्नाभपुर पुलिस ने इस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

दरअसल यह पूरा मामला 20 नवंबर 2022 को शुरू हुआ। 13/15 ऋषभ नगर फेस 2 दुर्ग निवासी विजय गुप्ता की मुलाकात सनातन धर्म सभा के सम्मान समारोह चांदनी चौक दिल्ली निवासी डॉ तपन काकटी से हुई थी। इस कार्यक्रम में विजय गुप्ता ने मंच संचालन किया। मंच संचालन की तारीफ करते हुए डॉ तपन ने विजय गुप्ता से मेल मिलाप बढ़ाया और मोबाइल नंबर लेने के बाद दिल्ली लौट गया। इसके बाद 21 नंवबर 22 को विजय गुप्ता के मोबाइल पर वाट्सएप मैसेज आया जो कि डॉ तपन ने किया। मैसेज में उन्होंने विजय गुप्ता को फॉरेनरे यूनिवर्सिटी की ऑनरेरीर डक्टरेट डिग्री लेने का ऑफर दे दिया।

इसके बाद डॉ तपन ने भारत शासन नीति आयोग से रजिस्टर्ड इंटीग्रेटेड ग्लोबल यूनिवर्सिटी का फार्म विजय गुप्ता को भेजा। डॉ तपन ने इसके साथ विजय गुप्ता का बायोडाटा अटैच करने कहा और यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन शुल्क रुपए 1 लाख 75 हजार रुपए बताया। इसके बाद यह भी बताया कि उनके लिए उसने डिस्काउंट कराया है और एक लाख की रजिस्ट्रेशन फीस देने कहा। विजय गुप्ता पीएचडी के लालच में डॉ तपन के झांसे में आ गया और 25-25 हजार रुपए चार किश्तों में ट्रांसफर कर दिए।

रुपए ट्रांसफर होने के बाद डॉ तपन का असली चेहरा सामने आने लगा। इसके बाद इवेंट को लेकर डॉ तपन द्वारा लगातार विजय गुप्ता को गुमराह किया जाता रहा। हर बार इवेंट कैंसिल होने और नई तारीख देता रहा। कभी दिल्ली तो कभी कोलकाता में इवेंट होने की जानकारी दी। जाने के लिए विजय गुप्ता द्वारा रेलवे टिकट भी आरक्षित किया गया लेकिन ऐन मौके पर इवेंट कैंसिल होने की जानकारी भेजना डॉ तपन की आदत में शुमार हो गया।

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## 73 दिव्यांगों को मिली सामग्री

**भिलाईनगर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु। संयंत्र द्वारा सीएसआर योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को के सहयोग से ट्राईसायकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन, दृष्टी बाधितार्थ फोल्डिंग छड़ी, ट्राईपोड, टेट्रोपोड, सर्वाइकल कालर, नी ब्रेस आदि उपकरणों का निःशुल्क वितरण हेतु तीन दिवसीय परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अहिवारा विधान सभा क्षेत्र तथा बेरला साजा के आस-पास के लगभग 73 लोगों ने इस शिविर का लाभ लिया। इस शिविर में उप.संचालक समाज कल्याण जिला दुर्ग अमित परिहार एवं उनकी टीम का विशिष्ट योगदान रहा। इस परीक्षण शिविर का आयोजन नगर पालिक निगम के मंगल भवन में किया गया था। नगर पालिक निगम अहिवारा के अध्यक्ष नटवर ताम्रकर एवं उनकी टीम का भी विशेष सहयोग मिला।

# स्वाइन फ्लू से मौत, लोगों में दहशत



**भिलाईनगर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर.9 हॉस्पिटल में स्वाइन फ्लू से पीड़ित एक 81 वर्षीय बुजुर्ग की बुधवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। स्वाइन फ्लू से मौत की खबर से लोगों में दहशत देखी गई। इसमें संक्रमित व्यक्ति जब छींकता या खांसता है, तब दूसरों को इसके वायरस प्रभावित कर सकते हैं। वर्तमान में वायरल फीवर व खांसी से शहर में बड़ी संख्या में लोग पीड़ित हैं। ऐसा कोई घर होगा जहां बुखार से कोई न कोई घर का सदस्य पीड़ित न हो। अस्पताल में बुखार से पीड़ित मरीजो की संख्यां काफी ज्यादा होती है। मिली जानकारी के अनुसार केवल शासकीय अस्पताल सुपेला में ही एक दिन में लगभग 300 से 400 मरीज ईलाज के लिये आते है। ऐसे में इनमें से कौन एच-1, एन-1 से संक्रमित है, यह चिंहित कर पाना संभव नहीं है। चिकित्सक इसी वजह से एहतियात के तौर पर मास्क लगाने व सफाई पर खास ध्यान देने की बात कह रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर-9 अस्पताल में अब तक 3 मरीज स्वाइन फ्लू के आ चुके हैं। इसमें से चंद दिनों पहले दल्ली राजहरा से आए एक बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। इसके बाद बुधवार को भिलाई के एक बुजुर्ग मरीज ने दम तोड़ दिया। वहीं एक बालक भी संक्रमित मिला था, वह ठीक हुआए इसके बाद उसे अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई है।

स्वाइन फ्लू होने पर इसका तत्काल इलाज करना चाहिए। बुजुर्ग, बीपी, शूगर हो या कमजोर, गर्भावस्था होए तब अधिक अलर्ट रहने की जरूरत है। इसमें पानी की कमी को दूर करने के लिए जूस, गरम सूप, पानी और तरल खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। इसमें आराम और नींद पूरी लेनी चाहिए। बताया गया है कि आम तौर पर यह मौसमी फ्लू की तरह ही होता है। चेहरा से होकर, इसका वायरस मनुष्य के शरीर में प्रवेश करता है। संक्रमित मरीज अगर किसी चीज को छूता है और बाद में उसको कोई दूसरा व्यक्ति छूता है। इसके बाद हाथ को अपनी आंख, मुंह या नाक को छूता है, तब भी वह स्वाइन फ्लू से संक्रमित हो सकता है। फ्लू हवा में है। इस वजह से इसका संक्रमण आसान हो गया है। स्वाइन फ्लू के मामले अधिकतर गंभीर नहीं होते हैं। इसमें अस्पताल में दाखिल होने की जरूरत भी नहीं पड़ती। सिर्फ गले में खराश, खांसी जैसे लक्षण नजर आते हैं। स्वाइन फ्लू न फैले इसके लिये सभी को स्वच्छता पर खास ध्यान देना है। इसमें छींकते वक्त नाक को ढंकना, खांसते वक्त रूमाल का इस्तेमाल करना, स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए आंख, नाक, मुंह को छूने से बचना चाहिए। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 9 में इस वर्ष अब तक स्वाइन फ्लू के 3 केस आए। इसमें से दल्ली राजहरा से आए एक बुजुर्ग की कुछ दिनों पहले ही मौत हुई है। आज एक बुजुर्ग 81 साल ने दम तोड़ा। वहीं एक बालक भी दाखिल हुआ था। वह ठीक होकर घर लौट चुका है। स्वाइन फ्लू में बुखारए खांसी, गले में खराश, नाक बहना, शरीर में दर्द, सिर दर्द, ठंड लगना और थकान होना स्वाईन फ्लू का लक्षण है। ऐसा होने पर इसका तत्काल नजदीकी अस्पताल में जाकर इलाई करना चाहिए ताकि इसे फैलने से रोका जा सके। जानकारों के अनुसार इसमें लापरवाही करने से जान को भी खतरा हो सकता है। इसलिये इसमें ईलज बहुत जरुरी है।

## बैंक में गार्ड, सेंसर, कैमरा, को दुरुस्त रखने दिए निर्देश



**भिलाईनगर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई के सभागार में बैंक अधिकारियों की बैठक पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय कुमार ध्रुव के द्वारा ली गई। जिसमें जिले के सभी प्राइवेट एवम सरकारी बैंक के अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। जिसमे एसडीएम दीपक निकुंज, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर विश्व दीपक त्रिपाठी, थाना प्रभारी सुपेला दुर्गेश शर्मा के द्वारा बैंक अधिकारियों की बैठक में उन्हें बैंकों में सुरक्षा प्रबंध चाक-चौबंद करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैंक अधिकारियों को स्पष्ट रुप से कहा कि सुरक्षा प्रबंधों में चूक बरतने वाले बैंकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिन बैंकों में गार्ड और सीसीटीवी की व्यवस्था नहीं होगी, उन बैंकों को पुलिस द्वारा नोटिस दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन दिनों बैंकों में आपराधिक वारदातों की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन घटनाओं को रोकने के लिए बैंकों का सहयोग होना बेहद जरूरी है। बैंक अधिकारी स्वयं व बैंक के गार्ड बारे जानकारी नजदीकी थाने में अवश्य दें ताकि जरूरत के समय आपस में संपर्क हो सके। इसके अलावा बैंकों में सुरक्षा मानकों की समय समय की जांच अवश्य करवाएं। बैंकों के अंदर व बाहर हाई रेज्यूलेश के कैमरे लगे हो व इसमें ज्यादा से ज्यादा दिनों की रिकार्डिंग सेव रहे। बैंकों का अलार्म सिस्टम दुरूस्त हो व जहां कैश रखा जाता है, वहां सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हो। एटीएम मे सुरक्षा गार्ड के साथ.साथ अच्छी क्वालिटी के सेंसर भी लगे हो। बैंक में या आसपास अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आता है तो तुरंत इस बारे डायल 112 पर सूचना दें। सभी एटीएम में डायल 112 के नंबर, थाना प्रभारियों एवम वरिष्ठ अधिकारियों के नंबर चस्पा करने के निर्देश दिए गए।

## भिलाई-चरोदा में महिला मिलन समारोह



**भिलाईनगर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़िया रेल कर्मचारी अधिकारी संगठन बीएमवाय चरोदा के महिला प्रकोष्ठ द्वारा सांस्कृतिक भवन चरोदा में तीज मिलन समरोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मण्डल अध्यक्ष तीजराम वर्मा व मण्डल प्रभारी संदीप साहू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने शिव पार्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना करके अपने छत्तीसगढ़ के सभी त्योहार.पर्व को हर्षोल्लास से मनाने पर संगठन का तारीफकिए और कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और उनके परिवार को तीजा पोरा की बधाई देते हुए संगठन को आगे बढ़ाने भविष्य में हरसंभव साथ देने का वादा किया। दोपहर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर निर्मल कोसरे ने संगठन की महिलाओं के एकजुटता को नमन करते हुए संगठन को इसी मजबूती से हमेशा खड़े रहने में हर सम्भव सहायता देने का वादा किया। साथ ही छत्तीसगढ़ के तीज त्योहार, संस्कृति व परम्परा को जीवित रखने की सभी से अपील की। कार्यक्रम में प्रमुख आकर्षण का केन्द्र 50 महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन था। इसमें महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की स्टाल लगाई गई थी। 250 महिलाओं द्वारा स्टेज में सोलह श्रृंगार की प्रस्तुति के साथ गीत नृत्य की नयनाभिराम प्रस्तुति दी गई। खेलकूद का भी आयोजन किया गया। जिसमें मटका फोड़, बिंदी लगाओ, कुर्सी दौड आदि में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और उपस्थित सभी महिलाओं को सुहाग सेट का वितरण समापन समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता बी एन पटेल, सीमा पटेल, अनिता सोनी, दिव्या यादव, रजनी राज, मनीषा बांकुरे, संजय साहू द्वारा किया गया। मंच संचालन रामेश्वरी साहू व नीता साहू ने किया।

## अहिवारा में 79 लाख से होगा सीसी रोड नाली निर्माण

**भिलाईनगर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत विधायक गुरू रूद्र कुमार की अनुशंसा पर विधानसभा क्षेत्र अहिवारा अंतर्गत 14 निर्माण कार्यो के लिए 77 लाख 99 हजार 847 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र अहिवारा के अंतर्गत ग्राम पाहरा में शास.नवीन सेवा सहकारी समिति में आहाता निर्माण हेतु 4 लाख 99 हजार 859 रूपए एवं ग्राम ढौर के वार्ड-3 से वार्ड-7 तक नाली निर्माण हेतु दोनों स्थानों के लिए 4 लाख 99 हजार 988 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार ग्राम खेरधा में कृष्णा साहू के घर से सार्वजनिक मंच तक नाली निर्माण हेतु, ग्राम बागडूमर में सार्वजनिक कबीर कुटीर भवन निर्माण हेतु, ग्राम कपसदा में सांस्कृतिक मंच के पास डोम शेड निर्माण हेतुए ग्राम पिटौरा के यादव पारा में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण हेतु, ग्राम करहीडीह में सार्वजनिक मंगल भवन निर्माण हेतु, ग्राम अकोला में भुवनेश्वर शर्मा के घर से पथर्रा तालाब तक नाली निर्माण हेतु एवं ग्राम अहेरी में जय स्तंभ चौक से तालाब तक सीसी रोड निर्माण हेतु, ग्राम मलपुरीकला में भरत लाल साहू के घर से लवंत साहू के घर तक, ग्राम रिंगनी में दिलीप साहू के घर से रिंगनी पुल तक, ग्राम मुर्रा में ताराचंद ठाकुर के घर से निहाल सकेश के घर तक, ग्राम गिरहोला में कुंजलाल बंजारे के घर से धन्नम जांगड़े के घर तक व ग्राम नंदिनी खूंदिनी में देव ऋषि घिंदोड़े के बाड़ी से लेकर शमशान घाट तक प्रत्येक 12 स्थानों पर सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 5-5 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति की गई है।

## प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण विषय पर कार्यशाला



**भिलाईनगर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। फेरो स्क्रैप निगम कार्यालय द्वारा कार्यालयीन कामकाज में हिंदी के प्रयोग की समस्या एवं समाधान तथा प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण एवं स्वच्छता ही सेवा है, विषय पर राजभाषा कार्यशाला का आयोजन पंकज त्यागी महाप्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन, डॉ हंसा शुक्ला प्राचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय एवं श्रीमती ममता ध्रुव, व्याख्याता हिन्दी बालाराम जोशी, डॉ अजय आर्य, के विशेष आतिथ्य तथा छगन लाल नागवंशी, राजभाषा अधिकारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंकज त्यागी ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग करने की शपथ दिलाई तथा गृहमंत्री अमित शाह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय इस्पात मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री राजीव गौबा, मंत्रि मंडल सचिव का संदेश वाचन किया। उन्होंने कहा कि हम हिंदी भाषा के गौरव की स्थापना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने देश और अपनी भाषा के प्रति संवैधानिक और नैतिक कर्तव्य है कि हम अपनी भाषा का प्रचार-प्रसार व्यवहारिक तरीके से करें। प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने के लिए पहल खुद से ही करने होगी और उसके उपयोग को कम से कम करना होगा ताकि प्रदुषण कम हो सके और स्वच्छता ही सेवा है का मुख्य उद्देश्य कचरा मुक्त भारत का निर्माण करना है। मुख्य अतिथि डॉ हंसा शुक्ला ने कहा कि जो हिंदी की विशेषता है वही आज हिंदी की कठिनाई बनती जा रही है। हिंदी भाषा का प्रयोग करते समय भाव अनुवाद को प्रमुखता दी जानी चाहिए। उन्होंने प्लास्टिक के भी कम उपयोग करने तथा थैला लेकर बाजार जाने की प्रेरणा दी। श्रीमती ममता ध्रव ने स्वरचित कविता के साथ अपनी बात आरंभ करते हुए हिंदी को हृदय की भाषा बताया और हिंदी का जब आप प्रयोग करते हैं तो अपनापन बढ़ता है। डॉ अजय आर्य ने कहा कि हिंदी भाषा का प्रयोग कठिन नहीं है। हर वह चीज कठिन हो जाती है जो प्रयोग में नहीं होती। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे एफएसएनएल के महाप्रबंधक पंकज त्यागी ने हिन्दी सुंदर लिखावट प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन छगनलाल नागवंशी ने किया।

## सेक्टर-1 गणेश पंडाल में देखने मिल रही एकता की मिशाल



**भिलाईनगर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-1, सड़क-19 के एकता गणेशोत्सव समिति ने कौमी एकता की मिसाल पेश की है। जैसे समिति का नाम है वैसे ही उनका काम है। कौमी एकता की झलक इस पंडा़ल में देखने को मिलती है। जिसकी सराहना नगरवासियों द्वारा की है। एकता गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता समाजसेवी सुभाष सतपथी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह समिति विगत 18 वर्षों से निरंतर गणेश पूजा का आयोजन करते आ रही है। इस समिति की खाशियत ये है की यह पूरी तरह से कौमी एकता से परिपूर्ण है। हर समाज और वर्ग के लोग आपस में एकजुट होकर प्रत्येक कार्यक्रम में भाग लेते हैं। गणेश मंडप का पहला खम्भा सुनील कुजूर गढ़ता है जो ईसाई धर्म को मानने वाला है। समिति को प्रथम चंदा सलीम खान नामक सदस्य देता है जो मुसलमान है। पूजा में पहला प्रसाद लखबीर सिंह के घर से आता है जो सिख है। गणेश पूजा में महिलाओं से लेकर बच्चों का भरपूर सहयोग रहता है। समिति के संरक्षक सेवानिवृत्त पुलिस उप अधीक्षक विरेन्द्र सतपथी हैं जिनके मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष धर्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# 8 लाख से होगा तालाब का सौंदर्य : महापौर

**भिलाईनगर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई-चरोदा नगर निगम द्वारा वार्ड-9 के ब्रह्मनीन तालाब का बेहतर तरीके से सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। यह कार्य 98 लाख रुपए से होगा। महापौर निर्मल कोसरे ने इसके लिए भूमिपूजन किया। महापौर ने भिलाई-3 के विभिन्न वार्डों को भी सौगात दी है। उन्होंने भूमिपूजन कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। महापौर निर्मल कोसरे ने लगातार भिलाई.चरोदा नगर निगम क्षेत्र को सौगातों से नवाजा है। बुधवार को उन्होंने भिलाई-3 के विभिन्न वार्डों में भूमिपूजन कर विकास कार्यों को गति प्रदान किया।



इसमें वार्ड-9 शीतला पारा में स्थित ब्रह्मनीन तालाब का 98 लाख रुपए की लागत से होने वाला सौंदर्यीकरण कार्य अहम है। इसी कड़ी में वार्ड-7 के बंधवा तालाब में 26.78 लाख रुपए से सीसी रोड निर्माण, वार्ड 8 में 15.96 लाख से सीसी रोड निर्माण, वार्ड-13 गांधी नगर के रेलवे कॉलोनी में स्टेशन के पास पान ठेला से पुराने इंडियन ऑयल डिपो की दिशा में हनुमान मंदिर तक 8.05 लाख रुपए से आरसीसी नाली एवं पाथवे निर्माण, ट्रेक्शन कॉलोनी में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने पुलिया तक 7.94 लाख से मुख्य नाला निर्माण. वार्ड क्रमांक 14 नेहरू नगर में गैलक्सी चौक के पास सामुदायिक भवन में 11.62 लाख से डोम शेड निर्माण, नेहरू नगर में ही महिला सदन के पास 4.35 लाख से डोम शेड निर्माण, वार्ड -15 बजरंग पारा में शिव धाम के पास 15.93 लाख से आरसीसी सड़क निर्माण, वसुंधरा नगर में विकास घर से ज्योति घर तक, नीरा घर से प्रसाद घर तक 9.48 लाख से सीसी रोड निर्माण, मानसरोवर कॉलोनी में रूपकुमारी घर से वर्मा घर तक, पांडेय घर से रजा घर तक 6.28 लाख से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसी तरह पदुम नगर में लगभग 60 लाख रुपए के विकास कार्यों को गति प्रदान की गई है। महापौर निर्मल कोसरे ने पदुम नगर में शिव मंदिर खब्बू पांडा घर तक गलियों में 10.98 लाख से आरसीसी नाली निर्माण, शिव मंदिर से मिलाप घर, विष्णु प्रसाद घर तक 15.01 लाख से बीटी रोड रिनिवल, रंगा राव घर से नरसिम्हा घर तक वहां से अमर घर तक 8.31लाख से बीटी रोड रिनिवल कार्य, ओपी वर्मा से घर-128 तक, अम्मा निवास से आनंद दिवाकर घर तक एवं एमबी 4 से घर-267 तक 19.97 लाख से बीटी रोड निर्माण, शिव मंदिर से एयरटेल टावर के किनारे पुलिया तक 5.12 लाख से सीसी रोड निर्माण हेतु भूमिपूजन किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मोहन साहू, एस वेंकट रमना, श्रीमती देवकुमारी भलावी, पार्षदगण टेनेन्द्र ठाकरे, संतोष तिवारी, हेमंत वर्मा, श्रीमती शारदा लावेश मदनकर, डे साहब वर्मा, अभिषेक वर्मा, मनीष वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुमुद मढ़रिया, महामंत्री पप्पू चंद्राकर, जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष असफाक अहमद, डॉली वर्मा, रीना वर्मा, कुमारी ढीमर, इंद्रजीत यादव, युवराज कश्यप, अरमान अहमद, विनय सिंह, अनिकेत यादव सहित वार्डवासी एवं कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## हाइवा परिवहन संघ द्वारा अनिश्चितकालीन धरना शुरु



**भिलाईनगर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाइवा परिवहन संघ द्वारा शासन की गलत नीतियों के चलते चार सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना रायपुर नवागांव में किया जा रहा है, साथ ही नंदिनी अहिवारा परीक्षेत्रीय परिवहन संघ द्वारा इन्हीं मांगों को लेकर आज 28 सितम्बर को ग्राम नंदनीखूदनी में धरना प्रारंभ किया गया। संघ का कहना है कि जब तक हमारी मांग पूरी नही होती तब तक धरना जारी रहेगी। परिवहन संघ द्वारा मांग की जा रही है कि अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर हाइवा एवं खदान एवं भंडारण से अवैध रेत एवं गिट्टी लोडिंग किया जा रहा है उस पर भी सामान कानूनी कार्रवाई की जावे।धरना स्थल पर अध्यक्ष नरेंद्र यादव, उपाध्यक्ष शंकर पांडे , महासचिव शशिकांत सहित यूनियन के पदाधिकारी भारत साहू, लोकनाथ साहू, दुलार सिंह पटेल, उत्तम पटेल, गुलशन साहू, घनश्याम साहू, इंदल सिंह पटेल, चंद्रकांत पटेल, मनोज देवांगन, निवारण परगनिया, तरुण, केशव पांडे, समूह पाटिल, अरुण गुप्ता, संदेश गुप्ता, धनु हिरवानी, राजू सिंह राजपूत, इंद्रजीत राउत, कामता पटेल, योगेश्वर साहू, देवेंद्र साहू उपस्थित थे यह जानकारी संघ के प्रवक्ता ज्ञान दत्त शुक्ल ने दी है।

## सेंट थॉमस में वूमेन सेल द्वारा स्ट्रेस कॉपिंग कार्यक्रम



**भिलाईनगर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय में वूमेन सेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम स्ट्रेस कॉपिंग मैनेजमेंट का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिनकी मुख्य वक्ता एम्स हॉस्पिटल रायपुर की जूनियर डॉक्टर ऑफिसर एवं आई.सी.एम.आर.सेंट्रल जोन भिलाई से डॉ. गेवी विनम मेश्राम थी। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज प्रार्थना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत भाषण कार्यक्रम की संयोजिका डॉ रीमा देवांगन ने किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर एम जी रोइमोन द्वारा इस कार्यक्रम पर अपने विचार प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने कहा की जीवन को किस तरीके से मैनेज करें। छात्र जीवन किस तरह से चिंता मुक्त रखा जाए। स्ट्रेस मैनेजमेंट किस तरीके से किया जाए, पर अपने विचार व्यक्त किया । महाविद्यालय प्रशासक फादर डॉ जोशी वर्गीस ने कार्यक्रम के लिए अपनी शुभकामना दी। मुख्य वक्ता डॉ ने स्ट्रेस कॉपिंग पर अपने विचार प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने बताया कि स्ट्रेस क्या होता है। उसे कैसे निकाला जा सकता है। स्ट्रेस को कैसे पहचाना जा सकता है और जीवन में स्ट्रेस फ्री कैसे रहा जा सकता है। इन सब बातों पर उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापिका डॉ अनुपम गंगराड़े ने किया। वूमेन सेल के सभी सदस्य डॉ सुजा, डॉ स्मिता डेनियल, डॉ रीमा देवांगन, डॉ रूपा श्रीवास्तव, सुसन, बिशन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की सहायक प्राध्यापिका डॉ नीलम गांधी ने किया।

## मजदूरों के हक दिलाने सबको मिलकर करना होगा प्रयास

**भिलाईनगर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। लोकतांत्रिक इस्पात एवं इंजीनियरिंग मजदूर यूनियन छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति आदिवासी मातृ शक्ति संगठन ने बताया की आज श्रमिक सुमता सम्मेलन में औद्योगिक क्षेत्र भिलाई इस्पात संयंत्र और अलग.अलग जगह से ठेका मजदूर उपस्थित थे सभी मजदूरों ने अपनी अपनी विचार प्रकट किया। मूल रूप से भारत में मजदूरों की दशा और दिशा, शाहिद नियोगी के संघर्ष और निर्माण पर बृहद चर्चा किया गया। जिसमें मजदूरों के तरफ से खुलकर यह बातें आई की वर्तमान समय में मजदूरों के खाते में मिनिमम वेजेस का वेतन डालकर मजदूरों से कुछ रुपये ठेकेदार वापस मांग लेता है नही देने पर काम से निकाल देने की धमकी देते है। जिसकी शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई है। राजेंद्र परगनिहा ने कहा की ठेका मजदूरों के सामने भयावह स्थिति है शहीद नियोगी के संघर्ष निर्माण से सीख लेते हुए राजनीति चेतना का विकास करते हुए मजदूरों के आंदोलन को आगे ले जाना है। जय प्रकाश नायर ने नियोगी के कोटेशन को पढ़ कर सुनाया। चन्द्र कला तारम ने अपने व्यक्तव्य मे कही की भिलाई इस्पात संयन्त्र को बचाना है। महिला मजदूरों को नेतृत्व कारी भूमिका मे खड़ा होना है धनुष साहू ने कहा कि छत्तिसगढ़ सरकार ने चन्दुलाल मेडिकल कालेज से निकाले गए कर्मचारीयो के साथ गलत किया है। निरा डेहरिया ने बताई की महिला मजदूरों को कोई सुरक्षा नही नयुतम वेतन तक नही।सुरेंद्र मोहंती ने संचालन करते हुए अपना विचार रखे। एन प्रसाद राव ने मजदूरों को समपरदायिक दंगो का विरोध करना दूर रहने का संदेश दिया। महेश साहू भारती, रमाकांत बंजारे, आशीलेश मरावी, देवेंद्र सोनी, ढालेश साहू, अभिषेष यादव ने अपने विचार व्यक्त किये। अंत मे प्रस्ताव पारित किया गया प्रतिमाह सामोहिक् वैचारिक बैठक की जायेगी।

## मकान में किए अतिरिक्त निर्माण को निगम ने ढहाया



**भिलाईनगर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। निगम भिलाई द्वारा क्षेत्र में होने वाले अतिक्रमण के विरुद्ध आज कार्रवाही की गई तथा शासन के निदान 1100 आनलाईन शिकायत पोर्टल, कलेक्टर समय सीमा एवं पी.एम.ओ. में दर्ज शिकायत के निराकरण में भी तत्पर्ता बरती जा रही है। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने जोन आयुक्तों को निर्देश दिए हैं कि जोन क्षेत्र में अवैध कब्जा. सड़क पर अतिक्रमण तथा शासकीय भूमि पर होने वाले अवैध कब्जे पर विधि सम्मत कार्रवाही करते हुए बेदखली कराएं इसी कड़ी में जोन-2 वैशाली नगर के राजस्व अमले ने वार्ड-25 जवाहर नगर में शासन की योजना के तहत निर्मित मकान आई एच एस डी पी के मूल संरचना में फेरबदल कर सड़क पर टीन सीट सेट से कि गए अतिरिक्त कब्जे को बेदखल किया है। जोन-2 के सहायक राजस्व अधिकारी जे.पी. तिवारी ने बताया कि शासन द्वारा आवास योजना में निर्मित आवास रमेश चौहान के नाम पर आबंटित किया गया था। जिसे नियम विरुद्ध संगीता द्वारा खरीद कर निवास कर रही है और आबंटित मकान के मूल संरचना में फेरबदल कर सड़क की ओर दरवाजा खोलकर 48 वर्ग फीट भूमि पर टीन शीट से अतिरिक्त कमरे का निर्माण कर रखी थी जिसकी शिकायत प्राप्त होने पर अवैध कब्जे को हटाने नोटिस दिया गया था किंतु नोटिस की समय अवधि समाप्त होने के बाद भी जब संगीता द्वारा कब्जे को नहीं हटाए गया तो जोन का राजस्व अमला मौके पर पहुंचकर कब्जे को बेदखल किया है, तथा शासन की योजना के आबंटित मकान को नियम विरुद्ध खरीदी बिक्री किए जाने की शिकायत निगम के आवास आबंटन योजना शाखा को भेजा गया है। कार्यवाही के दौरान राजस्व विभाग के मदन मोहन तिवारी, अरुण सिंह, गुप्तानंद तिवारी, तोड़फोड़ दस्ता उपस्थित रहे।

# कबीर आश्रम करहीभदर में पांच दिवसीय ध्यान शिविर का समापन



**गुरुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। कबीर आश्रम करहीभदर में पांच दिवसीय ध्यान शिविर का समापन हुआ। यह आयोजन परम पूज्य सद्गुरु श्री रामसूरत साहेब की स्मृति एवं सद्गुरु अभिलाष साहेब की पुण्यतिथि में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सद्गुरु अभिलाष साहेब के वैराग संजीवनी का पाठ किया गया। तत्पश्चात कबीर ब्रह्मचारिणी आश्रम पोटियाडीह से आई हुई साध्वी संतुष्टि साहेब एवं साध्वी भगवती साहेब ने मेरे गुरुवर तो ज्ञान का सागर है, भजन गाकर श्रोताओं को मुग्ध कर दिये। कबीर ब्रह्मचारिणी आश्रम पाररास से आई हुई साध्वी श्रद्धा साहेब ने कहा, सद्गुरु अभिलाष साहेब विशाल व्यक्तित्व के धनी थे। सभी महापुरुषों की छवि हम उनके जीवन में देखते रहे।

कबीर आश्रम परसोदा (कांकेर) से पधारे संत सुधीर साहेब ने कहा, हम सबको आत्मा स्मरण और मौत की याद करना चाहिए आत्मा में लौट आना ही सत्संग है। कबीर आश्रम करहीभदर के संत दिनेंद्र साहेब ने कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दिये और उन्होंने सद्गुरु अभिलाष साहेब के कुछ सूत्रों को उद्धृत किये , रुके ना लौट ना, कम खाओ और गम खाओ, प्रेम में स्वर्ग है अनासक्ति में मोक्ष है और यह हमारी अंतिम मुलाकात है । अंत में उन्होंने एक स्वरचित भजन गाया, सद्गुरु नहीं मिले होते तो दर-दर ठोकर खाते हम।

कबीर आश्रम करहीभदर के व्यवस्थापक संत सुशांत साहब ने आभार व्यक्त किया। तथा आश्रम में दान देने वाले दानदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा की सेवा भक्ति और श्रद्धा बने रहे। संत यतींद्र साहेब ने अपने पूर्व के अनुभव बातें की, पढ़ाई के साथ कबीर वाणी एवं अभिलाष साहेब रचित ग्रंथ का अध्ययन करता रहा और संतों की शरण में रहकर साधना किया, जिसका परिणाम है कि मैं आपके बीच में साधना में जीवन जी रहा हूं। कबीर आश्रम करहीभदर के वरिष्ठ संत देवेंद्र साहब ने कहा, हम सबको पूज्य गुरुजनों के मार्गो का अनुसरण करना चाहिए, जिससे हमारा जीवन सुखमय बना रहे।

कबीर पारख आश्रम सूरत से पधारे हुए ज्ञान ध्यान शिविर के संरक्षक मुख्य प्रवक्ता पूज्य संत गुरुभूषण साहेब ने अपने उद्बोधन में कहा, भक्ति, ज्ञान एवं संयम की त्रिवेणी में ही साधक अपनी मंजिल तक पहुंच सकते हैं। गुरुदेव अभिलाष साहेब जी के लिए कुछ भी कहना उनके व्यक्तित्व को कम करना है। आज मुझे जो कुछ मिला सतगुरु संतों की कृपा प्रसाद है, जो साधना कर सकते हैं यदि हम नहीं कर रहों तो हम दोषी हैं। हम सब समय निकाल कर ध्यान सत्संग एवं साधना करें।

कार्यक्रम के समापन में संतों की भेंट ,पूजा-आरती हुई। तत्पश्चात संतों एवं भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किये। इस अवसर पर जिवेन्द्र साहेब, ध्यान, मितेश,भक्त खिलानंद, मदन साहू नगरी, सुकृति दास सुरगी, अजेंद्र साहू जनपद सदस्य खोरदो, दीपा साहू करहीभदर, सज्जन सिंह, भूपेश साहू, ललित साहू पेवरो, अरुण कुमार सरपंच भानपुरी, नंदकुमार साहू भोथली, चित्रांगदा भूसरेगा सहित सैकड़ो की संख्या मे लोग उपस्थित थे।

# शेडयूल कास्ट डिपार्टमेंट की प्रदेश उपाध्यक्ष बनी नलिनी

**डोंगरगढ़,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। आल इंडिया कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली द्वारा दिनांक-25-00-2023 को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेश लिलोटिया शेडयूल कास्ट डिपार्टमेंट के हस्ताक्षर से प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव श्रीमती नलिनी मेश्राम छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी शेडयूल कास्ट डिपार्टमेंट की प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। ज्ञात रहे श्रीमती नलिनी मेश्राम विगत 20 वर्षों से कांग्रेस पार्टी की नीति व योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर रही है। जिससे प्रभावित होकर श्रीमती नलिनी मेश्राम को यह जवाबदारी दी गई है। जिससे अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिये बनाई गई कांग्रेस पार्टी की योजनाओं का लाभ इन जालियों को मिल सके एवं वे अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण व खुशहाल जिन्दगी जी सके कांग्रेस पार्टी द्वारा अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिये कई प्रकार की योजनाएँ बनाई जा रही है। भारत में कांग्रेस पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो दलितों के कल्याण के लिये सोचती है। पार्टी ने दलितों को सर्वोच्च पदों पर सुशोभित किया है. जिसका ताजा उदाहरण आदरणीय श्री मल्लिकार्जुन खडगे है। इसके पूर्व भी सुशील कुमार सिन्दे होम मिनीस्टर भारत सरकार मुकुल वासनिक वर्तमान मे राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मिनीस्टर, समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार रह चुके है, रा.सु. गवई, राजेश कुमार लिलोटिया वर्तमान में शेडयूल कास्ट डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष है।



## दर्रा में किया गया वृक्षारोपण

**गुरुर,** 28 सितंबर। गुरूवार को सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति ग्राम दर्रा द्वारा हवन के पश्चात वृक्षारोपण किया। समिति के अध्यक्ष इतवारी राम देशलहरे ने बताया की गिरेंद्र सिन्हा द्वारा लगभग 50 पेड़ लगाया जो आज की स्तिथि मे बहुत बडे हो गये है,राजेंद्र सार्वा, गिरेंद्र सिन्हा, दसरथ साहू, फुलेश सिन्हा, दूजराम साहू, दौलत साहू हेमप्रकाश शांडिल्य, शीतल प्रसाद साहू, भुवन साहू प्रियांशु साहू, नर्सिंग सिन्हा, मुकेश साहू, मिथुन सिन्हा मोंटू सिन्हा कबीर दास मानिकपुरी और ग्राम के लोग उपस्थित थे।



## राजीव युवा मितान क्लब की टीम पहुंच रही ग्रामीणों के बीच, शासन के योजनाओं की दे रहे जानकारी

**बालोद,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। राजीव युवा मितान क्लब के तत्वधान में बालोद विकासखंड क्षेत्र के सभी गांवों में पदयात्रा कर हितग्राही कार्ड अभियान चलाया जा रहा है। झलमला के गंगा मैया मन्दिर से प्रारंभ हुई यात्रा पूरे विकासखंड क्षेत्र के गांव गांव में पैदल भ्रमण कर कांग्रेस सरकार द्वारा जनहित में किए कार्यों को बताया जा रहा है एवं ग्रामीण अंचलों के लोगों को हितग्राहिकार्ड भरवाकर छ.ग सरकार के टोल फ्री नंबर में मिस कॉल करवा कर रजिस्ट्रेशन करने का कार्य कर रहे है। राजीव युवा मितान जिला के समन्वयक मुरलीधर भुवार्य, राजीव युवा मितान के प्रदेश सयुक्त महामंत्री कृष्णा दुबे (श्रम कल्याण बोर्ड के सदस्य) आदित्य दुबे अध्यक्ष राजीव युवा मितान (झलमला) सहित सभी अध्यक्षो व सदस्य पदयात्रा के माध्यम से बूथ- बूथ जाकर कार्यो की समीक्षा कर रहे है। एवं उनके साथ बूथ का दौरा करते हुए हितग्राही कार्ड अभियान के माध्यम से जनता के बीच जाकर शासन की योजनाओं को घर घर पहुचाने का कार्य कर रहे। और टोल फ्री नम्बर पर मिस कॉल करवाने का कार्य लागतार जारी है। जिससे सरकार को जनता से सीधे जुड़कर बात करने का मौका मिल रहा। मुरली भुवार्य ने बताया की इस पदयात्रा में हितग्राही कार्ड के माध्यम से टोल फ्री नंबर में मिस कॉल करवा करके उनसे सीधे जोड़ने एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में उनको सीधी अवगत कराने का एक सीधा माध्यम है। इस पदयात्रा में प्रमुख रूप से राजीव युवा मितान के अध्यक्ष वरुण कुमार, शिवेद्र कुमार, बालमुकुंद, अमन कुमार, सतीश कुमार, गुमान सिंह, बीरबल खोमन, टुकेश्वर साहु, अन्य कांग्रेसी पदयात्रा में शामिल रहे।

## गौठान योजना का बुरा हाल, चारा है न पानी तड़पकर गोवंश की हो रही दर्दनाक मौत

**बेमेतरा,** 28 सितंबर। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक नरवा गरुवा घुरवा बारी के तहत बनाई गई गौठाने शो पीस बनकर रह गई हैं। लाखों रुपए की लागत से गौठाने तो बनाए गए लेकिन आज उनके हाल बेहाल है। एक ऐसा ही मामला सामने आ रहा है ग्राम पंचायत सिंवार मेन रोड में स्थित गौठान में भूख प्यास से तड़पकर एक साथ 5 से 7 गोवंश की दर्दनाक मौत हो गई। ग्राम पंचायत सिंवार मेन रोड में गौठान संचालित है। जो गौठान सिर्फ नाम का ही गौठान है। जहां गौठान योजना के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। यहां गोवंश के लिए ना चारा है, ना पानी है और ना ही बिजली व शेड की व्यवस्था है भी नाम मात्र है। सिंवार में ग्रामवासी का कहना है कि चारा पानी नहीं होने से रोजाना एक दो गोवंश की मौत हो रही है ।बात यही की सिंवार यहाँ के गौठान में कोई देख रेख नही है बता दे की गौठान में जो गाय माता की मौत हुई है वही के वही पड़ा है आज उसका कंकाल टाइप दिख रहा है दूसरा अधिकारी लोग देख तक नही रहे है ग्रामीणों का कहना है जल्द ही व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो एक-एक करके सभी गोवंश की मौत होने से नकारा नहीं जा सकता।



## 1 अक्टूबर को शाम 6 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक मालवाहक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**बालोद,** 28 सितंबर। पुलिस अधीक्षक बालोद डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन पर यातायात विभाग बालोद द्वारा रविवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन झांकी के दौरान बालोद शहर अंदर बड़ी मालवाहक वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित कर रूट डायवर्ट किया गया है। रविवार को शांम 06.00 बजे से अगले दिन सुबह 06.00 बजे तक दल्ली चौक बालोद से पाररास बालोद तक बड़ी माल वाहक वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है। इसके स्थान पर धमतरी एवं दुर्ग तरफ से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन राजनांदगांव जाने के लिए पड़कीभाठ बायपॉस पाररास मार्ग का उपयोग करेंगे। इसी प्रकार राजनांदगांव से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन भी पाररास से डायवर्ट होकर बॉयपास मार्ग का उपयोग कर अपने गतव्य स्थान की ओर आगे जाएंगे। दुर्ग-बालोद-दल्ली राजहरा मार्ग खुला रहेगा। बालोद पुलिस आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील किया है कि रविवार को शांम 06.00 बजे से अगले दिन सुबह 06.00 बजे तक गणेश प्रतिमा विसर्जन झांकी के कारण परिवर्तित मार्ग बॉयपास रोड़ का उपयोग करें। यातायात व्यवस्था बनाने एवं शांतिपूर्ण तरीके से गणेश प्रतिमा विसर्जन झांकी के आयोजन हेतु जिला एवं पुलिस प्रशासन बालोद का सहयोग करें।

## जिले का जवान झारखंड में आईडी ब्लास्ट में शहीद

**गरियाबंद,** 28 सितंबर। जिले के छुरा विकासखंड के ग्राम रवेली निवासी सीआरपीएफ जवान राजेश ध्रुव, झारखंड में हुए आईडी बम ब्लास्ट में शहीद हो गया है। राजेश विगत कुछ वर्षों से 209 कोबरा बटालियन में पदस्थ था। आज झारखंड के पश्चिम सिंह भूम जिला में आईडी ब्लास्ट में शहीद हो गए हैं। गरियाबंद पुलिस समेत क्षेत्रवासियों ने दुख व्यक्त करते हुए शहीद जवान के लिए शांति की कामना किये हैं। कल शुक्रवार को दिन में उनका पार्थिव शरीर गृह ग्राम रवेली पहुँचेगा। ग्राम रवेली में यह खबर पहुंचते शोक की लहर फेल गई है।



## आओ एक दीप जलाएं मतदान की अलख जगाएं

**धमतरी,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। धमतरी जिला निर्वाचन विभाग द्वारा लगातार नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने में अभियान चला कर जागरूक किया जा रहा जिसके तहत 3 अक्टूबर को स्वीप दीपदान कार्यक्रम रुद्री घाट में शाम 6 बजे आयोजित किया जा रहा जिसमे जिला निर्वाचन आइकन आरु साहू द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने दीप दान कर मतदाताओं को मतदान के लिए आह्वान किया,साथ ही अधिक से अधिक नागरिकों से कार्यक्रम स्थल पहुंचकर दीप दान के साथ मतदान करने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने जिला में चल रहे मतदान और निर्वाचन संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। साथ ही जिला धमतरी में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य प्राप्ति की अपील भी सबसे की गई।



## जिले के 1 लाख 21 हजार 567 किसानों के खातों में तीसरा क़िस्त की राशि सीधा किसानों के खाते में पहुंचा

**कवर्धा,** 28 सितंबर। कबीरधाम जिले में योजना के तहत 1 लाख 21 हजार 567 किसानों के खातों में 85 करोड़ 20 लाख 18 हजार रूपए की बोनस राशि का तीसरा क़िस्त सीधा किसानों के खाते में डाला गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विशेष रूप से शामिल हुए। राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने सम्बोधन में कहा कि मै छत्तीसगढ़ आया हूं और देख रहा हूं सारे कार्यक्रम अच्छे तरीके से भूपेश बघेल जी की सरकार चला रही है और उसका लाभ आप सभी को मिल रहा है। आप सभी ने मिलकर छत्तीसगढ़ में जो काम किया है, वो बहुत बड़ा है।



उन्होंने कहा कि हमारे मजदूरों के लिए आपने काम किया। हमने केंद्र में मजदूरों, किसानों के अधिकार सशक्त बनाए ताकि उन्हें लाभ मिले। हमारी सरकार ने गरीबों के बारे में सोचा, उनके लिए काम किया। जो भी गरीबों की मदद करता है, उन्हें हमेशा याद किया जाता है। इतिहास में सम्मान वही पाते हैं जो गरीबों के लिए लड़ते हैं। उन्होंने स्वामीनाथन को याद करते हुए कहा कि मैं उनके बहुत करीब रहा, उनका जाना बहुत दुःखद है। भारत में हरित क्रांति के जनक थे। उनका बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा देश के किसानों के लिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना का पैसा हम हर माह की एक तारीख को देते रहे हैं, लेकिन आपकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज 28 सितंबर को ही श्री खड़गे के हाथों आपके खाते में पैसे डलवाने का काम हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हर वर्ग के हित की सरकार है। हमने पिछले 5 साल में 20 लाख अतिरिक्त राशनकार्ड बनाए हैं, 73 लाख लोगों को चांवल, नमक निःशुल्क दे रहे हैं। बिजली बिल हाफ योजना का लाभ सबको मिल रहा है।83 लाख परिवारों को 60 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि सब्सिडी के रूप में दे रहे हैं। गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को करोड़ों रुपए, बेरोजगारी भत्ता में 147 करोड़ रुपए हमने पांच माह में दिए। बिलासपुर में 7 लाख आवासों के लिए हितग्राहियों की पहली किश्त 25-25 हजार डालने का काम किया। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में हम प्रदेशभर घूमे सभी को आवास चाहिए, इसके बाद हमने आर्थिक सर्वेक्षण के निर्णय लिया। हमारा उद्देश्य सभी को आवास देने का है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि किसानों के हित में निर्णय लिया कि धान 15 से बढ़ाकर 20 चिंटल खरीदा जाएगा। इसका फायदा हुआ कि 600 नए राइस मिल खुल गए। अगर एक राइस मिल में 1000 लोग भी काम कर रहे हैं तो कुल 60,000 लोगों को रोजगार मिला है। युवाओं के लिए हमने विभिन्न विभागों में 42 हजार से ज्यादा पदों की भर्ती निकाली ।हमने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा को सहेजने का काम किया है। हमने हर वर्ग के हित में निर्णय लिया, योजनाएं लागू की। पांच साल में पौने दो लाख करोड़ रुपए हमने लोगों के जेब में डालने का काम किया। कार्यक्रम में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के साथ गोधन न्याय योजना के 65 हजार गोबर विक्रेताओं को 5 करोड़ 16 लाख रुपए की राशि अंतरित की गई।

## कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में सम्मिलित हुए अजेंद्र साहू



**गुरुर,** 28 सितंबर। ग्राम सांगली मे आयोजित युवा साथियों के द्वारा दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के महामंत्री व दूर संचार सलाहकार भारत सरकार के सदस्य अजेंद्र साहू ने युवाओ को मंच के माध्यम से नसा से दूरी बनाने और अपने जीवन को सही दिशा में ले जाने वा देश की सेवा मे लगाने का आग्रह करते हुए भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने जो संसद भवन में महिलाओ के लिये लाये गए आरक्षण महिला वंदन अधिनियम बिल की महिला माता बहनो को बधाई देते हुए समस्त ग्राम वासियों को कार्यक्रम की बधाई देते हुए, ग्रामीण जनों से आशीर्वाद लिऐ कार्यक्रम में भाजपा मण्डल गुरुर के उपाध्यक्ष उज्ज्वल साहू, उपसरपंच तेज राम, जनपद प्रतिनिधि केशव बंधु, विधायक प्रतिनिधि चोवाराम सहित गाव के वरिष्ठ जन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### ईद मिलादुन्नवी पर निकला...

के साथ ही सलातों सलाम का कार्यक्रम हुआ। जुलूस में जामा मस्जिद कमेटी के साथ ही अंशुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी व अन्य मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के अलावा शहर की सभी मस्जिदों के मुतवल्ली भी शामिल रहे।

इस बार शहर के अनेक स्थानों में लंगर भंडारा भी हुआ जिसमें मुस्लिम महिलाओं व बच्चों ने भी भाग लिया। जुलूस में समाज के लोग परचम लिये इस्लाम के नारे लगाते चल रहे थे। आज के इस कार्यक्रम में ईद मिलादुन्नवी कमेटी के अध्यक्ष जाकिर खोखर, सालाना उर्स पाक कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश देशलहरा, पार्षद अब्दुल गनी, हामिद खोखर, मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अलताफ अहमद, सलीमुद्दीन कुरैशी, सिराज आजमी, रजा खोखर, जहीर चौहान, सहित सैकड़ों क संख्या में लोग शामिल थे। जुलूस में आटो रिक्शा, ई रिक्शा, कारों व अन्य वाहनों का काफिला भी चल रहा था जिसमें बच्चें बुजुर्ग बैठे हुए थे।

### मौलाना को नाबालिग छात्रा के साथ ...

बच्ची द्वारा 18 फरवरी 2023 की दोपहर मौलाना के वापस जाने पर उसके द्वारा की जा रही हरकतों की जानकारी अपनी अम्मी को दी गई। जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा।

पुलिस ने बच्ची के कथन, चिकित्सकीय परीक्षण और परिजनों की शिकायत के आधार पर आरोपी मौलाना मो. मेहराज(23 वर्ष) के खिलाफअपराध पंजीबद्ध कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और विवेचना पश्चात प्रकरण को विचारण के लिए अदालत के समक्ष पेश किया।

प्रकरण पर विचारण फास्ट ट्रैक कोर्ट में किया गया और महज 7 माह में फैसला सामने आ गया। विचारण के दौरान मौलाना ने अदालत बताया था कि बच्ची के वालिद द्वारा उसकी ट्यूशन फीस 3-4 माह से नहीं दी गई थी। जिसको लेकर उनमें विवाद हुआ था और उसके खिलाफ झूठी शिकायत की गई। वहीं यह भी बताया कि शब्दों के बेहतर उच्चारण के लिए बच्ची को हलक से आवाज निकालने की समझाइश देने वह उसके सीने पर हाथ रखता था, उसका इरादा गलत नहीं था, लेकिन साक्ष्य के आभाव में अदालत ने उसकी बचाव में दी गई दलील को अमान्य कर दिया गया।

विशेषशे न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने इस मामले में अभियुक्युत मौलाना को दोषी करार दिया। अभियुक्त मो. मेहराज (23 वर्ष) को पॉक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत पांच वर्ष तथा धारा 12 के तहत एक वर्ष के कारावास से दंडित किए जाने का फैसला सुनाया गया। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

### गणपति बप्पा मोरिया के ...

लुचकी तालाब, माता तालाब, बैजनाथ पारा तालाब, शीतला तालाब के साथ ही अलग अलग मोहल्लों के जलाशयों में भी विसर्जन किया गया। शाम 7-8 बजे तक विसर्जन का क्रम जारी रहा।

गणपति बप्पा मोरिया के उद्घोष के साथ ही शंख, घंटा बैंडबाजा व डीजे के साथ लोगों ने भगवान गणपति की शोभायात्रा निकाली मगर विगत वर्षो की तरह इस वर्ष गणेश विसर्जन का धूम धड़ाका कम रहा। कतिपय लोगों ने बताया कि आज गुरूवार के साथ ही अन्य कार्यो को ध्यान में रखते हुए गणेश जी का विधि विधान से सिहांसन हिला दिया गया है। अब कल परसों तक विसर्जन किया जा सकता है। विसर्जन जुलूस के अलावा विसर्जन स्थल पर भी पुलिस सुरक्षा के साथ प्रकाश इत्यादि की व्यवस्था काफी चुस्त दुरूस्त व मुस्तैद रही।

### जीवनदीप समिति के ...

के कार्यकारिणी सदस्य नगर निगम ब्रांड एंबेसडर और रेड क्रॉस मेंबर दिलीप ठाकुर को सम्मानित किया। ज्ञात हो कि श्री ठाकुर इसके पूर्व में भी कोरोना काल में मरीजों की चिकित्सालय में भर्ती संक्रमण से बचाव के लिए वेक्सिन लगवाने में सक्रिय भूमिका के लिए पूर्व में भी सम्मानित हो चुके है।

### पीएम आवास योजना ...

में चल रही आवास निर्माण का कार्य अगले दो माह में पूरा कर लिया जायेगा। सहायक नोडल अधिकारी जितेन्द्र समैय्या ने सभी आवेदकों से आग्रह किया है कि वे डाटा सेंटर जाकर पात्र-अपात्र की सूची का अवलोकन कर लें।

### फर्जी जमानत का मामला...

किताब में पूर्व के जमानत प्रकरण क्रमां क 3222/2011 कन्हैया वि मोहन धारा 138 एनआईएक्ट का कोई उल्लेख नहीं दिखा । साथ ही प्रस्तुत किसान किताब में तहसीलदार दुर्ग से कोई डुप्लीकेट अथवा नवीन किसान किताब जारी कराए जाने का भी इंद्राज नहीं था । इससे स्पष्ट हुआ कि जमानतदार द्वारा दस्तावेजों की कूटरचना कर फर्जी जमानत न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इसके बाद कोर्ट ने जमानतदार पर कार्रवार के लिए दुर्ग कोतवाली को निर्देश दिया है। कोर्ट के आदेश पर फर्जी जमानतदार के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया ।

### पीएचडी की फर्जी डिग्री दिलाने ...

इस तरह लगभग एक साल तक विजय गुप्ता परेशान रहा । बीच में एक बार कोलकाता में केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी के महिला सम्मेलन होने और उसमें उन्हें पीएचडी दिलाने का झांसा दिया लेकिन यह भी झूठ नि कला । इसके बाद विजय गुप्ता स्वयं ही डॉ तपन से मिलने दिल्ली पहुंचा लेकिन इसके द्वारा दिया पता भी फर्जी निकला । अंत में थक हारकर डॉ विजय गुप्ता ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है।

पद्मनाभपुर पुलिस ने इस मामले में डॉ तपन के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर शहर में मुस्लिम समाज ने निकाला भव्य जुलूस

**बालोद,** 28 सितंबर। पैगम्बरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की यौमे विलादत की खुशी में जामा मस्जिद बालोद में परचम कुशाई की रस्म अदा कर मुल्क ए हिंद में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। जिसके बाद शहर में मुस्लिम समाज की ओर से भव्य और आकर्षक जुलूस निकाला गया। सरकार की आमद मरहबा का नारा बुलंद करते हुए यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए जामा मस्जिद पहुची जहां फातिहा के बाद सभी को सिरनी (प्रसाद) का वितरण किया गया। इंसानियत के पैरोकार सरकारे दो आलम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के यौमे विलादत के अवसर पर इंतेजामिया कमेटी जामा मस्जिद बालोद के जेरे निगराह में जुलूस ए मोहम्मदी जामा मस्जिद से सुबह 9 बजे निकला। इस जुलूस के आगे आगे समाज के युवा और बच्चे परचमे इस्लाम को लेकर नारे तकबीर की सदाएं बुलंद करते हुए चल रहे थे। रंग-बिरंगे परिधानों में आकर्षण का केंद्र बने युवा सरकारे दो आलम सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम की आमद की खुशी में नात शरीफ गुनगुना रहे थे। यह जुलूस जामा मस्जिद से निकलकर सदर रोड, मधु चौक, जयस्तंभ चौक, घड़ी चौक होते हुए वापस जामा मस्जिद पहुंचा। रास्ते में जगह-जगह बिस्किट, चाकलेट, चिप्स, पानी आदि का इंतजाम किया गया था। जुलूस में सदर शाहिद अहमद खान, अय्युब खान, शाकिर खान, मो. अबरार सिद्दीकी, मो. अकबर तिगाला, सलीम तिगाला, आफताब अहमद, जमीर अहमद, फिरोज कुरैशी, नासिर खान, अनवर कुरैशी, जफर तिगाला, असरार अहमद, समीर खान, शादाब खान, आबिद मालिक, सहित मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए।

# बड़े हर्षों उल्लास से मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी, शहर में निकला जुलूस



■ जामा मस्जिद में हुई परचम कुशाई, देश, प्रदेश की खुशहाली की मांगी गई दुआ

■ देर रात तक चला रहमत ए आलम कॉन्फ्रेंस, मुंबई कोलकाता के प्रसिद्ध धर्मगुरु हुए शामिल ने सुनाई कथा

**बेमेतरा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। गुरुवार हजरत पैगंबर साहब के जन्म उत्सव पर जिला मुख्यालय सहित अंचल में मुस्लिम समुदाय ने हर्षो उल्लास के साथ जश्ने ईद मिलादुन नबी मनाई। नए पोशाक और सुबह मीठे पकवान के साथ एक दूसरे को गले लगाकर समाज के बुजुर्गों एवं युवाओं ने मुबारक बाद दी इसके पश्चात गुरुवार को जिला मुख्यालय में जुलूसे मोहम्मदिया का आयोजन हुआ। दोपहर 02 बजे जामा मस्जिद बेमेतरा से यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गो में भ्रमण करने निकला इसमें मुस्लिम समुदाय के छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग शरीक हुए इस दौरान जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया और मिठाई तथा शरबत का वितरण हुआ।

यह जुलूस शहर के नयापारा, गश्ती चौक, सिग्नल चौक, परशुराम चौक, कचहरी चौक, भारत माता चौक व प्रताप चौक सहित विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए वापस जामा मस्जिद पहुंची। जामा मस्जिद के धर्मगुरु ने मुस्लिम समुदाय की उपस्थिति में परचम कुशाई (इस्लामीक ध्वजारोहण) किया और हजरत पैगंबर साहब की शान में सलातो सलाम पढ़ा और देश, प्रदेश की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई

**बाटा गया लंगर, रहमत ए आलम कॉन्फ्रेंस चला देर रात तक**

पैगंबर ए इस्लाम, हजरत सल्लल्लाहुअलैहि वसल्लम के योमें पैदाइश जन्म उत्सव पर मुस्लिम समुदाय ने बाजार पारा स्थित सराय में लंगर एवम बच्चों के बीच विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसके अलावा रात 10:00 बजे रहमते ए आलम कॉन्फ्रेंस का जलसा शुरू हुआ, जिसमे मुम्बई से मौलाना फखरुद्दीन हशमती कादरी साहब, नात खा अब्दुल मुस्तफ़ा साहब मुम्बई व निज़ामत के लिए, हलचल शिवानी साहब कोलकाता से आए थे। इस जलसे में धर्म गुरुओं ने हजरत पैगंबर साहब के पैगाम और उनके शांति के दिए गए संदेश पर उपदेश देते हुए कहां की हजरत पैगंबर साहब ने पूरी दुनिया में इस्लाम का परचम शांति और भाईचारे के मोहब्बत से फैलाया है और हमे उन्हीं के बताएं अमन, शांति और भाईचारे के मार्ग पर चलते रहना है और शिद्दत के साथ अमल करते रहना चाहिए।

# लाटाबोड़ में तहसील स्तरीय तीज मिलन समारोह 1 अक्टूबर को

**बालोद,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। तहसील साहू संघ एवं तहसील साहू संघ महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में 1 अक्टूबर रविवार को हाई स्कूल मैदान लाटाबोड में तहसील स्तरीय तीज मिलन समारोह कार्यक्रम अयोजित किया गया है। जिसकी तैयारी को लेकर बालोद मरार पारा स्थित साहू सदन में बालोद तहसील के सभी परिक्षेत्रीय अधिकारियों को आवश्यक बैठक आहूत की गई। जंहा पदाधिकारियों को लाटाबोड में तीज मिलन कार्यक्रम के संदर्भ में बालोद साहू संघ अध्यक्ष मदन सोनबरसा ने जिम्मेदारी पूर्वक कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया है। तथा उन्होने कहा कि हमे नारी शक्ति का सम्मान करने का अवसर मिला है तो उनका पूरा सम्मान होना चाहिए। नारी जगत सर्व शक्तिमान है। नारी शक्ति से ही समाज का उत्थान हुआ है। मदन सोनबरसा ने आगे बताया कि तीज मिलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंजनी साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ जिला साहू संघ बालोद, अध्यक्षता रश्मि साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ बालोद, विशेष अतिथि प्रेमलता साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद, कृतिका साहू सदस्य जिला पंचायत बालोद, दीपा साहू संगठन सचिव जिला साहू संघ बालोद, मतदन सोनबरसा अध्यक्ष तहसील साहू संघ बालोद, गंगा प्रसाद साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू संघ लाटाबोड, चंद्रिका संयोजिका महिला प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ बालोद होंगे।



श्री सोनबरसा ने आगे बताया कि तीज मिलन कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रंगोली सुई धागा, मटका फेड़ मेढक दौड, रस्सा खींच, जलेबी दौड, कुर्सी दौड, सोहल सिंगार, गायन एवं सांस्कृति कार्यक्रम होगा। तीज मिलन समारोह के आवश्यक बैठक में मुख्य रूप से मदन लाल सोनबरसा अध्यक्ष, जयंत साहू उपाध्यक्ष, रश्मि साहू महिला उपाध्यक्ष राधेलाल गुरूपंच तुकेश हिरवानी हेमंत साहू गंगा प्रसाद साहू परिक्षेत्रीय अध्यक्ष लाटाबोड द्रोणाचार्य साहू त्रिलोचन साहू हिमांचल साहू छगन लाल साहू कुंजलाल साहू सुरेश साहू सचिव विनीता साहू कमलेश्वरी साहू रेणुका साहू चंद्रिका साहू हिरौंदी साहू मीडिया प्रभारी किशोर साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जनमुक्ति छ.ग. मोक्ति मोर्चा के नेतृत्व में मनाई गई शहीद नियोगी की शहादत दिवस

■ शहीद शंकर गुहा नियोगी एक व्यक्ति नही, एक विचार धारा है: जीत गुहा नियोगी

■ संघर्ष से उपजे श्रमिक नेता नियोगी के योगदान को देश कभी नही भूलेगा: जनकलाल ठाकुर



**दल्लीराजहरा,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। विश्व स्तरीय मजदूर नेता व मजदूरों के मसीहा शहीद स्व. शंकर गुहा नियोगी की शहादत दिवस पर छत्तीसगढ़ सहित देश भर के मजदूर नेताओं का दल्लीराजहरा में जमावड़ा रहा। जन मुक्ति मोर्चा के लगभग 4 से 5 हजार मजदूरों द्वारा शहादत दिवस पर बड़ी रैली निकाली गई। रैली में लगातार लालहरा झंडा जिंदाबाद, शहीद शंकर गुहा नियोगी अमर रहे, जन मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद सहित अनेक नारे लगाए गए रैली में मुख्य आकर्षण मादरी रिलो डांडिया नृत्य छत्तीसगढ़ी कवाली रहा। जिनके द्वारा रैली में पूरा गर्मजोशी माहौल बना कर रखा गया रैली में अधिकतर सदस्यों द्वारा लाल हरा कपड़ा पहना था। जिससे पूरे शहर का माहौल लालहरा रंग से सराबोर हो गया था रैली पूरे शहर का भ्रमण कर जैन भवन चौक पर आमसभा के रूप में परिवर्तित हुई। शहीद शंकर गुहा नियोगी के पुत्र व जनमुक्ति मोर्चा अध्यक्ष जीत गुहा नियोगी ने कहा की 32 साल पहले आज ही के दिन किसान मजदूरो के मसीहा स्व शंकर गुहा नियोगी को छत्तीसगढ़ के शोषणकर्ताओ के समूहों द्वारा गोली मार कर हत्या करने जैसा जघन्य पाप किया गया। परन्तु ये लोग यह भूल गए कि शहीद शंकर गुहा नियोगी एक व्यक्ति नही एक विचार धारा है, थे और हमेशा रहेंगे। किसी व्यक्ति को मारा जा सकता है। पर विचारधारा को मारना असम्भव है। आज नियोगी जी के शाहदत के 32 साल बाद भी उनका विचार छत्तीसगढ़ के मजदूर किसानों के बीच पीढ़ी दर पीढ़ी फैल रहा है। व नवजवान शहीद शंकर गुहा नियोगी का रास्ता अमल कर अपने नए छत्तीसगढ़ को गढ़ने का सपना सजाये जनता के बीच कार्य कर रहे है। और मूझे पूरी उम्मीद है कि एक दिन नियोगी जी के सपनो का छत्तीसगढ़ जरूर बनेगा जहाँ किसान, मजदूर राज करेगे। व सभी को समान काम समान रोजगार प्राप्त होगा। इस रैली में भिलाई, दुर्ग, जामुल राजनांदगांव, रसमड़ा, टेडेसरा, अंतागढ़ कोयलीबेड़ा, बीजापुर, गरियाबंद, मानपुर, मोहला, डोंगरगांव, चौकी आदि जगह के किसान मजदूर शामिल हुए। इस रैली को छत्तीसगढ़ मुक्तिमोर्चा ने भी अपना समर्थन देकर इनके साथ सँयुक्त आमसभा किया। आम सभा में छत्तीसगढ़ मोक्ति मोर्चा नेता व पूर्व विधायक जनक लाला ठाकुर ने शहिद नियोगी जी को नमन करते हुए कहा की नियोगी संघर्ष से उपजे श्रमिक नेता थे जिस दिन शंकर गुहा नियोगी उद्योगपतियों के षडयंत्र के शिकार हुए उस दिन से श्रमिकों किसानों बेरोजगार युवाओं की आवाज को दबाने की शरूआत हो गई। नियोगी मजदूरों को कमाने वाला खाएगा का नारा दिया था और अपने पुरे जीवन में श्रमिकों के न्याय व इस नारे को सच बनाने संघर्ष करते रहे ऐसे श्रमिक नेता के योगदान को देशवासी कभी नही भूल पाएगा। शहदत दिवस पर छत्तीसगढ़ के समस्त मोर्चा संगठन शामिल रहे।

# डौण्डी पुलिस चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जेल

■ नलजल योजना के 155000 रू पाईप चोरी का मामला



**डौण्डी,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक नगर पुलिस अधीक्षक राजेश बागडे के मार्गदर्शन में दिये गये दिशा निर्देश के परिपालन में त्वरित चोरी के अज्ञात आरोपी को पकड़ने थाना प्रभारी सुनील तिर्की के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। थाना डौण्डी क्षेत्रान्तर्गत प्रार्थी विवेक अग्रवाल पिता प्रेमचंद अग्रवाल निवासी वार्ड क्र. 04 नंदई बसंतपुर जिला राजनांदगांव ने थाना डौण्डी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि नल जल योजना के तहत पाईप लाईन बिछाने के लिये एचडीपीई की 9 बंडल पाईप ब्लाक डौण्डी के ग्राम पंचायत आमाडुला के मंडलपारा के सडक किनारे दिनांक 10 म ई को रखा था दिनांक 21 मई के सुबह करीब 10.00 बजे राजनांदगांव से ग्राम आमाडूला मंडलपारा में जाकर देखा तो जंहा एचडीपीई की 9 बंडल पाईप रखा था, जिसमें से 300 ङ्क 300 मीटर का 3 बंडल 63 एम एम का पाईप स्थान से गायब था किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 300 ङ्क 300 मीटर का 3 बंडल 63 एम एम का पाईप कीमती करीब 1 लाख 55 हजार रूपये को आमाडूला मंडलपारा के सडक किनारे से चोरी कर ले गया था प्रार्थी के शिकायत रिपोर्ट पर थाना डौण्डी में अपराध क्र. 208 / 2023 धारा 457,380 भादवि का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के आरोपी के पता तलाश दौरान संदेही 1. पुरूषोत्तम गावडे पिता हलालखोर गावडे उम्र 28 वर्ष 2. राजेन्द्र कुमार मण्डावी पिता राय सिंह मण्डावी उम्र 32 वर्ष निवासी चिहरो थाना डौण्डी जिला बालोद को अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ दौरान चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपीयों के कब्जे से चोरी गये 300 ङ्क 300 मीटर का 3 बंडल 63 एम एम का पाईप कीमती करीब 1 लाख 55 हजार रूपये को आरोपीयों के कब्जे से जप्त किया गया। आरोपीयों द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण के कार्यवाही में थाना प्रभारी डौण्डी निरीक्षक सुनील तिर्की, उप निरीक्षक धनेश्वर साहू. प्रआर. विष्णु तारम, आरक्षक रवि निर्मलकर, जानेश्वर करचाल, की सराहनीय भूमिका रही।

# सहकारी विपणन समिति बालोद की वार्षिक साधारण सभा की बैठक संपन्न




**बालोद,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। बालोद सहाकारी विपणन समिति की वार्षिक साधारण सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान प्राधिकृत अधिकारी गणेश जोशी द्वारा संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन का पढकर सुनाया गया। एवं प्रबंधक भूषण लाल पटेल द्वारा संस्था के आय व्यय एवं व्यापारिक पत्रक लाभ हानि पत्रक एवं स्थिति विवरण का पठन किया गया। जिसे उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। वार्षिक आमसभा के मुख्य अतिथि डोमेन्द्र भेंडिया अध्यक्षता गणेश राम जोशी प्राधिकृत अधिकारी, विशिष्ट अतिथि पीके मेश्राम, सहा. पंजीयक सहकारी संस्थाएं बालोद, सस्था के पूर्व अध्यक्ष व संचालक कृपा राम साहू, रमेश कुमार सिन्हा, लीलाराम डडसेना, हुलेश्वर देशमुख, चंद्रिका प्रसाद देशमुख सहित संस्था के कर्मचारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली गिरने से सास बहू सहित तीन महिलाओं की मौत

**बालोद,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के डौंडीलोहारा ब्लॉक के देवरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम किसना में बुधवार को दोपहर 2 से 2:30 बजे के बीच खेत में आकाशीय बिजली गिरने 3 महिलाओं की मौत हो गई। जिसमें दो महिलाएं सास बहू और एक दूसरे मोहल्ले की महिला थी। मृतकों में सास चमेली बाई पति दल्लू निषाद उम्र करीब 49 साल और बहू कामीन बाई पति देवव्रत निषाद उम्र 23 साल और दूसरे मोहल्ले की मजदूर बसंती बाई पति शिव शंकर साहू उम्र 45 वर्ष शामिल है। जानकारी के मुताबिक मृतिका बहू कामन बाई पांच महीने से गर्भवती भी थी। इस हृदयविदारक घटना से गांव में मातम है। पुलिस प्रशासन सूचना के बाद मौके पर पहुंची और तीनों के शव का पंचनामा कर ले गई है। आगे की जांच जारी है। ग्राम सरपंच सुनीता खापर्डे ने बताया कि दोपहर में इस इलाके में कुछ देर के लिए बारिश हो रही थी। इस दौरान तेजी से बादल गरज, बिजली चमक रहे थे। जानकारी मिली कि निषाद परिवार के खेत में निंदाई करने के लिए गए थे। उक्त सभी मृतक खाना खाने के लिए मेड़ पर बैठे थे। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 3 महिलाओं की मौत हो गई। जिसमें दो तो सास बहू एक ही परिवार से हैं।

# पंडरिया विधायक ने जरूरतमंदो और गरीबो का हक मारकर रसूखदारों को दें दी जनसंपर्क की राशि

**सहसपुर लोहारा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा प्रत्येक विधायक को उनके विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए राशि प्रदान की जाती है ताकि वो आमजनता की समस्या का निराकरण उक्त राशि से कर सके। इस राशि में कुछ हिस्सा उस राशि का होता है जिससे गरीब, कमजोर, लाचार, बीमार, आशक्त लोगो के लिए राशि स्वीकृत कर इन वक्त के मारो को आर्थिक दृष्टि से संबल देने का होता है। पंडरिया विधायक के द्वारा जनसंपर्क राशि जो पिछले एक सवा साल में दी है। उसकी जानकारी सूचना के अधिकार अंतर्गत ली गई तों पता चला की इस राशि का जो बंदरबाट किया गया वैसा उदाहरण शायद छत्तीसगढ़ में कही और मिले। पंडरिया विधायक ने ऐसे रसूखदार और आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न लोगो को जीवोकापार्जन के लिए राशि दी है जिनका एक महीने का पेट्रोल भी उससे ज्यादा लगता है। हमेशा अवसरवादियों, दलालो, चाटुकारों और वसूली बाज नेताओं से घिरे होने का आरोप झेलने वाली पंडरिया विधायक वैसे तों अपने क्षेत्र में हमेशा सक्रिय नजर आती है। पर हजारों जरूरतमंदो, गरीबो का हक मारकर आर्थिक रूप से मजबूत अपने खास लोगो को जनसम्पर्क की राशि को जिस प्रकार से वितरित किया उससे साफ है की उनकी मंशा केवल अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने का रहा है। पंडरिया विधानसभा में लगभग 400 गांव है और लगभग 3 लाख मतदाता है पर पंडरिया विधायक की मेहरबानी विकासखंड सहसपुर लोहारा के ग्राम पंचायत भगवताटोला के आश्रित ग्राम जंगलपुर में ज्यादा दिखाई दी या ये कहें की इस गांव में ही सबसे ज्यादा आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लोग रहते है। मार्च 2022 की जारी जनसंपर्क से लाभान्वितो की सूची में नारद पाटिल को जीवकोपार्जन के लिए 15000, चीतरेन वर्मा को जीवोकोपार्जन के लिए 15000, शेखर धुर्वे को जीवकोपार्जन के लिए 15000, गुलाब पाटिल को जीवकोपार्जन के लिए 15000, मोहन वर्मा को जीवकोपार्जन के लिए 15000 नवंबर 2022 में शेखर कुमार को आर्थिक सहायता के रूप में 15000 दिसंबर 2022 में अजीत कुमार साहू को जीवकोपार्जन के लिए 15000, हीरालाल को जीवकोपार्जन के लिए 15000 जुलाई 2023 में अघनिया चन्द्रवंशी को जीवकोपार्जन के लिए 10000, लक्ष्मी बाई को जीवकोपार्जन के लिए 10000, रूपेंद्र वर्मा को जीवकोपार्जन के लिए 15000, रूपेंद्र कुमार वर्मा को जीवकोपार्जन के लिए 15000 अगस्त 2023 में रूपेंद्र वर्मा को जीवकोपार्जन के लिए 15000 की राशि प्रदान की गई है। यानि इस बहुत कम जनसंख्या वाले और इस क्षेत्र में सम्पन्न गांव की पहचान रखने वाले गांव जंगलपुर में कुल 1लाख 85 हजार की राशि बाट दी गई इसमें से आधी से ज्यादा राशि एक परिवार के सदस्यों के नाम स्वीकृत कर दी गई। मतलब इस जनसम्पर्क राशि के वितरण से जहाँ गरीबो जरूरतमंदो और कांग्रेस में रहकर अपनी वर्षो से सेवा देने वाले गरीब कार्यकर्ताओ के हक को मारकर अपने चहेतो को लाभ पहुंचाया गया। वही बड़ी बड़ी गाड़ियों में बैठकर शेखी बघारने वाले ऐसे लोगो को भी ये राशि लेते हुए शर्म नहीं आई की वो जरूरतमंद लोगो का हक मार रहे है। पंडरिया विधायक को उनके व्यवहारकुशलता, सादगी, सरलता के लिए जाना जाता है पर इस प्रकरण से निश्चित रूप से उनकी कार्यप्रणाली पर उंगली उठेगी। इस संबंध में विधायक पंडरिया से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया पर उनसे सम्पर्क नहीं हो पाया।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर वर्ग का किया समुचित विकास: छाबड़ा



■ विधायक ने किए ग्राम खर्रा में 72.55 लाख के विभिन्न वार्डो में सी.सी.रोड निर्माण कार्य घोषणा

**बेमेतरा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खुर्रा में आयोजित भूमिपूजन समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा हुए शामिल। सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर सीसी रोड निर्माण कार्य की नारियल तोड़ भूमिपूजन किए।

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार की शहरी एव ग्रामीण आधारित योजनाओ से शहर से लेकर ग्रामीण जनता आर्थिक रूप से हुई है मजबूत छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इन पौने 5 सालो में जो विकास कार्य हुए है वह काबिले तारीफ है, पौने 5 सालों में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के गांव से लेकर शहरो की तस्वीर बदल गई है यह काम सिर्फ और सिर्फ आप सभी कांग्रेस पार्टी के जबाज साथियों के सहयोग के बदौलत ही संभव हुआ है. एक एक गांव का विकास होने के साथ साथ एक एक ग्रामीणों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचने से सभी खुशहाल है, आप सभी ग्रामवासियो के कड़ी मेहनत, कड़ी परिश्रम के दम पर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार 2018 में 36 वायदे के साथ आयी थी, उसमें से अधिकतर वायदे पूरे हो गये है। 2018 के विधानसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस को 68 सीटे देकर सरकार बनाने का मौका दिया, सबसे पहले राज्य सरकार ने किसानों से वादा किया था की किसानों का कर्जा माफ करेंगे 17 दिसंबर 2018 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शपथ ग्रहण करने के बाद मंत्रालय में जाकर सबसे पहले 19 लाख किसानों का लगभग 10 हजार करोड़ रूपये का कर्ज माफ किया। दूसरा वादा था की किसानों का धान का समर्थन मूल्य 2500 रूपये में खरीदेंगे, प्रदेश कांग्रेस की सरकार ने 2500 रूपयें में धान खरीदा, साथ ही 20 चिंटल धान खरीदनें का ऐतिहासिक निर्णय लिया। हमारी सरकार आने के बाद किसानों को बहुत लाभ हुआ है, पहले भाजपा सरकार के समय 16 लाख किसान धान बेचते थे, अब कांग्रेस पार्टी के सरकार बनने से 24 लाख किसान साथी धान बेचते है, किसानों की चिंता अगर कोई करता है तो वह किसान के बेटा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करते है,, कृषि क्षेत्र, व्यापार क्षेत्र, बहुत बढ़ा है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने रोजगार के अवसर भी प्रदान किये है। सभी विभागों में बहुत सारी नौकरिया निकाली गयी है। मजदूर, जनता, महिलाये, युवा सभी वर्ग बहुत खुश है, आज ग्राम खर्रा विकास की नई नई गाथा लिख रहा है, बात करे सबसे बड़ी उपलब्धि जिला सहकारी बैंक की स्थापना पहले हमारे किसान भाइयों को कृषि कार्य के लेन देन के लिए बेरला जाना पढ़ता था, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पढ़ता था, इन सभी परेशानियों को ध्यान में रखते हुए किसान भाइयों को लाभ मिले इसके जिले ग्राम खर्रा में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोली गई जिससे आस पास के हजारों किसान भाइयों को कृषि कार्य लाभ मिला था, पूर्व में धान बेचने कुसमी जाना पढ़ता था, लंबी लाइन लगाना पढ़ता था, हमारे किसान भाइयों को अनेको परेशानियों का सामना करना पढ़ता था जिसे ध्यान में रखते हुए कुम्ही, खर्रा के किसानों के लिए धान खरीदी उपकेंद्र खोला गया जिससे हमारे हजारों किसान भाई सरलता, आसानी से पाने धान को बेच रहे है, अगर किसानो को कोई चिंता करने वाली पार्टी है किसानो की खुशहाली की सोचने वाली अगर कोई पार्टी है ओ कांग्रेस पार्टी है की प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों के मांग के अनुरूप प्रदेश में धान खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए प्रति एकड़ 15 चिंटल से बढ़ाकर 20 चिंटल प्रति एकड़ किया गया है, साथ ही इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की राशि प्रति चिंटल 2500 रूपए से बढ़ाकर 2800 रूपए की गई है, प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की संख्या एवं रकबा बढ़ा है, किसान हितैषी योजनाओं से किसानों में नये उत्साह का संचार हुआ है, खेतों से दूर हो रहे किसान खेतों की ओर लौटे हैं और खेती का रकबा भी बढ़ा है, प्रदेश में भूपेश सरकार जब से छतीसगढ में आई है तब से गांव, गरीब, किसान खुशहाल है, सरकार का प्रमुख उद्देश्य समाज के अंतिम छोर के लोगों का विकास करना है, आज प्रदेश सरकार, पूरे देश मे सबसे ज्यादा कीमत पर किसानों का धान खरीद रही है, किसान पुत्र मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर वर्ग का समुचित विकास किया है, प्रदेश के भूमिहीन किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 7 हजार रुपए दे रही है, प्रदेश में गोठानों में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन कराकर जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देकर छत्तीसगढ़ को जैविक खेती की ओर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है, साथ ग्राम वासियों के मांग अनुरूप विधायक आशीष छाबड़ा ने सांस्कृतिक मंच के सामने सिमेंटिकरण कार्य 38.90 लाख, मेन रोड से दुर्गा मंदिर बाजार चौंक सीसी रोड निर्माण 13.89 लाख, विक्रम साहू के घर से महावीर चौक तक सीसी रोड निर्माण 19.76 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा इस अवसर पर यामनी सुरेश वैष्णव सदस्य जनपद पंचायत बेरला, शुभम वर्मा अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत बेरला, ललित विश्वकर्मा महामंत्री, मनोज शर्मा सभापति, बीरेंद्र पाठक सरपंच, हृदय साहू, बलराम साहू, नारायण सह, योगेन्द्र वर्मा, ईश्वर साहू, ईश्वर वर्मा, गौकरण साहू, भरत साहू, रामकुमार धीवर, गोविन्द साहू, भारतलाल यादव, मनाहरण यादव, बिसहत साहू, भूपेश साहू, भोला सेन, ठाकुर वर्मा, नेतराम साहू, सालिकराम साहू सहीत बडी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित।

# विसर्जित हुए गणेश जी किशोरी लाल शुक्ला महाविद्यालय से बूढ़ातालाब तक छात्रो ने लगाया जयकारा





**राजनंदगांव,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। पंडित किशोरीलाल शुक्ला विधि महाविद्यालय मैं प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को विधि विधान से स्थापित किया गया था लगातार सुबह और शाम आरती और दीप प्रज्वलित किए जाते रहे छप्पन भोग, महाआरती के साथ पूजा अर्चना किया गया और आज गणेश विसर्जन के दिन हवन पूजन का कार्यक्रम महाविद्यालय के परिसर में ही रखा गया था जहां हवन के लिए पंडित जी के द्वारा मंत्र उच्चारण के पश्चात विधि विधान से किया गया उसके पश्चात परिसर से नजदीक बूढ़ा तालाब में गणेश जी को समस्त छात्रों द्वारा और विधि महाविद्यालय के प्राध्यापको और समस्त स्टॉफ के द्वारा गणेश जी की जय कारों के साथ में समीप बुढातालाब मे भगवान गणेश जी की प्रतिमा को विसर्जित किया गया जिसमें प्रथम द्वितीय और अंतिम वर्ष के छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की विधि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अल्का चौहान के मार्गदर्शन मे उपरोक्त आयोजन किया गया जिसमें असिस्टेंट प्रोफेसर अतुल सोनी, चांदनी गुप्ता, आदित्य श्रीवास्तव, एन. एन कन्नौजे लाइब्रेरियन ओजस्वनी चौहान, बोरकर सर और विधि महाविद्याल के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# पुलिस लगातार पिस्तौल व कारतूस बरामद करने हो रही सफल

**राजनांदगांव,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर में अपराधियों के पास से लगातार पिस्टल मिल रही है पुलिस इसी माह तीन पिस्टल बरामद करने मे सफल रही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू व साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक भरत बरेठ के नेतृत्व में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023-24 के मद्देनजर शांति पूर्ण चुनाव संपन्न कराने हेतु एवं गणेश पर्व में शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टि से असमाजिक तत्वों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 28.09.2023 को टाउन पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि 16 खोली स्टेशन पारा निवासी निखिल सोनवानी नामक व्यक्ति स्टेट स्कूल के सामने खैरागढ़ रोड़ राजनांदगांव में अपने हाथ में पिस्टल लेकर लोगो को डरा धमका रहा है। कि सूचना पर तत्काल सायबर सेल राजनांदगांव एवं थाना कोतवाली स्टॉफ के सयुक्त टीम गठित कर मौका पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़े नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता निखिल सोनवानी पिता स्व0 रमेश सोनवानी उम्र 22 वर्ष साकिन वार्ड नं. 12 स्टेशन



पारा 16 खोली ओपी चिखली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) बताया, जिसके कब्जे से एक नग देशी पिस्टल एवं 05 नग 7.65 एम0एम0 का जिन्दा कारतूस मिला, आरोपी द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की मकसद से अवैध रूप से पिस्टल रखना पाये जाने से मौके पर जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।आरोपी का कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत सबूत पाये जाने से आरोपी के विरूद्व थाना कोतवाली राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 757/23 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी भरत बरेठ, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री एमन साहू, सहायक उप निरीक्षक संतोष सिंह प्र0आर0 संदीप चैहान, जी0 सिरिल, अनित शुक्ला, बसंत राव एवं आरक्षक प्रख्यात जैन, अमित सोनी व थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# ईद-ए-मिलाद के अवसर पर शहर में निकली जुलूस का महापौर ने किया स्वागत

**राजनांदगांव,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने आज ईद-ए-मिलाद पर्व के उपलक्ष्य पर शहर में निकली जुलूस का स्वागत करते हुये मुस्लिम समुदाय को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस की मुबारकबाद देते हुए सुख - समृद्धि-शांति स्नेह की कामना की।



महापौर श्रीमती देशमुख ने मुस्लिम भाईयो को शीतल पेय का वितरण किया और उन्हें बधाई देते हुये कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म की खुशी को मिलाद-उल-नबी के रूप में मनाते है। मोहम्मद साहब का पूरा जीवन मानवता की सेवा में गुजरा और उन्होंने लोगो को इंसानियत का पाठ पढ़ाया। मोहम्मद साहब के इंसानियत वाले व्यवहार के कारण ही उन्हे रहमत उल आलमीन अर्थात पूरे संसार पर कृपा करने वाला कहा जाता है। मिलाद-उल-नबी की खुशी तभी सार्थक होगी,जब हम हजरत मोहम्मद के संदेशों व उनके आदर्शो का पालन करेंगे।

जुलूस का स्वागत करने पर मुस्लिम भाईयो ने महापौर श्रीमती देशमुख का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छ.ग. अल्प संख्यक आयोग के उपाध्यक्ष श्री हफीज खान, छ.ग. असंगठित कर्मकार संघ के सदस्य श्री विरेन्द्र चौहान,पूर्व महापौर श्री सुदेश देशमुख, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री गणेश पवार, नामांकित पार्षद श्री एजाजुर रहमान, पार्षद प्रतिनिधि श्री ईशाख खान ने भी ईद मिलाद की बधाई दी।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में धनवंतरी मेडिकल स्टोर का श्रीगणेश, महापौर ने किया उद्घाटन

**राजनांदगांव,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में नगर निगम के द्वारा धनवंतरी मेडिकल स्टोर की शुरुआत कर ली गई है। जिसका आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने गणेश पर्व के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर शुभारंभ करते हुये कहा कि धनवंतरी मेडिकल स्टोर से मरीजों को अब 55 फीसदी की छुट में दवा मिलेगी, जिसका सीधा फायदा रोजाना अस्पताल आने वाले पांच सौ लोगों को मिलने वाला है। इस स्टोर में ढाई सौ से अधिक प्रकार की जेनेरिक दवाए एवं दो दर्जन से अधिक प्रकार के सर्जिकल उपकरण उपलब्ध रहेंगे।

अधिकतम 71 फीसदी तक छुट- महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी की सोच कि प्रदेश के हर व्यक्ति को कम दाम पर दवा मिले, जिसे मूर्त रूप देने धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स प्रदेश भर में खोला गया, उन्होने कहा कि प्रदेश में दो साल पहले शुरु की गई श्री धन्वंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर योजना का लगातार विस्तार किया जा रहा है। योजना के तहत इन दवा दुकानों पर उपभोक्ताओं को दवाइयों की एमआरपी पर न्यूनतम 50.09 फीसदी और अधिकतम 71 फीसदी छूट का लाभ प्रदेशभर में दिया जा रहा है। मेडिकल अस्पताल परिसर में भी इस मेडिकल स्टोर से लोगों को सस्ते दामों में दवा उपलब्ध हो सकेगी। दवाइयों के होम किट, ट्रैवल किट भी यहां उपलब्ध होगी।



55 फीसदी छुट में मिलेगी मरीजों को दवा: हेमा देशमुख

हर प्रकार की मिलेगी दवा- महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि अस्पताल मे ओपीडी में ही रोजाना ढाई से तीन सौ लोग आते है। इसके अलावा दो सौ से अधिक लोग अलग-अलग इलाज के लिए भर्ती रहते है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज में संचालित होने वाले इस मेडिकल स्टोर से रोजाना करीबन पांच सौ मरीजों को सीधा फायदा होगा। उन्होंने बताया कि इन दवा दुकानों में 251 प्रकार की जेनरिक दवाइयां तथा 27 सर्जिकल उत्पाद की बिक्री अनिवार्य रूप से होगी। इसके अलावा वन विभाग के संजीवनी के उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद और शिशु आहार आदि का भी विक्रय किया जाएगा। उन्होंने आज के इस महंगाई के युग में जहॉ ईलाज कराना मुश्किल कार्य है, ऐसी परिस्थिति में सरकार ने धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स खोल कर लोगों को राहत पहुचाया है। इसके लिये मैं माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी सहित उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री माननीय टी.एस. सिंहदेव जी का हृदय से आभार व्यक्त करती हूॅ।

धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स के संबंध में नगर निगम आयुक्त् श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आने वाले मरीजों को सस्ते दर पर दवा उपलब्ध कराने की मंशा के साथ ही इसकी शुरुआत की गई है। मरीजों को सभी प्रकार की दवा कम दाम में मिले इसकी लगातार मॉनिटरिंग भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी शहर में श्री धन्वंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर योजना के तहत मेडिकल दुकाने शुरु की गई है, जिसमें रोजाना बड़ी संख्या में लोग सस्ते दामों में दवा लेने पहुंच रहें है। शुभारंभ अवसर पर राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री विनय झा, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम सहित मेडिकल स्टोर्स के संचालकगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# सिविल लाईन के दुर्गा चौक में दिवंगत विधायक देवव्रत सिंह की प्रतिमा लगाने हुआ भूमिपूजन

**खैरागढ़,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। केसीजी जिले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप खैरागढ़ में पूर्व सांसद व पूर्व विधायक दिवंगत देवव्रत सिंह की प्रतिमा लगाने के लिए भूमिपूजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा व अध्यक्षता जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष नवाज खान ने किया। दिवंगत देवव्रत की प्रतिमा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिवंगत देवव्रत सिंह की कांस्य प्रतिमा लगाने की घोषणा उपचुनाव में की गई थी। इसके लिए शहर के सिविल लाईन स्थित दुर्गा चौक का चयन किया गया है। प्रतिमा स्थापना के लिए 27 सितंबर बुधवार को विधायक यशोदा निलांबर वर्मा के मुख्य अतिथि में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष नवाज खान की अध्यक्षता में भूमिपूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर दिवंगत देवव्रत सिंह की पुत्री शताक्षी सिंह व पुत्र आर्यव्रत सिंह उपस्थित थे। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण कर जनसमूह ने दिवंगत देवव्रत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित किया मुख्य अतिथि विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि दिवंगत देवव्रत सिंह एक अच्छे राजनेता ही नहीं, बल्कि एक अच्छे व्यक्ति भी थे। उन्होंने शहर सहित समूचे अंचल के विकास के लिए बहुत कुछ किया। आगे उन्होंने कहा कि उनकी यादें हमारे अंतर्मन में हमेशा जिंदा रहेगी। उन्हीं यादों को जीवित रखने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहर में दिवंगत देवव्रत सिंह की जीवंत प्रतिमा लगाने की घोषणा उपचुनाव में की थी। जिसका आज भूमिपूजन किया गया है। जल्द ही उक्त स्थान पर उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष नवाज खान ने भी सभा को सम्बोधित किया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा, खैरागढ़ मंडी अध्यक्ष दशमत उत्तम जंघेल, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, उपाध्यक्ष रज्जाक खान, वरिष्ठ समाजसेवी गजेंद्र ठाकरे, आकाशदीप सिंह, भीखमचंद छाजेड़, नीलेंद्र शर्मा, गुलशन तिवारी, नदीम मेमन, एल्डरमेन किरण झा, मीरा गुलाब चोपड़ा,भवानी बहादुर सिंह, मयूरी सिंह, समीर कुरैशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमोद शुक्ला सहित पार्षद गण, सहित अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित रहे।



- केसीजी जिले में मुख्यमंत्री की घोषणा का हो रहा क्रियान्वयन, लगेगी दिवंगत देवव्रत सिंह की प्रतिमा
- भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यशोदा वर्मा व अध्यक्षता नवाज खान ने की

# जिला पंचायत राजनांदगांव में स्वास्थ्य, स्वच्छता व खनिज विषय पर हुई बैठक

**खैरागढ़,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। 25 सितंबर को जिला पंचायत राजनांदगांव में सहकारिता-उद्योग समिति के द्वारा बैठक आयोजित किया गया जिसमें स्वास्थ्य, स्वच्छता व खनिज समिति की बैठक हुई। सहकारिता व उद्योग समिति के सभापति विप्लव साहू ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और खनिज समिति के सभापति इंदुमती साहू की अध्यक्षता में ललिता कंवर की सदस्यता में दोनों समितियों की बैठक विगत दिनों जिला पंचायत में आयोजित हुई। उपस्थित अधिकारियों ने पूर्व बैठक के पालन-प्रतिवेदन पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई जिसमें पूर्व बैठक में चांदनी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में प्रसव कक्ष की सुविधा पर कोई काम नहीं होने को लेकर सभापति इंदुमती साहू द्वारा नाराजगी जाहिर की गई और समय सीमा में कार्य करने के निर्देश दिए गए। सहकारिता विभाग के खाद्य विभाग जिला प्रौद्योगिकी केंद्र वनस्पति विभाग अंत्यव्यवसायी विभाग ने अपने विभागों की जानकारी दी। बैठक में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से 2019 से तीनों जिले में उन मृतकों शेयरधारक किसानों की



सूची अगली बैठक में रखने का निर्देश दिया गया। भूलाटोला अमलीडीह सोसाइटी नियमित प्रबंधक नियुक्ति देने और सभी बैंकों के साथ समितियां में सुविधा को बढ़ाते हुए खाद-बीज की समुचित व लेनदेन व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। समिति के जिन विभागों के अधिकारी उपस्थित नहीं थे उनको जिला पंचायत सीईओ के द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी करने का प्रस्ताव विभाग के सचिव को दिया गया। स्वच्छता स्वास्थ्य एवं खनिज समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग ने अपना पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, लेकिन पिछली बार की बैठक का प्रस्ताव कार्रवाही पूर्ण नहीं होने पर विभाग को ताकीत दी गई और चंदैनी उप-स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में प्रसव कक्ष की मांग समय पर पूरा किया जाने को लेकर विभाग को आगामी बैठक में इस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए गए, गातापार जंगल में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बदलने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजे जाने पर सहमति बनी। मोहला मानपुर चौकी जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्टाफ की लगातार कमी होने के कारण राज्य सरकार को पूरा करने का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है।

# रेंगाकठेरा महिला समूह और ग्रामीणों ने शराब एवं रेत माफियाओ के विरोध में किया चक्काजाम

**डोंगरगढ़,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। गांव रेंगाकठेरा के महिला समूह एवं ग्रामीणों ने गांव में वर्षो से अवैध तरीके से बिक रहे शराब एवं रेत माफियाओ के खिलाफ लगातार शिकायत के बाद भी डोंगरगढ़ थाना प्रभारी द्वारा कार्यवाही नहीं किए जाने एवं थाना प्रभारी के रवैए को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम किया गया, ग्राम प्रमुख सरपंच नर्सिंग वर्मा पटेल हेमंत वर्मा, ग्राम प्रमुख भूपेंद्र वर्मा, जितेंद्र वर्मा, बिरेंद्र वर्मा, गोलू वर्मा, एवं महिला समूह से प्राप्त जानकारी अनुसार विगत कई वर्षों से गांव में गांव के एक व्यक्ति द्वारा चोरी चोरी दारू बेचा जा रहा था, वही गांव के नदी से दो रेत माफियाओं द्वारा अवैध रूप से नदी से रेत निकालकर 3 से 4 हजार रुपए में बेचा जा रहा था, जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा पूर्व में अक्ति त्यौहार के समय बंद कराया गया था किंतु 2 से 3 दिन पहले दारू कोचिया एवं रेत माफिया के ट्रैक्टर को फिर पकड़ा गया जिसको लेकर ग्राम प्रमुख एवं महिला समूह ने ग्राम स्तर पर मीटिंग कर गांव के दारू कोचिया एवं रेत माफियाओ का सामाजिक बहिस्कार किया गया था, जिसको लेकर दारू कोचिया एवं रेत माफियाओं द्वारा मीटिंग में दबंगाई दिखाते हुए अवैध कारोबार में पुलिस का हिस्सा देने की बात करते हुए ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने थाना डोंगरगढ़ पहुंच गया, थाना प्रभारी डोंगरगढ़ ग्रामीणों पर अपराध दर्ज कर थाना बुलाया गया जहां ग्राम प्रमुखों ने बताया की थाना प्रभारी द्वारा ग्राम प्रमुख से अभद्र व्यवहार करते हुए उल्टा हम लोगो पर केस लगाने के बात करने लगा और कहा गया की दारू कोचिया एवं रेत माफियाओं को समाज में सिथील करते हुए बातचीत करने को कहा तत्पश्चात् ग्राम प्रमुख को थाने से भेजा गया, जिसको लेकर ग्राम प्रमुख एवं महिला समूह के सदस्यो ने थाना प्रभारी के दारू कोचिया एवं रेत माफियाओं संरक्षण वाले रवैया तथा अभद्रता पुर्ण दूर्यवहार का आरोप लगाते हुए आज पुन: मीटिंग रखा गया था जहां दारू कोचिया द्वारा नशे की हालत में मीटिंग में पहुंचकर हंगामा किया जाने लगा जहां कुछ लोगो ने दारू कोचिया को जख्मी कर दिया जिसे हास्पीटल ले जाने के लिए 112 बुलाया गया उसके पश्चात ग्रामीण और अक्रोशित 112 को रोक कर चक्का जाम कर मौके पर थाना प्रभारी को आने को कहते हुए आक्रोश वक्त किया गया। ग्रामीणों ने अब एसपी और आईजी के समक्ष गुहार लगाने की बात की है।



# पुलिस की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शहर में आज निकलेगी विसर्जन झांकियां

**डोंगरगढ़,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। धर्मनगरी में आज रात विसर्जन झांकी निकाली जाएगी। इस बार 10 से 11 झाकियां निकलने का अनुमान लगाया जा रहा है समितियों की ओर से झाकी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ज्यादातर झांकियों में पौराणिक कथा व धार्मिक कथा का चित्रण किया गया है। समितियों ने तीन-तीन जीप में झाकियां बनाई है ताकि दर्शकों को मूर्तियों को मूवमेंट और विषय स्पष्ट रूप से समझ आए। स्थानीय प्रशासन और पुलिस की ओर से भी सुरक्षा इंतजाम पर जोर दिया जा रहा है शहर में मुख्य मार्ग पर लगभग 150 जवानों की तैनाती की जाएगी। वही विसर्जन झांकी निकालने के दो - तीन दिन पहले अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गिरीश रामटेके, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रभात पटेल व थाना प्रभारी रामअवतार धुर्वे द्वारा विसर्जन झांकी निकालने वाली समितियां की आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें आवश्यक दिशा - निर्देश देकर निर्देशों का पालन करने की निर्देशों का पालन करने की समझाइए दी गई। जानकारी के अनुसार विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष शहर की लगभग 11 विसर्जन झांकियां समिति द्वारा निकली जा निकल जा रही है जिसमें स्टार क्लब बुधवारी पारा, विनर क्लब गणेश उत्सव समिति डोंगरगढ, प्रगति मंडल सब्जी मंडी बुधवारीपारा, व्यापारी संघ जयस्तंभ चौक, तारण पिपलेश्वर समिति थाना चौक, संस्कार परिवार जेल रोड, के0पी0 व्यास कंडरापारा, आदर्श नव युवक गणेश उत्सव समिति ठेठवारपारा, गरीबी रेखा समिति कक्कड गोदाम, वीर क्लब मजारपारा, जागो युवा एकता संगठन समिति बधियाटोला शामिल है। वही भीड़ में बदमाशी करने वाले असामाजिक तत्व पर भी पुलिस की पैनी नजर रखी जाएगी। शहर के चौक- चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन केमरे के जरिये बदमाशी करते पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई होगी। हालांकि पर्व में शांति व्यवस्था बनी रहे इस दृष्टि से पुलिस की और से लगातार गुंडा, बदमाशों की धरपकड़ की जा रही है।



उल्टा पुल्टा

एक दिन एक कंजूस ने भिखारी को घर बुलाया और पेटभर खाना खिलाया।
**भिखारी**- क्या बात है आज तो आपने दिल खोलकर पेट भर खाना खिलाया।
**कंजूस**- दरअसल कल हमारे यहां एक महात्मा आए थे। उन्होंने कहा कि खाना कभी बर्बाद नहीं करना चाहिए।

संपादकीय

## महिला यात्रियों की सुरक्षा का बड़ा निर्णय

छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत सभी तरह के यात्री वाहनों में पैनिक बटन और जीपीएस लगाना अनिवार्य कर दिया जा रहा है। यात्रा के दौरान किसी भी तरह के संकट में कोई भी यात्री पैनिक बटन दबाकर अन्य लोगों का ध्यान आकृष्ट कर सकता है ताकि उसे तत्काल मदद मिल सके। महिलाओं के लिये यह विशेष लाभकारी होगा और उन्हीं की सुरक्षा की दृष्टि से यह लगाने का निर्णय भी लिया गया है। जीपीएस द्वारा यात्री वाहनों की लोकेशन को ट्रेस करना आसान हो जायेगा। उम्मीद है कि इससे राज्य के भीतर किसी भी तरह के यात्री वाहनों में यात्रा करने वाली महिलाएं पहले के बनिस्बत अधिक सुरक्षित हो जायेंगी।

बुधवार को छग सरकार ने जो अनेक फैसले लिये उनमें से एक यह भी है। इस निर्णय का उद्देश्य महिलाओं की हर तरह की सड़क यात्राओं को निरापद बनाना है। अक्सर देखा जाता है कि औरतों को किसी भी तरह के वाहनों से यात्राओं के दौरान अनेक तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इनमें सबसे ज्यादा यौन उत्पीड़न के मामले होते हैं। अकेली महिलाएं मनचलों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का शिकार बनती हैं। उनके साथ छेड़छाड़ से लेकर बलात्कार तक की घटनाएं होती हैं। अकेली महिलाएं असहाय होती हैं। यह भी देखा जाता है कि उनकी मदद के लिये कोई भी सामने नहीं आता। कई बार इसका एक कारण यह भी होता है कि उनकी मदद की गुहार सुनने वाला कोई होता भी नहीं। पैनिक बटन से लोगों का ध्यान खींचा जा सकेगा और पुलिस तक भी इसका एलर्ट पहुंचेगा। इससे महिलाओं की हिम्मत बंधेगी और सम्भव है कि उन्हें संकटों से निकालने के लिये तत्काल आमजन में से कोई सामने आ जाये। पुलिस को सूचना मिलने पर वह भी तुरन्त पहुंच सकेगी।

जीपीएस लगाना भी बहुत कारगर साबित होगा। अपराध की सूचना मिलने के बावजूद अपराध स्थल तक पहुंचना या अपराधी को ट्रेस कर पाना मुश्किल हो जाता है। हो भी जाये तो उस तक पहुंचने में समय लगता है। अब हर यात्री वाहनों में जीपीएस लगने से उसका लोकेशन उपलब्ध रहेगा। इससे पुलिस को न्यूनतम समय में पहुंचने में मदद मिलेगी। वैसे भी जब वाहन चालकों, सहचालकों और यहां तक कि अन्य यात्रियों को इस बात का पता रहता है कि वाहन में पैनिक बटन और जीपीएस लगे हैं तो अपराधियों का हौसला टूट जाता है और वे किसी भी तरह का अपराध करने से बचते हैं। इन दो उपकरणों से महिलाएं तो सुरक्षित होंगी ही, अन्य यात्री भी लाभान्वित होंगे। बच्चे, बुजुर्ग भी इससे सुरक्षित महसूस करेंगे। किसी भी सभ्य समाज की प्रमुख पहचान यही होती है कि उसमें कमजोर वर्ग पूर्णतः सुरक्षित हों।

# अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे के साथ विदा हुए बप्पा





**महासमुंद,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। अनंत चतुर्दशी पर धूमधाम से बप्पा को विदाई दी गई। इस अवसर पर बप्पा भक्त डीजे की धूनों पर नाचते-गाते चल रहे थे। शांति समिति की बैठक में खरोरा तालाब में गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन करने का निर्णय लिया गया था इसके बावजूद अनेक प्रतिमाए अपनी सुविधानुसार महानदी, सितली नाला, तुमाडबरी, बम्हनी के श्वेतगंगा जैसे स्थानों पर भी विसर्जन किया जाता रहा। बागबाहरा से एक परिवार गणेशपति विसर्जन करने श्वेतगंगा परिसर पहुंचा था जहां घर में विराजित गणपति को श्वेतगंगा परिसर स्थित सितलीनाला में विसर्जित किया गया। बागबाहरा से आए श्रद्धालुओं ने बताया कि परिजनों की इच्छा था कि इस बार बम्हनी में गणेश विसर्जन कर बम्हनेश्वनाथ का दर्शन लाभ करेंगे। इसी तरह घर व पंडालों में विराजित गणेश प्रतिमाओं के सामने पंडितों ने हवन-पूजन किया पश्चात विदाई का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो देर रात तक डीजे धुमाल के साथ गणेश प्रतिमाएं निर्धारित तालाबों में पहुंचती रही। अन्य सालों की भांति इस बार भी विसर्जन का सिलसिला तीन दिनों तक जारी रहने की संभावना है। कुछ स्थानों की गणेश प्रतिमाएं बुधवार को विसर्जित कर दी गई थी। आज अनेक स्थानों व घरों में विराजित प्रतिमाएं विसर्जन किया जाता रहा। वही अब भी अनेक बड़े पंडालों में गणेश प्रतिमाएं विराजित है जिन्हें सुविधा और व्यवस्था अनुसार अन्य दिनों में विसर्जित की जाएगी। गणेश उत्सव समिति के सदस्य विसर्जन के लिए डीजे, धुमाल य अन्य आकर्षक झांकियां विसर्जन के लिए तय किए है उसी हिसाब से गणेश पंडालों में विसर्जन की तैयारी है। नगर पुरोहित पंकज तिवारी ने बताया कि शुक्रवार 29 सितंबर को से पितृपक्ष प्रारंभ हो रहा है पूर्णिमा और प्रतिपदा तिथि का पितृ दर्पण शुक्रवार किया जाएगा।

## हवन-पूजन पश्चात गणेश प्रतिमा विसर्जन शुरू



**धमतरी।** बालकला मंदिर गणेशोत्सव समिति आमापारा धमतरी में आज दोपहर को हवन पूजन हुआ ततपश्चात् गणेश जी का विसर्जन, फिर भंडारा प्रसादी का वितरण हुवा जिसमे समिति के बिशेषर पटेल, प्रकाश शर्मा, देवेंद्र यादव पिंकी, विजय पटेल, शरद पटेल, लक्ष्मीनारायण नाग, दिलीप पटेल, राजू चौबे, नरेश, गोलू यादव, प्रहलाद पटेल, प्रमोद पटेल, लखन पटेल, मुकेश कोसरिया रवि शर्मा, पूरन नाग, अमर जसवानी, गोपाल पटेल, पंकज नाग, अमर पटेल, हेमलाल नाग, रिंकू यादव, मानव यादव, एवं वार्ड मोहल्ले के लोग सम्मिलित हुए। उपरोक्त जानकारी समिति के सदस्य दिलीप पटेल द्वारा दी गई।

## नगर के साहनी समाज ने मनाया तीन दिवसीय करमा उत्सव



**नवापारा राजिम,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। नगर मे साहनी समाज द्वारा तीन दिवसीय करमा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें 26 सितंबर को भक्ति माता करमा मूर्ति की स्थापना की गई इस दिन सभी लोगों के द्वारा उपवास रहकर पूजा अर्चना की गई 27 सितंबर को भगवान राजीव लोचन के दर्शन कर रात को करमा डांस किया गया 28 सितंबर को स्थापित भोजली का विसर्जन महानदी में बड़ी धूमधाम से विसर्जित किया गया इस आयोजन को सफल बनाने में साहनी समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे उक्त जानकारी विनोद साहनी ने दी।

## कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू जनता से मांग रहे आशीर्वाद



**राजिम,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा कार्यकर्ता राजिम विधानसभा प्रत्याशी रोहित साहू के साथ गांव-नगर में गली-मोहल्लों, मजरों, टोलों में पहुंचकर जन आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान मतदाताओं द्वारा आभी भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू को समर्थन प्रदान करते हुए विजयी होने का आशीर्वाद प्रदान कर रहे हैं। श्री साहू को गांव में मिल रहे जन समर्थन को देखते हुए उन्हें अपनी जीत पर पूरा भरोसा है उन्होंने कहा कि हर गांव में जन सैलाब उनके साथ बढ़ता जा रहा है उससे हमारे चुनाव लड़ने की हिम्मत और बढ़ गई है अपने पूर्व नियोजित प्रचार कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू कोचबाय, कसेरु, कोसमी, बरबाहरा, कोकड़ी, पाथरमोहंदा, भिलाई और आमदी में आमजनों के बीच पहुंचकर जीत का आशीर्वाद प्राप्त किया, उन्हें जनसंपर्क के दौरान जनता का खूब प्रतिसाद भी मिल रहा है।

**भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू के गांव में पहुंचते ही उमर पड़ता है जन सैलाब**

इस दौरान जनसंपर्क कार्यक्रम में पूर्व जिला महामंत्री रिखीराम यादव, पूर्व नगर पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष मिलेश्वरी साहू, मंडल महामंत्री धनंजय नेताम, वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव सिंह हुंदल, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पारस ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर, बोधन साहू, आनंद ठाकुर, युगल सोनी, सलीम खान, हलधर नाग, संजू साहू, दुर्जन सिन्हा, नंदलाल मरकाम, उत्तम ध्रुव, नंदकुमार साहू, लक्ष्मी साहू, भीम साहू, प्रह्लाद ठाकुर, बिसाऊ दिवान, बिरेन्द्र साहू, किसन कंडरा, विजय कंडरा, रामाधार साहू, मिथलेश साहू, मोती निषाद, नंदकुमार साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक कुश्ती में छेरकापुर के कीर्ति ने मारी बाजी



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ सरकार द्वारा विलुप्त होती स्थानीय खेलो को फिर जीवित करने ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे ग्रामीण क्षेत्र के लोग उत्साह के साथ बढ चढकर हिस्सा ले रहे हैं। छत्तीसगढ के खासकर युवा वर्ग जिसे छत्तीसगढ के पारँपरिक खेलो के बारे में विस्तृत जानकारी नही होती उनके लिए स्थानीय खेलो मे ग्रामीण क्षेत्र के लोग फिर से आकर्षित हो सरकार उन खेलो मे बढावा देकर ग्रामीण प्रतिभाओ को निखारने का कार्य कर रही है।

इसी तारतम्य मे 25 से 27 सितँबर तक रायपुर कोटा के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में राज्य स्तरीय ओलंपिक खेल 2023-24 का आयोजन किया गया। जिसमे ब्लाक और जिला और सँभाग मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाडियो ने हिस्सा लिया। जिसमे 18 से 40 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रदेशभर के 1900 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें पारँपरिक खेलो गिल्ली डँडा, पिठुल, सँखली, लँगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, बाँटी, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भौरा, लँबी कुद, रस्सी कुद और कुश्ती शामिल है। वही ओलंपिक खेल कुश्ती मे पलारी विकासखंड के ग्राम छेरकापुर के खिलाड़ी किर्ति सेन आँगनवाड़ी कार्यकर्ता ने 40 और 60 किलोग्राम भार महिला कुश्ती के सेमीफाइनल में बस्तर सँभाग के महिला खिलाड़ी को पटखनी देते हुए फाईनल मे जगह बनाई इसके बाद फाईनल मे शानदार खेल का प्रदर्शन को जारी रखते हुए क्रिति सेन अपने प्रतिद्वंद्वी दुर्ग सँभाग के महिला खिलाड़ी को पछाड़ते हुए राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर पलारी ब्लाक का नाम रोशन किया है। उन्हें इस प्रदर्शन पर प्रशस्ति पत्र दिया गया और 5 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि उनके खाता मे डाला जाएगा। उनके इस प्रदर्शन पर सँसदीय सचिव सुश्री शकुँतला साहू, रजककार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष लोकेश कनौजे, जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, छेरकापुर सरपंच गणेश शँकर जायसवाल, निज सचिव सुनील साहू, जनपद सदस्य प्रवीण धुरँधर, भूपेंद्र साहू, पूर्णिमा माहेश्वरी, सुनील कुर्रे, शिवराम सेन आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में जिले को मिला 10 मेडल



**महासमुंद,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों का आयोजन रायपुर में 25 से 27 सितंबर तक किया गया। जिसमें सभी संभाग के विजेता खिलाड़ी शामिल हुए। महासमुंद जिले से 13 खेलों में संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में प्रथम स्थान प्राप्त खिलाढ़ियों ने प्रतिनिधित्व किया। जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने बताया कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में जिले को 10 मेडल मिला। 10 विभिन्न खेलों में जिले के 36 खिलाड़ियों ने पदक हासिल किया है। खो खो 40 वर्ष से अधिक पुरुष वर्ग में जिले के सरायपाली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बोंदा ने लगातार 2 वर्ष विजेता टीम बनने का गौरव हासिल किया है। इसी प्रकार जिले से प्रतिनिधित्व कर रहे खिलाड़ियों में खो खो, रस्सा कसी एवं बिल्लस 40 वर्ष से अधिक पुरुष वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं लंगड़ी दौड़ एवं कुश्ती 40 वर्ष से अधिक पुरुष वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। भौंरा में पुरूष वर्ग एवं पिट्ठूल में महिला वर्ग 18 से 40 वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। इसी तरह गिल्ली डंडा 18 से कम पुरुष वर्ग में पहला स्थानए फुगड़ी 18 वर्ष से कम महिला वर्ग में दूसरा स्थान एवं रस्सीकूद 18 से कम महिला वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## आदर्श पब्लिक इंग्लिस मीडियम स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**बलौदाबाजार,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार छुईया स्थित आदर्श पब्लिक इंग्लिस मीडियम स्कूल के संचालक आकाश अग्रवाल एवं प्राचार्य श्रीमती सुनीता बहादूर के तत्वाधान में श्रीमती सुधा ठाकुर (कैरियर काउंसलर और सोशल वर्कर रायपुर) और मेका सुजाता (असिस्टेंट प्रोफेसर कालिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर) के द्वार प्रशिक्षण दिया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। सर्व प्रथम सुधा मैम द्वारा कक्षा प्रबंधन तथा समय प्रबंधन विषय पर प्रकाश डाला गया। सुधा मैम ने शिक्षकों को बताया कि कैसे हम बच्चों को प्रभावी ढंग से पहचान कर उनका अध्यापन का कार्य क्रमबद्ध तथा सुनियोजित माध्यम से तरीके से पूर्ण करवा सके जिससे छात्र खेल खेल के माध्यम से अध्यापन का कार्य निरंतर कर सकें। इसके पश्चात सुजाता मैम द्वारा संप्रेषण तथा संचार कौशल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## भाजपा महिला मोर्चा की नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम 1 को, 7 सौ महिलाएं करेगी भाजपा प्रवेश



**महासमुंद,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। एक अक्टूबर को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है जिसमें विधानसभा महासमुंद से 700 महिलाओं का प्रवेश भारतीय जनता पार्टी में होगा।

गुरूवार को स्थानीय प्रेस क्लब भवन में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाअध्यक्ष सुधा साहू ने पत्रकारों को बताया कि कुछ दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में नारी शक्ति वंदन बिल को पास कराकर विधानसभा सभा और लोकसभा चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कर देश कि महिलाओं का सम्मान बढाया है। इस बिल से विधानसभा व लोकसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बढेगी और देश की प्रगति में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति वंदन बिल के पास होने पर प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करने एक अक्टूबर को शंकराचार्य भवन में दोपहर 12 बजे से नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में छग से राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहेगी साथ ही भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत और प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी भी कार्यक्रम में शामिल होगी। श्रीमती साहू ने बताया कि कार्यक्रम में महासमुंद विधानसभा से लगभग 700 महिलाएं भाजपा प्रवेश करेगी। उन्होंने बताया कि महिल मोर्चा के जनसंपर्क के दौरान ये महिलाएं भाजपा की रीति . नीति प्रभावित होकर स्वत: ही भाजपा प्रवेश कर रही। हमने महासमुंद विधानसभा स्तर पर 1000 महिलाओं को भाजपा से जोडने का लक्ष्य रखा है जल्द ही हम लक्ष्य को पूरा कर लेगें। नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम हर प्रदेश के हर 90 विधानसभा सभा में आयोजित होगा। महासमुंद के बाद सरायपाली में कार्यक्रम जल्द ही आयोजित किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता के दौरान श्रीमती शुभ्रा मनीष शर्मा, श्रीमती मीना वर्मा, श्रीमती सुरेखा कंवर, श्रीमती प्रीति सोनी, कोशल्या बंसल उपस्थित थी।

## जुलूस-ए-मोहम्मदी में मरहबा सल्लेअल्लाह की सदा-ए हुई बुलंद



**धमतरी,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। सारी दुनिया में इंसानियत का पैगाम देने वाले पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लाहोअलैहे वसल्लम की यौमे विलादत के मौके पर मुस्लिम भाईयों ने भव्य एवं आकर्षक जुलूस निकाला। युवा नाते मुस्तफ़ा सुनाते हुए चल रहे थे। नारे ए तकबीर की सदाए बुलन्द करते हुए यह जुलूस जिस तरफ से निकला जमकर फुल बरसाए ाम। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चे विशेष आकर्षण के केन्द्र बिन्दु बने हुए थे। आपसी प्रेम और सद्भावना का परिचय देते हुए यहां के अन्य सम्प्रदाय के लोगों ने भी अपने मुस्लिम भाईयों को जश्ने ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी।

गुरुवार को इंसानियत के पैरोकार सरकारे दो आलम हजरत मोहम्मद सल्लाहोअलैहे वसल्लम की शान में अंजुमन इस्लामियां कमेटी के जेरे निगराह में जुलूस-ए-मोहम्मदी ईदगाह से निकला। मुस्लिम भाई परचमे-ए-इस्लाम को लेकर नारे-ए-तकबीर की सदाएं बुलंद करते हुए चल रहे थे। रंग-बिरंगे परिधानों में आकर्षक का केन्द्र बने युवा सरकारे दो आलम सल्लहोअलेही वसल्लम की आमद की खुशी में नात शरीफ गुनगुनाते हुए फिजां को और खुशनुमां बना रहे थे। जुलूस में शामिल छोटे-छोटे बच्चे भी आकर्षण का केन्द्र बने हुए थे। सरकार की आमद मरहबा का नारा बुलंद करते हुए यह जुलूस शहर के रिसाईपारा, बनियापारा, कचहरी चौक, सदर बाजार, नेशनल हाइवे होते हुए वापस ईदगाह पहुंचा। यहां जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ़्ती रहमानी रज़ा मिस्बाही समेत सभी मस्जिदों के पेश इमाम और हाजियों ने परचम कुशाई की रस्म अदा की। इसके बाद हाजी हारून उस्मान, हाजी अकरम खत्री, हाफिज मोहम्मद एज़ाज़. ने सलातो सलाम का नजराना पेश किया। इसके बाद जैनब काम्प्लेक्स में आम दावत का एतमान किया गया। जुलूस में अंजुमन इस्लामिया कमेटी के अध्यक्ष हाजी नसीम अहमद, हाजी हारून उस्मान, हाजी अय्यूब निर्वाण, दिलावर रोकड़िया, अब्दुल रज्जाक रिजवी, मोहम्मद शाह अहमद, मोहम्मद शमीम, वसीम कुरैशी, हाजी बशीर अहमद, युसूफ रजा, नजीर अहमद सिद्दीकी, सलीम गौस, मुन्नाफ भाई, आजम रिजवी, मुन्नाफ वीरानी, शेख सिराजुद्दीन, शेख आजम, जुनैद रिजवी, मोईन खान गोल्डी, जावेद खान, अवैश हाशमी, हाजी अब्दुल सलाम खत्री, अशरफ विरानी, सैय्यद आसिफ अली, इकबाल बुरहान, इरफान विरानी, तनवीर कुरैशी, मो. हाजी अमीन, रेहान विरानी, गोलू रोकडिया, तनवीर उस्मान, लक्की रिजवी, इकबाल खोखर,, ताहिर भाई ,आदिल भाई, हाजी मोइनुदीन, हनीफ गोड़, निजाम गोस, समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई शामिल थे। जुलसू के दौरान बच्चों को जगह-जगह >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**इंसानियत के रहनुमा की शान में निकला जुलूस**

## ईद मिलादुन्नवी पर प्रवेश दुबे के साथ कांग्रेसियों ने किया मुस्लिम जमात का स्वागत, दिया भाईचारे का संदेश



**भटगांव/बलौदाबाजार,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। ईद मिलादुन्नवी के अवसर पर मुस्लिम जमात द्वारा निकाले गये जुलुस का साई मंदिर चौक मे नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे के नेतृत्व मे कांग्रेसियो द्वारा स्वागत, इस्तबाल किया गया। इस अवसर पर मुस्लिम भाइयो को शीतल पेय, माजा, शुद्ध जल पिलाया गया और गले लगाकर मुबारकबाद दिया गया। कांग्रेस नेता जनपद सभापति भागीरथी चंद्रा, प्रमोद साहू, सोसायती अध्यक्ष छेदी साहु, ऐल्दरमेन सुधराम यादव, पार्षद टिकेश्वर केवर्त, युवा मितान् जोन समन्यवयक दीपक साहू कार्यकर्ताओ की उपस्थिति मे स्वागत किया गया।

उपस्थित अतिथियों ने कहा कि ईद-ए-मिलाद-उन-नबी मुस्लिम समुदाय के बीच उत्सव की तरह मनाये जाने वाला 1 प्रमुख उत्सव है। आज 28 सितंबर 2023 को यह पर्व बड़े ही धूम धाम से मुस्लिम समाज मे मनाया जाता। आज के दिन इस उत्सव में मुस्लिम भाई पैगम्बर हजरत साहब जी के जन्मदिन को बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं और यह पर्व मोहम्मद के जीवन और उनकी शिक्षाओ को याद करने के अवसर के रूप में मनाते हैं। मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए यह आज का पवित्र दीन बहुत महत्वपूर्ण होता है। इस दिन पैगम्बर साहब जी के बताए गए रास्ते को याद करते हुए उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प भी लेते हैं। इस्लाम धर्म के लोगों के लिए यह आज का दिन प्रमुख त्योहार के रूप में मनाया जाता है और मनाते भी है। और हजरत मोहम्मद के जीवन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जिला अस्पताल गरियाबंद में मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने उमड़ी युवाओं की भीड़

**गरियाबंद**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। बुधवार को जिला अस्पताल गरियाबंद में मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने वाले युवाओं की भीड़ रही। भीड़ के चलते अस्पताल में अव्यवस्था का आलम भी देखने को मिला। युवा सुबह से खाली पेट एक जगह से दूसरे जगह भटकते नजर आए। अलग अलग विशेषज्ञों के जांच और हस्ताक्षर के लिए युवाओं को काफी मशक्कत करनी पड़ी। वही अस्पताल स्टाफ भी इसके चलते परेशान नजर आया। देर शाम जब कलेक्टर ने मामले में दखल दिया उसके बाद युवाओ का काम ने रफ्तार पकड़ी।

दरअसल हाल ही में चल रहे शिक्षक की नौकरी पाने वाले युवाओं को ज्वाइनिंग के पहले मेडिकल सर्टिफिकेट देना अनिवार्य है। इसके चलते इस बुधवार बड़ी संख्या में भावी शिक्षक मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने पहुंचे थे। परंतु पेचिदा प्रक्रिया के कारण युवा सुबह से शाम तक इधर से उधर भटकते रहे। देर शाम तक युवाओ की भीड़ भी अस्साल में जमी रही। जानकारी के अनुसार मेडिकल के लिए युवाओं को ब्लड, यूरिन, आंख, हड्डी, बीपी शुगर, सिकलिंग सहित कई जांच करानी थी। लेकिन कुछ डॉक्टरों के अवकाश में होने और लैब में स्टाफ कम तथा भीड़ अधिक होने के कारण युवाओ को घंटो इंतजार करना पड़ा। शाम होते होते युवा हताश और निराश हो गए। युवाओं में आक्रोश भी बढ़ने लगा।

इधर, देर शाम जब इसकी सूचना कलेक्टर आकाश छिकारा और सिविल सर्जन देवेंद्र नाग को मिली तब जाकर स्वास्थ्य अमला हरकत में आया। कलेक्टर के




**एक ही दिन में नौकरी पाने वाले 60 युवाओं का बना मेडिकल सर्टिफिकेट**

निर्देश के बाद तत्काल डॉ देवेंद्र नाग अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों और स्टाफ को बुलाकर तत्काल मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाए। देर रात 9 बजे तक सिविल सर्जन सहित पूरी स्वास्थ्य विभाग की टीम अस्पताल में डटी रही। सभी युवकों का मेडीकल बनने के बाद ही स्टाफ घर गया।

जानकारी के मुताबिक मेडिकल बनवाने के जिले दूरस्थ अंचल देवभोग, झाकरपारा, मैनपुर, फिंगेश्वर से भी युवा पहुंचे थे। युवाओं ने कहा कि लगातार सरकारी छुट्टी होने के चलते उन्हें समय कम मिला है, स्कूल भी बस्तर और सरगुजा संभाग के दूरस्थ जिलों में मिला है। जिसके चलते उनके पास समय कम था। वही उन्होंने प्रक्रिया को लेकर भी नाराजगी जताई।

युवकों का कहना था जब बुधवार का दिन मेडिकल बनाने निर्धारित किया है तो इस दिन सभी डॉक्टरों ओर आवश्यक स्टाफ को मौजुद रहना चाहिए। इसके अलावा भीड़ को देखते लैब कार्य के लिए अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था करनी चाहिए। जिससे आसानी से कम हो सके। दूर दराज से आने वाले युवाओ को दूसरे दिन फिर से आना न पड़े।

उल्लेखनीय है कि 4 अक्टूबर को हाल में भी शिक्षक बने युवाओं को बस्तर और सरगुजा संभाग के दूरस्थ स्कूलों में जॉइनिंग देनी है। शुक्रवार को छोड़ 2 अक्टूबर तक बाकी दिन अवकाश है। इसके चलते युवा मेडकिल बनाने के सुबह से रात तक डटे रहें।

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ देवेंद्र नाग ने बताया की दो डॉक्टरों के अवकाश ओर शिविर में जाने के कारण परेशानी हुई। लेकिन बाद ने अन्य डाक्टरों के मदद से जांच करा प्रक्रिया पूरी कराई गई। अचानक बड़ी संख्या में युवा आने के कारण दिक्कत हुई। पूरे दिन में 60 से अधिक युवाओं का मेडिकल बनाया गया।

# मंत्री डॉ. डहरिया की अनुशंसा से स्कूल भवन व आंगनबाड़ी तक पहुंच मार्ग हेतु 100.15 लाख की मिली स्वीकृति

**आरंग**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र आरंग के स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के द्वारा क्षेत्रीय विधायक व केबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया से जनसंर्पक एंव जनदर्शन के माध्यम से पहुंच मार्ग (सी.सी. रोड़) निर्माण की मांग की गई थी। जिस पर नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की अनुशंसा एवं प्रयासों से लोक निर्माण विभाग के द्वारा आरंग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजनांतर्गत पहुंच मार्ग निर्माण हेतु एक करोड़ 15 हजार रूपयें की प्राशासकीय स्वीकृति मिली है। जिसमें ग्राम बनरसी में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कुल तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 231मीटर हेतु 15.52 लाख, चिखली में शासकीय हाई स्कूल तक पहुंच मार्ग निर्माण लम्बाई 173 मीटर हेतु 11.72 लाख, तुलसी में शासकीय हाई स्कूल तक पहुंच मार्ग निर्माण, लम्बाई 230 मीटर हेतु 15.51 लाख, भैंसा में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 252मीटर हेतु 15.51 लाख, देवरतिल्दा में शासकीय हाई स्कूल तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 140 मीटर हेतु 9.40 लाख, परसवानी (घोरभट्टी) में आंगनबाड़ी भवन केन्द्र क्र.01 तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 41 मीटर हेतु 4.90 लाख, एवं आंगनबाड़ी भवन केन्द्र क्र.02 तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 41मीटर हेतु 4.20 लाख, कोसरंगी में आंगनबाड़ी भवन केन्द्र क्र. 04 तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 41 मीटर हेतु 3.33 लाख, कुसमुंद में आंगनबाड़ी भवन तक पहुंच मार्ग लम्बाई 167 मीटर हेतु 11.24 लाख, तथा परसवानी (पंडा) में शासकीय प्राथमिक शाला भवन में पहुंच मार्ग, लम्बाई 130 मीटर हेतु 8.82 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है। उक्त निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने हर्ष के साथ मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के प्रति आभार व्यक्त किये हैं। जिसमें प्रमुख रूप से खिलेश्वर देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, हेमलता डुमेन्द्र साहू उपाध्यक्ष जनपद ज.पं. आरंग, खेदूराम (धोनी) डहरिया जनपद सदस्य, योगेन्द्र साहू जनपद सदस्य, संजय चेलक जनपद सदस्य, कोमल सिंह साहू अध्यक्ष ब्लाल कांग्रेस कमेटी आरंग, मोहन साहू उपाध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग, खेलूराम साहू सरपंच बनरसी, जयकांत वर्मा सरपंच चिखली, कुमारीबाई परदेश साहू सरपंच तुलसी, डुगेश्वर साहू सरपंच भैंसा, ईश्वर साहू सरपंच देवरतिल्दा, सतंराम बर्मन सरपंच परवानी (घोरभट्ठी), रामेश्वरी हरेन्द्र साहू सरपंच कोसरंगी, नंदू साहू पूर्व सरपंच कुसमुंद हैं।



# ईद मिलाद उन नबी का पर्व मनाया गया



**पलारी**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। नगर में मुस्लिम समाज के द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मदिन ईद मिलाद उन नबी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मुबारक मौके पर सुबह फजर के नमाज के बाद युवकों द्वारा नगर में बाइक रैली निकाली गई। दोपहर में तकरीर का कार्यक्रम रखा गया था। जहां मौलाना गुलजार के द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब की शान में उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। जहां काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल थे। शाम असर नमाज के बाद नगर स्थित बरकाती मस्जिद मे परचम कुशाई कर सालातो सलाम पेश कर नगर सहित देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। उसके बाद डी जे के साथ मस्जिद से जुलुस निकाला गया जो नगर का गस्त करते हुए मजार शरीफ में समाप्त हुई। तत्पश्चात रात्रि में आम लंगर का प्रोग्राम रखा गया था। जहां लोगो ने हिस्सा लिया। ईद के मुबारक मौके पर सभी समाज के लोगो ने बधाई संदेश प्रेषित कर शुभकामनाए दी। कार्यक्रम को सफल बनाने मुस्लिम समाज के लोग शामिल रहे।

# मुस्लिम समाज ने धूमधाम से मनाया जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी

**गरियाबंद**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। नगर में पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जन्मदिन, जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का पर्व मुस्लिम समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज द्वारा नगर में विशाल जुलूस निकाला गया।

इसके पहले जश्न ए ईदमिलादुन्नबी पर नगर के मुस्लिम समाज में काफी उत्साह देखने को मिला। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आकर्षक साज ङ्क सज्जा की गई थी। गुरुवार सुबह से ही ईद मिलादुन्नबी पर्व पर मस्जिद में नमाज अदा करने मुस्लिम धर्मावलंबी बड़ी संख्या में पहुंच गए थे। यहां कुसाई परचम की रश्म और नमाज अदा करने के बाद नगर में विशाल जुलूस निकाका गया। जो मस्जिद से होकर बस स्टैंड, गौरव पथ, संतोष मंदिर, कचहरी चौक, काली मंदिर पारा, तिरंगा चौक होते हुए वापस मस्जिद पहुंचा। इस दौरान बच्चो सहित बड़े भी नए ओर आकर्षक परिधानों में ईद मिलादुन्नबी की खुशी मनाते नजर आये। वही इमाम साहब नाथ का वाचन किया। जुलूस के दौरान जगह जगह स्वागत भी किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने गुलाब के पंखुड़ियों से जुलूस का स्वागत किया। शीतल पेयकल का भी वितरण किया। इस अवसर पर शहर के इमाम और उलेमा ने तकरीरें की और देश में अमन चैन की दुआ मांगी। पैगंबर हजरत के जन्मदिन की सभी वर्गों के लोगो को बधाई दी गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे।



इधर, नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद देते हुए कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब ने देश दुनिया को इंसानियत का पैगाम दिया। उनके जीवन से सभी को प्रेरणा मिलती है। जिसके चलते ईद मिलादुन्नबी के चादरी जुलूस में बच्चे युवा बुजुर्गों सहित सैकडो लोगो ने हिस्सा लिया। लोगों ने घरों व मस्जिदों को रोशनी से सजाया। साथ ही लंगर वितरित किए। जगह-जगह झंडे लगाए गए। काफी उत्साह देखने को मिला।

# बिलासपुर के कोनी में सनातनधर्म धर्माचार्य सम्मेलन संपन्न



**कसडोल/बलौदाबाजार**, 27 सितम्बर (देशबन्धु)। 24 सितंबर को बिलासपुर के कोनी में आयोजित सनातन हिंदू धर्माचार्य सम्मेलन में कसडोल सनातन धर्म सेवा संस्थान के अध्यक्ष भागवताचार्य सुनील तिवारी के नेतृत्व में शामिल होकर संतो से भेंट कर आशीर्वाद लिए। ज्ञात हो कि 24 सितंबर को बिलासपुर के कोनी में सनातन धर्म धर्माचार्य सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमे प्रदेश भर के अलावा अन्य प्रांतों से साधु संत सहित हिंदू धर्म के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए थे। वहीं कसडोल से भी हिंदू धर्म के लोग जाकर शामिल हुए एवं वहा विशेष रूप से पहुंचे आचार्य श्री अविचल दास जी महराज अध्यक्ष अखिल भारतीय संत समिति एवम स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती जी महराज राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय संत समिति का आशीर्वाद प्राप्त किए।

# जिले का जवान झारखंड में आईडी ब्लास्ट में शहीद

**गरियाबंद**, 28 सितंबर। जिले के छुरा विकासखंड के ग्राम रवेली निवासी सीआरपीएफ जवान राजेश ध्रुव, झारखंड में हुए आईडी बम ब्लास्ट



में शहीद हो गया है। राजेश विगत कुछ वर्षों से 209 कोबरा बटालियन में पदस्थ था। आज झारखंड के पश्चिम सिंह भूम जिला में आईडी ब्लास्ट में शहीद हो गए हैं। गरियाबंद पुलिस समेत क्षेत्रवासियों ने दुख व्यक्त करते हुए शहीद जवान के लिए शांति की कामना किये हैं। कल शुक्रवार को दिन में उनका पार्थिव शरीर गृह ग्राम रवेली पहुँचेगा। ग्राम रवेली में यह खबर पहुंचते शोक की लहर फेल गई है।

# आओ एक दीप जलाएं मतदान की अलख जगाएं

**धमतरी**, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। धमतरी जिला निर्वाचन विभाग द्वारा लगातार नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने में अभियान चला कर जागरूक किया जा रहा जिसके तहत 3 अक्टूबर को स्वीप दीपदान कार्यक्रम रुद्री घाट में शाम 6 बजे आयोजित किया जा रहा जिसमे जिला निर्वाचन आइकन आरु साहू द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने दीप दान कर मतदाताओं को मतदान के लिए आह्वान किया,साथ ही अधिक से अधिक नागरिकों से कार्यक्रम स्थल पहुंचकर दीप दान के साथ मतदान करने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने जिला में चल रहे मतदान और निर्वाचन संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। साथ ही जिला धमतरी में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य प्राप्ति की अपील भी सबसे की गई।



# मन, वाणी और शरीर से सम्पूर्ण संयम में रहने का सार ही ब्रह्मचर्य है : सन्मय

**बलौदाबाजार**, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। अनंत चतुर्दशी दसलक्षण पर्व का अंतिम दिन दसलक्षण पर्व का आखिरी दिन उत्तम ब्रह्मचर्य हमें निज आत्मा में लीन हो खुद को जानना सीखाता है। आज के दिन भगवान श्री जी के शांति धारा करने का सौभाग्य प्रथम पंडित धन प्रसाद जी जैन अनुराग जैन एवं द्वितीय श्री जी के शांति धारा करने का सौभाग्य समाज के कोषाध्यक्ष ऋषभ, विपिन, अजीत जैन को प्राप्त हुआ। इसके साथ ही भगवान श्री वासु पूज्य स्वामी का निर्माण दिवस पर लाडू चढ़ाने का सौभाग्य ऋषभ, विपिन, अजीत जैन को प्राप्त हुआ। पूर्व की तरह सन्मय भैया जी एवं पंडित धन प्रसाद जी ने मंत्रों चरण से इसे पूर्ण किया। और साथ ही आरती भजन और गायन देखते ही बन रहा था पंडित धन प्रसाद जी आज पूरी तरह भक्ति में दिखे।



आज के दिन मनोरमा देवी जैन का मंत्र उच्चारण भी सुनने मिला।जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जी ने बताया कि आज 10 लक्षण पर्व का अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी के उपलक्ष में समाज के सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। और आज ब्रह्मचर्य के दिन पर चर्चा करने पर बताया कि कामवासनाओं पर विजई प्राप्त कर इंद्रियों पर नियंत्रण कर समस्त विषयों से अनुराग त्याग कर पर द्रव्यो से रहित निज शुद्धातमा (ब्रह्मा) मैं रमना ही ब्रह्मचर्य है। समस्त धर्म का राजा ऐसा ब्रह्मचर्य धर्म है। समाज के सचिव अमित जैन से बात करने पर उन्होंने बताया कि इंद्रियों पर नियंत्रण एवं शुद्धता ही ब्रह्मचर्य धर्म है। रोज की तरह महिला मंडल ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ कर हिस्सा लिया। भजन गीत और जैन कव्वाली बेहतरीन कार्यक्रम था। आज के दिन मंदिर में उपस्थित जनों में समाज के संरक्षक, इंद्र कुमार जी, महावीर जी, पदमचंद जी, रमेश जी, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन जी, दिलीप जैन, महेंद्र जैन, कपूर चंद्र जैन, शैलेश जैन, सुरेश जैन, नरेंद्र जैन, प्रवीन जैन, संजय जैन, अखिलेश जैन, लकी जैन, मयूर जैन, रवि जैन, सह सचिव सुभाष जैन, प्रचार प्रसारक सुमित जैन, नितिन जैन, सुधीर जैन, जितेंद्र गोलू जैन, अनुराग जैन और महिलाओं में समाज की अध्यक्षता सुमन जैन, ममता जैन, साधना जैन, सोफा जैन, निर्मला देवी जैन, बीना जैन, संध्या जैन, दीप्ति जैन, मीनल जैन, एकता जैन, नेहा जैन, रंजना जैन, डिंपल जैन आदि उपस्थित थे।

# 1 नवंबर से 20 क्विंटल धान खरीदी किसानों के लिए ऐतिहासिक फैसला : उमेश देव

**मगरलोड**, 28 सितंबर। सिहावा विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस विधायक पद के प्रबल दावेदार सर्व आदिवासी समाज के तहसील अध्यक्ष उमेश देव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी एवं केबिनेट में छत्तीसगढ़ के किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए 1 नवंबर से 20 चिंटल प्रति एकड़ धान खरीदी के फैसले ऐतिहासिक बताया।



वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उमेश देव ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने 5 साल में किसानों के हित में जो कार्य किया है, वह भाजपा 15 साल में न सोच सका और न ही कर पाया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों को सम्मान मिला, किसानों को उनके उपज का सही समर्थन मूल्य मिला। किसानों के हित में लगातार ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने बड़ी राहत दी है। केबिनेट में एक बार फिर किसानों को भारी राहत देते हुए 1 नवंबर से धान खरीदी का निर्णायक फैसला लिया है। कृषकों से धान की खरीदी प्रति एकड़ 20 चिंटल एवं मक्का प्रति एकड़ 10 चिंटल खरीदी किया जाएगा। केबिनेट के इस फैसले से प्रदेश के किसान खुश हैं। उमेश देव ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने प्रदेश के किसानों को खुशहाल, सबल एवं देश में अग्रणी बनाने महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक कार्य किया है। छत्तीसगढ़ के किसान, भूमिहीन मजदूर, सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास के लिए कांग्रेस सरकार ने अथक प्रयास करते हुए योजनाओं को मूर्त रूप दिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि प्रदेश के गरीब, मजदूर, भूमिहीन किसान सहित सभी वर्गों का उत्थान हुआ। आज छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने प्रदेशवासियों को खुशहाल और सबल बनाने जो ऐतिहासिक योजनाएं शुरू किया इससे जनता खुश हैं। एक बार फिर छत्तीसगढ़वासियों के विश्वास और भरोसा से 75 से ज्यादा सीटों पर विजयश्री हासिल कर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगा। आम जनता आज कांग्रेस के साथ खड़ी हुई है और प्रदेश के कोने कोने से एक ही आवाज आ रहा है भूपेश है तो भरोसा है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### आदर्श पब्लिक इंग्लिस ...

पर बहुत महत्वपूर्ण बाते की गई। जिसका प्रमुख उद्देश्य सूचनाओं तथा विचारों का आदान प्रदान करना है। जिससे हम अपनी तथा अन्य व्यक्तियों के मध्यम भावनाओं को समक्ष सके वर्तमान समय में एक प्रभावशाली पहचान बनाने के लिए संप्रेषण कौशल का विकास अत्यंत आवश्यक हैं सुजाता मैम एवं सुधा ठाकुर द्वारा बच्चों को कौशल विकास के अनके तरीकों पर प्रकाश डाला गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने लाभ उठाया। अंत मे धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### जुलूस-ए-मोहम्मदी में...

केक-बिस्किट बांटते रहे। समाज में दिनभर उत्सव का माहौल रहा।

इंसानियत का दिया सन्देश

जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती रहमानी राजा मिस्बाही ने अपनी नूरानी तकरीर में कहा कि आज सारे आलम में हुजूर की आमद की खुशी का माहौल छाया हुआ है .सभी आशिक ए रसूल खुशी से झूम रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस्लाम अमन, चैन और इंसानियत का संदेश देता है। प्यारे मुस्तफ़ा सिर्फ मुसलमान के लिए नहीं बल्कि पूरे आलम के लिए रहमत बनकर आए हैं । उन्होंने पैगाम दिया कि सिराते मुस्तकीम पर चलकर हम अपने ईमान को और ज्यादा चमका सकते हैं।

### ईद मिलादुन्नवी पर प्रवेश...

का बखान करते हुए शांति संदेश देते हैं। मुस्लिम समुदाय भटगांव के द्वारा शांति संदेस की यह यात्रा आज नगर भटगांव में भी निकाली गई और पूरी नगर में भर्मण करते हुए जब यह जुलूस यात्रा नगर के हृदय स्थल श्री साईं मंदिर के समीप पहुंची तो मुस्लिम समुदाय को छोड़कर अन्य हिंदू समाज के लोग भी परस्पर एकता एवं भाईचारा का परिचय देते हुए हिन्दू मुस्लिम भाई भाई के नारे के साथ एक दूसरे को गले लगाकर ईद ए मिलाद उन नबी की मुबारकबाद दिए त्योहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालो में प्रमुख रूप से नगर पंचायत भटगांव के नगर उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के जनपद सदस्य भागीरथी चंद्रा, राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष दिपक साहू, एल्डर मेन शुधराम यादव, रामा हिरवानी युवा नेता मनोज टन्डन, राजकुमार सोनवानी, प्रमोद साहू, सहदेव सिदार, श्री साईं सेवा समिति भटगांव के सदस्य रूपनारायण सिंह राजपूत, रवि ठाकुर, इलू वैष्णव, मंजू केसरवानी, प्रदीप केसरवानी इत्यादि सैकड़ो की संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक आम जनमानस जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गणेश विसर्जन में श्रद्धालु थिरके, आज भी होगा विसर्जन

**पिथौरा**, 28 सितंबर। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आज गणेश विसर्जन शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई । घर घर विराजित छोटी गणेश मूर्तियों को श्रद्धालुओं ने अपने निजी वाहनों सायकल , मोटर सायकल , कार आदि में सहपरिवार सरोवरों में विसर्जन के निकले वही बड़ी मूर्तियों को सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति सदस्यों ने डीजे की धुनों में नाचते गाते श्री गणेश से सुख , शांति ,समृद्धि की कामना के साथ गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ ... गणेश भगवान की जय की नारों के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली। इस शोभयात्रा को देखने लोग अपने घरों से निकल कर दर्शन करते श्री गणेश से देश वासियों की खुशहाली की कामना कीं 11 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में कुछ श्री गणेशजी का हवन आज भी किया गया विसर्जन कार्यक्रम श्री गणेश का विसर्जन कार्यक्रम आज भी नगर में बड़े धूमधाम के साथ किया जाएगा 11 दिनों की इस उत्सव में नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ भगवान गणेश के दर्शन कर अपनी मनोकामना सिद्धि के लिए प्रार्थना किया कई गणेश पंडालों पर भंडारा का भी आयोजन किया गया।

# पितृ पक्ष की शुरुआत आज से

**खरोरा**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। इस वर्ष पितृपक्ष 29 सितंबर दिन शुक्रवार से प्रारंभ हो रहा है। हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व होता है। पूरे पन्द्रह दिन तक लोग अपने पितर देव को छप्पन भोग खिलाकर प्रशन्न करेंगे । इस वर्ष पितृ पक्ष 16 दिन का है एकादशी की दो तिथियां है। मातृ नवमी 7 अक्टूबर दिन शनिवार को है। और 14 अक्टूबर पितृपक्ष में पूर्वजों की मृत्यु की तिथि अनुसार उसका श्रद्धा किए जाने की परंपरा है। जिन लोगों की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं होती और उन लोगों का श्राद्ध अमावस्या तिथि के दिन किया जाता है। इस दौरान श्राद्ध या पिंडदान करने से पूर्वज प्रसन्न होते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है ।शनिवार को पितर देव विसर्जन हो जाएंगे। 15 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो जाएगा । लोग पूरे पितर पक्ष भर अपने पितर देव को जल अर्पण करेंगे ।कुश का पौधा परम पवित्र माना गया है ।इसको कुश कुशा और डाभ भी कहते हैं। यह विशेष कर नदी के किनारे पाया जाता है ।इसमें ब्रह्मा शिवजी और विष्णु जी का वास होता है। इसके जड़ में विशेष प्रकार का सुगंध पाया जाता है ,जो शरीर के लिए फायदेमंद होता है। इसका अग्रभाग नुकीली और तीखा होता है। अग्रभाग में विष्णु जी का वास होने के कारण ही बुद्धिमान व्यक्ति को कुशाग्र बुद्धि वाला कहते हैं। इसके अग्रभाग से ही जल देकर पितर को तर्पण किया जाता है। जिससे पितर देवता प्रसन्न हो जाते हैं,और अपने वंशजों को आशीर्वाद देते हैं।



**कुश धारण और तर्पण करने की विधि**

कुश का प्रारूप् कुशा बनने के बाद मुख्यत: पांच भाग में बटा होता है ।दो पैंती दो मोंटक और एक पितृदेव चिन्ह ?

देव और ऋषियों के लिए पूर्व दिशा मुख करके ? एवं मृत पूर्वजों की आत्माओं के लिए दक्षिण दिशा की ओर मुख करके जल अर्पण करना चाहिए। कुश धारण करने के लिए दोनों हाथ की अनामिका उंगली में पवित्री कुश की बनी पैंती या छल्ला धारण करें। फिर कुशा दो भाग और बना होता है जिसे मोटक कहते हैं ,उसके द्वारा ही जल अर्पण करें। एक कुशा की टुकड़ा को जहां पर जल अर्पण करते हैं वहां रखें। और उसी के ऊपर जल अर्पण करें ।जल अर्पण करने के लिए गाय का दूध,काली तिल ,जौं, साबुत चावल, गंगाजल मिश्रित करलें, और तीन बार जल अर्पण करें ?

अश्मिन गोत्रे /गोत्र का नाम/अश्मिन पिता, पितामह,प्रपितामहता।

माता,मातामह, वृद्धमातामह ।फिर पितर देवाय वसुरुपत तृप्यतमिदं तिलोदकं गंगाजलं वा तस्मैं् स्वधा नम:् स्वधा नम:् स्वधा नम:

जल देकर फिर पितर देवता से प्रार्थना करें ?

देवताभ्य: पितृभ्यश्च महायोगिम्य एव च ।नम: स्वाहायै स्वधायै नित्य मेंव नमों नम: ।? अद्य भूताय विद्यमहे सर्व सेव्याय धीमहि ।शिव शक्ति स्वरुपेण पितृ देव प्रचोदयात। जो गया जी श्राद्ध कराके आ गए हैं? उनको भी हमारी भारतीय परंपरा को जीवंत रखने एवं पितरों की प्रसन्नता के लिए पूरे पितर पक्ष में नित्य जलांजलि तिलांजलि देते रहना चाहिए। ताकि हमारे पुत्र और पुत्रियां इस प्रथा को जीवंत बनाए रखें ।अन्यथा हमारी सनातन संस्कृति को हम भूल जाएंगे इस बात का हम सबको ध्यान जरूर रखना होगा।

पितरदेव जिसके ऊपर प्रसन्न हो जाते हैं, उनका कोई ग्रह नक्षत्र शाकनी डाकिनी योगिनी भूत प्रेत बाधा कोई भी उनका बाल बांका नहीं कर सकता।

# धूमधाम से निकाली गई भगवान गणेश प्रतिमा की विजर्सन यात्रा

## बाजे-गाजे और डीजे की धून में थिरकते विजर्सन स्थल तक पहुंचे भक्त



**गरियाबंद,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। गुरूवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान श्रीगणेश को विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रतिमा विसर्जन के लिए बाजे गाजे के साथ नगर में भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। नगर के विभिन्न चौक चौराहो में विराजित भगवान गणेश की प्रतिमा का तिरंगा चौक, बाजार लाइन होते हुए स्थानीय छिंद तालाब में विजर्सन किया गया। विजर्सन यात्रा के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन सहित नगरवासियों ने तिरंगा चौक में पुष्प वर्षा से विसर्जन यात्रा का भव्य स्वागत और सम्मान किया। वहीं जगह जगह दर्शन के लिए नागरिको की भीड़ भी उमड़ी रही।

### छिंद तालाब में नम आंखो से दी भगवान गणेश को विदाई

उल्लेखनीय है कि ग्यारह दिनो तक तक चले गणेश उत्सव के दौरान नगरवासियों में उत्साह और उमंग देखने की मिली। गुरूवार को भक्तो ने भाव विभोर होकर नम आंखो से प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश को विदाई दी। गुरूवार शाम बाद नगर के तिरंगा चौक से विसर्जन यात्रा का शुभारंभ हुआ, जो बाजार लाइन से होते हुए सीधे छिंद तालाब पहुॅची। जहां आरती के बाद गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। इस दौरान विभिन्न चौक चौरहो में विराजित करीब 12 से अधिक प्रतिमाए विसर्जन यात्रा में शामिल हुई। देर रात तक विजर्सन का सिललिसा चलता रहा। विसर्जन यात्रा के दौरान रायपुर दुर्ग से मंगाया गया डीजे, धूमाल और अलग अलग कई रूपो में बनी भगवान श्रीगणेश में प्रतिमाए आकर्षक का केन्द्र रही।

**तिरंगा चौक में नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन व नगरवासियों ने किया भव्य स्वागत**

**लोगो में दिखा उत्साह डीजे में जमकर थिरके लोग:** इधर, विजर्सन यात्रा के दौरान युवाओ में काफी उत्साह देखने को मिला। धार्मिक भक्ति गीतो के अलावा फिल्मी और छत्तीसगढ़ी गीतो में भी लोग नाचते थिरकते नजर आए। हरेक गणेश प्रतिमा के साथ बड़ी संख्या में युवा, महिलाए और भीड़ नाचते गाते साथ चलते दिखी। नगर का वातावरण भी भक्तिमय नजर आया। विसर्जन यात्रा के इस दौरान जमकर रंग गुलाल और पानी की बौछार भी की गई। विसर्जन यात्रा के दौरान गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ, के भक्तिमय नारे भी सुनने को मिले।

**चुस्त रही पुलिस व्यवस्था, डीजे में उड़ी नियमों की धज्जियां :** इधर, गणेश विर्सजन के दौरान पुलिस की चुस्त व्यवस्था रही। जगह जगह पुलिस के जवान तैनात रहे। वही विसर्जन स्थल छिंद तालाब में नगर पालिका द्वारा तालाब एवं आसपास क्षेत्र मे सफाई कराने के साथ ही पर्याप्त गोताखोर व लाइट की व्यवस्था की गई थी। बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के चलते गणेश विसर्जन कार्यक्रम शांति के साथ संपन्न हुआ। हालाकि विर्सजन के दौरान ध्वनि विस्तारक के नियमो की जमकर उड़ी धज्जियां। निर्धारित मानक से अधिक बेस में बजता रहा डीजे और धूमाल। प्रशासन मूकदर्शक देखता रहा।

### 11 दिनों तक छाया रहा गणेश उत्सव का उत्साह, रौनक

इसके पूर्व दस दिनो तक चले गणोत्सव दौरान नगर मे रौनक एवं उत्साह का वातावरण रहा। रिध्दी सिध्दी के स्वामी श्री गणेश के उत्सव मे आस्था और विश्वास के साथ भक्तो ने जगह जगह विराजे गणपति का दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त किया। नगर में इस वर्ष बजरंग चौक, यादव पारा, सुभाष चौक, सिविल लाइन, वन विभाग कालोनी, रावनभाठा, डांक बगला, संतोषी नगर, सिध्दीविनायग गणेश उत्सव समिति तिंरगा चौक, स्टार गणेश समिति मेन रोड गरियाबंद, शिक्षक नगर, पैरी कालौनी, पुराना फारेस्ट नाका, बस स्टैण्ड, पुराना मंगल बाजार, पुलिस लाइन सहित प्रत्येक मोहल्ला मे विराजे गए गणपति प्रतिमा का स्थानीय छिंद तालाब मे विराजित किए गए।

# कांग्रेस में भी नए लोगों को अवसर मिलना चाहिए




**पहली सूची का हो रहा इंतजार**

**भाटापारा,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली सूची का बेसब्री से इंतजार हो रहा है क्योंकि भाजपा ने अपनी पहली सूची तो काफी पहले से जारी कर दी है और उसकी दूसरी सूची और कांग्रेस की पहली सूची को लेकर उत्सुकता बनी हुई है।

कांग्रेस का प्रत्यासी का मापदंड क्या और कैसा होगा. इसको लेकर लगातार नई नई है। बाते सुनने देखने और पढ़ने को मिलती रहती है, वैसे कांग्रेस से जुड़े लोग इस बात पर पूर्णतया सहमत नजर आ रहे है की अभी हाल ही में जो खबर आई की कांग्रेस 2018 के चुनाव में हारे हुए प्रत्यासी के नाम पर कोई विचार नहीं करेगी मतलब दूसरे शब्दो में पुराना प्रत्यासी किसी भी सूरत में रिपीट नही होगा। इस प्रकार का निर्णय और मापदंड के अनुरूप कांग्रेस अपने प्रत्यासी का निर्णय करती है तो कांग्रेस के लिए काफी श्रेयकर बताया जा रहा है। कांग्रेस से जुड़े लोगो ने बताया की कांग्रेस पार्टी बहुत विशाल पार्टी है और इस पार्टी में काफी लंबे समय से लोग पार्टी का झंडा ले कर चल रहे है फिर हर कोई अपना राजनीतिक कैरियर को आगे बढ़ाने को आतुर और बेताब रहता है, ऐसा में अगर पार्टी ने 2018 की सुमानी लहर में कांग्रेस के लिए जीत नही सकने वालो को इस बार पार्टी प्रत्यासी नही बनाने का निर्णय लिया है तो ऐसा निर्णय स्वागत योग है इस प्रकार के निर्णय से पार्टी को जहां मजबूती मिलती है वही अन्य समर्पित कार्यकर्ता अपने भविष्य को लेकर निश्चिंत रहता है की बदलाव ही संसार का नियम है और आने वाला समय उसका होगा इस कारण पार्टी के लिए समर्पित होकर सेवा करने को आतुर रहता।

जहा तक भाटापारा विधानसभा क्षेत्र की बात है तो इस बार यहां से 52 कांग्रेस जनों ने अपनी टिकट के लिए आवेदन किया है, इतनी ज्यादा तादाद में टिकट दावेदार आने से इतना तो निश्चित ही है की भाटापारा विधानसभा से कांग्रेस के लोग चुनाव में वेतरणी पार करने को उत्सुक है। उनकी उत्सुकता को देखने के बाद संभवत: लगता है। की इस बार कांग्रेस मजबूत और प्रेस चेहरे को सामने ला कर भाजपा के लिए चुनौती प्रस्तुत कर सकती है। बहरहाल कांग्रेस से जुड़े लोग अपनी पहली सूची को लेकर बेकरार नजर आ रहे है वही भाजपा से जुड़े कार्यकर्ता आश्वस्त जरूर है लेकिन भाजपा प्रत्याशियों की लिस्ट में अपने नेता के नाम को लिस्ट में देखने बेताब हो रहे है।

### शा प्रा शाला धमनी प्रांगण में 'मेरा माटी मेरा देश' कार्यक्रम मनाया गया

**पलारी,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्य. शाला, हाई स्कूल के सभी स्कूल परिवार के सौजन्य से मेरा माटी मेरा देश पर विशेष दीप प्रज्वलित और हाथो में माटी लेकर शपथ दिलाया गया एवं गांव के किसान एवं खेतिहार भूईया का जो माटी में दिन रात करके देश विदेश को धान और कई प्रकार के फसल ऊगा कर हमारे देश को चावल दाल व कई प्रकार के खाद्य पदार्थ हमें प्रदान करता है देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले किसान भाइयो को संम्मानित किया गया और बच्चो को भी इस माटी के महत्व उपयोग और फायदा बताया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि ह्रदयाल पैकरा उप सरपंच मिनेन्द्र यादव, जनपद प्रतिनिधि बिहस कलिहार व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# मेघा से मोहदी चौड़ीकरण रोड भ्रष्टाचार की चढ़ गई भेंट





**भाजयुमो ने दी कलेक्टर को ज्ञापन**

**मगरलोड,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला महामंत्री चेतन साहू ने मेघा से मोहदी गुणवत्ता हीन टू लाइन सड़क निर्माण करने वाले एजेंसी व उनको सरक्षण देने वाले PWD विभाग के अधिकारियों दोनों पर जांच करके कार्रवाई करने की मांग कलेक्टर से किया है उन्होंने बताया धमतरी जिले अंतर्गत मगरलोड ब्लाक के मेघा से मोहन्दी (सिंगपुर) मार्ग का चौडीकरण अभी चार महीने पहले निर्माण हुआ है, जिसमें गुणवत्ता हींन मटेरियल डालने के कारण आज के तिथि में मेघा से छिपली तक पूरा मार्ग जर्जर गड्ढे युक्त हो गया, डामर उखड़ गया हैं जिनके कारण आवागमन बाधित हो रहा है, इस प्रकार खुलेआम भ्रष्टाचार करते हुए जर्जर व गुणवत्ता हीन रोड़ का निर्माण हुआ है जो निंदनीय हैं।

मेघा से छिपली तक हुए गुणवत्ता हीन सड़क का निर्माण करने वाले एजेंसी ओर उन्हें सहयोग देने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई किया जाए नहीं तो भाजपा युवा मोर्चा जिला धमतरी उक्त मांगो को लेकर आंदोलन, चक्काजाम करने बाध्य होंगे जिनके संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन धमतरी होंगे द्य इस रोड में चलने से राहगिर बहुत ही परेशान है बड़े-बड़े गड्ढे होने के घर आए दिन दुर्घटना हो रही है इस गुणवत्ता हीन सड़क को बनाने के लिए ठेकेदार सहित अधिकारी भी जिम्मेदार है यहां जनता की हालत आए दिन दुर्घटना होने से बेहाल हो रही है और अधिकारी घटिया स्तर का सड़क बनाकर अपने जेब को लाल करने में लगे इसके कारण क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश पनप रहा है।

# विकासखण्ड स्तरीय विज्ञान एवं गणित मॉडल पर आधारित प्रतियोगिता संपन्न



**संकुल पलारी से सभी 5 विधा पर छात्र -छात्राओं ने मारी बाजी**

**पलारी,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतगर्त विकासखंड स्तर पर कबाड़ से जुगाड़ मेला, विज्ञान-गणित प्रदर्शनी, च्जि प्रतियोगिता का आयोजन आज शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में आयोजित की गई जिसमे विकास खंड के 35 संकुल से प्रथम, एवं द्रितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमे विज्ञान गणित, के लगभग 140 छात्र, प्रश्नोत्तरी के 140 छात्र एवं 70 शिक्षको ने कबाड़ से जुगाड़ माडल बनाकर प्रतियोगिता में भाग लिया, विभिन्न संकुल से आए प्रतिभागियों ने विज्ञान एवं गणित के मॉडल बनाकर बच्चो को सरल से सरल तरीका पढ़ाने का माडल के रूप दिखाया कार्यक्रम में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी सतीश महेश्वरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे, कबाड़ से जुगाड़ मेला निर्णायक यू. के .नागवंशी प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोसमंदी, एस पी पांडे प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अमेरा एवम राधेश्याम पटेल प्राचार्य छेरकापुर निर्णायक के रूप में भूमिका रहा ऐसी ही च्जि प्रतियोगिता विज्ञान गणित प्रदर्शनी प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में रोहित कुमार जायसवाल व्याख्याता, दिनेश कुमार साहू ब्याखायता, धनजय कुमार डेहरे व्याख्याता, परमेश्वर लाल नवरतन बयाख्याता, मुकेश टंडन, जितेंद्र देवांगन व्याख्याता शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पलारी आदि रहा विभिन्न प्रकार के माडल प्रद्रशनी संपन्न होने के बाद प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षको एवम बच्चों को मोमेंटो एवम प्रशस्ति प्रपत्र प्रदान कर कार्यक्रम संपन्न किया इस कार्यक्रम में मोती राम फेकर संकुल समन्वयक, विक्रम राय संकुल समन्वयक संघ के प्रांत अध्यक्ष एवम विश्वनाथ मांडले, रूपेश कुमार चंद्रकार, चन्द्रभूषण सिंह ध्रूव मुकेश साहू, देवेंद्र साहू, अमित साहू, मंतराम वर्मा, योगेश पटेल, भोला वर्मा, कृष्ण कुमार फेकर सभी संकुल समन्वयक एवम विकास खंड के शिक्षक, शिक्षिकाओ का महत्व पूर्ण सहयोग रहा! जिसमे च्जि प्रतियोगिता में प्रथम निखिल, कक्षा 8वी पूर्व माध्यमिक शाला सलौनी द्वितीय आयुषी कक्षा, 8वी सेजेस पलारी, तृतीय सौरभ कक्षा 6वी पूर्व माध्यमिक शाला छडिया, च्जि प्रतियोगिता सेकंडरी प्रथम कु धनेश्वरी वर्मा, कक्षा 11 वी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय ओडान, द्वितीय कु रीना साहु कोसमंदी, तृतीय भावेश शर्मा 12 वी सेजेस पलारी, विज्ञान गणित प्रदर्शनी एलिमेंट्री प्रथम स्थान कु कंगना साहु 6वी सेजेस पलारी, द्वितीय-कार्तिक राम खुटे 5वी प्राथमिक शाला पथरचुवा, तृतीय कु हिना वर्मा एम, एस गिर्रा, गणित विज्ञान प्रदर्शनी सेकंडरी प्रथम कु राजमणि साहू उच्च माध्यमिक कोसमंदी, द्वितीय गुलशन वर्मा 9वी सजेश पलारी, तृतीय ईश्वर कक्षा 12वी उच्च माध्यमिक विद्यालय दतरेंगी, कबाड़ से जुगाड़ मेला प्रतियोगिता, प्रथम संध्या पैकरा सहायक शिक्षक प्रा, शाला कानाकोट, द्वितीय प्रिया साहू सहायक शिक्षक कन्या प्रा, शाला पलारी, तृतीय बिहारी लाल पटेल शिक्षक, पूर्व माध्यमिक शाला कोसमंदी रहा। कार्यक्रम का आयोजन जे, एल, जोशी, बी. आर सी पलारी द्वारा किया गया।

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने निर्वाचन के पूर्व सभी तैयारियों की समीक्षा की

**बिलाईगढ़,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तर में संपादित होने वाले कार्यों के सुचारू संचालन हेतु अधिकारियों की समय सीमा की बैठक ली। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने अंगदान के लिए सामूहिक शपथ लिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के किसी भी मतदान केन्द्र में बनियादी सुविधाएं-भवन, पेयजल, शौचालय, बिजली आदि का कार्य बाकी है, तो अतिशीघ्र पूरा कराएं। जिले में स्वच्छता अभियान, आयुष्मान कार्ड, सड़क से पशुओं को हटाने की शासकीय व्यवस्था, अंगदान करने, गिरदावरी की स्थिति के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि आदर्श आचरण संहिता (एमसीसी) लागू के पूर्व स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप करना है। ड्यूटी लिस्ट बन चुके उन निर्वाचन कर्मियों के नाम को पीपीईएस सॉफ्टवेयर से हटाना, मोबाइल कंपनियों से वेब कॉस्टिंग मतदान केन्द्रों में मोबाइल नेटवर्क के लिए टॉवर की व्यवस्था करना, अंतिम चरण का प्रशिक्षण का आयोजन करना, निर्माण एजेंसियों-पीडब्ल्यूडी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) आदि द्वारा भूमिपूजन, लोकार्पण, शिलान्यास हो चुके कार्यों का भौतिक रूप से कार्य शुरू करना आदि के संबंध में डॉ. सिद्दीकी ने अधिकारियों को निर्देशित किया। जिले के सभी स्कूलों, कार्यालयों में छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों, मुख्यमंत्री सहित राज्य सरकार के अन्य मंत्रिगणों से संबंधित कोई पाम्पलेट, ब्रोशर, पुस्तक-पुस्तिका जैसे-जनमन, कैलेंडर, न्याय योजनाओं से संबंधित अन्य सामग्री आदि उपलब्ध हैं तो, उसका वितरण आदर्श आचरण संहिता लागू होने के पूर्व आम जनता को वितरित कर दें। आदर्श आचरण संहिता लागू होने के बाद किसी भी स्कूल, कार्यालय आदि में यह प्रचार सामग्री नहीं होनी चाहिए।

डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि आदर्श आचरण संहिता (एमसीसी) लागू होने के बाद संबंधित कार्यालयों द्वारा निर्वाचन नियमानुसार संपत्ति विरूपण अंतर्गत शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, निजी स्थानों से हटाया जाना है, जनप्रतिनिधियों, अध्यक्ष-उपाध्यक्ष को उपलब्ध कराई गई वाहन को वापस लेना है।

विश्राम गृह को प्रेक्षक दल के आरक्षित करना, सभी अधिकारियों को प्रतिदिन निर्वाचन कार्यों के पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना, सक्षम अधिकारी द्वारा सभा, रैली के लिए अनुमति प्रदान करना एवं निर्वाचन नियमावली के अनुसार पालन करवाना है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी द्वय मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, बी. एक्का, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान मास्टर ट्रेनर चूडामणि गोस्वामी सहित जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बंसुलीडीह में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन विधायक नन्द ने किया



**सरायपाली,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत सागर पाली के आश्रित ग्राम बांसुलीडीह में 10. लाख 40 हजार से बनने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन किस्मतलाल नंद उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं विधायक सरायपाली के द्वारा किया गया, ग्रामीणों की लंबित मांग को ध्यान में रखते हुए सीसी रोड की स्वीकृति प्रदान कर ग्रामीणों को आने जाने में सुगम रास्ता का लाभ मिलेगा, ग्रामीण जन भारी उत्साह में नजर आए विधायक नन्द ने जो वादा किया था उसे बखूबी निभाया मंच ने ही समस्त ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक को धन्यवाद दिया इस अवसर पर श्रीमती कलिंद्री लाल चंद अग्रवाल सरपंच सागरपाली, श्रीमती गीता पटेल उपसरपंच सागरपाली, घासीया सिदार सरपंच लोहरिनडीपा दुखी श्याम पटेल आर के पटेल तिरिथ राम मनभजन पटेल मनोज पटेल सेत पटेल हितेश पटेल चिंतामणि विशाल अध्यक्ष राजीव युवा मितान क्लब सागरपाली प्रदीप पटेल कामता पटेल पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे

# अन्तत: रायपुर से संबलपुर नई रेललाइन निर्माण के लिए सर्वे प्रारम्भ



**रेलनिर्माण संघर्ष समिति को मिली सफलता, क्षेत्र में खुशी की लहर**

**सरायपाली,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर से संबलपुर के बीच नई रेललाइन निर्मम हेतु अंतत: सर्वे प्रारम्भ हो गया है। इसकी सूचना मिलते ही लाभान्वित होने वाले आमजनता में खुशी की लहर देखी जा रही है।

इस संबंध में रायपुर बरगढ़ रेल लाइन निर्माण संघर्ष समिति सरायपाली के समन्वयक दिलीप गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रेल लाइन निर्माण हेतु क्षेत्रवासी पिछले 4 दशक से प्रयासरत थे किंतु सफलता नही मिल पा रही थी इसी वजह से विगत कई वर्षों से इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। किंतु अश्विनी वैष्णव के रेलमंत्री बनने से क्षेत्र के कुछ उत्साही युवकों द्वारा पुन: प्रयास किया गया।

इस अभियान को सार्वजिनक रूप दिए जाने हेतु रायपुर बरगढ़ रेललाइन निर्माण संघर्ष समिति सरायपाली का गठन किया गया। महासमुंद के सांसद चुन्नीलाल साहू के नेतृत्व व त्रिलोचन पटेल (पूर्व विधायक - सरायपाली) के प्रयास से विगत 3 अगस्त 22 को दिल्ली रेलभवन में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को मांगपत्र सौपा गया था। उन्होंने शीघ्र ही सर्वे किये जाने का आश्वासन दिया था। जिसके परिपेक्ष्य में यह सर्वे आरंभ किया गया है। यह सर्वे एक निजी संस्था द्वारा किया जा रहा है।

समिति के समन्वयक दिलीप गुप्ता ने बताया कि अभी यह सर्वे सोहेला ( ओडिशा ) तक हुआ है 2-3 दिनों के बाद यह सर्वे संबलपुर तक पुन: सर्वे प्रारम्भ होगा।

उक्त सर्वे टीम से हमारे बरगढ़ प्रतिनिधियों जिनमे कृष्णचन्द्र पंडा ( महासचिव ), अभिजीत प्रतिहार ( संगठन सचिव ) तथा सरदार प्रीतम सिंह ( उपाध्यक्ष ) द्वारा बरगढ़ में मुलाकात कर उनसे सर्वे से संबंधित जानकारी ली व शाल भेंटकर उनका सम्मान भी किया गया। सर्वे टीम ने बताया कि विशेष कोटा के तहत इस परियोजना को स्वीकृति मिली है। इसलिए इसके निर्माण की संभावना भी अधिक है। हम शीघ्र ही सर्वे रिपोर्ट एस एमकंसल्टेंट प्राईव्हेट लिमिटेड भुवनेश्वर को इस अनुशंसा के साथ कि इसे शीघ्र ही स्वीकृति प्रदान कर रेल मंत्रालय नई दिल्ली को प्रेषित किया जाए ताकि आगामी रेलबजट में इसे स्वीकृति मिल सके।

# छत्तीसगढ़ की सरकार पत्रकार हितैषी : चरणदास महंत



श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रादेशिक सम्मेलन में चरण दास महंत एवं अरविंद अवस्थी ने सारंगढ बिलाईगढ़ के पत्रकारों को किया प्रतीक चिन्ह भेंट

**बिलाईगढ़,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर राजधानी वीआईपी रोड निरंजन धर्मशाला में श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा आयोजित प्रादेशिक सम्मेलन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष चरणदास महंत जी ने शिरकत की और संघ के पदाधिकारियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। मंच को खादी ग्राम उद्योग के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्रखर वक्ता राजेंद्र तिवारी, पामगढ़ विधायक इंदु बंजारे, राम कुमार पटेल शाकंभरी बोर्ड अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकारो ने संबोधित किया। मां सरस्वती के प्रतिमा में दीप प्रज्वल के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी महासचिव विश्व दीपक राय अब्बास अली सैफी संरक्षक और प्रदेश पदाधिकारी ने आगंतुक अतिथियों का अभिवादन किया मंच को संबोधित करते हुए चरण दास महंत जी ने कहा पत्रकारिता की डगर बहुत मुश्किल भरी होती है पत्रकार को हर पक्ष को ध्यान में रखकर न्यूज़ बनाना होता है पत्रकार देश के चौथे स्तंभ होते हैं जैसे हम तीसरी स्तंभ में गिने जाते हैं एक भी स्तंभ हीला तो कार्य व्यवस्था गड़बड़ा जाती है छत्तीसगढ़ की सरकार पत्रकारों की हितैषी सरकार है भूपेश भाई जी ने पत्रकारों को होम लोन के लिए कम ब्याज दर पत्रकार सुरक्षा कानून का प्रस्ताव पत्रकारों की आर्थिक सहायता इलाज उपचार अनुदान छूट कई प्रकार की योजनाएं लागू की है। मैं मंच में बैठा था कई पत्रकार पूछ रहे थे कांग्रेस की सूची कब जारी होगी तो कई पत्रकारों ने अपने-अपने क्षेत्र में टिकट के लिए भी मेरे कान में जानकारियां दी है आप की दी हुई जानकारी हमारी बहुत काम आएगी। आप सभी समाज प्रदेश और देश के स्थिति को बदलने और हर अन्य पर अपनी आवाज बुलंद करने का प्रमुख माध्यम हो आज आपका काम सूचनाओं तक नहीं है पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाना छोटी बड़ी खबरों को प्रकाशित कर समाज और देश हित और जनहित का कार्य करने भी हैप्रखर वक्ता राजेंद्र तिवारी ने पत्रकारिता के विषयों पर संदेश देते हुए कहा कि आज की पत्रकारिता पहले की पत्रकारिता से बहुत भिन्न है पत्रकार दो धारी तलवार के बीच में खड़ा रहता है मैं तो कहूंगा पत्रकार केवल कलम वीर नहीं होते बल्कि कर्मवीर और श्रम वीर भी होते हैं बहुत लंबे समय से श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष अरविंद अवस्थी जी और सभी का नाम नहीं लूंगा समस्त पदाधिकारी और उनकी पूरी टीम जो हर जिले और ब्लॉक में है जिनका नाम बाय फेस अरविंद जी जानते हैं और इतनी बड़ी संख्या में आप सब शामिल हुए हैं या प्रमाण है आपके संघ के सुचारू और एकता के प्रति प्रतीक कि अरविंद अवस्थी जी के साथ आप सभी पत्रकार बड़ों का बांधों को सफल आयोजन के लिए मैं बधाई देता हूं। मंच को रामकुमार पटेल, इंदु बंजारे, अग्रवाल जी विश्व दीपक राय एवं वरिष्ठ पत्रकारों ने भी संबोधित किया प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी जी ने पत्रकारिता की कई घटनाओं पर ध्यान आकर्षण करते हुए आगंतुक अतिथियों का विनम्र शब्दों भाव से अभिवादन किया और कहां की मंच के ऊपर बैठे मेरे अतिथि और मंच के सामने बैठ मेरे सारे पत्रकार भाई संघ और मेरी ताकत है यह एकता है आपस में प्रेम है जो एक मंच के नीचे हम एक साथ बैठे हैं पत्रकारिता की डगर आसान नहीं होती हर डगर में कुछ ना कुछ उतार चढ़ाव देखने को मिलते हैं लोग कहते हैं पत्रकारों के पत्रकारों से सब डरते हैं लेकिन आज भी पत्रकारों की सुरक्षा को पूर्ण रूप नहीं मिल पाया है छत्तीसगढ़ सरकार में पत्रकारों के लिए जो घोषणा की जो कार्य की और जो निर्णय लिए प्रस्ताव लाए उसके लिए हम सभी पत्रकार बहुत-बहुत आभारी है मेरे एक बुलावे पर आप सभी जिलों और ब्लॉकों से पत्रकार साथी इतनी बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और इस कार्यक्रम को सुबह 11ः00 बजे से शाम 6ः00 बजे तक संपन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई यही कार्यक्रम की सफलता है है मैं आप सभी अतिथियों का प्रदेश जिला ब्लॉक से आए श्रमजीव पत्रकार संघ के पदाधिकारी का पत्रकार साथियों का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष समस्त सहयोगियों का विशेष आभारी हु। मंच का सफल संचालन मिश्रा जी ने किया।

उक्त कार्यक्रम में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के पत्रकार साथी बड़ी संख्या में शामिल रहे जिनमें सारंगढ़ से प्रदेश उपाध्यक्ष अब्बास अली सैफी यशवंत सिंह ठाकुर, बिलाईगढ़ से योगेश शर्मा शैलेंद्र देवांगन, धनेश यादव यादराम हिरवानी पुरुषोत्तम, आदि पत्रकार साथी बड़ी संख्या में पत्रकार रायपुर सम्मेलन में शामिल रहे।